RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 50
लखनऊ, मंगलवार, 8 दिसंबर, 2020
पृष्ठ 20 मूल्य ₹ 3
लखनऊ

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



काजोल ने दिये प्रशंसकों को सुझाव
विविध-12

www.dailypioneer.com

# बातचीत से पहले किसान दिखाएंगे दम

## भारत बंद आज

- केंद्र सरकार ने राज्यों को एडवायजरी जारी कर सख्त सुरक्षा प्रबंध करने को कहा
- बड़े विपक्षी दल बंद का कर चुके हैं समर्थन कल होगी सरकार और किसान नेताओं से वार्ता

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



भारत बंद से पहले नई दिल्ली में सुरक्षा प्रबंध और सख्त हुए। फोटोः रंजन डिमरी

**नौ** दिसंबर को सरकार के साथ अगले दौर की बातचीत से पहले कृषि कानूनों के विरोध में आंदोलन कर रहे किसान संगठन कल (मंगलवार) 'भारत बंद' के जरिये अपनी ताकत दिखाने की तैयारी कर रहे हैं। किसानों के बंद को 22 राजनीतिक दलों का समर्थन हासिल हैं।

वहीं केंद्रीय गृह मंत्रालय (एमएचए) ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से कहा है कि पूरे दिन शांति और सौहार्द कायम रखते हुए सख्त सुरक्षा इंतजामात किए जाएं। कानूनों पर केंद्र अपने रुख पर कायम है जबकि किसान चाहते हैं कि इन्हें वापस लिया जाएं। उन्हें यह आशंका सता रही है कि अपने उत्पादों को बेचने के लिए वे कारपोरेट की दया पर निर्भर हो जाएंगे। देश भर के लिए अपने परामर्श में एमएचए ने यह भी कहा कि राज्य सरकार और केंद्र शासित प्रशासन यह सुनिश्चित करें कोविड-19 के गाइडलाइन और सोशल डिस्टेंसिंग का सख्ती से पालन किया जाए। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से कहा गया है कि भारत बंद के दौरान अमन चैन कायम रहे तथा एहतियाती उपाय किए जाए जिससे कि देश भर में कही भी कोई अप्रिय घटना न हो। केंद्र बातचीत के जरिये किसान आंदोलन का समाधान ढूंढ़ने की कोशिश कर रहा है लेकिन उसे थोड़ी ही सफलता मिली है।

कुछ किसान संगठन नए कृषि कानूनों को खत्म करने की अपनी मांग पर अड़े हुए हैं। तीन कृषि कानूनों के विरोध में आंदोलन कर रहे किसान संगठनों ने भारत बंद का आह्वान किया है और उन्हें ट्रेड यूनियनों, ट्रांसपोर्टरों, बैंक यूनियनों तथा कांग्रेस, एनसीपी, द्रमुक, सपा, टीआरएस और लेफ्ट समेत राजनीतिक दलों समर्थन हासिल है। राजनीतिक दलों ने रविवार को एक संयुक्त बयान जारी कर किसान संगठनों के साथ एकजुटता दिखाई थी। बयान में कहा गया था कि इन नए कृषि कानूनों को गैर लोकतांत्रिक तरीके से संसद में पारित किया गया।

ये भारत की खाद्य सुरक्षा के लिए खतरा हैं। ये भारतीय कृषि और हमारे किसानों को बर्बाद कर देंगे।' इस बीच व्यापारी संगठन कैट और आल इंडिया ट्रांसपोर्ट्स वेल्फेयर एसोसिएशन ने सोमवार को कहा कि दिल्ली समेत पूरे देश में बाजार मंगलवार को खुले रहेंगे और ट्रांसपोर्ट सेवा भी जारी रहेगी। हम आंदोलनरत किसानों के आह्वान भारत बंद के साथ नहीं हैं। मुंबई में बेस्ट की बसें, टैक्सी, ऑटो मंगलवार को चलेंगे।

## भाजपा ने विपक्ष को लिया आड़े हाथ दोहरा मानदंड अपनाने का आरोप

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**नए** कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों के प्रदर्शन पर विपक्षी दलों की लामबंदी पर भाजपा ने तगड़ा हमला बोला है। केंद्रीय कानून मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने इसे विरोधियों का दोहरा मानदंड करार देते हुए कहा कि यह राजनीतिक अवसरवाद है। प्रसाद ने दावा किया कि नए कानून के कई प्रावधानों का कभी कांग्रेस और राकांपा जैसे दलों ने समर्थन किया था। रविशंकर प्रसाद ने कहा कि अपना अस्तित्व बचाने के लिये भाजपा के विरोधी दल किसानों के प्रदर्शन में कूद पड़े हैं जबकि विभिन्न चुनावों में देश की जनता उन्हें बार-बार खारिज कर चुकी है। केंद्रीय मंत्री ने आरोप लगाया कि किसानों का एक वर्ग निजी स्वार्थ वाले कुछ लोगों के चंगुल में फंस गया है। सरकार सुधारों को लेकर उनके बीच (शेष पेज 9)

# माहौल खराब करने की साजिश है भारत बंद

- किसानों के कंधे पर बंदूक रखकर विपक्ष अराजकता पर उतारूः योगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कृषि** सुधार अध्यादेशों को लेकर किसान आंदोलन के बहाने केंद्र सरकार पर हमलावर विपक्षी दलों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आड़े हाथों लिया है। सीएम योगी ने कहा है कि विपक्षी दलों की कोशिश देश में अराजकता फैलाने की है। यह लोग भोले-भाले किसानों को गुमराह कर उनके कंधे पर बंदूक रखकर देश का माहौल खराब करना चाहते हैं।

सीएम योगी ने सोमवार को अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बातचीत करते हुये कहा कि कांग्रेस, राष्ट्रवादी कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, डीएमके और तृणमूल कांग्रेस जैसे दलों ने संसद की स्थायी समिति में इन्हीं सुधारों की वकालत की थी। यही नहीं कांग्रेसनीत यूपीए-2 की सरकार में कृषि मंत्री रहे शरद पवार ने राज्यों के मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखकर एग्रीकल्चरल प्रोड्यूस मार्केट कमिटी एक्ट में बदलाव की जरूरत बताते हुए देश में एक मॉडल एक्ट की वकालत की थी। कांग्रेस सहित तमाम विपक्षी दलों के चुनावी घोषणा पत्र में एपीएमसी एक्ट में संशोधन की बात प्रमुखता से कही गई है। समाजवादी पार्टी के संरक्षक मुलायम सिंह यादव जैसे वरिष्ठ नेताओं सहित टीएमसी और अकाली दल और कांग्रेस के नेताओं ने कृषि संबंधी संसद की स्थायी समिति में चर्चा में एपीएमसी एक्ट में संशोधन की आवश्यकता का समर्थन किया था। इन सभी दलों ने समय-समय पर वन नेशन-वन मंडी को देश के लिए उपयोगी बताया है लेकिन आज जब केंद्र की (शेष पेज 9)



## आम जनमानस को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए : मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रदेश में शान्ति व्यवस्था बनाए रखना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से समस्त प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को कल प्रस्तावित भारत बन्द के दृष्टिगत आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि आम जनमानस को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके पर्याप्त प्रबन्ध सुनिश्चित किए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों के हित और उनके कल्याण की दिशा में केन्द्र एवं राज्य सरकार निरन्तर कार्य कर रही है। कल के प्रस्तावित भारत बन्द से किसान दिग्भ्रमित न हों। उन्होंने कहा है कि अधिकारी स्थानीय स्तर पर किसान संगठनों और प्रतिनिधियों से संवाद कर उन्हें नये कृषि कानूनों के प्राविधानों से अवगत कराते हुए उनकी समस्याओं का निराकरण करें। किसी भी दशा में कानून और शान्ति व्यवस्था से समझौता न किया जाए।

# सीरम इंस्टीट्यूट ने मांगी टीके के आपात उपयोग की मंजूरी

- डीसीजीआई से अनुमति मांगने वाली पहली स्वदेशी कंपनी इससे पहले फाइजर ने किया था आवेदन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सीरम** इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) ने अपने कोविड-19 के टीके 'कोविशील्ड' के आपात इस्तेमाल की अनुमति के लिए भारतीय औषधि महानियंत्रक (डीसीजीआई) के पास आवेदन किया है। इससे पहले अमेरिका की फार्मा क्षेत्र की दिग्गज कंपनी फाइजर की भारतीय इकाई ने औषधि क्षेत्र के नियामक से इसी तरह की मंजूरी मांगी है। यह आवेदन करने वाली फाइजर पहली कंपनी है।

फाइजर ने भारत में फाइजर/बायोनटेक टीके के आपात इस्तेमाल के लिए नियामक की मंजूरी मांगी है। उसे ब्रिटेन और बहरीन में इसके लिए पहले ही मंजूरी मिल चुकी है। पुणे की कंपनी एसआईआई ने इस टीके के विकास के लिए ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय तथा फार्मा कंपनी एस्ट्रा जेनेका के साथ गठजोड़ किया है। फिलहाल कंपनी इस टीके का भारत में परीक्षण कर रही है। एसआईआई के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अदार पूनावाला ने कहा कि जैसा कि हमने वादा किया था कि हम 2020 से पहले ऐसा करेंगे। सीरम ने देश में बने पहले टीके कोविशील्ड के आपात इस्तेमाल के लिए आवेदन कर दिया है। उन्होंने कहा कि इससे हम असंख्य जीवन बचाने में कामयाब रहेंगे।

मैं भारत सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उनके समर्थन के लिए आभार जताता हूं। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईसीएमआर) के अनुसार सीरम इंस्टिट्यूट डीसीजीआई के 'एट-रिस्क मैन्युफैक्चरिंग एंड स्टॉकपाइलिंग' लाइसेंस के तहत पहले ही इस टीके की चार करोड़ खुराक बना चुकी है। आधिकारिक सूत्रों ने एसआईआई के आवेदन के (शेष पेज 9)

## पुराने वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाना अब जरूरी नहीं

**लखनऊ।** दो व चार पहिया समेत सभी प्रकार के गाड़ी मालिकों के लिए राहत की खबर है। यूपी में एक अप्रैल 2019 के पहले के पुराने वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाना अब जरूरी नहीं होगा। क्योंकि परिवहन विभाग ने एचएसआरपी लगवाने की अनिवार्यता को अगले आदेश तक रोक लगा दी है। ऐसे में 22 अक्तूबर 2020 को परिवहन विभाग की ओर से जारी दिशा निर्देश को वापस ले लिया गया है। दरअसल पुराने वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाने की अनिवार्यता ने गाड़ी मालिकों को परेशान कर दिया था। कहीं ऑनलाइन आवेदन में दिक्कतें सामने आ रही थी तो कहीं नंबर प्लेट के बदले मनमाना पैसा लिया जा रहा था। गाड़ी मालिकों की इस समस्या को देखते हुए परिवहन विभाग के अपर परिवहन आयुक्त एके पांडेय ने कहा कि अब पुराने वाहनों में एचएसआरपी लगवाना जरूरी नहीं है। इसके लिए बाद में पुनः आदेश दिया जाएगा। हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट की बुकिंग को आसान बनाने के लिए परिवहन विभाग खुद (शेष पेज 9)

# दिल्ली में मुठभेड़ के बाद 5 संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार

- खालिस्तानी-कश्मीर दहशतगर्दो से संपर्क की बात सामने आई
- दो पंजाब में शौर्य चक्र विजेता बलविंदर सिंह की हत्या में थे शामिल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**पूर्वी** दिल्ली के शकरपुर इलाके में सोमवार को एक मुठभेड़ के बाद पांच संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया गया जिनमें दो कथित रूप से पंजाब में शौर्य चक्र विजेता बलविंदर सिंह की हत्या में शामिल थे। उन्होंने बताया कि इससे पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई की कश्मीर में आतंकी संगठनों को खालिस्तान के आतंकियों के साथ जोड़ने की कोशिश का पता चला है। पुलिस के अनुसार इनमें से तीन लोग कश्मीर से हैं, वहीं बाकी दो पंजाब के हैं। उन्होंने बताया कि पंजाब के रहने वाले दोनों लोग बलविंदर सिंह की हत्या में शामिल थे। आतंकवाद से मुकाबले के लिए शौर्य चक्र से सम्मानित सिंह की अक्टूबर में गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। पुलिस उपायुक्त (विशेष इकाई) प्रमोद सिंह कुशवाहा ने कहा कि हमारी टीम को सोमवार सुबह विशेष सूचना प्राप्त हुई कि पंजाब के दो अपराधियों को तीन कश्मीरियों से पैसे मिलने हैं। गुप्त सूचना पर दिल्ली के लक्ष्मी नगर इलाके में मामूली गोलीबारी के बाद पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया।' उन्होंने बताया कि इन लोगों के पास से तीन पिस्तौल, दो किलोग्राम हेरोइन और एक लाख रुपये नकद मिले हैं। दो कार भी जब्त कर ली गयी हैं जिनमें ये यात्रा कर रहे थे। कुशवाहा ने बताया कि प्रारंभिक पड़ताल में सामने आया है कि कश्मीर में सक्रिय आतंकवादी संगठनों को पाकिस्तान की आईएसआई द्वारा खालिस्तान समर्थक आतंकियों से जोड़ने की कोशिश की जा रही थी। अधिकारी के अनुसार, 'वे मादक पदार्थ बेच रहे थे और इस पैसे का इस्तेमाल पंजाब में आतंकवाद के वित्तपोषण में होता था।' आगे जांच जारी है।

# हिरासत में लिए गए अखिलेश यादव

- किसान यात्रा में भाग लेने जा रहे थे कन्नौज, बाद में रिहा किए गए

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**किसान** आंदोलन के समर्थन में सोमवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव समेत पार्टी के कार्यकर्ताओं व नेताओं ने प्रदेश भर में धरना, प्रदर्शन कर किसान यात्रा निकाली। कन्नौज में प्रस्तावित किसान यात्रा में शामिल होने से रोके जाने से नाराज होकर धरने पर बैठे अखिलेश यादव को लखनऊ पुलिस ने हिरासत में लेकर इको गार्डन भेज दिया उनके साथ पूर्व मंत्री बलवंत सिंह रामूवालिया तथा समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी भी मौजूद थे। दूसरी ओर किसान यात्रा में हिस्सा लेने के लिये कन्नौज जाने से रोके जाने के बाद सपा मुखिया अखिलेश यादव ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला को पत्र लिखकर लोकतांत्रिक मूल्यों के हनन का हवाला देते हुये हस्तक्षेप करने की मांग की। देर शाम अखिलेश समेत सभी नेताओं को रिहा कर दिया गया। अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि कृषि कानून का विरोध कर रहे किसानों की आवाज को भाजपा सरकार दबा नहीं सकती। उनकी पार्टी काले कानून की वापसी की मांग कर रहे अन्नदाताओं के समर्थन में डटी रहेगी। भाजपा सरकार सत्ता के सहारे लोकतंत्र का गला घोटना चाह रही हैं। किसानों और युवाओं के साथ अन्याय हो रहा है प्रदेश और केंद्र सरकार मनमानी पर उतर आई है। केंद्र सरकार ने जबरन किसानों के बिल थोप दिया है।

किसान दिल्ली में धरने पर बैठे हैं कोई उनकी सुनवाई नहीं हो रही है। भाजपा सरकार को किसान का अभिशाप लगने जा रहा है अब यह सरकार बचने वाली नहीं है। ज्ञात हो कि सपा अध्यक्ष अखिलेश ने रविवार को घोषणा की थी कि उनकी पार्टी कृषि कानून को वापस लेने के किसान संगठनों की मांग का समर्थन करती है और इसके लिये सोमवार से राज्य भर में किसान यात्रायें आयोजित की जायेंगी। उन्होने खुद सोमवार को कन्नौज में आयोजित किसान यात्रा में भाग लेने का ऐलान किया था। सपा अध्यक्ष की घोषणा के बाद सतर्क जिला प्रशासन ने कोविड प्रोटोकाल का हवाला देते हुये सपा कार्यालय और पूर्व मुख्यमंत्री के आवास के बाहर बैरीकेडिंग (शेष पेज 9)

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 45,426 | ↑ 347 | |
| निफ्टी | 13,355 | ↑ 97 | |
| सोना | 48,703 | ↓ 104 | /10g |
| चांदी | 62,621 | ↓ 736 | /kg |

## क्विक न्यूज

### कोरोना के चलते गगनयान अभियान में हो सकती है देरी

**बेंगलुरू।** अंतरिक्ष में मानव को भेजने के भारत के प्रथम अभियान गगनयान में कोविड-19 वैश्विक महामारी के प्रतिकूल प्रभाव के कारण एक साल की देरी हो सकती है। भारतीय अंतरिक्ष अअनुसंधान संगठन (इसरो) के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। गगनयान के तहत मानव को पहली बार अंतरिक्ष मे भेजने की योजना से पहले दो मानवरहित मिशनों को अंतरिक्ष मे भेजने की योजना है। पहले मानवरहित मिशन को दिसंबर 2020 और दूसरे मानवरहित मिशन को जून 2021 मे भेजने की योजना बनाई गई। इसके बाद गगनयान के तहत दिसंबर 2021 मे मानव को पहली बार अंतरिक्ष मे भेजने की योजना बनाई गई थी। इसरो के अध्यक्ष के सिवन ने पीटीआई भाषा से कहा, कोविड-19 के कारण इसमे देरी होगी।

# सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट में निर्माण नहीं, शिलान्यास को मंजूरी

- सुप्रीम कोर्ट का रुख सख्त

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने सोमवार को केन्द्र सरकार को 10 दिसंबर को सेंट्रल विस्टा परियोजना के आधारशिला कार्यक्रम के आयोजन की अनुमति दे दी। इससे पहले, सरकार ने न्यायालय को आश्वासन दिया कि इस परियोजना को चुनौती देने वाली याचिकाओ का निबटारा होने तक निर्माण कार्य या इमारतों को गिराने जैसा कोई काम नहीं किया जाए।

सालिसीटर जनरल तुषार मेहता ने न्यायमूर्ति एएम खानविलकर, न्यायमूर्ति दीपक माहेश्वरी और न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की पीठ को आश्वासन दिया कि सिर्फ आधारशिला रखने का कार्यक्रम किया जाएगा और वहां कोई निर्माण कार्य, इमारतों को गिराने या पेड़ काटने जैसा कोई काम नहीं होगा। इस परियोजना की घोषणा पिछले वर्ष सितंबर में हुई थी, जिसमें एक नए त्रिकोणाकार संसद भवन का निर्माण किया जाना है। इसमें 900 से 1200 सांसदों के बैठने की क्षमता होगी। इसके निर्माण का लक्ष्य अगस्त 2022 तक है, जब देश स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ मनाएगा।

इस परियोजना के तहत साझा केन्द्रीय सचिवालय 2024 तक बनने का अनुमान है। सरकार की इस परियोजना के खिलाफ न्यायालय में कई याचिकाएं दायर की गई हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने पांच दिसंबर को कहा था कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 10 दिसंबर को नए संसद भवन की आधारशिला रखेंगे। इसका निर्माण कार्य 2022 तक पूरा होने की संभावना है, जिसमें 971 करोड़ रुपए का खर्चा आ सकता है।

# रेलवे स्टेशनों, बाजारों और पर्यटन स्थलों को जोड़ेगी आगरा मेट्रो

- नरेंद्र मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये आगरा मेट्रो रेल परियोजना के निर्माण कार्यों की शुरुआत की

**पायनियर समाचार सेवा।** आगरा



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने आगरा के 15वीं वाहिनी पीएसी परेड ग्राउण्ड में आयोजित कार्यक्रम में मेट्रो रेल परियोजना के निर्माण कार्यों की वर्चुअल माध्यम से शुरुआत की। कुल 8,379.62 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से बनने वाली आगरा मेट्रो रेल परियोजना के तहत कुल 29.4 किमी. लम्बे दो कॉरिडोर का निर्माण प्रस्तावित है।

ताज ईस्ट गेट से सिकन्दरा के बीच लगभग 14 किमी लम्बा पहला कॉरिडोर बनेगा, जिसमें 13 मेट्रो स्टेशन होंगे। दूसरा कॉरिडोर आगरा कैण्ट से कालिन्दा विहार के बीच निर्मित होगा, जिसकी लम्बाई 15.4 किमी. होगी और इसमें कुल 14 मेट्रो स्टेशन होंगे। इस मेट्रो रेल परियोजना से आगरा की 26 लाख की आबादी को तो फायदा मिलेगा ही, साथ ही, हर साल आगरा आने वाले लगभग 60 लाख पर्यटक भी शहर में विश्वस्तरीय मेट्रो सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे।

आगरा मेट्रो रेल परियोजना के रूप में आगरा शहर को एक अत्याधुनिक और वैश्विक स्तर का मास रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (एमआरटीएस) उपलब्ध हो सकेगा। आगरा मेट्रो रेल के कॉरिडोर इस तरह निर्धारित किए गए हैं कि शहर के चार प्रमुख रेलवे स्टेशनों, बस डिपो, कॉलेजों, प्रमुख बाजारों और पर्यटन स्थलों को आपस में जोड़ा जा सके। इस मौके पर उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनन्दी बेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा केन्द्रीय आवास एवं शहरी कार्य (शेष पेज 9)

## मेट्रो से नए युग की ओर बढ़ा आगराः योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मेट्रो रेल की आधारशिला से आगरा एक नए युग की ओर बढ़ गया है। उत्तर प्रदेश के इस ऐतिहासिक शहर को मेट्रो के रूप में पब्लिक ट्रांसपोर्ट का नया स्वरूप प्राप्त हो रहा है। मुख्यमंत्री सोमवार को आगरा में मेट्रो की आधारशिला रखने आए थे। पीएसी ग्राउंड पर कार्यक्रम में गणमान्यों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 26 लाख की आबादी वाले शहर में हर साल लाखों की संख्या में देशी विदेशी पर्यटक आते हैं। उन्होंने अफसोस जताया कि शहर में समय के अनुरूप पर्यावरण के अनुकूल सार्वजनिक परिवहन और पर्यटकों की सुविधा के साधन नहीं थे। उसे विकसित और (शेष पेज 9)

# माघ मेला में कुंभ जैसे इंतजाम हों: योगी

## वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री ने तैयारियों को परखा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रयागराज के माघ मेला तथा वृन्दावन, मथुरा में प्रस्तावित 16 फरवरी से 28 मार्च तक आयोजित होने वाले संत समागम की सभी तैयारियों को परखा । उन्होंने कहा कि यह आयोजन महत्वपूर्ण हैं। इन्हें प्रयागराज कुम्भ.2019 की भांति स्वच्छता, सुरक्षा एवं सुव्यवस्था के उच्च मापदण्डों के आधार पर आयोजित किया जाए और कोविड प्रोटोकाल का पालन हर हाल में हो।



मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि माघ मेले तथा संत समागम में आने वाले श्रद्धालुओं विशेषकर कल्पवासियों व साधु-संतों के लिए उच्च स्तर की व्यवस्था करते हुए सभी सुविधाएं उपलब्ध करायी जाएं और सुरक्षा के सभी प्रबन्ध किए जाएं। उन्होंने कहा कि मेला क्षेत्र में सुविधाएं मुहैया कराए जाने तथा सुरक्षा के सम्बन्ध में कोई समझौता न किया जाए। माघ मेले तथा संत समागम में आने वाले सभी श्रद्धालुओं के लिए स्वच्छता, सैनेटाइजेशन का पूर्ण प्रबन्ध हो। मुख्यमंत्री ने अपील की कि कोविड.19 संक्रमण से बचाव के लिए माघ मेले तथा संत समागम में आने वाले श्रद्धालु कोविड-19 के प्रोटोकाल का पालन करें। मेला क्षेत्र में मेडिकल टीम सर्विलांस के माध्यम से कोविड से बचाव हेतु निरंतर सक्रिय रहेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा के प्रति अत्यन्त संवेदनशील है। उन्होंने प्रयागराज मेला प्राधिकरण तथा उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद को विशेष रूप से कोविड.19 के दृष्टिगत तैयारी किए जाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में कोविड-19 संक्रमण नियंत्रण की स्थिति में है, किन्तु इसका खतरा अभी टला नहीं है। सतर्कता, बचाव व सावधानी आवश्यक है। सम्बन्धित आयोजनों में कल्पवासियों, महात्माओं व साधु-संतों की व्यवस्थाएं प्राथमिकता के स्तर पर सुनिश्चित की जाएं। यदि कोई व्यक्ति आयोजन क्षेत्र में कोविड पॉजिटिव पाया जाता है तो उसे तुरन्त अस्पताल भेजकर इस सम्बन्ध में शीघ्रता से कॉन्टैक्ट ट्रैसिंग की जाए और सम्बन्धित व्यक्तियों के क्वारंटीन की व्यवस्था हो। बेहतर सर्विलांस और नियंत्रण के लिए प्रयागराज के इंटीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कण्ट्रोल सेण्टर की भांति वृन्दावन, मथुरा में भी कमाण्ड एण्ड कण्ट्रोल सेण्टर स्थापित किया जाए। इन सेण्टरों का प्रभावी संचालन सुनिश्चित करते हुए हर गतिविधि पर नजर रखी जाए। अनावश्यक और गैर जरूरी भीड़ को नियंत्रित किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रयागराज में गंगा जी का 1 जनवरी से 16 फरवरी तथा वृन्दावन, मथुरा में यमुना जी का 1 फरवरी से 28 मार्च तक निर्मल और अविरल प्रवाह हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। इनमें गिरने वाले अवशेष सीवर व नालों को टैप किए जाने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि सभी सम्बन्धित कार्य निर्धारित समयावधि के भीतर पूरे कर लिए जाएं। उन्होंने कहा कि आयोजनों की अवधि के दौरान किसी भी प्रकार की गंदगी न रहे। सैनिटाइजेशन व स्वच्छता, आयोजन क्षेत्रों के अलावा सम्पूर्ण शहर में भी दिखायी दे।

मुख्यमंत्री ने प्रयागराज व वृन्दावन-मथुरा के जिलाधिकारियों सहित सभी सम्बन्धित विभागों से आयोजनों के सम्बन्ध में की जा रही तैयारियों की जानकारी प्राप्त की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक के दौरान माघ मेला 2020-21 तथा संत समागम 2021 के सम्बन्ध में एक प्रस्तुतीकरण भी किया गया, जिसमें आयोजनों के सम्बन्ध में कराए जाने वाले कार्यों के विषय में विस्तार से प्रकाश डाला गया।



सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के अवसर पर सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को उनके सरकारी आवास पर फ्लैग लगाया गया

## मायावती ने दिया किसानों के आंदोलन को समर्थन

**लखनऊ।** केंद्र सरकार के कृषि बिल के विरोध में देशभर के किसान आन्दोलन कर रहे हैं। इसी कड़ी में बसपा सुप्रीमो मायावती भी आ गई हैं। सोमवार को उन्होंने कहा कि कृषि से जुड़े तीन नए कानून को लेकर किसान लगातार आंदोलन कर रहे हैं, हमारी पार्टी इनका समर्थन करती है। वहीं, 8 दिसंबर को किसान संगठनों द्वारा बुलाए गए भारत बंद को भी बसपा सुप्रीमो ने अपना समर्थन दिया है। सोमवार को मायावती ने ट्वीट करते हुए केंद्र सरकार से किसानों की मांग मानने की अपील भी की।

## कांग्रेस भी प्रदेश भर में आज करेगी धरना प्रदर्शन

**लखनऊ।** केंद्र सरकार द्वारा पारित 3 नए कृषि कानूनों के विरोध में चल रहे देशव्यापी आंदोलन के पक्ष में प्रदेश कांग्रेस भी खड़ी हो गई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने आंदोलन के समर्थन में 8 दिसंबर को पूरे प्रदेश में धरना प्रदर्शन कर किसानों के पक्ष में आवाज बुलंद करने का निर्णय किया है।

## दीर्घकालीन योजनाएं बदलेंगी पूर्वांचल की तस्वीर

### ● 10 दिसम्बर को मुख्यमंत्री गोरखपुर में करेंगे राष्ट्रीय वेबिनार का उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पूर्वांचल** के समग्र विकास को लेकर यह महीना मील का पत्थर साबित होगा। इस महीने पूर्वांचल के 28 जिलों में पढ़ाई तथा बेहतर इलाज के साथ कृषि एवं उद्योग धंधों को बढ़ावा देने का रोडमैप देश एवं विदेश के विशेषज्ञों के विचार विमर्श से तैयार होगा। इस रोडमैप के आधार पर ही प्रदेश सरकार पूर्वांचल के विकास की योजनायें तैयार कराएगी।

रोडमैप तैयार करने के लिए राज्य का नियोजन विभाग दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के अकादमिक सहयोग से पूर्वांचल का सतत विकास पूर्वी उत्तर प्रदेश के लिए एक नई पहल को लेकर तीन दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार एवं संगोष्ठी का आयोजन 10 दिसंबर से कर रहा है। इसका उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। समापन सत्र में केंद्रीय आयुष मंत्री स्वतन्त्र प्रभार श्रीपद यशो नाइक की विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूदगी होगी। इस राष्ट्रीय वेबिनार व संगोष्ठी के संयोजक और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आर्थिक सलाहकार डॉ. केवी राजू के अनुसार, पूर्वांचल में शिक्षा, कृषि के क्षेत्र में दीर्घकालीन योजनाओं का रोडमैप तैयार करके समूचे पूर्वांचल में खुशहाली लाई जा सकती है। इसके लिए पूर्वांचल में शिक्षा व्यवस्था में तमाम तरह के सुधार करने होंगे, कौशल विकास को बढ़ावा देना होगा, कृषि के क्षेत्र में गेंहू और चावल की खेती के अलावा अन्य फसलों की खेती करने के लिए किसानों को प्रोत्साहित करने की जरूरत है। पूर्वांचल में आईटी कारोबार को बढ़ावा देने के लिए बारहवीं पास बच्चों को अंग्रेजी सीखने के लिए बढ़ावा देने की व्यवस्था करनी होगी, ताकि वह कालसेंटर में तथा आईटी सेक्टर में काम कर सकें। इसी प्रकार पूर्वांचल में हर वर्ष आने वाली बाढ़ से होने वाले नुकसान को रोकने की जरूरत है। इन सबके लिए राष्ट्रीय वेबिनार व संगोष्ठी में आये विद्वान अपना शोधपत्र रखेंगे। जिनके आधार पर सरकार पूर्वांचल के समग्र विकास का रोड मैप बनायेगी। पूर्वांचल में खेती के क्षेत्र में क्या बदलाव किये जाएँ, मछली पालन तथा पशुपालन कारोबार को लाभप्रद कैसे बनाया जाए, इस संबंध में भी शोधपत्र संगोष्ठी के दौरान विशेषज्ञ रखेंगे।

## भारत बंद को लेकर गृह विभाग ने प्रदेश पुलिस को किया सतर्क

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**केंद्र** सरकार के नए कृषि कानूनों के खिलाफ किसान संगठनों की ओर से 8 दिसंबर को किए गए भारत बंद के आह्वान को देखते हुए विभाग ने प्रदेश पुलिस को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में गृह विभाग की ओर से डीजीपी एचसी अवस्थी को एक पत्र भी लिखा गया है।

जारी पत्र में सभी जोन के एडीजी, रेंज के आईजी और पुलिस कप्तानों को सतर्क रहने को कहा गया है। दुकानें जबरन बंद कराने वालों के खिलाफसख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। कहा गया है कि ऐसी व्यवस्था बनाई जाए, जिससे किसी की भी जबरन दुकान बंद न होने पाए, किसी के साथ मारपीट की घटना न हो। यह भी कहा गया है कि जगह-जगह बैरिकेडिंग लगाई जाए। किसान एवं किसान संगठनों से आपसी संवाद बनाकर रखा जाए। इस दौरान कोई अप्रिय घटना न होने पाए। माहौल खराब करने वाले लोगों पर सख्ती की जाए। ऐसे लोगों को चिह्नित कर पहले ही उन को पाबंद किया जाए। एलआईयू और खुफिया विभाग को अलर्ट कर दिया जाए। वहीं डीजीपी ने प्रदेश के सभी जनपदों की सीमाओं पर चेकिंग की व्यवस्था किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि इस बात का खास ध्यान रखा जाए कि किसानों की आड़ में अन्य प्रदेशों से ऐसे कोई संगठन न आने पाए जो प्रदेश में अव्यवस्था को फैलाने का कार्य करें। कोविड-19 गाइडलाइन का सख्ती से पालन कराया जाए।

## नवनियुक्त नलकूप चालकों को कल नियुक्ति पत्र सौंपेंगे सीएम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ किसानों को एक बड़ी राहत देने जा रहे हैं। किसानों को अब सिंचाई के लिए दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा। नलकूप चालकों की नियुक्ति का सबसे अधिक लाभ किसानों को मिलेगा। मुख्यमंत्री नौ दिसंबर को सिंचाई विभाग के 3209 नलकूप चालकों को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। महिला सशक्तीकरण को सार्थकता देते हुए इन 3209 नलकूप चालकों में से 516 महिला अभ्यर्थियों की भी नियुक्ति की गई है।

सीएम योगी ने नलकूप चालकों की कमी के वजह से सिंचाई में आ रही दिक्कतों को देखते हुए रिक्त पदों पर भर्ती के लिए प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को पूरी तरह से पारदर्शी और निष्पक्ष भर्ती कराने के निर्देश दिए थे। आयोग ने भर्ती प्रक्रिया को पूरा करते हुए परिणाम घोषित कर दिया था। आयोग ने 3209 नलकूप चालकों का चयन कर इसकी सूची सिंचाई विभाग को भेजी थी। विभाग ने 3209 नलकूप चालकों को पारदर्शी निष्पक्ष प्रक्रिया से उनकी योग्यता क्रमांक के अनुसार ऐच्छिक जिले विकल्पों के अनुरूप आवंटित कर दिए हैं। नलकूप चालकों की नियुक्ति से नलकूप का संचालन और रखरखाव आसान होगा। इससे किसानों को सुचारू रूप से सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध होगा। नलकूप में किसी प्रकार की खराबी आने पर उसे समय से ठीक कराया जा सकेगा। इसके लिए किसानों को बेवजह परेशान नहीं होना पड़ेगा। प्रदेश में सिंचाई (यांत्रिक) विभाग में 34,401 राजकीय नलकूपों के संचालन के लिए 73 नलकूप अनुरक्षण खंड हैं, जिनमें नलकूप चालकों के कुल 18811 पद स्वीकृत हैं। अभी तक स्वीकृत पदों के सापेक्ष मात्र 9198 नलकूप चालकों के कार्यरत होने के कारण नलकूप चालक को करीब चार नलकूपों के संचालन को देखना पड़ता था। इससे किसानों को बड़ी मुसीबतों का सामना करना पड़ता था।

## सल्फरलेस प्लांट का कल मुख्यमंत्री करेंगे लोकार्पण

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य चीनी निगम लि. की जनपद बस्ती में स्थित नवस्थापित मुण्डेरवा चीनी मिल में स्थापित नये सल्फरलेस प्लांट का लोकार्पण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा बुधवार 9 दिसम्बर को अपराह्न क्रमश: 12 बजे किया जायेगा। यह जानकारी आयुक्त गन्ना एवं चीनी संजय आर भूसरेड्डी ने दी। उन्होंने बताया कि इस चीनी मिल का लोकार्पण गत वर्ष किया गया था। मुख्यमंत्री द्वारा तब यह घोषणा की गयी थी कि मुण्डेरवा चीनी मिल में सल्फरलेस चीनी का उत्पादन कर अच्छी गुणवत्ता की चीनी बनाई जायेगी, जिसके विक्रय से किसानों के गन्ना मूल्य भुगतान में सुविधा होगी। उल्लेखनीय है कि मुण्डेरवा चीनी मिल में स्थापित सल्फरलेस प्लांट की स्थापना सरकारी चीनी मिल में पहली बार शासन से प्राप्त वित्तीय सहायता द्वारा की गयी है।

पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

मै निखिलेश उपाध्याय पुत्र प्रेम नारायण उपाध्याय निवासी ग्राम-मानिकपुर, पोस्ट-रामपुर सकरवारी, थाना-बेवाना, जिला-अम्बेडकरनगर, उ.प्र. सूचित करता हूँ कि मेरा M.Sc. Microbiology का Migration Certificate Sr. 181346 Enrollment No. 171616, गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय हरिद्वार, वास्तव में कहीं खो गया है।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम सुन्दर बाई था। अब मुझे सुन्दारा देवी ग्राम - मुतवल्लीपुर, पोस्ट - बिशुनदासपुर, थाना डलमऊ, जिला-रायबरेली से जाना पहचाना जाये। सुन्दारा देवी पत्नी स्वर्गीय राम दुलारे ग्राम मुतवल्ली पुर पोस्ट बिशुनदास पुर थाना डलमऊ जिला रायबरेली (यू. पी.)

**सूचना**

मैंने अपने छोटे पुत्र रोहित सिंह व पुत्रवधू रूबी के गलत आचरण से तंग आकर उन्हें अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य से मेरा व मेरे बड़े पुत्र राहुल का कोई वास्ता नहीं होगा। मुन्नी देवी पत्नी स्व रमेश सिंह, निवासी मो सदरपुर टीला, थाना व जिला कन्नौज

**आवश्यकता**

**ग्रीन फील्ड कालेज**
**इलसिया ग्रन्ट, रामकोट, सीतापुर**

**आवश्यकता है**

प्राचार्य एवं सहायक आचार्य बी०ए० (हिन्दी साहित्य, समाजशास्त्र, गृह विज्ञान, चित्रकला, शिक्षाशास्त्र, संस्कृत, राजनीति शास्त्र, अंग्रेजी साहित्य व अर्थशास्त्र।)

**बी०काम०**

**एम०ए०** – गृहविज्ञान एवं अंग्रेजी साहित्य की।

**योग्यता**–यू.जी.सी. नेट/यू.जी.सी. के मानकानुसार योग्य एवं इच्छुक अभ्यर्थी अतिशीघ्र सम्पर्क/आवेदन करें।

**प्रबन्धक - 7310005000**

# उत्तर प्रदेश में पर्यटन विकास की असीम संभावनाएं: मुख्य सचिव

## यूपी में रिवर टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए पर्यटन विभाग व इनलैण्ड वाटरवेज प्राधिकरण के बीच एमओयू साइन

### ● वाराणसी में रो-रो पैक्स वैसेल का संचालन पर्यटन विभाग करेगा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**यूपी** में रिवर टूरिज्म, इको-टूरिज्म को प्रोत्साहित करने तथा पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने के लिए पर्यटन विभाग एवं इनलैण्ड वाटरवेज प्राधिकरण के मध्य वाराणसी में रो-रो पैक्स वैसेल के संचालन के सम्बन्ध में मुख्य सचिव राजेन्द्र कुमार तिवारी के समक्ष एमओयू हस्ताक्षरित किया गया।

मुख्य सचिव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में पर्यटन विकास की असीम सम्भावनाएं है। यहां धार्मिक, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक एवं वन्यजीव आदि के अनेकों स्थल विद्यमान है, यही कारण है कि विविधतापूर्ण पर्यटन आकर्षणों के परिपूर्ण होने के कारण यह प्रदेश देश-विदेशों में महत्वपूर्ण पर्यटन केन्द्र के रूप में प्रसिद्ध है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि वाराणसी में रो-रो पैक्स वैसेल का संचालन उत्तर प्रदेश पर्यटन द्वारा किया जायेगा। इस सम्बन्ध में मुख्य सचिव द्वारा प्रदेश में रिवर टूरिज्म की असीम सम्भावनाओं को चिन्हित करने तथा देशी-विदेशी पर्यटकों के रात्रि प्रवास को बढ़ाने के लिए कार्य-योजना तैयार किये जाने के निर्देश दिए गए। साथ ही अयोध्या में सरयू नदी पर रिवर टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए प्रस्तुतीकरण का अवलोकन किया गया तथा अयोध्या पर पैकेज टूर बनाये जाने के निर्देश पर्यटन विभाग को दिए गए।

अयोध्या में प्रदेश सरकार द्वारा कराये जा रहे विकास कार्यों से अयोध्या देश का प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में चिन्हित होगा, इसी क्रम में भविष्य में पर्यटन विकास की अपार सम्भावनाओं के दृष्टिगत रिवर क्रूज टूरिज्म को जोड़ने के उद्देश्य से डा अमिता प्रसाद अध्यक्ष इनलैण्ड वाटरवेज प्राधिकरण द्वारा अयोध्या में 2 जेट्टी के निर्माण के लिए सहमति प्रदान की गई तथा प्रदेश सरकार से भूमि चिन्हित करने का अनुरोध किया गयाए जिस पर मुख्य सचिव द्वारा सहमति प्रदान की गई।

## हम सब सेना के सतत ऋणी



**लखनऊ।** सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के अवसर पर निदेशक सैनिक कल्याण एवं पुर्नवास बिग्रेडियर रवि ने मुख्य सचिव को प्रतीक चिन्ह झण्डा लगाया तथा स्मृति चिन्ह व शॉल भेंट कर उनका सम्मान किया।

मुख्य सचिव राजेन्द्र कुमार तिवारी ने अमर शहीदों तथा वीर सैनिकों को उनके अपूर्व त्याग एवं बलिदान को याद करते हुए उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि हमारे मां स्वरूप देश की रक्षा में जिस प्रकार हमारी सेना दिन-रात लगी हुई है, उसका कोई भी मूल्य नहीं चुकाया जा सकता है। हम सभी उनके सतत ऋणी हैं। उन्होंने सेना के प्रति पूर्ण सम्मान, स्नेह व सद्भावना व्यक्त करते हुए उनके परिवार के सुखद जीवन की कामना की। इस अवसर पर प्रमुख सचिव समाज कल्याण एवं सैनिक कल्याण बीएल मीणा, मेजर जनरल नीलेन्द्र कुमार प्रबन्ध निदेशक पूर्व सैनिक कल्याण निगम, श्याम किशोर पाण्डेय, अतिरिक्त निदेशक रेखा रॉय आदि उपस्थित थे।

## केंद्रीय कृषि कानून के बारे में किसानों को बताएंगे सरकार व संगठन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**यूपी** में किसान आंदोलन के बहाने सियासत गर्माने लगी है। विपक्ष इस मुददे को कैश कराने का कोई भी मौका गवाना नहीं चाहता है। कांग्रेस और सपा दोनों ही दल सड़क पर आंदोलन करने की रणनीति पर काम कर रहे हैं। ऐसे में योगी सरकार अब इस रणनीति पर काम कर रही है कि कैसे सरकार और संगठन दोनों ही किसानों को केंद्रीय कृषि कानून के बारें बताया जाए और उन्हें इस बात की जानकारी दी जाए कि यह कानून किस प्रकार किसानों की आय को बढ़ाने वाला है। वह इसलिए क्योंकि आगामी माह में पंचायत चुनाव की तैयारियां तेज हो जाएंगी। इसलिए दिसंबर के अंत से यूपी में संगठन विभिन्न कार्यक्रम शुरू करेगा। यह कार्यक्रम गांव की दहलीज को केंद्रित करके बनाए जा रहे हैं ताकि किसानों से पार्टी संवाद करे और उन्हें विश्वास में लिया जाए। इसका सीधा असर आगामी पंचायत चुनाव पर पड़ेगा क्योकिं गांव की सरकार चुनने का समय करीब आ रहा है।

पार्टी सूत्रों की मानें तो इस मिशन में सरकार व संगठन दोनों ही जुटेंगे। प्रभारी जिलों मंत्री अपने-अपने जिलों में इस अभियान को गति देंगे जबकि क्षेत्रीय अध्यक्ष के साथ बीजेपी के पदाधिकारियों को लगाया जाएगा। कोविड को देखते हुए वर्चुअल पंचायतें आयोजित की जाएंगी जिसमें किसानों को जोड़ा जाएगा। उनको पत्रक भी वितरित किए जाएंगे। कोविड की गाइड लाइन का पालन करते हुए छोटे-छोटे समूहों में भी गांव में किसानों को केंद्रीय कृषि कानून के बारें में जानकारी दी जाएगी। इस अभियान में केंद्रीय मंत्रियों को भी जिम्मेदारी दी जाएगी। प्रदेश में केंद्रीय मंत्री मीडिया से बात करेंगे। इस अभियान के पीछे सरकार की मंशा है कि विपक्ष इस मुद्दे को हथियार बनाए कि इससे पहले ही हथियार धार कुंद कर दी जाए।

## विजिलेंस ने शुरू की निलंबित आईपीएस मणिलाल पाटीदार की संपत्तियों की जांच

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**महोबा** के एसपी रहे निलंबित आईपीएस मणिलाल पाटीदार की गिरफ्तारी प्रदेश पुलिस के लिए बड़ी चुनौती साबित हो रही है। वही लंबा समय गुजर जाने के बावजूद अब तक उनके हाथ न लगने से पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान भी लग रहे हैं। शासन के आदेश पर पाटीदार की आय से अधिक संपत्ति की जांच विजिलेंस को सौंप दी गई है। विजिलेंस ने अपनी कार्रवाई भी शुरू कर दी है। पाटीदार के साथ ही मामले में आरोपी तत्कालीन सीओ सिटी जटाशंकर और एक अन्य पुलिसकर्मी की संपत्ति की जांच होगी। पाटीदार की गिरफ्तारी पर एसपी महोबा की ओर से घोषित की गई 25000 रुपए की धनराशि को बढ़ाकर अब 50000 कर दिया गया है। वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि उनकी गिरफ्तारी के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। गुजरात और मध्य प्रदेश में भी पाटीदार की तलाश में पुलिस टीमें छानबीन कर चुकी हैं लेकिन उन्हें अभी तक कोई सफलता नहीं मिली। शासन के निर्देश पर विजिलेंस अब पाटीदार सहित तीनों पुलिसकर्मियों की बेनामी संपत्तियों के अलावा इनके आय के अन्य स्रोतों के बारे में जानकारी जुटाने में लग गया है। आरोपित पुलिस कर्मियों के बैंक खातों की भी पड़ताल होगी। विजिलेंस पता करेगा कि मूल बचत खाते के अलावा कितने खाते इनके पास थे, जिनसे ट्रांजेक्शन होता था। बीते सालों में वेतन के अलावा अन्य खातों में कितना और कहां ट्रांजेक्शन हुआ है, इसके बारे में भी जानकारी जुटाई जाएगी।

## प्रसपा ने नये किसान बिल के विरोध में किया प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**प्रगतिशील** समाजवादी पार्टी लोहिया प्रमुख शिवपाल सिंह यादव के आवाहन पर सोमवार को प्रसपा नेता व कार्यकर्ताओं ने नये किसान बिल के विरोध में उत्तर प्रदेश के समस्त जनपद में जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन दिया। इसी कड़ी में लखनऊ में प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के बड़ी संख्या में नेता कार्यकर्ता बेगम हजरत महल पार्क के पास इकट्ठे हुए उसके उपरान्त सरकार विरोधी नारे लगाते हुए वहीं पर धरना दिया और जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन करने के लिए हजारों कार्यकर्ताओं के साथ आगे बढ़े । प्रदर्शन का नेतृत्व प्रसपा के राष्ट्रीय महासचिव राम सिंह यादव प्रदेश के उपाध्यक्ष फरहत हुसैन ,प्रदेश के महासचिव अजय त्रिपाठी मुन्ना, प्रदेश महासचिव प्रेम प्रकाश वर्मा, पार्टी के युवा नेता यशवर्धन सिंह भदौरिया, उपेंद्र सिंह, पिछड़ावर्ग के प्रदेश अध्यक्ष अनिल वर्मा, अधिवक्ता सभा के प्रदेश अध्यक्ष अजीत चौहान, व्यापार सभा के प्रदेश अध्यक्ष रामबाबू रस्तोगी, पार्टी के प्रदेश महासचिव अल्का सिंह, प्रदेश महासचिव बीनू शुक्ला , लखनऊ के जिलाध्यक्ष रंजीत यादव, लखनऊ के महानगर अध्यक्ष कल्पेश द्विवेदी शामिल रहे। जुलूस आगे बढ़ने पर पहले से ही बेरिकेटिंग लगाई पुलिस ने रोकने का प्रयास किया जिस पर प्रसपा कार्यकर्ताओं एवं पुलिस के बीच काफी नोक-झोंक होने के उपरान्त 11 सूत्रीय ज्ञापन देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम प्रदर्शन में उपस्थित एसीपी कैसरबाग एवं अन्य अधिकारियों को देते हुए इस ज्ञापन को देश के प्रधानमंत्री तक पहुँचाने का अनुरोध किया ।

## ओमप्रकाश राजभर ने शिवपाल यादव से की मुलाकात

**लखनऊ।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने सोमवार को प्रगतिशील समाजवादी पार्टी लोहिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव से शिष्टाचार मुलाकात की। मुलाकात के दौरान दोनों ही नेताओं ने 2022 विधानसभा चुनाव को लेकर की चर्चा की। प्रसपा मुखिया शिवपाल सिंह यादव ने बताया कि विधानसभा चुनाव 2022 के लिए विभिन्न दलों के नेताओं से उनकी वार्ता चल रही है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि समाजवादी दलों को एक मंच पर लाकर सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ मोर्चा खोला जाएगा।

## किसान आंदोलन को रालोद का समर्थन

**लखनऊ।** कृषि कानूनों के विरोध में किसानों द्वारा कल भारत बंद आंदोलन को राष्ट्रीय लोकदल ने अपना समर्थन दिया है। इस बाबत पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ मसूद अहमद ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल के समस्त पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता तन मन धन से किसानों का सहयोग करके भारत बंद को सफल बनायेंगे। डॉ मसूद ने कहा कि केन्द्र सरकार ने किसान विरोधी कानूनों को पारित करके देश के अन्नदाताओं के साथ धोखा किया है।

**आवश्यक सूचना**

अधोहस्ताक्षरी अपने मुवक्किल एलआईसी. हाउसिंग फाइनेन्स लि. लखनऊ के निर्देशानुसार, एलआईसी. एच.एफएल एरिया आफिस शाहनजफ रोड, लखनऊ की ओर से सर्कुलर नं. -422/एनेक्जर-ई, एलआईसी.एच.एफएल के अन्तर्गत सूचित करता है कि श्री राम मुकुल पुत्र झुरहू द्वारा श्रीमती शारदा देवी पत्नी श्री हरि शंकर गौतम के पक्ष में एक किता भूखण्ड, खसरा सं.-80, 81 व 86, पैमाईशी रकबा 105.71 वर्गमीटर, स्थित ग्राम-लछिमनपुर, वार्ड/ परगना-घासीगंज मीरनपुर, तहसील-सदर, जिला सुल्तानपुर को दिनांक 06. 02.2017 को विक्रय किया है, जिसका दस्तावेज सं.-848, उपनिबंधक कार्यालय - सदर, सुल्तानपुर, पर पंजीकृत है। उपरोक्त की मूल बैनामा प्रति कही खो गई है, उपरोक्त मूल बैनामा किसी व्यक्ति, बैंक, या वित्तीय संस्थान में बंधक है, तो उसकी सूचना एल.आईसी. एच.एफएल, एरिया आफिस-मेन, लखनऊ एवं अनूप कुमार सिंह एडवोकेट, मो. नं.-9455032691, 9554472272 को तत्काल दिया जाये। उक्त सम्पत्ति के बाबत कोई भी वाद, दावा 15 दिन के अन्दर पेश नहीं की जाती है तो, उपरोक्त सम्पत्ति पाक, साफ समझी जायेगी, इसके उपरान्त अगर कोई दावा, वाद पेश की जाती है तो, वह निराधार व शून्य माना जायेगा।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

## आरबीआई अधिकारी बनकर 40 लाख की चपत लगाने वाले

# पांच और जालसाज गिरफ्तार

### पूर्व में चार आरोपी भेजे जा चुके हैं जेल, दिल्ली और एनसीआर में दे रहे थे ठगी की वारदात को अंजाम इंदिरानगर पुलिस और साइबर क्राइम टीम की संयक्त कार्रवाई में मिली सफलता



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**इंदिरानगर** पुलिस व साइबर क्राइम की संयुक्त कार्रवाई में रविवार देर रात जालसाजों को गिरफ्तार करने में कामयाबी मिली है। पकड़े गए आरोपियों पर इंश्योरेंस कंपनी से पैसा वापस कराने के लिए आरबीआई अधिकारी बनकर 40 लाख की ठगी का आरोप है। फिलहाल पुलिस ने पूछताछ के बाद आरोपियों को जेल भेज दिया है। साथ ही मामले की गहनता से जांच पड़ताल कर रही है।

इंस्पेक्टर क्षितिज त्रिपाठी ने बताया कि गत नवंबर माह में स्थानीय पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर तलाश शुरू की गई थी। पीड़ित ने पुलिस को बताया था कि इंश्योरेंस कंपनी से पैसा वापस दिलवाने के लिए जालसजों ने संपर्क किया। इसके बाद झांसा देकर 40 लाख ले लिए। इस दौरान आरोपियों ने खुद को आरबीआई का अधिकारी बताया था। हालांकि आरोपियों पर शक होने पर पीड़ित ने स्थानीय पुलिस को घटना की जानकारी दी थी। वहीं, पुलिस ने मामले से जुड़े चार लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। स्थानीय पुलिस जांच में कई अन्य आरोपियों के नाम सामने आए थे। इसके बाद से पुलिस लगातार तलाश कर रही थी। पकड़े गए आरोपियों में गौतमबुद्ध नगर निवासी ललित सिंह, दिल्ली गंगोत्री विहार निवासी राहुल, नई दिल्ली के राजीव नगर गांधीनगर निवासी अब्दुल रकिब, कानपुर बिठूर निवासी भानु प्रताप सिंह और विष्णुपुरी सब्जी मंडी निवासी अशोक कुमार सिंह को गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में पता चला कि आरोपी दिल्ली एनसीआर से लगातार ठगी की वारदात को अंजाम दे रहे थे। फिलहाल सोमवार को पुलिस ने पांच और आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। साथ ही मामले की गहनता से जांच पड़ताल के दावे कर रही है। पुलिस के मुताबिक आरोपी फर्जी सिम का इस्तेमाल करते थे। इतना ही नहीं इंश्योरेंस के नाम पर झांसा देकर लाखों की ठगी कर रहे थे।

## शासन में सचिव होने का झूठा रौब दिखाकर ठगी करने वाला चढ़ा हत्थे

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**शासन** में सचिव पद पर तैनात होने का झूठा रौब दिखाकर विभिन्न जिलों के अधिकारियों-कर्मचारियों को अनुचित लाभ के लिए फोन कर ठगी करने वाले जालसाज विजय कुमार वर्मा निवासी मीरपुर, थाना सदर को एसटीएफ ने लखीमपुर खीरी से गिरफ्तार किया है।

शातिर अपराधी विजय कुमार वर्मा के संबंध में छानबीन में जुटी एसटीएफ को जानकारी मिली युवा स्पोर्ट स्टेडियम, लखीमपुर खीरी के सामने खड़ा हुआ है। इस सूचना पर एसटीएफ की टीम ने मौके पर पहुंच कर उसे गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से ठगी में प्रयोग किया जाने वाला मोबाइल फोन भी बरामद हुआ।

पूछताछ पर विजय कुमार वर्मा ने बताया कि फिल्मों से प्रेरित होकर उसी की तर्ज पर अधिकारियों व कर्मचारियों से फोन पर उत्तर प्रदेश शासन में सचिव पद पर होने का रौब दिखाकर पैसा ठगने का काम करता था। जिसमें वर्ष 2018 में थाना सदर, लखीमपुर खीरी में उसके विरुद्ध धारा 384-507 भादवि का मुकदमा दर्ज हुआ था। उसने बताया कि इसके बाद मैंने लखनऊ के कर्मचारियों व डाक्टरों आदि को उक्त प्रकार से पैसा ऐंठने की नीयत से धमकाने का कार्य किया जिस पर उसके विरुद्ध थाना वजीरगंज में धारा 386-507 भादवि का मुकदमा दर्ज हुआ। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा। पूछताछ में उसने बताया कि बार-बार पकड़े जाने पर फिर मैंने नई-नई ट्रिक का प्रयोग किया ताकि मैं फिर से पकड़ा न जाऊं। पुन: जनपद आगरा के ट्रेजरी आफीसर से 50,000 रुपए की मांग उसके द्वारा की गयी एवं उसके बाद कई अध्यापकों, बिजली विभाग के कई कर्मचारियों व अन्य विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों से उत्तर प्रदेश शासन में सचिव पद पर होने का रौब दिखाकर उन्हें सस्पेंड करने, कार्रवाई करने आदि का भय देकर पैसा ठगने का काम किया गया। उसने बताया कि इस बार मैंने एक पंचायत सेक्रेटरी से रुपए की मांग की थी।

# कोरोना पीड़ितों की डेडबॉडी बदलने को लेकर परिजनों ने काटा हंगामा

### हंगामे के बाद पीजीआई प्रशासन ने मानी गलती, दोबारा बुलाकर सही शव किया हवाले

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पीजीआई** के कोविड अस्पताल में सोमवार को कोरोना संक्रमण से मरने वाले दो मरीजों के शव आपस में बदल गए। मरने वाली दोनों महिलाएं थीं। शव बदलने का पता चलने पर परिजनों को हुआ तो उन्होंने अफसरों पर लापरवाही का आरोप लगाया। परिजनों के हंगामे और बात करने के बाद पीजीआई प्रशासन ने अपनी गलती मानने हुए डेड बॉडी को एक दूसरे के हवाले किया, तब जाकर परिजन शांत हुए। फतेहपुर निवासी 58 वर्षीय जरीना बानो कोरोना संक्रमित हुई तो उन्हें संजय गांधी पीजीआई के कोविड अस्पताल में भर्ती किया गया। मरीज को गत 29 नवम्बर को राजधानी कोविड हॉस्पिटल में भर्ती किया गया था और उनकी हालत गंभीर थी। सोमवार सवेरे मरीज की मौत हो गयी। इस दौरान बनारस निवासी कामेश्वर श्रीवास्तव की पत्नी की भी पीजीआई में इलाज के दौरान मौत हो गयी। कामेश्वर की 37 वर्षीय पत्नी लीवर की समस्या से ग्रसित थी। डाक्टरों ने बताया कि मरीज कोरोना संक्रमित है जिसके बाद उसे कोरोना वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया। सोमवार को जब दोनों मरीजों के परिजन शव लेने आए तो अफसरों की लापरवाही से कामेश्वर की पत्नी श्वेता का शव कोविड बैग में पैक कर जरीना के परिजनों को सौंप दिया गया और जरीना का शव कामेश्वर को दे दिया। कामेश्वर व श्वेता का भाई जब शव लेकर बनारस जाने लगेए तो उन्हें शरीर की बनावट व वजन से महसूस हुआ कि शव श्वेता का नहीं है। इसके बाद वह पीजीआई वापस आए और इसकी जानकारी दी। पीजीआई के अफसरों से गलती मानने से ही इनकार कर दिया। इस पर कामेश्वर ने स्वयं जरीना के परिजनों को फोन कर पूरी बात बतायी। तब जरीना का शव लेकर फतेहपुर जा रहे उसके परिजनों ने भी शव पर गौर किया तो उन्हें भी लगा कि शव बदल गया है। वह वापस पीजीआई लौटे और अपने अपने शव को वापस से बदला। देर शाम पीजीआई प्रशासन की ओर जारी बयान में कहा गया कि शव बदलने की जानकारी मिलने के बाद गाडियों का वापस बुलाकर शव सही परिजनों को दिलवा दिए गए।

## कोरोना टेस्टिंग में यूपी नम्बर एकः अमित मोहन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने कहा कि प्रदेश में कल एक दिन में कुल 1,44,853 सैम्पल की जांच की गयी। प्रदेश में अब तक कुल 2,04,53,616 सैम्पल की जांच की गयी है। उत्तर प्रदेश देश में कोविड.19 की टेस्टिंग करने में पहला राज्य बन गया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पिछले 24 घंटे में कोरोना से संक्रमित 1515 नये मामले आये हैं। प्रदेश में 21,732 कोरोना के एक्टिव मामले में से 10,241 लोग होम आइसोलेशन में हैं। उन्होंने बताया कि निजी चिकित्सालयों में 2,122 लोग ईलाज करा रहे हैं, इसके अतिरिक्त बाकी मरीज एल-1, एल-2 तथा एल-3 के सरकारी अस्पतालों में अपना इलाज करा रहे है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पिछले 24 घंटे में 1861 लोग कोविड.19 से ठीक होकर डिस्चार्ज हो चुके हैं। अब तक कुल 5,26,721 लोग कोविड.19 से ठीक होकर डिस्चार्ज हो चुके हैं। प्रदेश में कोविड.19 का रिकवरी प्रतिशत 94.67 है। प्रदेश में सर्विलांस टीम के माध्यम से 1,70,189 क्षेत्रों में 4,78,713 टीम दिवस के माध्यम से 3,63,00,176 घरों के 14,67,28,630 जनसंख्या का सर्वेक्षण किया गया है। प्रसाद ने बताया कि 60 वर्ष से अधिक आयु वाले लोगों में संक्रमण दर 10.44 प्रतिशत है। पहले से बीमार बुजुर्गों, बच्चों, गर्भवती महिलाओं को संक्रमण से बचाना होगा। 19 नवम्बर से 30 नवम्बर तक 12 दिनों का विशेष टेस्टिंग अभियान मलिन बस्तियों, जेलों, वृद्धाश्रम, सब्जी फल विक्रेता, ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के साप्ताहिक बाजारों में 6,39,885 लोगों की सैम्पलिंग की गयी, जिसमें से 2,538 लोग कोरोना संक्रमित मिले, जो कुल सैम्पलिंग लोगों का 0.4 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि कोविड.19 की वैक्सीन जब तक नहीं आ जाती तब तक बचाव ही सबसे अच्छा उपाय है।

## राजधानी में 248, सूबे में मिले कोरोना के 1515 नए केस

**लखनऊ।** राजधानी में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। सोमवार को राजधानी में कोरोना के 248 नए केस सामने आए हैं तो सूबे में 1515 नए मरीज पाए गए हैं। सूबे में 21732 केस एक्टिव हैं तो वही राजधानी में 3351 केस एक्टिव हैं। प्रदेश में अभी तक प्रदेश में 7944 मरीजों की और राजधानी में 1030 की मौत हो चुकी है। विभाग के मुताबिक अभी तक प्रदेश में 548,453 केस कोरोना के मिल चुके हैं। आज 2618 मरीजो को डिस्चार्ज किया गया। अभी तक सूबे में 526,721 संक्रमित मरीज ठीक किये जा चुके हैं। राजधानी लखनऊ में आज कोरोना वायरस के सम्बन्ध में सर्विलान्स एवं कान्टेक्ट ट्रेसिंग के आधार पर टीमों द्वारा 9517 लोगो के सैम्पल लिये गये है। आज इंदिरा नगर 24, अलीगंज 13, आलमबाग 14, गोमती नगर 20, रायबरेली रोड 15 , चौक 16, आशियाना 11 ,महानगर 13, विकासनगर 14, तालकटोरा 10, हजरतगंज 10, जानकीपुरम 10 स्थानों पर पाजिटिव रोगी पाये गये। आज कोविड प्रोटोकाल के दृष्टिगत कुल 74 रोगियों को हास्पिटल का आवंटन किया गया। जिसमे से सभी 74 रोगियों के लिए एम्बुलेंस का आवंटन भी कर दिया गया। देर शाम तक 39 रोगियों को हास्पिटल में भर्ती कराया जा चुका है।

## हादसों में दो ने गंवाई जान

**बख्शी का तालाब ।** धुंध और तेज रफ़्तार के कहर से सड़क पर दुर्घटनाओं में महिला सहित दो लोगों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा। सोमवार सुबह तड़के सीतापुर रोड पर सरैया गांव के सामने कोहरे के बीच शौच के बाद लौट रहे 75 वर्षीय बेचेलाल तेज रफ्तार कार की चपेट में आ गये । जिससे उनकी गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया । वह मूल रूप से मीन नगर बाराबंकी के रहने वाले थे । सरैया गांव में एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। वही चंद्रिका देवी मोड़ पर मँझोरिया गांव मोड़ के पास रास्ते मे सड़क पर पड़ी साइकिल के कारण मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर पलट गयीं । जिससे उसपर सवार वंदना की मौत हो गयीं। जो मँझोरिया नवीसी अपने भतीजे अंकित के साथ अस्पताल से लौट रही थी । थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह ने बताया शवों का पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है । कार को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## जनवरी से वाहन प्रदूषण की जांच महंगी

**लखनऊ।** यूपी में वाहनों के प्रदूषण जांच कराना महंगा हो गया। दुपहिया से लेकर सभी तरह के वाहन मालिकों को प्रदूषण जांच के लिए अब दो गुना पैसा खर्च करना होगा। प्रदेश भर में ऐसे वाहनों की संख्या तीन करोड़ के आसपास है। प्रदूषण जांच की नई दरें एक जनवरी 2021 से प्रदेश भर में लागू होगी। बढ़ते प्रदूषण को नियंत्रण करने के लिए गाड़ी मालिकों को अब अपनी जेब हल्की करनी पड़ेगी। ऐसे में हर छह माह और साल भर में वाहनों के प्रदूषण जांच करना महंगा होने जा रहा है। परिवहन आयुक्त धीरज साहू ने बताया कि उत्तर प्रदेश ऑनलाइन मोटरयान प्रदूषण जांच केंद्र योजना 2020 के अंतर्गत हर जनपद के थाने स्तर पर प्रदूषण केंद्र खोलने की तैयारी है।

## गंभीर मुकदमों का ट्रायल सुचारु रूप से चलाने के लिए अब सकारात्मक कदम उठाएगी सरकार

**विधि संवाददाता।** लखनऊ। सूबे की अदालतों में गंभीर अपराध के मुकदमों का विचारण सुचारु रूप से चलाने के लिए सकारात्मक कदम उठाया जाएगा। सोमवार को हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ के समक्ष राज्य सरकार की ओर से यह बात कही गई। पीठ ने इस पर राज्य सरकार को पूरी जानकारी एक हफ्ते में देने का निर्देश दिया। मामले की अगली सुनवाई 14 दिसंबर को होगी। जस्टिस राजेश सिंह चौहान की एकल पीठ ने यह आदेश राम निवास उर्फ ननकन की जमानत याचिका पर दिया है। पीठ ने इस याचिका पर पिछली सुनवाई के दौरान कोविड.19 महामारी के कारण गंभीर अपराधों के मुकदमों का विचारण आगे नहीं बढ़ने पर चिंता जाहिर की थी।

## माल में लकड़बग्घा, मलिहाबाद में तेंदुए के पदचिन्हों की पुष्टि

### हिंसक वन्य जीवों की आहट से ग्रामीणों में दहशत,वन विभाग ने किया अलर्ट

संवाददाता। माल



फाइल फोटो

**माल** थाना क्षेत्र में लकड़बग्घा और मलिहाबाद इलाके में तेंदुए के पदचिन्हों के पाए जाने की वन विभाग की ओर से की गई पुष्टि के बाद ग्रामीणों की नींद उड़ गई है। सीमावर्ती हरदोई जनपद के कटियार इलाके में ग्रामीणों द्वारा एक सप्ताह पूर्व सड़क पर देखे गए हिंसक वन्य जीव से नागरिक दहशत में हैं। बीते गुरुवार को मलिहाबाद क्षेत्र में तेंदुए के पगमार्क देखे जाने की अधिकारियों द्वारा पुष्टि किये जाने के तथा बीते शनिवार को माल के रनीपारा गांव के जंगली क्षेत्र में वन्य जीव के पदचिन्ह मिलने पर ग्रामीण खासे सतर्क हो गए है। खेतों बागों की ओर बच्चों को जाने से रोक रहे ग्रामीणों ने झुंड में लाठी डंडा लेकर चलना शुरू कर दिया है। वहीं पदचिन्हों की पड़ताल कर वन विभाग ने लकड़बग्घा के पदचिन्ह बताते हुए सतर्क रहने की बात कही है। वन विभाग की टीम लोकेशन ट्रेस करने के प्रयास में है। सर्दी में हो रही बढ़ोत्तरी तथा कोहरे के बढ़ने के साथ ही वन्य जीवों के आबादी के निकट आने की जानकारी मिलने लगी है। बीते सप्ताह क्षेत्र के सीमावर्ती हरदोई जनपद के गांव कटियार की सड़क पर गहदेव की तरफ कार से आ रही जिला पंचायत सदस्य अनीता यादव ने चीते जैसे वन्य जीव को देख कर ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी थी। उसी दिन शाम को क्षेत्र के करेन्द गांव के बाहर ग्रामीणों ने वन्य जीव देख कर शोर मचाया। काफी लोगों के मौके पर पहुंच जाने पर वह घने बागों में घुस कर गुम हो गया था। ग्रामीणों द्वारा वन विभाग के अधिकारियों को बताया गया था। वहीं बीते शनिवार को क्षेत्र के रनीपारा गांव में नए पग चिन्ह देखे जाने पर ग्रामीणों से सूचना पाकर पहुंची वन विभाग की टीम ने पद चिन्हों की पड़ताल की। रेंजर विकास सक्सेना ने लकड़बग्घे के पदचिन्ह होने की पुष्टि की है। उन्होंने ग्रामीणों से सतर्क रहकर झुंड में रहने की ताकीद की है। उन्होंने बताया डरने की जरूरत नहीं है। टीम वन्य जीव की लोकेशन ट्रेस कर रही है। जल्द ही उसे पकड़ लिया जाएगा।बीते गुरुवार को मलिहाबाद क्षेत्र में मिले तीन पदचिन्हों को जिला वन अधिकारी डा. आरके सिंह ने वयस्क तेंदुए के पद चिन्ह करार देते हुए क्षेत्र में उसकी मौजूदगी को स्वीकार किया था, लेकिन चार दिन तक नए पग मार्क न मिलने से कयास लगाए गए कि तेंदुए ने जगह बदल दी है।

**काफी समय से है वन्य जीवों की मौजूदगी की आहट :** कुछ ही माह पूर्व माल और बीकेटी की सरहद के गांव कठवारा के पास नदी किनारे के जंगलों में तेंदुए की लोकेशन मिली थी।वन क्षेत्र की सुरक्षा में लगे कैमरों से भी तेंदुए की मौजूदगी की पुष्टि हुई थी। गोमती नदी के किनारे का जंगली क्षेत्र वन्य जीवों की नई आरामगाह जैसी है। अक्सर वन्य जीवों की आमद इस जंगल मे होती रहती है। भोजन पानी तथा सुरक्षा उन्हें आकर्षित कर रही है।

## आवासीय राजकीय व अनुदानित कालेज भी बन सकेंगे परीक्षा केंद्र

### यूपी बोर्ड ने केंद्र निर्धारण नीति में किया बदलाव सेल्फ फाइनेंस स्कूल इस दायरे से बाहर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**यूपी** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने वर्ष 2021 में होने वाली हाईस्कूल व इंटरमीडिएट बोर्ड की परीक्षाओं के लिए केंद्र निर्धारण नीति में बदलाव कर दिया है। अब उन स्कूलों को भी सेंटर बनाया जा सकता है जिनमें प्रबंधक या प्रिंसिपल का आवास या हॉस्टल है।हालांकि यह नियम प्राइवेट और सेल्फ फाइनेंस स्कूलों पर लागू नहीं होगा।यूपी बोर्ड की परीक्षा मार्च-अप्रैल में संभावित हैं और परीक्षा के लिए सेंटर बनाने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इस बार जिन स्कूलों के क्लास रूम की खिड़कियां सड़क की पतली गली की ओर खुलती हैं, उन्हें सेंटर न बनाए जाने को कहा गया है। हालांकि इसमें भी राजकीय और एडेड स्कूलों को छूट मिलेगी। वहीं मान्यता मिलने के बाद 2019 व 2020 में बोर्ड परीक्षा में शामिल हो चुके स्टूडेंट्स वाले स्कूल भी सेंटर बनाए जाएंगेए हालांकि राजकीय विद्यालयों को इसमें छूट रहेगी।

वहीं सेंटर बनाने की प्रक्रिया में अब तक सिर्फ 70 स्कूलों ने ही अपना डाटा बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड किया है। जबकि सेंटर बनाने की प्रक्रिया के लिए ऑनलाइन डाटा अपलोड करने की अंतिम तिथि निकल चुकी है।

## नीट के दूसरे चरण की काउंसिलिंग 12 से

**मेडिकल** में पढ़ाई को लेकर नेशनल इलेजिबिलिटी इंट्रेंस टेस्ट (नीट) के दूसरे चरण की काउंसिलिंग 12 दिसंबर से शुरू होगी। इससे पहले जो अभ्यर्थी अपनी सीट छोड़ना चाहते हैंए वह 9 दिसंबर तक आवदेन दाखिल कर सकते हैं। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशालय ने सेकंड राउंड की काउंसिलिंग का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है।निदेशालय की तरफ से जारी आदेश में कहा गया है कि जो अभ्यर्थी ऑल इंडिया सीट लॉक कर चुके हैं और वह सीट छोड़ना चाहते हैं तो उसके लिए आवेदन दे सकते हैं। 12 दिसंबर से दूसरे चरण के चॉइस लॉक की प्रक्रिया शुरू हो रही है। सेकंड राउंड में निजी कॉलेजों की लगभग 400 तथा सरकारी क्षेत्र की 125 सीटों पर काउंसिलिंग होगी। सभी सीटें एमबीबीएस की हैं। काउंसिलिंग में बीडीएस की सरकारी मेडिकल कॉलेज की 12 सीटें भी लॉक की जाएंगी। यह सीटें केजीएमयू में खाली हैं, जो पहले राउंड के बाद खाली हुई है। निजी कॉलेजों में बीडीएस की 1500 से अधिक सीटें अब भी खाली है।

## पीजी में 30 से ज्यादा कोर्सों की कट ऑफ जारी

**पीजी** कक्षाओं में दाखिले को लेकर सोमवार को लखनऊ विश्वविद्यालय ने पीजी के 30 से ज्यादा पाठ्यक्रमों की कटऑफ जारी कर दी है। यह सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। इनमें दाखिले के लिए फीस जमा करने की प्रक्रिया मंगलवार से शुरू होगी। इन कार्यक्रमों में फीस जमा करने की अंतिम तिथि 11 दिसंबर निर्धारित की गई है। प्रवक्ता डा. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि जिन अभ्यर्थियों की कट ऑफ सूची में रैंक है, उन्हें फॉर्म जमा करने के समय प्रदान की गई क्रेडेंशियल्स का उपयोग करके ऑनलॉक पोर्टल पर लॉगिन करना होगा और अपनी फीस जमा करनी होगी। यदि वे पासवर्ड भूल गए हैं तो वे पोर्टल पर फॉरगेट पासवर्ड लिंक का उपयोग करके इसे फिर से बना सकते हैं। वहींए जिन विषयों में प्रवेश के लिए परीक्षा नहीं कराई गई थीए उनमें शुल्क जमा करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

# पहले दिन एलयू पहुंचे छात्र, दोस्तों से मिल खिले चेहरे

### कोविड 19 प्रोटाकाल के पालन में दिखी कमी, थर्मल स्कैनिंग का भी मिला अभाव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कोरोना** के चलते आम छात्रों के लिए तकरीबन 9 माह से बन्द चल रहे लखनऊ विश्वविद्यालय के दरवाजे सोमवार से खुल गए। पहले दिन ताले खुलने से तकरीबन नौ माह से घरों में पड़े आम छात्रों के चेहरे साथियों से मिलने की खुशी उनके चेहरे पर साफ दिखाई दे रही थी। पहला दिन होने के चलते 50 फीसद विद्यार्थियों के आने की नोटिस के बावजूद उपस्थिति कम रही लेकिन जो आए उनके चेहरे पर मुस्कान सरकार के फैसले के साथ खड़ी नजर आई।

कोविड 19 के प्रोटाकाल के अनुपालन के निर्देश के बीच सोमवार की सुबह जब विवि खुला तो शिक्षकों के साथ ही छात्रों में भी उत्साह नजर आया। महीनों बाद दोस्तों को देख मास्क के अंदर से मुस्कुराहट यह बता रही थी कि छात्र दोस्तों से मिलने के लिए कितने बेकरार थे। यह बात अलग है कि विवि आने वाले छात्रों के थर्मल स्कैनिंग की कोई व्यवस्था नही थी। परिसर आने वाले छात्र अपने साथ सेनिटाइजर लेकर आये थे। अलबत्ता जहाँ कक्षाएं लगी, वहां पर ही सोशल डिस्टेंसिंग दिखी। यह बात दीगर है कि क्लासेज बगैर सेनिटाइजेशन के चली। इसके अलावा परिसर में सोशल डिस्टेंसिंग रंच मात्र नही दिखा। न ही कहीं पर भी थर्मल स्कैनिंग देखने को मिला। वही कक्षाओं के सेनिटाइजेशन को लेकर विवि के प्रवक्ता प्रो दुर्गेश श्रीवास्तव का कहना है कि जिन जगहों से सेनिटाइजेशन की डिमांड आई थीए वहां कराया गया। पहला दिन होने की वजह से जहाँ कक्षाएं नही लगी वहां नही कराया गया। अगले दिन से सभी चीजें सुचारू रूप से संचालित होंगी।

**लॉकडाउन से जुड़े किस्से शेयर किए**

कैम्पस के पहले स्टूडेंट्स एक दूसरे से मिलने की खुशी साफ तौर पर दिखी। स्टूडेंट्स अपने दोस्तों से लम्बे इंतजार के मिले तो एक दूसरे को गले लगाने से खुद को रोक न सके। तो वहीं दोस्तों के साथ कैंटीन में बैठक शुरू कर दियाए कोरोना संक्रमण से बचाव के लगे लॉकडाउन और उसे जुड़े किस्से एक दूसरे से शेयर किया। तो वहीं कई स्टूडेंट्स ठंड के मौसम में यूनिवर्सिटी के पार्क व गार्डन में ग्रुप बनाकर मस्ती करते दिखाई दिए।

**नए छात्र पहुंचे अपना डिपार्टमेंट देखने**

वहीं कैम्पस खुलने का सबसे ज्यादा क्रेज नए स्टूडेंट्स में देखने को मिला। नए स्टूडेंट्स पहले दिन कैम्पस पहुंचकर सबसे पहले अपना डिपार्टमेंट और क्लासरूम देखने को लेकर ज्यादा क्रेज दिखा। वहीं कुछ स्टूडेंट्स अपने एडमिशन की फॉर्मेल्टी को पूरा करते हुए भी दिखाई दिए। नए स्टूडेंट्स कैम्पस व डिपार्टमेंट आने जाने के रास्तों के साथ ही वहां के कैंटीन के बारे में भी जानकारी प्राप्त करने में जुटे रहे।



**ऑफलाइन क्लासेस का नया टाइम टेबल लागू**

एलयू में ऑफ लाइन क्लास को लेकर नया टाइम टेबल सोमवार से लागू कर दिया गया है। जिसके मुताबिक बुधवार और शनिवार को ऑफलाइन और बाकी दिन ऑनलाइन क्लास लेने के लिए कहा गया है। इस बीच में सभी विभागों से अपना टाइम टेबल वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए कहा गया। यूनिवर्सिटी की ओर से केवल उन विभागों जिनमें स्टूडेंट्स की संख्या बहुत कम है उन्हें ही सभी दिन कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए क्लास शुरू करने की अनुमति दी हैं। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि हमारी कोशिश है कि अभी भी अधिकांश पढ़ाई ऑनलाइन ही हो, इसलिए टाइम टेबल में दो दिन ऑफलाइन पढ़ाई के लिए दिए गए हैं। बाकी दिन स्लेट एप के जरिये पढ़ाई करवाई जाएगी। वहीं कैम्पस में पहले दिन केवल साइंस फैकेल्टी की क्लासेस ही हुई तो वहीं समाजशास्त्र के स्टूडेंट्स ऑफलाइन और ऑनलाइन क्लास के बीच उलझ गए हैं। समाजशास्त्र विभाग से जब सप्ताह में दो दिन के हिसाब से ऑफलाइन क्लास लगाने का टाइम टेबल मांगा गया तो विभाग की ओर से पिछले साल का टाइम टेबल दे दिया गया। जिससे भ्रम हुआ है कि क्लास ऑनलाइन होंगे या ऑफ लाइन।

## लविविः इस साल रिकार्ड 135 विदेशी छात्रों ने किया आवेदन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

### विदेशी छात्रों से डॉलर में एलयू की कमाई

**विदेशी** छात्रों से लखनऊ विश्वविद्यालय करोड़ों में डॉलर की कमाई कर रहा है। सत्र 2020-21 में विवि को विदेशी छात्रों से 3 करोड़ की आय हुई है। जबकि इस साल छात्रों की संख्या बढ़ने से विवि को तकरीबन 5 से 6 करोड़ की आय होने का अनुमान है। ग्लोबल बीमारी के दौर में इस बार लखनऊ विश्वविद्यालय में विदेशी छात्रों की आमद में अप्रत्याशित बढोत्तरी हुई है। इस साल बीते सत्र की अपेक्षा विदेशी छात्रों की संख्या में 60 फीसदी बढोत्तरी हुई है। विवि प्रशासन के मुताबिक एडमिशन के लिए अभी तक करीब 135 स्टूडेंट्स ने आवेदन चुके हैं। जो बीते साल की तुलना में करीब 60 प्रतिशत अधिक हैं। बीते साल करीब 80 विदेशी स्टूडेंट्स ने एलयू में विभिन्न कोर्सेज में एडमिशन लिया था। एडमिशन लेने वाले छात्रों से विवि प्रशासन डॉलर में शुल्क वसूलता है। एलयू के इंटरनेशनल स्टूडेंट एडवाइजर प्रो. एम आरिफ फरीद अय्यूबी का कहना है कि इंडियन काउंसिल फॉर कल्चरल रिलेशन्स के माध्यम से काफी स्टूडेंट्स इस साल आये हैं और आने वाले भी हैं। विदेशी स्टूडेंट्स के आगमन को लेकर उनका कहना है कि विवि की तरफ से उन छात्रों को घर का माहौल देने के साथ ही सभी सुविधाओं का ध्यान रखा जाता है। इसलिए फॉरेन स्टूडेंट्स ज्यादा आ रहे हैं।

**यह है शुल्कः** एमबीए 2300 डॉलर पर प्रति सेमेस्टर, पीएचडी 2500 डॉलर वार्षिक, यूजी 1000 डॉलर, बीटेक 3495 हजार

# किसान हितैषी होने का नाटक कर रहा विपक्ष

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बीजेपी** प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि विपक्ष अपने जनविरोधी कार्यों के कारण जमीदोंज हो चुकी राजनीति को पुर्नजीवित करने के लिए किसान हितैषी होने का नाटक कर रहा है। उन्होंने कहा कि अपने राजनीतिक अस्तित्व को बचाने के लिए निहित स्वार्थों के कारण कांग्रेस सहित कई विपक्षी दल किसानों की मांग की आड़ में उन्हें गुमराह करते हुए अपनी अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने लगे हैं। विपक्षी पार्टियां किसानों को भ्रमित करने में लगी हैं जबकि कृषि सुधार कानून किसानों के हित में हैं। किसानों की इनको कितनी चिंता है इसकी हकीकत कांग्रेस व सपा,बसपा के सत्ता में रहते हुए इनकी सरकरों के कारनामें बता देते है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव बंगले से निकलकर किसानों के लिए सड़क पर बैठने का नाटक कर रहे है। सपा के सत्ता में रहते हुए पांच साल तक मुख्यमंत्री आवास में किसानों का प्रवेश बंद करके रखा गया था। जातिवाद, परिवारवाद और भ्रष्टाचार की राजनीति के चलते जनता ने जब उनकी सियासत बंद कर दी तो अब किसानों के खून पसीने से अपनी खत्म हो चुकी राजनीतिक जमीन को सींचने का बहाना तलाश रहे है।

स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि कांग्रेस-सपा सहित अन्य विपक्षी दलों ने पहले जातीय हिंसा में प्रदेश को झोंकने की कोशिश की। कांग्रेस के युवराज का पैदल मार्च का नाटक भी प्रदेश ने देखा लेकिन जनता ने उपचुनाव में एक झटके में प्रदेश को जलाकर अपना घर रौशन करने के इनके सियासी मंसूबों को ध्वस्त कर दिया। अब यह देश व प्रदेश में किसानों की आड़ में कुचक्र रच रहे है। कांग्रेस-सपा-बसपा में तनिक भी नैतिकता हो तो उन्हें केन्द्र से लेकर प्रदेश तक में अपनी सरकारों में एमएसपी पर किसानों से हुई खरीद के आंकडे सार्वजनिक कर देने चाहिए। राजनीतिक बेशर्मी का चरम देखिये कि जिस मोदी-योगी सरकार में कांग्रेस-सपा-बसपा की सरकार के कालखण्ड के किसानों के बकाये का भुगतान हुआ। इन पार्टियों की सरकार के कार्यकाल में एमएसपी पर हुई कुल खरीद से कई गुना अधिक खरीद जिस मोदी-योगी सरकार में हुई। उसी मोदी-योगी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार पर किसानों की उपेक्षा का आरोप गढ़ रहे हैं।

उन्होंने सपा प्रमुख पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष के तौर पर उनके राजनैतिक रवैये और झूठ को देखते हुए उनसे रचनात्मक विपक्ष की अपेक्षा करना तो बेईमानी है। लेकिन सपा प्रमुख अखिलेश यादव को कम से कम अपने पिता और सपा सांसद मुलायम सिंह यादव पर तो विश्वास रखना ही चाहिए। मुलायम सिंह ने पिछले साल एपीएमसी एक्ट की जमकर आलोचना की थी और किसानों को मुफ्त बाजार उपलब्ध करने का सुझाव दिया था। क्या अखिलेश यादव इन सुझावों के लिए भी अपने पिता को भी किसान विरोधी कहेंगे, वहीं कांग्रेस तो मोदी विरोध में जब चीन और पाकिस्तान की मदद मांगने वालों की गोद में बैठ सकती है तो उसे तो अपना घोषणा पत्र याद दिलाना निरर्थक ही है। जिसमें कांग्रेस ने खुद इन सुधारों लागू करने का वादा किया था।

# अटल बिहारी वाजपेयी मेमोरियल फाउंडेशन का गठन

● फाउंडेशन का उद्देश्य अटल के विचारों का काव्यगोष्ठी, कार्यशालाओं और अन्य कार्यक्रमों के जरिए देश में प्रचार प्रसार करना: बृजेश पाठक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पूर्व** प्रधानमंत्री भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में सोमवार को योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री बृजेश पाठक की अध्यक्षता में श्रद्धेय पंडित अटल बिहारी वाजपेयी मेमोरियल फाउंडेशन का गठन किया गया। फाउंडेशन में लाल बहादुर राय को फाउंडेशन का मंत्री और अंजनी कुमार का फाउंडेशन का कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इनके अतिरिक्त फाउंडेशन में 24 उपाध्यक्ष, 12 संयुक्त मंत्री और 22 सदस्य भी नियुक्त किए गए हैं।

विधि एवं न्याय मंत्री ब्रजेश पाठक ने राजभवन स्थित अपने सरकारी आवास पर आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान फाउंडेशन की गठन की घोषणा की। उन्होंने कहा कि अटलजी की जयंती 25 दिसंबर को देश में अटल दिवस के रूप में मनाएगा। फाउंडेशन के अध्यक्ष ब्रजेश पाठक ने बताया कि अटलजी का लखनऊ से गहरा नाता रहा है। अटलजी के कारण लखनऊ का चहुंमुखी विकास बहुत तेजी के साथ हुआ, लखनऊ का एक एक व्यक्ति अटलजी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करता है। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन का उद्देश्य अटलजी के विचारों का काव्यगोष्ठी, कार्यशालाओं और अन्य कार्यक्रमों के जरिए देश में प्रचार प्रसार करना है। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन अटलजी के साथ काम करने वालों को सम्मानित करेगा।

बृजेश पाठक ने बताया कि फाउंडेशन की ओर से अटलजी की जयंती की पूर्व संध्या पर प्रतिवर्ष 24 दिसंबर को काव्यगोष्ठी आयोजित की जाएगी। 24 दिसंबर को भी राजधानी में कोविड.19 की गाइडलाइन का पालन करते हुए काव्यगोष्ठी का आयोजन रखा गया है।

# महापौर ने दिए परिसर से अतिक्रमण हटाने के निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**इस्माइलगंज** में अटल बिहारी वाजपेयी नगर निगम डिग्री कॉलेज का महापौर द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परिसर में अतिक्रमण पाया गया।

महापौर द्वारा कालेज की वेबसाइट का भी शुभारंभ किया। साथ महापौर ने क्लास रूम और गेट लगाने का आश्वासन भी दिया। सोमवार को महापौर संयुक्ता भाटिया ने इस्माईलगंज स्थित अटल बिहारी वाजपेयी नगर निगम डिग्री कॉलेज के वेबसाइट का लोकार्पण किया। इस दौरान महापौर ने विद्यालय प्रांगण का अधिकारियों संग निरीक्षण कर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। महापौर ने आगे परिसर में किसी प्रकार का अतिक्रमण न हो इसका ध्यान रखने की चेतावनी भी दिया। विद्यालय की जमीन पर हो रहे अवैध कब्जे को हटाने के लिए भी तहसीलदार को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान नए कैंपस में गेट लगाए जाने का मामला आया। महापौर ने विद्यालय के लिए नए कैंपस और गेट के निर्माण के लिए भी अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया। महापौर को और कमरों की आवश्यकता के बारे में प्राचार्य द्वारा बताया गया। महापौर ने तुरंत अभियंता को आर्किटेक्ट लगा उसका नक्शा और एस्टीमेट बनवाने के लिए निर्देशित किया। साथ ही द्वार पर भव्य गेट के लिए अपनी निधि से स्वीकृति भी प्रदान की।

## अभ्यर्थी के माता-पिता का अपराधिक इतिहास पूछे जाने पर जताई आपत्ति

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**वरिष्ठ** आईपीएस अफसर अमिताभ ठाकुर तथा उनकी पत्नी एक्टिविस्ट डॉ. नूतन ठाकुर ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा पीसीएस परीक्षा 2020 में अभ्यर्थी के माता-पिता का आपराधिक इतिहास पूछे जाने पर गहरी आपत्ति प्रकट की है। आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रभात कुमार को भेजे अपने पत्र में अमिताभ और नूतन ने कहा कि उनके बेटे आदित्य के पीसीएस प्री में चयन के बाद उसके द्वारा मैन्स की परीक्षा के लिए फॉर्म भरते समय अन्य सूचनाओं के अतिरिक्त अपने मां-पिता पर दर्ज आपराधिक मुकदमों की स्थिति भी पूछी गयी। अमिताभ और नूतन पर वर्ष 2015 में बलात्कार के फर्जी मुकदमे सहित तीन मुकदमे दर्ज करवाए गए थे, जो विवेचना के बाद फर्जी पाए गए थे। चूंकि आदित्य को यह जानकारी थी कि उसके मां-पिता पर मुकदमे दर्ज हैं, इसलिए उसने अमिताभ और नूतन से इन मुकदमों की पूरी जानकारी प्राप्त की।


## भारत बंद के चलते यूपी बार्डर तक ही जाएंगी रोडवेज बसें

**लखनऊ।** किसान बिल के विरोध में मंगलवार को होने वाले बंद के मद्देनजर परिवहन निगम प्रशासन ने अपनी बसों को यूपी बार्डर तक ही चलाने का निर्णय लिया है। लखनऊ समेत यूपी के विभिन्न बस अड्डों से दिल्ली जाने वाली बसें कौशांबी बस अड्डे तक ही जाएगी। किसान आंदोलन की वजह से बसें दिल्ली के आनन्द विहार बस टर्मिनल नहीं जाएगी। यह जानकारी देते हुए लखनऊ परिक्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक पल्लव बोस ने बताया कि लखनऊ से रोजाना 70 एसी व साधारण बसें दिल्ली रूट पर आवागमन करती हैं। इन बसों के संचालन को लेकर बस चालकों को निर्देश दिया गया है कि बसों को संचालन कौशांबी बस अड्डे तक ही करें। ताकि आंदोलन के दौरान यात्री और बसें दोनों सुरक्षित रहे। वहीं मंगलवार को दिल्ली से यूपी के विभिन्न जनपदों के बीच रवाना होने वाली एसी बसें से कौशांबी बस अड्डे से संचालित होंगी।

## रिकार्ड टेकओवर करे एलयू

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय का क्षेत्राधिकार बढ़ने बाद शामिल हुए चार जनपदों के दस्तावेज देने को लेकर कानपुर विश्वविद्यालय ने तैयारी पूरी कर ली है। इस बाबत कानपुर विश्वविद्यालय के कुलसचिव ने एलयू को पत्र भेज कर रिकार्ड टेकओवर करने को कहा है। लखनऊ विश्वविद्यालय को आत्मनिर्भर बनाने के लिए शासन स्तर पर कानपुर यूनिवर्सिटी से जुड़े तकरीबन 427 कालेजों को एलयू से अटैच करने को लेकर अगस्त माह के दौरान नोटिफिकेशन जारी हुआ था। जिसमे रायबरेली, हरदोई, लखीमपुर खीरी, सीतापुर के कॉलेज शामिल हैं। इन कालेजों को लेकर उच्च शिक्षा अनुभाग की तरफ से नोटिफिकेशन होने के बाद विवि के कुलचिव ने कानपुर यूनिवर्सिटी को पत्र लिख कर रिकार्ड देने को कहा था। जिस पर कानपुर यूनिवर्सिटी के कुलसचिव अनिल कुमार यादव की तरफ से एलयू को पत्र भेज कर कहा गया है कि सारे रिकॉर्ड सूचीबद्ध कर लिए गए हैं। ऐसे में विवि प्रशासन रिकार्ड टेकओवर कर सकता है।

# आरडीएसओ में अम्बेडकर महापरिनिर्वाण दिवस आयोजित



**लखनऊ।** भारत रत्न डॉ बीआर अम्बेडकर महापरिनिर्वाण दिवस का आयोजन सोमवार को आरडीएसओ में किया गया। इस अवसर पर वीरेन्द्र कुमार, महानिदेशक आरडीएसओ ने कोविड. 19 के दिशानिर्देशों का पालन करते हुए डॉ अंबेडकर को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर सुधीर अग्रवाल महानिदेशक विशेष, इंजी. एके पांडे डीजी विशेष वीडी, रमेश पिंजानी, एडीजी और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों और आरडीएसओ की विभिन्न एसोसिएशनों के पदाधिकारियों ने भी डॉ अंबेडकर को श्रद्धांजलि दी। वेबिनार के माध्यम से विभिन्न निदेशालयों के अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। अपने संबोधन में वीरेंद्र कुमार ने कहा कि डॉ अम्बेडकर एक संवैधानिक विशेषज्ञ, शिक्षाविद और समाज के महान सुधारक थे।


## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, गौरीगंज, जनपद-अमेठी

पत्रांक 860 /क्षे०पं०-टेण्डर/2020-21 दिनांक -5-12-20

### अल्पकालीन निविदा सूचना

चतुर्थ राज्य वित्त /15वां वित्त/पूर्वांचल क्षेत्र विकास निधि के अन्तर्गत क्षेत्र पंचायत गौरीगंज द्वारा निम्नलिखित कार्यों/प्रोजेक्टों को कराने हेतु अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक 12-12-2020 के अपरान्हन 2.00 बजे तक मुहरबन्द निविदा रजिस्टर्ड फर्मों/संस्थाओं से आमंत्रित की जाती हैं जो कि स्वयं अथवा डाक द्वारा कार्यालय कार्य दिवस में दिया जा सकेगा। प्राप्त टेण्डर उसी दिनांक को अपराह्न 3.30 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा नामित प्रतिनिधि द्वारा टेण्डरदाताओं की उपस्थिति में अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोले जायेंगे। कार्य का स्थल सहित विवरण निम्नवत है :-

| क्र० सं० | कार्य का नाम | माप | अनुमानित लागत (रू० लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | धरोहर घनराशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | ग्रामसभा रौजा में मनीष के घर से तिराहे तक इण्टरलाकिंग कार्य | 50 मी0 | 1.76 | 500.00 | 3500.00 |
| 2 | पहाड़गंज में पूरे रिसाल में विपिन शुक्ला के घर से मन्दिर तक इण्टरलाकिंग कार्य | 60 मी० | 2.10 | 500.00 | 5000.00 |
| 3 | पहाड़गंज में सी०सी० रोड से भानु सिंह के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य | 40 मी0 | 1.45 | 500.00 | 3000.00 |
| 4 | पहाड़गंज में पूरे पलटन रोड से सन्नू के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य | 25 मी० | 0.90 | 500.00 | 1800.00 |
| 5 | पहाड़गंज में पूरे पलटन उदयराज मिस्त्री के घर से पक्की रोड तक इण्टरलाकिंग कार्य | 60 मी० | 2.10 | 500.00 | 5000.00 |
| 6 | पहाड़गंज में धनौती में सी०सी० रेड से गणेश लम्बरदा के घर होते हुए शंकर बाबा के मन्दिर तक इण्टरलाकिंग कार्य | 25 मी० | 0.90 | 500.00 | 1800.00 |
| 7 | ग्राम पंचायत लुगरी में पक्की सड़क से संजय सिंह के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य | 40 मी0 | 1.40 | 500.00 | 2800.00 |
| 8 | ग्रामसभा गौरीपुर में इण्टरलाकिंग से के0डी0 दूबे के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य | 150 मी० | 5.17 | 1000.00 | 10000.00 |
| 9 | छिटेपुर में बिन्दू मिश्रा के घर से हनुमत मिश्र के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य | 100 मी० | 3.47 | 500.00 | 6500.00 |
| 10 | जामो-गौरीगंज मार्ग से सुरेन्द्र के घर तक जगदीशपुर ग्राम में इण्टरलाकिंग कार्य | 40 मी0 | 1.40 | 500.00 | 2800.00 |
| 11 | ग्राम पंचायत रौजा में राजेश के घर से मोतीलाल के घर होते हुए केशराज बहेलिया के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली कार्य | 100 मी० | 4.05 | 500.00 | 8000.00 |
| 12 | राघीपुर में जगदीश के घर से लुगरी पक्की सड़क तक इण्टरलाकिंग कार्य | 200 मी० | 6.88 | 1000.00 | 13500.00 |
| 13 | सुलतानपुर रायबरेली मार्ग से नूर मो० कोटेदार पूरे मेडई गूजरटोला तक इण्टरलाकिंग कार्य | 200 मी० | 6.88 | 1000.00 | 13500.00 |
| 14 | ग्राम बास्थान में सी०सी० रोड से इण्टरलाकिंग कार्य | 200 मी० | 6.88 | 1000.00 | 13500.00 |
| 15 | राघीपुर में पक्की सड़क से अजय वैश्य के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य | 200 मी० | 6.88 | 1000.00 | 13500.00 |
| 16 | पण्डरी में प्रांजल तिवारी के घर से विकास मिश्रा के घर से होते हुए सुरेन्द्र तिवारी के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य | 150 मी0 | 5.17 | 1000.00 | 10000.00 |
| 17 | खजुरी ग्राम पंचायत में इण्टरलाकिंग से राजू दूबे के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य | 160 मी0 | 6.47 | 1000.00 | 13000.00 |
| 18 | ग्राम पंचायत धारूपर में सरनाम सिंह में मेन खडन्जा से सन्दीप सिंह के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य | 150 मी0 | 5.17 | 1000.00 | 10000.00 |
| 19 | सराय भागमानी पाण्डेयपुर में इण्टरलाकिंग से हरिश्चन्द्र शुक्ला के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य | 75 मी0 | 2.64 | 500.00 | 5000.00 |
| 20 | लुगरी कौडिहार पक्की सड़क से खड़न्जा तक इण्टरलाकिंग कार्य | 75 मी0 | 2.60 | 500.00 | 5000.00 |
| 21 | छिटेपुर में प्राथमिक विद्यालय छिटेपुर प्रथम से माता प्रसाद के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य | 50 मी0 | 1.76 | 500.00 | 3500.00 |
| 22 | ग्राम पंचायत भटगवां में सीसी रोड से नकछेद के घर हरिजन बस्ती तक इण्टरलाकिंग कार्य | 117 मी० | 3.71 | 500.00 | 7000.00 |

**नोट/शर्तें :-**

1. निर्धारित मानक व गुणवत्ता के अनुरूप ही कार्य निर्धारित अवधि में सन्दर्भित कार्य स्थल पर कराना होगा।
2. टेण्डरदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे कार्यस्थल का भलीभांति निरीक्षण कर लें।
3. कोई सशर्त निविदा स्वीकार नहीं होगी।
4. प्रत्येक मदों की दी जाने वाली दरों के अतिरिक्त अन्य कोई भी व्यय अथवा चार्जेज देय नहीं होगा।
5. कार्य कराने के उपरान्त प्रस्तुत बिल में से 2.27 प्रतिशत आयकर, एवं 12 प्रतिशत जी०एस०टी कटौती के पश्चात ही बिल का भुगतान किया जायेगा।
6. अधोहस्ताक्षरी को किसी भी टेण्डर को बिना कारण बताये रद्द किये जाने का पूर्ण अधिकार होगा।
7. ससमय कार्य न कराने अथवा मानक/गुणवत्ता के विपरीत होने की स्थिति में आपूर्ति आदेश निरस्त कर दिया जायेगा।
8. पंजीकृत निविदादाता फर्म/संस्था आयकर दाता व व्यापार कर दाता होना आवश्यक है।

**खण्ड विकास अधिकारी**
**गौरीगंज, अमेठी**


## प्रभावी पैरवी कर बीते 14 माह में 19 दोषियों को दिलाई गई मृत्युदंड की सजा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**महिला** व बाल अपराधों को लेकर योगी सरकार बेहद सख्त है। ऐसे अपराध में संलिप्त अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाकर दोषियों को कठोर से कठोर कार्रवाई के लिए निर्देश दिए थे। शासन के आदेशानुसार पुलिस प्रशासन ने महिला और बाल अपराध की घटनाओं को संज्ञान में लेकर कार्रवाई की गयी और अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजा गया। इतना हीं नहीं इन अपराधियों के खिलाफ अपराधों में सुसंगत साक्ष्यों का संकलन कर आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित करने तथा निरन्तर मानिटरिंग की गयी। गवाहों के बयान करवाये और दोषियों को मृत्युदंड की सजा दिलायी गयी। प्रदेश पुलिस के प्रवक्ता ने बताया कि सशक्त अभियोजन के फ्लस्वरूप वर्ष 2019 सितम्बर माह से नवम्बर माह 2020 तक 19 दोषियों को मृत्यु दण्ड की सजा दिलायी जा चुकी है।

## 139111 लीटर अवैध शराब बरामद, 2074 गिरफ्तार

**लखनऊ।** आबकारी विभाग ने बीते नवंबर माह में विशेष चेकिंग अभियान के दौरान 139111 लीटर अवैध शराब बरामद की इस अवैध कारोबार में लिप्त 2074 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनके कब्जे से 56 वाहन भी जब्त किए गए हैं जिनका प्रयोग अवैध कारोबार में किया जा रहा था। अपर मुख्य सचिव आपकारी संजय आर भूसरेड्डी ने बताया कि प्रदेश में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी की रोकथाम हेतु लगातार प्रवर्तन कार्रवाई की जा रही है । प्रदेश की आबकारी दुकानों पर निर्धारित मूल्य पर मदिरा की बिक्री सुनिश्चित करने हेतु लगातार कार्रवाई कराई जा रही है। माह नवम्बर में अधिक मूल्य पर मदिरा की बिक्री के 17 मामले पकड़े गये जिसमें सम्बन्धित दुकानों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की गयी। अपर मुख्य सचिव द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि अवैध मदिरा के निर्माण एवं बिक्री पर रोक लगाने के लिए प्रदेश स्तर पर आबकारी , पुलिस एवं प्रशासन की संयुक्त टीमों द्वारा दिनांक 6 नवंबर से 15 नवंबर 2020 तक तथा 18 नवंबर से 2 दिसंबर 2020 तक पन्द्रह दिवस का विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया गया। इसके अतिरिक्त कतिपय जनपदों में अवैध मदिरा के सेवन से हुई जनहानि के दृष्टिगत प्रदेश की समस्त देशी शराब दुकानों का निरीक्षण करते हुए दुकानों से नमूने लिए गए। जिसकी जांच आबकारी प्रयोगशालाओं में कराई जा रही है।

## सपा कार्यकर्ताओं ने निकाली किसान यात्रा



**सरोजनीनगर।** किसान आंदोलन को लेकर सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आवाहन पर सोमवार को सपाइयों द्वारा किसानों के समर्थन में सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र के दोना गांव से एक किसान यात्रा निकाली गई। सपा के विधान परिषद सदस्य सुनील सिंह साजन, जिलाध्यक्ष जय सिंह जयंत और जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान के नेतृत्व में बैल गाड़ियों और ट्रैक्टरों के जरिए निकाली गई यह किसान यात्रा करीब एक दर्जन गांवों में घूम कर गहलवारा गांव में समाप्त हुई। इस किसान यात्रा के दौरान सपाइयों ने पूरे रास्ते सरकार विरोधी नारे लगाए। जब समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की गिरफ्तारी की सूचना मिली तो कार्यकर्ताओं ने आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे को घंटे भर तक जाम कर दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि केंद्र की सत्ता पर काबिज भाजपा सरकार पूरी तरह किसान विरोधी है और उसने किसानों के खिलाफ नया विधेयक लाकर किसानों के सामने परेशानी खड़ी कर दी है। किसान यात्रा में सपा के आनंद भदौरिया, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी सीएल वर्मा, पूर्व विधायक प्रत्याशी अनुराग यादव, शिव शंकर सिंह चौहान शंकरी, विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष चंद्रशेखर यादव, लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष शशिलेंद्र यादव, नागेंद्र सिंह यादव, हरपाल यादव, सहित तमाम सपाई शामिल रहे। वहीं लखनऊ महानगर अध्यक्ष के नेतृत्व में हजरतगंज चौराहे पर कार्यकर्ताओं ने धरना दिया। पुलिस के लाठीचार्ज में दर्जनों कार्यकर्ता घायल हो गए।

## लुटेरी महिला को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**लखनऊ।** विकास नगर पुलिस ने एक शातिर लुटेरी महिला को धर दबोचा। पकड़ी गई महिला आरोपी लूट व रंगदारी की कई घटनाओं को अंजाम दे चुकी है। विभिन्न थाना क्षेत्रों में दर्ज मुकदमों के आधार पर पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक विकास नगर मनोज कुमार सिंह ने बताया कि बीते 18 जुलाई को मसाज पार्लर में इंदिरा नगर निवासी सुषमा श्रीवास्तव उर्फकनक श्रीवास्तव ने अपने साथियों के साथ मिलकर मारपीट की और महिला संचालिका से रंगदारी वसूल की थी। उस दौरान मसाज पार्लर की संचालिका ने सुषमा श्रीवास्तव उर्फ कनक श्रीवास्तव व उनके साथियों के खिलाफ लूट और धमकी का मुकदमा दर्ज कराया था जिसके बाद से कनक श्रीवास्तव की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस लगातार दबिश दे रही थी।

## शराब पीने को लेकर हुए विवाद में सिर पर लगा डंडा, मौत

**सरोजनीनगर।** मूल रूप से उन्नाव जिले के कैसरगंज थाना कोतवाली अंतर्गत इब्राहिम बाग निवासी सोनू लोधी (35) पिछले करीब 8 वर्ष से बंथरा के पिपहरी गांव स्थित अपनी ससुराल में घर बनाकर परिवार सहित रहता था। पुलिस के मुताबिक सोनू शराब का आदी था और आए दिन घर में शराब पीकर पहुंचने से पति पत्नी के बीच विवाद होता रहता था। रविवार रात भी सोनू शराब के नशे में घर पहुंचा तभी रात करीब 11 बजे उसकी पत्नी सुशीला से उसका विवाद होने के साथ ही दोनों में मारपीट हो गई। इसी बीच सोनू के सिर पर डंडा लगने से वह घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा। उसकी हालत बिगड़ती देख परिजन उसे पास के निजी अस्पताल ले गए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे घर भेज दिया। लेकिन घर जाते समय सोनू की रास्ते में ही मौत हो गई। बाद में मृतक के परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी।

## रामगोपाल ब्लाक अध्यक्ष और साधना चुनी गई महामंत्री

**मोहनलालगंज।** ब्लाक परिसर में सोमवार को सर्व सम्मति से ग्राम पंचायत अधिकारी संघ की ब्लाक इकाई का चुनाव किया गया। इस दौरान रामगोपाल यादव को ब्लाक अध्यक्ष एसाधना रावत को ब्लाक महामंत्री एप्रतिभा शर्मा को कोषाध्यक्ष एअनुज त्यागी को संगठन मंत्री और अंकित द्विवेदी को प्रचार मंत्री चुना गया। ग्राम पंचायत अधिकारियों ने नवगठित कार्यकारिणी को पुष्पगुच्छ भेंटकर बधाई दी गई। पदाधिकारियों ने साथियों के हित के लिए संघर्षरत रहने का भरोसा दिया गया।

## अन्तरराष्ट्रीय युवा महोत्सव में छात्रों ने दिया विश्व एकता का संदेश

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम (द्वितीय कैम्पस) द्वारा 'अन्तर्राष्ट्रीय युवा महोत्सव' का आज ऑनलाइन आयोजन सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर रंगारंग शिक्षात्मक-साँस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुतियों के बीच हाँगकाँग, थाईलैण्ड, बांग्लादेश, श्रीलंका, नेपाल एवं भारत के विभिन्न राज्यों के छात्रों से प्राप्त रोचक प्रतियोगिताओं की प्रवष्टियों को ऑनलाइन प्रदर्शित किया गया। विभिन्न देशों के छात्रों की इन शानदार प्रविष्टियों ने बड़े ही अनूठे ढंग से विश्व एकता एवं विश्व शान्ति का संदेश दिया, जिसे सभी दर्शकों एवं निर्णायक मण्डल ने भरपूर सराहा। इस ऑनलाइन समारोह में विद्यालय द्वारा आयोजित विभिन्न रोचक प्रतियोगिताओं हेतु प्रतिभागी छात्रों की सर्वश्रेष्ठ प्रविष्टियों को सम्मानित किया गया। इससे पहले, समारोह के मुख्य अतिथि डा. आरपी. सिंह, प्रोफेसर, इंग्लिश, लखनऊ विश्वविद्यालय ने कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। सीएमएस संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गाँधी ने इस अवसर पर कहा कि मुझे विश्वास है कि इस अन्तर्राष्ट्रीय युवा महोत्सव विश्व शान्ति एवं विश्व एकता की दिशा में एक सार्थक पहल साबित हुआ है।

## आज दो घंटे की सांकेतिक हड़ताल करेंगे एलोपैथ के डॉक्टर

**लखनऊ।** केंद्र सरकार द्वारा विशेष प्रशिक्षण के माध्यम से आयुर्वेद चिकित्सकों को सर्जरी का अधिकार दिए जाने के मसले पर एलोपैथ डॉक्टर खफा हैं। ऐसे में आइएमए के देशव्यापी प्रदर्शन का लखनऊ शाखा ने भी समर्थन किया है। पदाधिकारियों ने मंगलवार को दो घंटे सांकेतिक हड़ताल का एलान किया है। जबकि 11 दिसंबर को ओपीडी सेवा पूरी तरह बंद करने का फैसला किया है। आइएमए के सचिव डॉ. जेडी रावत के मुताबिक शाखा से करीब 1500 सदस्य जनपद के जुड़े हैं। इसमें सरकारी व निजी डॉक्टर शामिल हैं। नर्सिंग होम, पैथोलॉजी व डायग्नोस्टिक सेंटर से जुड़े सभी चिकित्सकों से 12 से दो बजे तक सांकेतिक हड़ताल के लिए कहा गया है। डॉक्टर काला फीता बांधकर विरोध करेंगे। इस दौरान ओपीडी में आए मरीज भी देखे जाएंगे। सीएमओ डॉ. संजय भटनागर ने एपेडमिक एक्ट लागू होने की वजह से सरकारी डॉक्टरों के किसी भी हड़ताल में शामिल होने से इंकार किया है।

## स्वास्थ्य मेले में 110 रोगियों को मिला उपचार

**मोहनलालगंज।** माधव खेड़ा में सोमवार को राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय मोहनलालगंज के तत्वाधान में पब्लिक हेल्थ आउटरीच प्रोग्राम के तहत स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ राकेश निगम ,डॉ बीके श्रीवास्तव ,डॉ प्रवीण सेठ और डॉ कुसुम ने उदर रोग ,चर्म रोग ,श्वास रोग ,वायरल ,ब्लड प्रेशर और डायबिटीज के रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर सलाह और मुफ्त आयुर्वेदिक दवाएं वितरित की गईं। नोडल अधिकारी डॉ राकेश ने बताया स्वास्थ्य मेले में 110 रोगियों का निःशुल्क उपचार कर दवाएं वितरित की गई।

## तेज रफ्तार कार ने बाइक में मारी टक्कर, दो घायल

**निगोहां।** कस्बे में सोमवार को बाइक सवार पत्रकार व उसके साथी को अनियंत्रित तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी, जिसमें पत्रकार सहित उसका साथी घायल हो गया, वही सूचना के बाद मौके पर पहुंचे परिजन घायल पत्रकार व उसके साथी को इलाज के लिये निजी अस्पताल ले गये। जहां डाक्टरों ने अभय को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी, जबकि मो.याकूब की हालत गम्भीर बनी हुयी है। मौके पर पहुंची पुलिस ने दुर्घटना करने वाली कार को कब्जे में ले लिया है। पीड़ित पत्रकार के पिता की तहरीर पर पुलिस ने कार व चालक के विरूद्व मुकदमा दर्ज किया है।

## कारखाना मालिक की बेटी को किया अगवा, केस दर्ज

**लखनऊ।** राजधानी चौक कोतवाली में किशोरी को बहला फुसला कर भगा ले जाने के मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है। इतना ही नहीं युवक पर अपहरण के साथ 200 ग्राम सोना चोरी का भी आरोप पीड़ित परिजन ने लगाया है। जानकारी के मुताबिक थाना क्षेत्र में स्थित ज्वैलर्स कारखाने में पश्चिम बंगाल निवासी आकाश कोल काम करता था। आकाश कारखाना मालिक के घर में ही रहता था। आरोप है कि मालिक की 14 वर्षीय बेटी को आकाश बहला फुसला कर भगा ले गया। पीड़ित व्यापारी का आरोप है कि रविवार को वह काम के सिलसिले में दिल्ली गया था। मौका पाकर आकाश व उसके दो साथियों ने मिलकर बेटी का अगवा किया है।

## डीएम ने दीं झंडा दिवस की शुभकामनाएं

**लखनऊ।** सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर जिलाधिकारी ने देशवासियों को शुभकामनाएं दी। जिलाधिकारी द्वारा सभी विभागों, नागरिकों से धन संग्रह कर देने की बात कही। जिला सैनिक कल्याण को चेक व ड्राफ्ट से देने के लिए कहा गया। वहीं धन संग्रह करने वालें प्रतिष्ठानों और लोगों को प्रशस्ति पत्र से नवाजा जाएगा। साथ ही जमा करी गयी धनराशि पर आयकर में छूट भी दी जाएगी। सोमवार को सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश ने नागरिकों को अपनी सहभागिता करने की अपील की। जिलाधिकारी ने बताया कि सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर मैं समस्त सम्मानित नागरिकों को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं ।

# किसानों के समर्थन में सपाइयों का जगह-जगह प्रदर्शन

संवाददाता। अम्बेडकरनगर

**किसान बिल** के विरोध में आंदोलन कर रहे किसानों के समर्थन में समाजवादी पार्टी द्वारा सोमवार को निकाली जाने वाली पदयात्रा को प्रशासन ने रोक दिया। पूर्व मंत्री राममूर्ति वर्मा के नेतृत्व में एकत्रित सपा नेताओं को जमुनीपुर बाजार में हिरासत में लेकर पुलिस लाइन ले जाया गया जहां दोपहर बाद सभी को निजी मुचलके पर छोड़ दिया गया। उल्लेखनीय है कि समाजवादी पार्टी ने धरना दे रहे किसानों के समर्थन में सोमवार को पदयात्रा आयोजित करने का ऐलान किया था। इसको देखते हुए प्रशासन ने सपा नेताओं को गिरफ्तार करने की रणनीति बनाई ।सपा नेता जिला मुख्यालय के निकट जमुनीपुर बाजार में एकत्रित होकर पदयात्रा निकालने वाले थे लेकिन उपजिलाधिकारी मोइनुल इस्लाम के नेतृत्व में पहुंचे प्रशासनिक व पुलिस अमले ने उन्हें पद यात्रा निकालने से रोक दिया। जब सपा नेता पद यात्रा निकालने पर आमादा हो गए तो उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

- पैदल मार्च करने के प्रयास में पूर्व मंत्री राममूर्ति वर्मा समेत बड़ी संख्या में सपाई गिरफ्तार
- जलालपुर, टाण्डा व कटेहरी में भी सपा का प्रदर्शन, हुई गिरफ्तारी

गिरफ्तार किए गए नेताओं में पूर्व मंत्री राममूर्ति बर्मा के अलावा हाजी मोहम्मद अकमल, डॉ अभिषेक सिंह, आनंद वर्मा, जगदीश राजभर ,सुरेंद्र वर्मा, बबलू, अनिल मिश्रा, रामचंद्र गौड़ आदि प्रमुख नेता शामिल रहे । जलालपुर में किसान बिल के विरोध में धरना प्रदर्शन कर रहे सपाइयों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया जिन्हें बाद में रिहा कर दिया गया ।समाजवादी पार्टी के विधानसभा उपाध्यक्ष पप्पू वर्मा के नेतृत्व में किसान बिल के विरोध में धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया । सपाई जबरिया नगर में घुसकर धरना प्रदर्शन करना चाह रहे थे जिन्हें पुलिस द्वारा काफी रोकने का प्रयास किया गया। सपा नेताओ ने सरकार विरोधी नारे लगाये और बिल के वापस लेने की मॉग किया । पुलिस द्वारा इन पर किसी भी तरीके से धरना प्रदर्शन पर रोक लगाने का प्रयास किया गया लेकिन न मानने पर इन लोगों को जलालपुर मालीपुर रोड ब्रह्मलोक मंदिर के पास हिरासत में ले लिया गया जिन्हें बस द्वारा जलालपुर कोतवाली लाया गया तथा बाद में छोड़ दिया गया । इस मौके पर समाजवादी पार्टी के नेता सिद्धार्थ मिश्रा, फूलचंद यादव , राम प्रताप यादव ,आलोक सिह यादव, पुन्दरी गौतम ,महेंद्र यादव ,गुरु प्रसाद वर्मा ,रजनी कांत राजभर समेत दर्जनों नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे। कटेहरी में पूर्व विधायक जयशंकर पाण्डेय के नेतृत्व में प्रदर्शन कर रहे सपा नेताओं को गिरफ्तार कर लिया गया। यहां 81 सपा नेताओं ने गिरफ्तारी दी जिनमें शंखलाल मांझी,मलखान सिंह, आशीष पाण्डेय दीपू, अनिल निषाद, विजय कुमार पाण्डेय, कुन्दन यादव, अमरजीत वर्मा, वीरेश तिवारी आदि सपा नेता शामिल रहे।


जलालपुर में सिद्धार्थ मिश्रा को हिरासत में लेकर जाती पुलिस


कटेहरी में हिरासत में रखे गये सपा नेता

## सपाइयों की पुलिस से झड़प, धरने पर बैठे

**गोरखपुर।** बीजेपी सरकार की कृषि नीतियों के विरोध में व किसानों के समर्थन में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के आवाहन पर आज जनपद के खोराबार विकास खंड में किसान विरोधी पदयात्रा सपाइयों ने निकाली। यह पदयात्रा खोराबार से होते हुए मोतीराम अड्डा तक जानी थी। परंतु भीड़ व किसानों के आक्रोश को देखते हुए पुलिस-प्रशासन ने सपा कार्यकर्ताओं को टुकड़ों टुकड़ों में बांटकर घेराबंदी कर दी। इस दौरान कार्यकर्ताओं के साथ पुलिस की झड़प भी हुई। उसके बाद सपा कार्यकर्ता खोराबार ब्लॉक के समक्ष सड़क पर ही धरने पर बैठ गए।

## जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में सपाइयों ने निकाली किसान यात्रा

**आलापुर अंबेडकरनगर।** सोमवार को आलापुर सुरक्षित विधानसभा क्षेत्र में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर किसान यात्रा निकाली जिसका नेतृत्व सपा जिलाध्यक्ष रामशकल यादव ने किया। किसान यात्रा अंबेडकर प्रतिमा से निकलकर राम नगर चौक पहुंची। इस दौरान पहले से मौजूद एसडीएम धीरेंद्र श्रीवास्तव क्षेत्राधिकारी जगदीश लाल थानाध्यक्ष बृजेश सिंह नागेंद्र सरोज ने सपा कार्यकर्ताओं को रोक लिया जिसके बाद सपा कार्यकर्ता धरने पर बैठ गए। जिसके उपरांत सपा कार्यकर्ताओं को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी देने वालों में विधानसभा अध्यक्ष भीमलाल कनौजिया ब्लॉक अध्यक्ष राज बहादुर सयुस के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष डा0 संदीप सिंह सनी पूर्व विधायक कुंवर अरुण पूर्व प्रमुख हीरालाल यादव वरिष्ठ सपा नेता योगेंद्र नाथ त्रिपाठी ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि बलिराम जिला कोषाध्यक्ष जितेंद्र निषाद विनोद निषाद विद्या सिंह भारती अजीत यादव रजनीकांत यादव नरेंद्र यादव सोनू अखिलेश यादव विनीत श्रीवास्तव सैयद इमरान रिजवी राजन कनौजिया सहित अन्य अन्य लोग शामिल रहे।

## क्विक न्यूज

### ट्रक की चपेट में आने से किशोर की मौत

**जलालपुर।** ट्रेन की चपेट में आने से 17 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। मालीपुर थाना क्षेत्र के बैरागल गांव निवासी अंश सिंह पुत्र देवेंद्र सिंह 17 वर्ष सुबह रेल लाइन के किनारे घूम रहा था परंतु उसे ट्रेन के आने की जानकारी नहीं हो पाई जिसके कारण ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

### वेबिनार की तैयारियों को पूरा करने का निर्देश

**गोरखपुर।** मण्डलायुक्त जयन्त नार्लिकर ने आयुक्त सभागार में जिलाधिकारी के.विजयेन्द्र पाण्डियन, मुख्य विकास अधिकारी इन्द्रजीत सिंह, नियोजन विभाग लखनऊ के संयुक्त निदेशक एवं दी.द.उ.गोविवि. के रजिस्ट्रार एवं 10 से 12 दिसम्बर तक पूर्वान्चल के विकास पर आयोजित होने वाले वेबिनार कार्यक्रम के नोडल अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए निर्देश दिया कि आगामी 10 से 12 दिसम्बर तक होने वाले राष्ट्रीय वेबिनार की सभी तैयारियों को समय से पूर्ण कर लिया जाये। उन्होंने कहा कि वेबिनार कम सेमिनार का मुख्य उद्देश्य ज्ञान को साझा करना है। जिससे पूर्वान्चल के विकास में और मदद मिले। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में कोरोना से बचाव के प्रोटोकाल के निर्देशों का भी पालन सुनिश्चित किया जाये।

### धर्म रक्षा निधि समर्पण कार्यक्रम आयोजित

**गोरखपुर।** विश्व हिंदू परिषद विष्णु नगर प्रखंड के मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी के कार्यकर्ताओं ने धर्म रक्षा निधि समर्पण का कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा भगवान श्री राम दरबार के समक्ष दीप प्रज्वलित कर हुआ। तत्पश्चात् आए हुए सभी आगंतुकों द्वारा भगवान श्री राम के चरणों में निधि अर्पण किया गया। बतौर अतिथि विश्व हिंदू परिषद की महानगर संयोजिका मातृशक्ति माया गुप्ता, सह संयोजिका विनीता त्रिपाठी, मीरा देवी यादव पार्षद उपस्थित रहीं। संचालन भाग संयोजिका दुर्गा वाहिनी रूपरानी एवं प्रस्तावना बजरंग दल के प्रांत सह संयोजक दुर्गेश त्रिपाठी ने रखी। इस दौरान रीता शर्मा, वंदना जायसवाल, गीता श्रीवास्तव, सोनी, नीलम, गीता, सुनीता, मनीषा, अमरजीत आदि उपस्थित रहें।

### सशस्त्र सेना स्मारिका का किया गया विमोचन

**अम्बेडकरनगर।** सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में जिला अधिकारी राकेश कुमार मिश्र द्वारा सशस्त्र सेना स्मारिका का विमोचन किया गया। प्रत्येक वर्ष 7 दिसंबर को सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाया जाता है, इस अवसर पर देश के नागरिक उदारता पूर्वक दान देकर सशस्त्र सेनाओं के सैनिकों तथा पूर्व सैनिकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हैं।इस धन से सैनिकों तथा पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के लिए कल्याणकारी योजनाएं चलाई जाती हैं। लेफ्टिनेंट कर्नल दीनानाथ सिंह जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने सशस्त्र सेना झंडा जिलाधिकारी को लगाकर कर सशस्त्र सेना झंडा दिवस का शुभारंभ किया।

### राजकीय फल संरक्षण केन्द्र ने तीस बेरोजगारों को किया प्रशिक्षित

**अम्बेडकरनगर।** महात्मा गांधी खाद्य प्रसंस्करण ग्राम स्वरोजगार योजना के 2020-21 के तहत राजकीय फल संरक्षण केंद्र अम्बेडकरनगर की ओर से आयोजित पहली शिविर में तीस बेरोजगारों को प्रशिक्षित कर जागरूक किया गया। पहला शिविर टाण्डा ब्लॉक के धौरहरा न्याय पंचायत के ब्राहिमपुर कुसमा में सम्पन्न हुआ। शिविर का शुभारंभ ग्राम प्रधान अखिलेश वर्मा ने किया। उन्होंने सभी प्रशिक्षुओं को तमाम आवश्यक जानकारियां देते हुए प्रमाण पत्र भी वितरित किया। इस मौके पर विशेषज्ञ डॉ जयप्रकाश प्रजापति व डॉ यूपी सिंह ने साफसफाई के साथ पोषक तत्वों के ग्रहण करने के तरीके बताएं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए फल संरक्षण केंद्र के प्रभारी आर वाई धुसिया ने प्रशिक्षुओं को तमाम आवश्यक जानकारी दिया और कहा कि उनका विभाग बेरोजगारों को आगे ले जाने के लिए हमेशा तत्पर है। जिस के क्रम में बेरोजगार हाथों को कुशल और दक्ष बनाने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। विशिष्ट अतिथि के रूप में कौशल विकास मिशन के जिला प्रबंधक मोनू दुबे ने भी आवश्यक जानकारियां प्रशिक्षुओं को उपलब्ध कराई। प्रशिक्षण में सोनम साहू, वर्तिका, कीर्तिका, मंगेशलता, उर्मिला शर्मा, कुमारी पूनम, पूजा, अवधेश पाल, मिथिलेश, गरिमा सहित 30 प्रशिक्षु मौजूद रहे।

# रेलवे परियोजनाओं के विकास को लेकर महाप्रबंधक के साथ सांसद ने की समीक्षा



**अयोध्या।** सांसद लल्लू सिंह ने जनपद में रेलवे परियोजनाओं के विकास की समीक्षा व ट्रेनों के संचालन, नयी ट्रेन प्रारम्भ करने को लेकर महाप्रबन्धक उत्तर रेलवे, मण्डल रेल प्रबन्धक लखनऊ तथा अधिकारियों के साथ अयोध्या जंक्शन पर बैठक की। सांसद लल्लू सिंह ने बताया कि अयोध्या जक्शन के नवनिर्माण व विकास में अतिरिक्त भूमि की आवश्यकता पड़ रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसके लिए शीघ्र भूमि रेलवे को उपलब्ध कराने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया है। उन्होने बताया कि अयोध्या में कोल डिपो 15 दिसम्बर से बंद कर दिया जायेगा। बैठक के दौरान कार्यदायी संस्था राईट्स को निर्धारित समय में अयोध्या रेलवे स्टेशन का निर्माण पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बाराबंकी अयोध्या जफराबाद दोहरीकरण के कार्य में तेजी लानेए सालरपुर मालगोदाम का निर्माण शीघ्र प्रारम्भ करने के लिए रेलवे की निर्माण शाखा को निर्देश दिया गया। रामघाट हाल्ट को पूर्ण स्टेशन का दर्जा देकर उसका विकास तथा उत्तर रेलवे में शामिल करनेए फैजाबाद जंगशन का नवनिर्माण व सौन्दयीकरण कार्य का डीपीआर शीघ्र तैयार करने का निर्देश बैठक में दिया गया। फैजाबाद दिल्ली एक्सप्रेस जल्द प्रारम्भ हो जायेगी। जिससे अयोध्या वासियों को दिल्ली आने जाने में हो रही असुविधा जल्द समाप्त हो जायेगी। सांसद लल्लू सिंह ने बताया कि बैठक में अयोध्या से चित्रकूट इंटरसिटी ट्रेनए अयोध्या से कटरा माता वष्णौदेवी, अयोध्या से जगन्नाथपुरीए अयोध्या से द्वारिकाए अयोध्या से नई दिल्ली नई ट्रेन व साकेत एक्सप्रेस ट्रेन को सप्ताह में 2 दिन से बढ़ाकर 6 दिन चलाने के विषय में चर्चा हुई है। उन्होने बताया कि चरणबद्ध तरीके से नई ट्रेनों का संचालन किया जायेगा। उन्होने कहा कि रेलवे अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं पयर्टकों व यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधा प्रदान करने के लिए युद्ध स्तर पर तैयारी की जा रही है। इसी के तहत दर्जनों परियोजनाएं चल रही है। जो भविष्य में साकार होकर अयोध्या वासियों को प्रदान की जायेगी। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार प्रयास कर रहे है। इस अवसर पर महाप्रबन्धक उत्तर रेलवे आशुतोष दंगल, मण्डलीय रेल प्रबन्धक प्रिंसपल चीफ आपरेटिंग मैनेजर राजीव सक्सेना, प्रिंसपल मुख्य कार्मशियल मैनेजर श्रीमती जय वर्मा सिन्हा, प्रिसपल चीफ इंजीनियर चंद्र प्रकाश गुप्ता, चीफ इंजीनियर स्टेशन डेवलपमेंट मोनिका श्रीवास्तव, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी एके लहोटी, प्रिंसपल चीफ सिग्नल एण्ड टेलीकाम राहुल अग्रवालए प्रिंसपल चीफ इंजीनियर इलेक्ट्रिक शैलेन्द्र कुमार सिंह, सीनियर डीओएम केके रोरा, सीनियर डीसीएम जगतोष शुक्ला सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# सखी संप्रदाय के आचार्य स्वामी युगलानन्य शरण जी के 142 पुण्यतिथि पर संतों ने किया नमन

संवाददाता। अयोध्या

- अयोध्या के सांसद लल्लू सिंह मेयर ऋषिकेश उपाध्याय सहित अयोध्या के संतों महंतों ने महाराज श्री को अर्पित की पुष्पांजलि

**सखी संप्रदाय** के आचार्य स्वामी युगलानन्य शरण जी जी महाराज की 142 पुण्य तिथि बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गयी और अयोध्या के संतो महंतों ने आचार्य श्री महाराज जी को पुष्पांजलि अर्पित की और स्वामी जी ने निम्न पदों गायन किया है। श्री बल्लभ बिहार वर विभव विधायक, श्री सद्गुरु सुपकंद कला कमनीय प्रदायक।

बंदौ विसद विनोद मोद मंदिर पद गायनए श्री गुरुवर विज्ञान भवन अज्ञान न सावन गिरा गंभीर विचित्र विमल बोले मुनि गायक आदि पदी गायन के साथ आचार्य शिरोमणि स्वामी युगलानन्य शरण के द्वारा रचित युगल विनोद पाठ भगवान श्री राम की नगरी की प्रधानतम में सिद्ध पीठ लक्ष्मण किला के संस्थापक स्वामी युगलानन्य शरण की 142 वी पुण्यतिथि महोत्सव के मनाई गई । किलाधीश महंत मैथिली रमण शरण ने बताया कि नामकांति रूपकांति लीलाकांति व धामकांति का हर रोज मंदिर प्रांगण में किया गया। श्री शरण ने बताया कि स्वामी युगलानन्य शरण जी महाराज अयोध्या में सखी परंपरा के महान उपासक थे। आचार्य डॉ मिथिलेश नंदनी शरण ने आए हुए अतिथियों संतो महंतों का स्वागत किया। इस अवसर पर मणिराम छावनी के महंत श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास के शिष्य उत्तराधिकारी कमन नयन दास, सियाराम किला झुंकी घाट के महंत करुणानिधान शरण जी महाराज, जगतगुरु रामदिनेशाचार्य, दशरथ महल के संत स्वामी राम भूषण शरण कृपालु ज महाराज, रंगमहल के महंत रामशरण दास जी महाराज महंत मनमोहन दास मंहत राम कुमार दास अयोध्या के सांसद लल्लू सिंह अयोध्या नगर निगम के मेयर ऋषिकेश उपाध्याय एमबी दास महंत गिरीश पति त्रिपाठी भाजपा नेता विकास सिंह मंहत राजू दास हनुमानगढ़ी के पुजारी रमेश दास सहित हजारों संतों महंतों ने पुष्पांजलि अर्पित श्रद्धांजलि दी।

# डीएम व पुलिस उपमहानिरीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर दी जानकारी

**अयोध्या।** जिला मजिस्ट्रेट अनुज कुमार झा ने बताया कि पुलिस उपमहानिरीक्षक वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार ने अवगत कराया है कि मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन की अध्यक्षता में शासन में आयोजित बैठक में विचार विमर्श के उपरांत श्री राम जन्मभूमि परिसर अयोध्या की सुरक्षा व्यवस्था हेतु परिसर के आसपास एण्टी ड्रोन निषेधाज्ञा जारी करने की अपेक्षा की गई है। वर्तमान में परिसर में मंदिर निर्माण का कार्य प्रारंभ हो गया है जिस कारण परिसर की संवेदनशीलता और अधिक बढ़ गई है तमाम न्यूज चैनल लगातार परिसर के अंदर हो रही गतिविधियों की वीडियोग्राफी व फोटोग्राफी करने का प्रयास किया करते रहते हैं। मीडिया द्वारा भी ड्रोन का इस्तेमाल किया जाता है और मीडिया की आड़ में शरारती तत्वों द्वारा भी श्री राम जन्म भूमि में ड्रोन का इस्तेमाल कर किसी प्रकार की अप्रिय घटना को अंजाम दिया जा सकता है। तत्क्रम में श्री राम जन्मभूमि परिसर अयोध्या की सुरक्षा व्यवस्था हेतु परिसर के आसपास एण्टी ड्रोन निषेधाज्ञा जारी किए जाने का अनुरोध सुरक्षा व्यवस्था के तहत किया गया है। श्री राम जन्मभूमि परिसर अयोध्या में लोक व्यवस्थाए शांति व्यवस्थाए कानून व्यवस्था एवं जन सुरक्षा बनाए रखने हेतु परिसर के आसपास ड्रोन का प्रयोग प्रतिबंधित किया जाना अति आवश्यक है। दंड प्रक्रिया संहिता की धारा.144 में विहित अधिकारों का प्रयोग करते हुए लोक व्यवस्थाए शांति व्यवस्थाए कानून व्यवस्थाए जन सुरक्षा एवं जन जीवन को सामान्य बनाए रखने की दृष्टि से श्री राम जन्मभूमि परिसर व परिसर के आसपास अयोध्या क्षेत्र हेतु निषेधाज्ञा लगा दी गई है। किसी व्यक्तिए संगठनए संस्था आदि द्वारा सक्षम मजिस्ट्रेट की पूर्व अनुमति के बिना ड्रोनए मानवरहित हवाई वाहन आदि ऐसे सादृश्य उड़ने वाले उपकरण जिनके माध्यम से शूटिंगए सर्वे एवं हथियारों का प्रयोग किया जा सकता है का संचालन एवं परिचालन पूर्णतया प्रतिबंधित किया जाता है यह प्रतिबंध पुलिस विभाग पर लागू नहीं होंगे। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो और यदि बीच में वापस न लिया गया तो 2 फरवरी 2021 तक प्रभावी रहेगा। इस आदेश अथवा इसके किसी भी अंश का उल्लंघन भारतीय दंड विधान की धारा.188 के अंतर्गत दंडनीय अपराध होगा।

# स्कूटी सवार दो युवकों की मार्ग दुर्घटना में मौत

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**गोरखपुर-** सोनौली राष्ट्रीय राजमार्ग पर फरेंदा थाना क्षेत्र के पिपरामौनी के पास स्कूटी सवार युवकों को सोमवार की भोर में अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दिया। जिससे दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस जांच-पड़ताल में जुटी है। मृतकों की पहचान 19 वर्षीय मोहम्मद क्यूम पुत्र नाजिर निवासी महदेवा बुजुर्ग थाना फरेंदा जनपद महराजगंज व 19 वर्षीय मोहम्मद वहीद पुत्र अली मोहम्मद निवासी बनकटा थाना कैंपियरगंज जनपद गोरखपुर के रूप में हुई है।

फरेंदा थाने के उपनिरीक्षक प्रहलाद पांडेय ने बताया कि दोनों युवक नौतनवा में आयोजित एक शादी समारोह में भोजन बनाने गए थे। वहां रात में भोजन बनाकर सभी को भोजन कराया। वहां से कार्य समाप्त कर सोमवार की भोर में दोनो युवक घर के लिए निकले। दोनो एक ही मोटरसाइकिल से अपने घर जा रहे थे। बताते हैं कि दोनो युवक अभी वह पिपरामौनी गांव के पास पहुंचे ही थे कि वाहन की चपेट में आ गए। स्थानीय लोग आवाज सुन जब लोग मौके पर पहुंचे तब तक ठोकर मारने के बाद वाहन लेकर चालक फरार हो चुका था।

स्थानीय लोग युवकों को अस्पताल ले जाने की तैयारी कर रहे थे कि घटनास्थल पर ही दोनों युवकों की मौत हो गई। मृत युवकों के परिजनों को सूचना देकर शव को कब्जे में ले लिया गया है। अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

### पोल से टकराई स्कार्पियो अनियंत्रित होकर नहर मे गिरी

हरपुर-बुदहट थाना क्षेत्र के ग्राम सूरस निवासी बृहस्पति यादव की स्कार्पियो अनियंत्रित होकर नहर मे गिर गई। मिली जानकारी के अनुसार बृहस्पति यादव सोमवार को अपनी स्कार्पियो गाड़ी को लेकर 11 बजे के लगभग किसी काम से उसरापार संतकबीरनगर जा रहे थे कि देवरिया गांव के पास सामने अचानक सड़क पर नीलगाय आ गई। इससे स्कार्पियो अनियंत्रित हो कर पोल से टकरा कर नहर मे गिर गई, लेकिन कोई हताहत नही हुआ। गाड़ी मे सवार सभी लोग सुरक्षित हैं।

# बाबा साहेब के 65वें परिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि

- आसपास के निर्बल वर्ग के 100 लोगों को कंबल का वितरण

**अम्बेडकरनगर।** एनटीपीसी टांडा में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति कर्मचारी कल्याण समिति द्वारा बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जी के 65वें परिनिर्वाण दिवस पर नवरंग क्लब में समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि परियोजना प्रमुख के0 श्रीनिवास राव द्वारा बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण करके किया गया। इसके पूर्व मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक के0 श्रीनिवास राव, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) एसके सिंह, महाप्रबंधक (अनुरक्षण) बी0सी0 पोलाई, महाप्रबंधक (चिकित्सा सेवाएं) डॉ0 उदयन तिवारी, उप महाप्रबंधक (मा0सं0) राजेश सोनी, विभागाध्यक्ष (संविदा एवं सामग्री) एस0के0 जांभले, विभागाध्यक्ष (पर्यावरण प्रबंधन) अवधेश कुमार, उप महाप्रबंधक (मा0सं0) श्रीमती मृणालिनी, गरिमा महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती स्वर्णलता राव एवं उपाध्यक्षा श्रीमती आरती पोलाई का स्वागत समिति के संरक्षक एम0 एल0 सहयोगी, अध्यक्ष राहुल कमल, सचिव शिवदास एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा बुके देकर किया गया।

समारोह में सभी आगंतुकों का स्वागत समिति के अध्यक्ष श्री राहुल कमल के स्वागत संबोधन से किया गया। इस दौरान राहुल कमल ने बाबा साहेब के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए समाज के दबे-कुचले वर्गों एवं महिलाओं के सम्मान तथा हितों की रक्षा के लिए किए गये प्रयासों की चर्चा की। इस अवसर पर समारोह के मुख्य अतिथि श्री राव ने अपने संबोधन में बाबा साहेब द्वारा बचपन के दिनों में अत्यन्त विषम एवं संघर्षपूर्ण परिस्थितियों में भी पूरी लगन से ग्रहण की गई शिक्षा को अद्भुत कार्य बताया। उन्होंने बाबा साहेब की उच्च स्तरीय शिक्षा की चर्चा करते हुए कहा कि बेहद कठिन चुनौतियों का सामना करते हुए उन्होंने जो ख्याति अर्जित की उससे हम सबको सीखने की आवश्यकता है। उन्होंने यह भी कहा कि बाबा साहेब ने अपनी उच्च शिक्षा एवं ज्ञान का उपयोग दश के संविधान एवं राष्ट्र के नवनिर्माण में किया। उन्होंने शिक्षा से वंचित बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा देकर बाबा साहेब के सपनों को साकार करने की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में महाप्रबंधक (प्र0 एवं अनु0) श्री एस0के0 सिंह, महाप्रबंधक (अनुरक्षण) श्री पोलाई, समिति के पदाधिकारी श्री राहुल कमल एवं अन्य गणमान्य वक्ताओं द्वारा बाबा साहेब द्वारा किए गए संघर्षों पर विस्तृत प्रकाश डाला गया। इसके साथ ही वक्ताओं द्वारा लड़कियों की शिक्षा एवं उनके विकास में बाधक सामाजिक विसंगतियों पर गंभीर चर्चा की गई। इसके उपरान्त गरिमा महिला मंडल एवं अनुसूचित जाति/जनजाति कर्मचारी कल्याण समिति के सौजन्य से आसपास के गॉवों की निर्बल, नि:शक्त, विधवा, असहाय लोगों को सहायता स्वरूप 100 कंबल वितरित किये गये। कार्यक्रम में समिति के सदस्यों के अलावा गरिमा महिला मंडल की सचिव श्रीमती प्रिया सक्सेना परियोजना के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आसपास के गॉवों के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती सरोज सहयोगी द्वारा तथा अतिथि जनों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन समिति के अध्यक्ष श्री राहुल कमल द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान कोविड-19 के प्रोटोकाल का कड़ाई से पालन किया गया।

## महाप्रबन्धक ने किया रेलवे स्टेशन का निरीक्षण

**अम्बेडकरनगर।** उत्तर रेलवे के महाप्रबन्धक आशुतोष गांगल ने सोमवार को अकबरपुर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया तथा वहां हो रहे कार्यों का जायजा लिया। लखनऊ से वाराणसी तक रेलवे लाइन के दोहरी करण व अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेने आये महाप्रबन्धक ने रेलवे स्टेशन पर उपलब्ध सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान रेलवे स्टेशन पर उस समय विषम स्थिति उत्पन्न हो गई जब सांसद रितेश पाण्डेय महाप्रबन्धक से मिलने के लिए महाप्रबन्धक स्पेशल टेऊन में चढ़ गये। महाप्रबन्धक के आगमन की सूचना सांसद को थी जिसके कारण वह विभिन्न मांगो को लेकर रेलवे स्टेशन पर पंहुचे लेकिन सांसद के पंहुचने के पूर्व ही महाप्रबन्धक निरीक्षण कर ट्रेन में सवार हो गये जबकि सांसद स्टेशन अधीक्षक कक्ष में उनका इंतजार करते रहे। ट्रेन के चलते ही सांसद टेऊन में सवार हो गये। सांसद के ट्रेन में चढ़ने की सूचना जैसे ही रेलवे प्रशासन को मिली, ट्रेन को रूकवा दिया गया। रेलवे प्रशासन की इस कार्यप्रणाली पर सांसद ने गहरी नाराजगी जताई। बाद में रेलवे के अधिकारियों ने सांसद रितेश पाण्डेय की महाप्रबन्धक से मुलाकात करवाई।

# दस दिसंबर तक हर हाल में हो नहरों की सफाई: डीएम

संवाददाता। अम्बेडकरनगर



**शासन के** सर्वोच्च प्राथमिकता कार्यक्रम माह नवंबर 2020 की प्रगति समीक्षा हेतु जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में समस्त जिला स्तरीय अधिकारी एवं कार्यदाई संस्थाओं की उपस्थिति में बैठक किया गया।बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता जल निगम को निर्देश देते हुए कहा कि किसानों के हितों को देखते हुए 10 दिसंबर तक हर हाल में नहरों की साफ सफाई कराते हुए अंतिम छोर तक पानी पहुंचाना सुनिश्चित करें और की गई कार्यवाही से अवगत कराया जाए।

गत माह बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद में संचालित समस्त परिषदीय विद्यालयों, कार्यालयों, अस्पतालों का विद्युत बकाया भुगतान कराने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया था।उक्त के क्रम में आज पुन: बकाया बिल भुगतान की समीक्षा की गई जिसमें परिषदीय विद्यालयों का बकाया बिल का भुगतान में शिथिलता पाई गई जिस पर नाराज जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि जिन विद्यालयों के विद्युत बकाया भुगतान अब तक नहीं किया गया है उन संबंधित पंचायत सेक्रेटरी का वेतन तब तक रोक दिया जाए जब तक बकाया बिल का भुगतान ना हो जाए।इस दौरान जिलाधिकारी ने बीएसए और डीपीआरओ को भी निर्देश देते हुए कहा कि कार्यों में उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।अभिलंब विद्युत बकाया भुगतान कराना सुनिश्चित करें साथ ही साथ उन्होंने कार्यालयों एवं अस्पतालों का भी भुगतान अविलंब कराने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने नई सड़कों के निर्माण चौड़ीकरण के कार्यो में तेजी लाने एवं किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत केसीसी कार्ड बनवाने में तेजी लाने के निर्देश दिए। गोवंश ओके सा कुशल संरक्षण हेतु ठंड के मद्देनजर आश्रय स्थलों पर विशेष व्यवस्था जैसे त्रिपाल, बिछाने हेतु पराली और गौवांशो के सेल को ढकने के लिए बोरे युक्त कोट तत्काल उपलब्ध कराते हुए सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए।वहीं जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि कुपोषित परिवारों को गाय सुकृत कराने में तेजी लाया जाय और पशुओं के ईयर टैगिंग एवं उन्हें सकुशल संरक्षण हेतु सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त होनी चाहिए किसी भी पशु आश्रय स्थल पर पशु आहार, भूसा, चरही में कोई कमी नहीं होनी चाहिए।बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा की गई जिसमें जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत बृहद स्तर पर पात्रों का चयन करते हुए गोल्डन कार्ड से आच्छादित करना सुनिश्चित करें।जिलाधिकारी ने कहा कि अस्पतालों में एक्सरे मशीन ,सीटी स्कैन मशीन, डायग्नोसिस मशीन की व्यवस्था एवं उपलब्धता को दुरुस्त किया जाए। इन कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

सामुदायिक शौचालयों के निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने डीपीआरओ को निर्देश देते हुए कहा कि जो शौचालय आपूर्ण है उनको तत्काल पूर्ण किया जाए और पूर्ण शौचालयों का सत्यापन एवं जियो टैगिंग करा कर कार्यवाही से अवगत कराया जाए।जनपद में नवनिर्मित 446 पंचायत घरों की समीक्षा करते हुए यह पाया गया कि 350 पंचायत भवनों का कार्य पूर्ण कर लिया गया है जिस पर जिलाधिकारी ने डीपीआरओ को अपूर्ण पंचायत घरों को पूर्ण करा कर कार्यवाही से अवगत कराने का निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने जिला मत्स्य अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि जनपद में शासन द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार स्थापित समस्त तालाबों का पट्टा कर लाभार्थियों को लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी घनश्याम मीणा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी अशोक कुमार, बेसिक शिक्षा अधिकारी अतुल कुमार सिंह, डीपीआरओ ,कार्यदाई संस्था एवं संबंधित विभाग के अधिकारी /कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे ।

# किसान आंदोलन

## संशोधन पर राजी सरकार

**सरकार** किसानों के साथ कृषि कानूनों पर सहमति बना कर आंदोलन से बच सकती थी, पर अब सरकार कानूनों में संशोधन के लिए तैयार है लेकिन किसानों ने जिद पकड़ ली है। किसानों का विरोध किसी एक क्षेत्र तक सीमित नहीं है तथा उनके आंदोलन को परिवहन, टैक्सी यूनियनों व सिविल सोसाइटी का समर्थन मिल रहा है। उन्होंने सभी प्रकार के राजनेताओं तथा सरकारी अतिथि सत्कार से भी दूरी बनाए रखी है। वे अपना भोजन व अपनी चाय का प्रयोग करते हैं, अपने टेंटों में सोते हैं तथा समय-समय पर विवादास्पद नए कृषि कानूनों के बारे में अपना दृष्टिकोण स्पष्ट करते हैं। उनका आंदोलन एक प्रकार के जनान्दोलन में बदलता जा रहा है। यदि गतिरोध बना रहा तो खाद्य पदार्थ सप्लाई प्रभावित हो सकती है। ऐसे में सरकार न केवल किसानों की बात सुन रही है, बल्कि वह न्यूनतम समर्थन मूल्य-एमएसपी और खरीद पर लिखित आश्वासन देने को भी तैयार है। नए कृषि उदारीकरण कानूनों से होने वाले निगमीकरण के बारे में सरकार किसानों के दृष्टिकोण से ठेका खेती के बारे में होने वाले विवादों को अदालतों में ले जाने की अनुमति देने को भी तैयार है। सवाल है कि क्या सरकार ने इस मामले में जल्दबाजी की। विपक्ष पहले से ही कृषि कानूनों तथा किसानों द्वारा उठाए गए अनेक मुद्दों पर सुनवाई के लिए संसद के विशेष सत्र की मांग कर रहा था। यदि सरकार ने वस्तु एवं सेवाकर-जीएसटी लागू करने की तरह सभी पक्षों से बात कर राज्यों के साथ सहमति बनाने का प्रयास किया होता तो इस स्थिति से बचा जा सकता था। न्यूनतम समर्थन मूल्य-एमएसपी का मुद्दा सर्वाधिक



संवेदनशील है और प्रतियोगी बाजार का विकल्प तैयार होने की स्थिति में संरक्षित बाजार सिकुड़ सकता है। इसके साथ ही बड़े कार्पोरेट कुछ राज्यों की बाजार से बाहर रह सकते हैं जिनकी सरकारें उनके पक्ष में न हों। खेती में लागत लगातार बहुत तेजी से बढ़ी है और यह कई बार एमएसपी से अधिक होती है। अत: एमएसपी से घाटा पूरा न होने के कारण किसान स्वाभाविक रूप से अनुबंधित मूल्य व्यवस्था के प्रति आशंकित हैं।

सरकार का दावा है कि कृषि कानूनों द्वारा किए जाने वाले सुधारों से छोटे व हाशियाकृत किसानों की बाजार तक पहुंच बढ़ेगी, वे अपने उत्पाद सीधे बेच सकेंगे तथा सबसे अच्छी कीमतें भी प्राप्त कर सकेंगे। वर्तमान समय में 86.2 प्रतिशत ग्रामीण जोतें दो एकड़ या उससे कम हैं। इसलिए हमारे अधिकांश किसान ज्यादा फसलों का उत्पादन नहीं करते हैं और बिना एजेंटों या आढ़तियों की सहायता के उनका काम नहीं चलता है। छोटे किसानों के पास अपना माल मंडी ले जाने के साधन भी नहीं उपलब्ध होते हैं, ऐसे में वे अपनी भौगोलिक सीमाओं के बाहर कृषि उत्पाद बेचने की सोच भी नहीं पाते हैं। कृषि अर्थव्यवस्था के उदारीकरण का अर्थ किसान-हितैषी व्यवस्थाओं की मौजदगी भी है जिनमें कोल्ड स्टोरेज, गोदाम तथा बाजारों तक अच्छी पहुंच शामिल हैं। गुजरात के किसानों के खिलाफ पेप्सिको द्वारा किए मुकदमे तथा गन्ना किसानों द्वारा भुगतान प्राप्त करने में कठिनाइयों से भी किसान आशंकित हैं। इस दृष्टिकोण से निगमीकरण प्रभावी नहीं रहा है। किसान उत्पाद व्यापार व वाणिज्य कानून, 2020 घोषित कृषि उत्पाद बाजार समिति मंडियों-एपीएमसी से बाहर उनको खरीद बिक्री की अनुमति देता है। कृषि उत्पादों के व्यापार के लिए अब लाइसेंस की जरूरत नहीं होगी और केवल पैन कार्ड काफी होगा। ऐसे में किसान जानना चाहते हैं कि 'बाहर' का क्या अर्थ है। वे धारणाओं के विपरीत वे वर्तमान बिचौलियों को चाहते हैं जिनके साथ उनके अच्छे संबंध हैं। अधिकांश किसान ज्यादा शिक्षित न होने के कारण अपने अधिकारों के बारे में नहीं जानते हैं। ऐसे में विवाद-समाधान की व्यवस्था उनके खिलाफ जा सकती है। इसके अलावा वे बैंकों के माध्यम के बजाय सीधे भुगतान चाहते हैं क्योंकि बैंक कर्ज की धनराशि काट सकते हैं। अतीत में किसान आंदोलन परिवर्तनकारी रहे हैं अत: वर्तमान आंदोलन को अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए।

# बाल विवाह में वृद्धि चिंताजनक

**कोरोना वायरस के कारण बड़े पैमाने पर रोजगार छिने हैं तथा आर्थिक कठिनाइयां सामने आई हैं। इस कारण खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में बाल विवाह तेजी से बढ़े हैं।**



**रीना अमोस डायेस**
(लेखिका दि पायनियर में वरिष्ठ संपादक हैं)



हाल ही परेशान 13 वर्षीय राधा (नाम परिवर्तित) ने जून में अपनी स्कूल शिक्षिका को फोन कर कहा कि वे उत्तर प्रदेश में बुलंदशहर जिले के अनूपशहर कस्बे में गरीब माता-पिता द्वारा विवाह कराने से बचाएं। अक्टूबर में कर्नाटक पुलिस ने बेल्लारी से ऐसी ही स्थितियों का सामना कर रही एक 14 वर्षीय बच्ची को बचाया। एक सुराग पर काम कर रही पुलिस ने मैरिज हाल पर छापा मार कर बाल विवाह निषेध कानून, 2006 के अंतर्गत आठ लोगों को गिरफ्तार किया। ये केवल छिटपुट मामले नहीं हैं। भारत में लड़कियों के लिए विधिक विवाह योग्य आयु 18 वर्ष है, लेकिन यूनिसेफ के अनुसार भारत में दुनिया के एक तिहाई बाल विवाह होते हैं। कोरोनावायरस के कारण बड़े पैमाने पर रोजगार छिने हैं तथा आर्थिक कठिनाइयां सामने आई हैं। इस कारण खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में बाल विवाह तेजी से बढ़े हैं। हमेशा की तरह महामारी के सामाजिक-आर्थिक प्रभावों से परेशान माता-पिता 'भोजन, कपड़े और शिक्षा पर अतिरिक्त खर्च' से मुक्ति पाने के लिए छोटी बच्चियों का विवाह कर रहे हैं। संयोग से भारत इस मामले में अकेला नहीं है। सेव द चिल्ड्रेन ने चेतावनी दी है कि महामारी के कारण पैदा कठिन सामाजिक-आर्थिक स्थितियों में दुनिया भर में अगले पांच वर्ष में 2.5 मिलियन कम आयु वाली बच्चियों का विवाह हो सकता है। ग्लोबल गर्लहुड रिपोर्ट, 2020 में इस दानदाता संगठन ने अनुमान लगाया है कि 5,00,000 बच्चियों का बाल विवाह हो सकता है। इससे इस वर्ष कुल बाल विवाहों की संख्या 12.5 मिलियन हो जाएगी। भारत में केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने इस वर्ष मार्च से जून के बीच बाल विवाह के 5,584 मामलों की खबर दी थी। इसी कालखंड में बच्चों की सहायता करने वाली चाइल्डलाइन को मिलने वाली शिकायतों में 17 प्रतिशत वृद्धि हुई है। भारत में पहले से ही 10-19 वर्ष आयुवर्ग के 17.26 मिलियन विवाहित बच्चे व किशोर हैं। बाल अधिकार समूह क्राई ने 11 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के पहले यह खुलासा किया है। अध्ययन के अनुसार, 'आंकड़ों से पता चलता है कि भारत में 10-19 आयुवर्ग वाले विवाहितों में लड़कियों की संख्या 75 प्रतिशत है।' बाल विवाहों का खासकर हाशियाकृत समूहों की लड़कियों के स्वास्थ्य, शिक्षा व मानवाधिकारों पर ज्यादा प्रभाव पड़ता है। अत: बाल विवाह प्रतिबंध कानून, 2006 को जमीनी स्तर पर कठोरता से लागू करना जरूरी हो गया है। इस प्रवृत्ति के कारण केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने 2 जून को लड़कियों की विवाह योगय न्यूनतम आयु बढ़ाने की समीक्षा हेतु एक कार्यबल का गठन किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अक्टूबर में कहा था कि समिति की रिपोर्ट मिलने पर सरकार इस मुद्दे पर जल्द ही निर्णय करेगी। भारत में बाल विवाह जटिल मुद्दा है तथा इसका संबंध केवल गरीबी से न होकर मोटेतौर से पितृसत्तात्मक समाज के कठोर व प्रतिगामी मूल्य बदलने से भी है। इससे लड़कियों की यौनिकता को कुचला जाता है तथा ऐसे समाज में उन पर अपनी सुरक्षा का बोझ बढ़ता है जहां पीड़ित को विकृति के कारण शर्मिन्दा होना पड़ता है। सवाल है कि कन्या शिशुओं के सबंध में अनेक योजनाओं व प्रोत्साहनों के बावजूद सुदूर क्षेत्रों में माता-पिता लड़कियों पर लड़कों को वरीयता क्यों देते हैं। इसके आर्थिक कारण भी हैं। अनेक ग्रामीण माता-पिता का मानना है कि लड़के परिवार की आय में योगदान करते हैं तथा विवाह के बाद भी पैतृक संपत्ति बढ़ाते हैं। इसी कारण गरीब माता-पिता भी लड़कियों के बजाय लड़कों को स्कूल कालेजों में भेजते हैं। आर्थिक संकट होने पर स्कूल जाने वाली लड़की की शिक्षा पहले छूट जाती है। जब तक लड़कियों को अनदेखा करना जारी रख कर उनको उच्च शिक्षा व बेहतर कॅरियर बनाने का अधिकार नहीं मिलेगा तब तक यह समस्या दूर नहीं होगी। आर्थिक रूप से कमजोर समाजों में लड़कियों के कम आयु में विवाह का एक बड़ा कारण और भी है। चाहे शहरी भारत हो या ग्रामीण भारत, महिलाओं की यौनिकता व पवित्रता के बारे में प्रतिगामी सोच अभी जारी है। पवित्रता पर अत्यधिक जोर देने वाले देश में कौमार्य भंग होना अत्यधिक शर्म और एक विभीषिका की तरह समझा जाता है। इस प्रकार न केवल सार्वजनिक स्थलों, बल्कि घरों में भी लड़कियों की सुरक्षा के बोझ से भयभीत माता-पिता उसका जल्दी से जल्दी विवाह करना ठीक समझते हैं। इससे वे लड़की की 'इज्जत' की रक्षा करने की सारी जिम्मेदारियों से स्वयं को मुक्त मानते हैं। अनेक रिपोर्टों ने हालिया वर्षों में बलात्कार के बढ़ते मामलों का संबंध गांवों में बढ़ती कन्या भ्रूण हत्या की प्रवृत्ति से जोड़ा है। जब तक हम लड़कों व लड़कियों को समान न समझने की अपनी आदिम सोच नहीं छोड़ते हैं तथा उनको समान पोषण व शिक्षा के अवसर नहीं देते हैं, तब तक राधा जैसी अनेक लड़कियों का जल्दी विवाह होता रहेगा। लड़कियों को भी शानदार कैरियर बनाने तथा अपने माता-पिता की वृद्धावस्था में सहायता व आर्थिक सहायता का अवसर मिलना चाहिए। कई बार गरीब माता-पिता अपनी बच्चियों का विवाह सबसे ज्यादा पैसा देने वालों से कर उनको मवेशियों की तरह बेच देते हैं। पुरुषों और लड़कों को महिलाओं व लड़कियों का सम्मान सिखाना सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। यह जेंडर आधारित व यौन हिंसा के सभी रूपों को रोकने के लिए भी जरूरी है। अक्सर गरीब व निरक्षर माता-पिता लड़कियों का कम आयु में विवाह इसलिए भी कर देते हैं क्योंकि वे इस कारण उनके मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले हानिकारक प्रभावों से परिचित नहीं होते हैं। जब तक एक समाज के रूप में हम यथास्थिति से बाहर निकल कर बाल विवाह के हर मामले की रिपोर्ट नहीं करते हैं, तब तक इस विभीषिका का अंत नहीं होगा। यदि हम अपने घरेलू सहायकों, ड्राइवरों, मालियों, धोबियों या सुरक्षा गार्डों में इस हानिकारक प्रवृत्ति को अनदेखा करेंगे तो हम भी यह घृणित परंपरा बनाए रखने के जिम्मेदार होंगे। इस प्रकार हम भी एक असहाय बच्ची को अकथनीय पीड़ा के संसार में धकेलने के जिम्मेदार होंगे। हमें यह नहीं सोचना चाहिए कि सरकार और एनजीओ सभी सामाजिक समस्याओं का समाधान कर एक संपूर्ण दुनिया बनाने में सफल होंगे। समाज के रूप में हमें लड़कियों को अच्छा स्वास्थ्य व पोषण सुनिश्चित करना होगा। हमें सुनिश्चित करना चाहिए कि लड़कियां 12 साल की स्कूली शिक्षा पूरी करें, जीवन कौशल शिक्षा प्राप्त करें तथा उनको उच्च अध्ययन के अवसर मिलें। दु:ख की बात है कि महंगे फोन, कार, हैंडबैग या जूतों पर भारी खर्च करने वाले लोग प्रति माह केवल 2000 रुपये खर्च कर एक बच्ची की शिक्षा प्रायोजित नहीं कर सकते हैं। जब तक हम एक समाज के रूप में 'हर व्यक्ति एक को पढ़ाए' की भावना से काम नहीं करते हैं तब तक लगातार एक के बाद दूसरी पीढ़ी को वंचना, कुपोषण, गरीबी तथा मानवाधिकारों की कमी से मुक्त नहीं करा सकते हैं। सामाजिक समस्याओं के मूल कारणों से निपटने के लिए एक समन्वित दृष्टिकोण अपनाया जाना चाहिए। इसके लिए जागरूकता कार्यक्रमों को चलाने, कानूनों को मजबूत कर उनको लागू करने, उत्पीड़ित लोगों को सुरक्षा व पुनर्वास के लिए नेटवर्क बनाने तथ सर्वाधिक महत्वपूर्ण रूप से छोटी आयु से ही लड़कियों को सशक्त व कुशल बनाने की आवश्यकता है ताकि वे अपने अधिकारों का समुचित प्रयोग कर सकें। ऐसा न होने पर ग्रामीण क्षेत्रों की लड़कियों को भावी दुल्हनों व संपदा के बजाय जिम्मेदारी की तरह देखा जाता रहेगा।

# कोरोना संक्रमण के दौर की विशिष्टताएं

> "एक पुन: ऊर्जावान कालखंड एवं सभ्यता फलते-फूलते हैं जबकि पुराने भी बने रहते हैं। उम्मीद है कि यह और अधिक भव्यता के साथ चलेगी।"

**विनयशील गौतम**
(लेखक जाने-माने प्रबंध परामर्शदाता हैं)



जिस समय कोरोना वायरस महामारी ने दुनिया को अपनी चपेट में लिया और उसे घुटनों पर ला दिया था उसे बहुत से अद्वितीय संकेतकों के कारण हमेशा याद किया जाएगा। सर्वप्रथम तो यह समानता लाने वाला साबित हुआ क्योंकि वायरस ने सुविधाभोगी एवं वंचित लोगों के बीच कोई भेदभाव नहीं किया। यह सीमाओं के परीक्षण का समय था व शब्दावाली का, जो कोविड दौर के अनुभवों के मामले में काफी विशिष्ट प्रकृति की है। यह वायरस के फैलने के साथ ही लड़ाई के तौर पर विकसित हुई।

कोरोना के दौर में कुछ विशेष शब्द काफी प्रचलित हुए, यथा, "सामाजिक दूरी", "घर पर रहें, सुरक्षित रहें" और समुदाय ने इसे अपना लिया। उन सबके बीच एक सबसे अहम शब्द है "प्रतिरोधक क्षमता।" इस शब्द को कुछ भारतीय खाद्य वस्तुओं यथा आंवला, काली मिर्च, बादाम, हल्दी, अदरक आदि के बीच विशेष स्थान मिला। प्रतिरोधक क्षमता का अर्थ जैसा कि जीवशास्त्रीय प्रणालियों के संदर्भ में समझा जाता है उसमें पहचानने एवं सहन करने की क्षमता शामिल है जो कुछ भी स्वयं का हो और पहचानना व नकार देना यदि विदेशी हो। इसे किसी के शरीर में मौजूद एंटीबॉडीज से लिया जा सकता है, जिसमें यह सक्रिय प्रतिरोधक होता है। इसे नैसर्गिक प्रतिरोधक क्षमता के तौर पर भी श्रेणीबद्ध किया जा सकता है। चाहे सक्रिय हो या नैसर्गिक, यह निष्क्रिय प्रतिरोधक क्षमता से अलग वर्ग में है अथवा निश्चित रूप से कृत्रिम प्रतिरोध क्षमता भी। निष्क्रिय प्रतिरोध क्षमता को किसी अन्य के शरीर की एंटीबॉडीज से लिया जाता है। मां का दूध इसका श्रेष्ठ उदाहरण है। यह कृत्रिम भी हो सकती है, जैसे कि वे एंटीबॉडीज जो विष-निरोधक जैसे आधार से आती हैं।

वैक्सीन के जगत में प्रवेश करें। एंटीबॉडीज अथवा कोविड दौर के संदर्भ में वैक्सीन का आकर्षण इतना व्यापक रहा है कि वे व्यक्ति जिन्होंने कभी भी एक गंभीर शोध पत्र नहीं लिखा होगा वे उसके विशेषज्ञ लेखक बन गए हैं। उनके युग्म उन प्रख्यात नामों के साथ हैं जो क्रेताओं को खींचने में मदद करते हैं, और जो बेचा जाता है वो छपाई बिजनेस को बल प्रदान कर रहा है। ये काफी हद तक एजेंसियों की तरह होता है, जिन्होंने बेरोजगार सूचना तकनीक सेल्समैनों को रातोरात संप्रेषण मंच स्थापित करने वाले आउटलेट खोलने का अवसर प्रदान किया। कोविड के दौर में एक मिथक जिसे नकारने की आवश्यकता है वो है कोविड के दौर में बेरोजगारी बढ़ने की बात। सच यह है कि केवल वे लोग जो डूबते हुए बिजनेसों के साथ जुड़े रहे उन्हें बेरोजगारी का शिकार होना पड़ा। यह याद करना अच्छा होगा कि जब से संगठित बिजनेस सदा के लिए यथार्थ बन गए, ऐसी बिजनेस रेखाएं हैं जो लुप्त हो गईं और कुछ बिजनेस रेखाएं और सशक्त हो गईं। इस तरह तो इस समय के बारे में कुछ भी अद्वितीय नहीं है।

यह भी भावी अनुसंधान की विषय-वस्तु बन सकती है जो काल्पनिक रूप से विद्यार्जन के नवीन केंद्र में फली-फूली है, शायद एशिया-प्रशांत द्वीप में कहीं अथवा हिमालयी राज्य में जो कि अपनी जलवायु के लिए बहुत जाना जाता है। क्या हमने शिमला की पहाड़ियों में स्वयं ही उच्चतर अध्ययनों का का लुभावना केंद्र सृजित नहीं किया जो कि भूमि के एक छोटे से टुकड़े पर स्थित है जहां कभी एक इमारत थी जिसे राष्ट्रपति निवास कहा जाता है जो कि रोमांच पैदा करता है? इस प्रकार यह प्रत्येक काल खंड की तरह, कोविड का दौर अपने खुद के मिथक एवं शब्दकोश निर्मित कर रहा है। चूंकि यह दौर अभी जारी है, हो सकता है लोगों को और शब्द जुड़ने की उम्मीद हो। वैक्सीन के द्वारा इच्छित प्रतिरोधक क्षमता पैदा होने की भविष्यवाणी के बावजूद, परिपक्व कोविड वैक्सीनों के युग का प्रारम्भ होना अभी बाकी है जिसमें पूर्ण आश्वासन पर आधारित विश्वसनीयता विद्यमान हो। कुछ ज्ञानी पाठक निस्संदेह उल्लेख करेंगे कि यूरोप के उत्तर-पश्चिम में स्थित एक द्वीप में वैक्सीन पहले ही ईजाद कर ली गई थी। हो सकता है उन पर ईश्वर की कृपा हो।

वैक्सीनों के आकर्षक नामों पर ध्यान दिए बगैर उनकी सच्चाई यही है कि कोई भी उनकी पूर्ण निश्चितता को लेकर आश्वस्त नहीं है, कि किसी दी गई वैक्सीन का प्रभाव कितने लंबे समय तक बना रहेगा। वे अभी भी 100 प्रतिशत निश्चित नहीं हैं कि किस प्रकार की बूस्टर डोज इसके लिए चाहिए। अनिश्चितताओं की सूची, समझ में आता है कि लंबी है। उनकी गणना करने से जरूरी नहीं कि लोगों की मानसिक शांति सुनिश्चित होगी जो उसके मुहैया होने की संभावना निकट आती देख रहे हैं।

उम्मीद करने में कोई बुराई नहीं है और यह मान लेना अच्छी बात है कि उम्मीदों के वसंत मानव हृदय में शाश्वत होते हैं। चाहे जो भी हो, वैक्सीन के प्रति आकर्षण उस रोग प्रतिरोधक क्षमता में निहित है जो पैदा होने की उम्मीद की जा रही है। जो व्यक्ति भाषा के विज्ञान में रुचि रखता हो आश्चर्य करेगा कि क्या प्रतिरोधक क्षमता द्वारा संप्रेषित विचारों को प्रस्तुत करने के लिए इससे बेहतर कोई और शब्द नहीं हो सकता है। यह प्रहरी तैनात करने की कल्पना को जन्म देता है। यह बचाने में मददगार है। इसमें कुछ भी गलत नहीं है।

पुन: ऊर्जावान होना जैसा शब्द कुछ ऐसी कल्पना पैदा करता है कि कोई चीज अस्तित्व के निम्न ऊर्जा स्तर से जीवित होकर आ रहा है। इसलिए पुन: ऊर्जावान होने की बात में एक केंद्रित अर्थ छिपा है। यह एक सकारात्मक अवधारणा भी है। शायद धीरे-धीरे विचारशील समुदाय कोविड नामक एक ऐसे दौर के बारे में बात करेगा जिसमें पुनर्जीवित करने की क्षमता थी। कोरोना के दौर को द्वैधतापूर्ण माना जा रहा है। एक पहलू है जहां जीवन स्वयं गंभीर व्यवधान का शिकार था। अन्य पहलू है पुन: ऊर्जावान होने की क्षमता। यह स्वयं को पुनर्जीवित कर सकता है और करेगा। सभ्यता का पुन: ऊर्जावान दौर पल्लवित होता है जहां पुरानी सभ्यताएं भी अस्त्विमान बनी रहती हैं। उम्मीद है कि यह और अधिक भव्यता के साथ चलने वाला युग होगा। शायद यह एक दुनिया है जो नजदीक आ चुकी है। इसको लाने वाली कोई चीज है तो वे हैं वैक्सीनें।

## आप की बात

### भारत-वियतनाम संबंध

**अंतरराष्ट्रीय** परिदृश्य में अपनी मजबूत स्थिति बनाने अ के लिए भारत लगातार दूसरे देशों के शीर्ष राजनेताओं के साथ वार्ता कर रहा है। हाल ही में भारत और वियतनाम के रक्षा मंत्रियों के बीच वर्चुअल माध्यम से एक द्विपक्षीय बैठक हुई। इसमें दोनों पक्षों ने आगे की बेहतर संभावनाओं के लिए एक साथ एक विजन स्टेटमेंट पर काम करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। यह भारत और वियतनाम के बढ़ते अच्छे संबंधों में वृद्धि होगी। भारत और वियतनाम के संबंध दोनों देश की स्वतंत्रता के बाद ही मित्रवत और सौहार्दपूर्ण रहे हैं। वर्तमान में दोनों ही देश रक्षा व्यापार और राजनीति क्षेत्र के साथ गई और अन्य महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय एक दूसरे का सहयोग कर रहे हैं। आसियान समूह में वियतनाम की अध्यक्षता भारत और आसियान के लिए क्षेत्रीय सुरक्षा मुद्दों पर मिलकर काम करने की प्रक्रिया को आसान बना सकती है। साथ ही साथ आर्थिक क्षेत्र में समन्वय के साथ वैश्विक स्तर पर समन्वय भारत और वियतनाम के प्रमुख लक्ष्य में एक होगा। इससे भारत को अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य में और साथ ही साथ अंतरराष्ट्रीय व्यापार से अपनी मजबूती को और बढ़ाने का मौका मिलेगा जिससे की आगे की राह भारत के लिए आसान होगी।

– **सुदर्शन सोराड़ी**, नैनीताल

### भ्रम बनाम सच

**राष्ट्रीय** राजधानी दिल्ली में हो रहे किसान प्रदर्शन को लेकर सरकार ने बातचीत से मसला हल करने को तत्पर थी। हालांकि कई दफा वार्ता होने के बावजूद कोई बात नहीं बनने पर, दोनों पक्षों ने कड़ा रुख अख्तियार किया है। सरकार ने किसान बिल को हित में बताया है वहीं किसान इसका जमकर विरोध कर रहे हैं। भ्रम ये है कि न्यूनतम विक्रय मूल्य को खत्म किया जा रहा, जबकि सरकार ने स्पष्ट किया कि जैसा पहले चल रहा था वैसे ही चलेगा। भ्रम ये है कि राज्यों कि एपीएमसी खत्म कर दी जाएगी, जबकि सच ये है कि ये राज्य का मुद्दा है और इसे भी खत्म नहीं किया जा रहा। भ्रम ये है कि किसानों की जमीन बड़े पूंजी वाले ले लेंगे, जबकि सच ये है कि जमीन नहीं बल्कि फसल की बात की गई है। भ्रम ये है कि सरकार मंडियों को खत्म करना चाह रही, जबकि सच ये है कि सरकार की ऐसी कोई मंशा है ही नहीं। सरकार ने स्पष्ट रूप से कहा है कि ये बिल किसान विरोधी नहीं बल्कि उनके आगामी भविष्य के हित में है। वहीं दूसरी ओर ये भी देखने को मिल रहा कि कनाडा और अमेरिका में कई जगहों पर किसानों के समर्थन में आवाजें उठाई जा रही। सरकार, किसानों के भ्रम को जितना जल्दी दूर करे, वो ही देश हित में होगा। – **अमन जायसवाल,** दिल्ली विश्वविद्यालय

### चीन में अनाज का संकट

**वैसे** तो चीन भारत से सीमा पर हमारे जवानों से लड़ता है, किन्तु अपने देश की भूख मिटाने के लिए अनाज पूर्ति हेतु भारत से अनाज आयात करता है। हाल ही में भारतीय व्यापारियों ने चीन से नौ करोड़ किलोग्राम चावल निर्यात पर समझौता किया है? यह पिछले तीस वर्षों में पहला अवसर है जब भारत से चीन ने इतनी बड़ी मात्रा में चावल आयात किया है, इससे पहले चीन चावल पाकिस्तान, म्यांमार, थाईलैंड, वियतनाम जैसे देशों से आयात करता था और भारत का चावल अच्छा नहीं है यह कहकर भारत से आयात नहीं करता था। ये नये बदलते और बढ़ते भारत का प्रमाण ही है कि एक तरफ तो हमारे वीर जवानों ने चीनी सैनिकों को सीमा पर मुंहतोड़ जवाब दिया है वहीं दूसरी ओर हमारे किसान भाईयों ने कम लागत पर इतनी बड़ी मात्रा में अच्छा चावल उत्पादन कर चीन को चावल खरीदने पर मजबूर किया है। वर्तमान परिस्थितियों का आंकलन करने पर यह स्पष्ट होता है कि हमारे देश के जवानों और किसानों ने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी द्वारा दिये गये नारे जय जवान जय किसान को पुन: जीवंत कर दिया।

– **अभिनव दीक्षित**, बांगरमऊ

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**पूर्वी** चंपारण के पुलिस थाने कुप्रबंधन के शिकार हैं। पुलिस अपराधियों को गिरफ्तार करने में असमर्थ बनी रहती है।

– **संजय जायसवाल**
बिहार भाजपा प्रमुख



**मैंने** इस प्रमाण के तौर पर अगले वर्ष टोक्यो ओलम्पिक तथा पैरा ओलम्पिक खेल आयोजित कराने का संकल्प व्यक्त किया है कि मानवता ने महामारी को हरा दिया है।

– **योशिहिदे सुगा**
प्रधानमंत्री जापान



**दो** राजनीतिक दलों के बीच सदैव प्रतिद्वंद्विता होती है मगर मुख्यमंत्री को व्यक्तिगत तौर पर लक्ष्य बनाकर की गई टिप्पणियां निंदनीय हैं।

– **सुगाता रॉय**
तृणमूल सांसद

## क्विक न्यूज

### ग्राम प्रधान ने बांटे बच्चों को स्वेटर

**बांगरमऊ उन्नाव।** ग्राम माढापुर स्थित प्राथमिक विद्यालय में प्रदेश सरकार की योजना के तहत ग्राम प्रधान ने छात्र छात्राओं को ठंड से निजात के लिए स्वेटर वितरित किए। स्वेटर पाकर छात्र छात्राओं के चेहरे खिल उठे। प्रदेश सरकार बेसिक शिक्षा विभाग के सभी विद्यालयों के छात्र छात्राओं को ठंड से बचाव हेतु ऊनी स्वेटर प्रधान कर रही है। इसी सरकारी योजना के तहत आज ग्राम प्रधान रामसेवक ने 166 छात्र छात्राओं को स्वेटर आवंटित किए। स्वेटर पाकर छात्र-छात्राएं चहक उठे।

### पत्रकार को पितृ शोक

**बांगरमऊ उन्नाव।** कस्बा गंज मुरादाबाद निवासी दैनिक जागरण अखबार के प्रतिनिधि विनीत कुमार शुक्ला के पिता ब्लाक कार्यालय से सेवानिवृत्त लेखाकार सुरेंद्र नाथ शुक्ला का आज उनके आवास पर आकस्मिक निधन हो गया वह 77 वर्ष के थे। नगर के हरदोई उन्नाव रोड स्थित एक निजी विद्यालय में शोक सभा हुई। शोक सभा में पत्रकार रामसेवक यादव, सतीश बाजपेयी, जमीर खान, विपिन तिवारी, विमल अग्निहोत्री, एहराज खान आदि ने दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

### बीएसए ने वितरित किए स्वेटर

**फतेहपुर चौरासी उन्नाव।** क्षेत्र के साहपुर खुर्द गांव में स्थित प्राथमिक विद्यालय में नामांकित बच्चों को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रदीप कुमार पाण्डेय ने स्वेटर वितरित किया। यहाँ स्वेटर वितरण के दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने अभिभावकों से अपील की कोरोना जैसी महामारी से पूरा देश जूझ रहा है, ऐसे में बच्चों के पढ़ाई की जो ब्यवस्था की गई है उसमें आप सभी लोग सहयोग करें। खण्ड शिक्षा अधिकारी शैलेंद्र कुमार वर्मा ने विभिन्न मोबाइल ऐप्स की जानकारी देते हुए बताया कि इनके माध्यम से बच्चे बेहतर सीख सकते हैं। उक्त विद्यालय में स्वेटर वितरण कार्यक्रम में कोविड नियमों का बखूबी पालन भी किया गया। बच्चे भी स्वेटर पाकर खुश हो गए। इस दौरान कुलदीप विमल सहित विद्यालय के शिक्षक अभिषेक पटेल, राजकुमार आदि सहित समस्त विद्यालय परिवार एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

### समारोह से लौट रही महिला को बाइक ने टक्कर मारी, मौत

**मौरावां, उन्नाव।** स्थानीय थाना क्षेत्र के गांव मटरूवन खेडा निवासी सियावती (44) पत्नी सियाराम रविवार रात गांव के मागलिक कार्यक्रम से होकर पैदल घर लौट रही थी। तभी हिलौली मवई रोड पर एक तेज रफ्तार बाइक ने पीछे से टक्कर मार दी।जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय निवासियों ने दौडकर बाइक सवार को पकड लिया और घायल के परिजनों को सूचना दी। परिजन घायल को लेकर लखनऊ जा रहे थे तभी रास्ते मे उसकी मौत हो गई। घटना से परिवार मे कोहराम मच गया। मृतका के पुत्र पुत्रियो मे मोनी, सोनी, गोल्डी, सोनम, नीरज, सूरज का रो रो कर बुरा हाल रहा। पुलिस ने बाइक सवार संतोष पुत्र रामप्रकाश निवासी पटकन खेडा को हिरासत मे लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### सपा ने किसानों के समर्थन में सौंपा एसीएम को ज्ञापन

**वाराणसी।** वाराणसी के कचहरी मुख्यालय पर प्रगतिशील समाजवादी पार्टी लोहिया के महानगर अध्यक्ष इस्माइल खान गुड्डू के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ताओं संग मुख्यालय ना जाकर कचहरी पुलिस चौकी पर किसानों को समर्थन के लिए अपना ज्ञापन एसीएम 4 को दिया वही महानगर अध्यक्ष ने बताया कि दिल्ली के सिंधु बॉर्डर पर लाखों किसानों के द्वारा धरना प्रदर्शन अपनी मांगों को लेकर 10 दिन से किया जा रहा है आज हम लोग दर्जनों कार्यकर्ता संघ मुख्यालय जा ही रहे थे तभी प्रशासन के द्वारा रोककर कचहरी पुलिस चौकी पर प्रशासन के द्वारा ज्ञापन सौंपा गया। किसानों के समर्थन में मुख्य रूप से ईश्वर चंद्र पटेल इरफान अर्पित चौरसिया नवाज आलम श्रीप्रकाश यादव सरदार बलवंत सिंह सैयद असद मोहम्मद रफी वसीम अब्बास हाजी एजाजुद्दीन हाशमी सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

# विपक्ष भारत बंद करने के बजाए बन्द करे गंदी राजनीतिः गणेश

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**भाजपा कीडगंज** मंडल द्वारा आयोजित मतदाता पुनरीक्षण हेतु कार्यकर्ताओं की रामबाग में हुई बैठक में विपक्ष के द्वारा भारत बंद को लेकर भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी ने अपनी प्रतिक्रिया दी। कांग्रेसी और उनके सहयोगी राजनीतिक दलों की भर्त्सना करते हुए भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी ने कहा देश के सच्चे प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी ने देश के किसानों के लिए उनकी आमदनी को दोगुना करने के लिए एक अभूतपूर्व परिवर्तन किया है निश्चित रूप से यह कृषि बिल देश के अन्नदाताओं को एक व्यापक अवसर उपलब्ध कराने वाला है।।आजादी के लगभग 70 वर्षों के बाद भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने उनके साथ न्याय किया है। कांग्रेस और अन्य राजनीतिक दलों ने गरीब किसान के नाम पर गरीबों और किसानों के साथ जो शोषण किया है अन्याय किया है वह सर्वविदित है भारत का किसान यह सब जानता है। नरेंद्र मोदी की लगातार



डिप्टी सीएम का स्वागत करते भाजपाई

गुणात्मक परिवर्तन वाली सरकार ने जो भारत के भविष्य को बेहतर बनाने के लिए हर क्षेत्र में जो अभूतपूर्व कार्य किया है। जिससे कांग्रेस सहित अन्य राजनीतिक दलों की दुकानें बंद हो गई है। वह राजनीतिक दल हमारे अन्य दाताओं को बरगला कर उनके अंदर भ्रम पैदा कर राजनीतिक रोटियां सेकना चाहते हैं। भारत का किसान जिसे हिंदुस्तान की जनता और भारतीय जनता पार्टी अन्नदाता मानती है। भारतीय जनता पार्टी और नरेंद्र मोदी के रहते हमारी दुकानें चलने वाली नहीं हैं। इसलिए वह देश के अंदर अराजकता पैदा करना चाहते हैं। भारतीय जनता पार्टी किसानों से करती है कि राजनीतिक दलों के बहकावे में न आए। देश के अंदर अव्यवस्था पैदा करने के लिए देश की जनता कांग्रेस और उसके सहयोगी राजनीतिक दलों को कभी माफ नहीं करेगी और आगे कहा कि नरेंद्र मोदी की सरकार ने किसानों के हित में अनेक फैसले लिए हैं। किसान सम्मान निधि योजनाएयूरिया संकट समाप्त कर देना गांव में 24 घंटा बिजली देना किसान बीमा फसल योजना सिंचाई के लिए हर नहर में पानी की व्यवस्था करना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि बूथ स्तर पर डोर टू डोर जाकर नए मतदाता बनाने का कार्य करते हुए पार्टी के द्वारा जो लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

बैठक में राजेश केसरवानी वरुण केसरवानी विवेक अग्रवाल मनोज मिश्रा आभा द्विवेदी रेखा यादव शैलेंद्र द्विवेदी नरेंद्र जायसवाल मुकेश लारा हिमालय सोनकर रामनाथ दुबे प्रमोद पांडे शंभू नाथ सिंह आदि कीडगंज मंडल के कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

### उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मोर्य का किया गया स्वागत एवं अभिनंदन

**प्रयागराज।** भाजपा नेता कुमार नारायण के आवास पर पहुंचे उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मोर्य को राधे कृष्ण की प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विधायक हर्षवर्धन बाजपेई पूर्व विधायक दीपक पटेल अवधेश चंद्र गुप्ता भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी पार्षद मनोज कुशवाहा अरुण अग्रवाल वरुण केसरवानी उपस्थित रहे। स्वागत एवं अभिनंदन करने वालों में कुमार नारायण राजेश केसरवानी किशोरी लाल जायसवाल संतोष अग्रहरी आयुष श्रीवास्तव नीरज केसरवानी अजय अग्रहरी रितेश केसरवानी बबलू केसरवानी एवं मुट्ठीगंज मंडल के सभी कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

# क्षेत्रीय विधायक व ब्लॉक प्रमुख ने किया विकास कार्यों का लोकापर्ण



**नबाबगंज, उन्नाव।** क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायतों में ग्राम पंचायत विकास निधि द्वारा कराए गए विकास कार्यों का क्षेत्रीय विधायक मोहन बृजेश कुमार रावत एवं ब्लॉक प्रमुख अरुण सिंह के द्वारा लोकार्पण किया गया ।

विधायक व प्रमुख नवाबगंज के द्वारा ग्राम पंचायतों में कराए गए कार्य सीसी रोड निर्माण कार्य, खड़ंजा निर्माण कार्य एवं शासन की महत्वपूर्ण योजना गरीब कल्याण रोजगार अभियान के अंतर्गत बनाए जा रहे। सार्वजनिक शौचालय, पंचायत घर सामुदायिक भवन, सिकंदरपुर गौशाला, सामुदायिक भवन का लोकार्पण कर जनता को समर्पित किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम में राजेंद्र द्विवेदी जी ,मंडल अध्यक्ष भाजपा, प्रधान निबहरी कल्याणपुर अभेन्द्र प्रताप सिंह प्रधान सेवरा आसिफ राजा, प्रधान सधीरा अवधेश प्रताप सिंह एवं वर्णित ग्राम पंचायतों के श्रवण तिवारी ग्राम प्रधान गण, क्षेत्र पंचायत सदस्य गण, ग्राम पंचायत सदस्य ,ग्राम वासी एवं बड़ी संख्या में तथा ग्राम पंचायत सचिव रंजीत सिंह एवं राजीव दीक्षित व एडीओ पंचायत प्रभारी उपस्थित रहे।

# समाज में कोई भी व्यक्ति बगैर गुण के नहीं: कुलपति

- मुविवि ने बारी गांव में किया दिव्यांग सशक्तिकरण एवं योग प्रशिक्षण का आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज



**उत्तर प्रदेश** राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के शिक्षा विद्या शाखा द्वारा गोद लिए गए गांव बारी विकास खंड सोरांव में सोमवार को दिव्यांग सशक्तिकरण एवं योग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्रामीणों को वर्चुअल मोड से संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफ़ेसर कामेश्वर नाथ सिंह ने कहा कि समाज में हमें सभी व्यक्तियों का सम्मान करना चाहिए। जैसे प्रकृति में कोई भी पौधा बिना गुण के नहीं होता उसी प्रकार समाज में कोई भी व्यक्ति बिना गुण के नहीं होता। हमें समाज में दिव्यांग व्यक्तियों का सम्मान करना चाहिए एवं समाज एवं राष्ट्र में उनकी भूमिका सुनिश्चित करने के लिए तत्पर सहयोग करना चाहिए। प्रोफेसर सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के सपने का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए कहा कि उसमें दिव्यांगजन भी अपनी क्षमता का उपयोग करते हुए महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकते हैं। इसके लिए दिव्यांग जनों को संतुलित एवं समावेशी सहयोग प्रदान किया जाए।प्रोफेसर सिंह ने कहा कि महात्मा गांधी कहा करते थे कि देश की आत्मा गांवों में बसती है। इसलिए गांव के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान देना चाहिए। समारोह में उपस्थित विशिष्ट अतिथि जिला दिव्यांग सशक्तिकरण अधिकारी प्रयागराज नंद किशोर याज्ञिक ने समुदाय आधारित पुनर्वास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि दिव्यांग जनों के कल्याण हेतु सरकार पूरी तरह से तत्पर है एवं विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उन्हें सशक्त करने हेतु जागरूक हैं। उन्होंने कहा कि यदि समाज का प्रत्येक व्यक्ति जागरूक हो जाए तो समाज में विद्यमान दिव्यांग जन इन योजनाओं के माध्यम से अपना व अपने परिवार का एवं समाज का विकास कर सकते हैं। बारी गांव में आयोजित समुदाय आधारित कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे शिक्षा विद्या शाखा के प्रभारी निदेशक प्रोफेसर पी के पांडेय ने कहा कि समाज में जो दिव्यांग व्यक्ति है उसमें विद्यमान क्षमता का उपयोग करना अति आवश्यक है क्योंकि जागरूकता के अभाव में उनके अंदर विद्यमान क्षमता का उपयोग नहीं हो पाता जिससे उनकी क्षमता बिना किसी उपयोग के समाप्त हो जाती है। इस अवसर पर योग प्रशिक्षक अमित सिंह ने ग्राम वासियों एवं विद्यार्थियों के समक्ष योगाभ्यास के माध्यम से उन्हें संतुलित जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। जो उनके मन और स्वास्थ्य के लिए लाभकारी रहे। शिक्षा विद्या शाखा के प्रभारी प्रोफेसर पी के पांडेय ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए गांव बारी में ग्रामीणों को जागरूक करने का अभियान आगे भी चलता रहेगा। उन्होंने बताया कि बारी गांव के दिव्यांगों को विभिन्न प्रकार की सहायता उपलब्ध कराने के लिए विश्वविद्यालय निरंतर प्रयासरत है। इस अवसर पर डा दिनेश सिंह डॉक्टर नीता मिश्रा राजमणि पाल परविंद कुमार वर्मा माध्यमिक विद्यालय बारी की प्रधानाध्यापिका शिक्षक शिक्षिकाएं कर्मचारी एवं बीएड विशिष्ट शिक्षा के शिक्षार्थी ग्रामवासी तथा दिव्यांगजन उपस्थित थे।

### राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में प्रवेश तिथि 15 तक बढ़ी

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज में प्रवेश सत्र जुलाई 2020 21 के प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ाकर 15 दिसंबर 2020 कर दी गई है। यह जानकारी देते हुए प्रवेश प्रभारी डा ज्ञान प्रकाश यादव ने बताया कि वैश्विक महामारी कोविड 19 की वजह से उत्पन्न असाधारण परिस्थितियों के कारण प्रदेश के विभिन्न अध्ययन केंद्रों पर छात्रों द्वारा अभी तक प्रवेश न ले पाने के कारण एक बार प्रवेश तिथि को और आगे बढ़ाया गया है। प्रदेश के सभी क्षेत्रीय केंद्रों से संबद्ध अध्ययन केंद्रों पर अब 15 दिसंबर तक प्रवेश की सुविधा प्रदान की जाएगी। विभिन्न अध्ययन केंद्र समन्वयक एवं छात्रों की मांग पर कार्यक्रमों में प्रवेश सुविधा का लाभ देने के लिए कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में लचीला रुख अपनाते हुए प्रवेश तिथि बढ़ाने का निर्णय लिया गया। मीडिया प्रभारी डा प्रभात चंद्र मिश्र ने बताया कि प्रदेश के प्रयागराज अयोध्या लखनऊ बरेली आगरा मेरठ कानपुर वाराणसी झांसी नोएडा आजमगढ़ तथा गोरखपुर आदि क्षेत्रीय केंद्रों से संबद्ध ग्यारह सौ अधिक अध्ययन केंद्रों पर विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रमों के प्रथम द्वितीय तृतीय वर्ष में 15 दिसंबर तक प्रवेशार्थी ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत प्रवेश प्राप्त कर सकेंगे। ऐसे शिक्षार्थी जिन्होंने अभी तक द्वितीय एवं तृतीय वर्ष में प्रवेश नहीं लिया है। वह भी बिना परीक्षा फल का इंतजार किए अपना प्रवेश सुनिश्चित करा सकते हैं। प्रवेश के इच्छुक छात्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट व वेब लिंक पर पंजीकरण कराते हुए प्रवेश हेतु चयनित अध्ययन केंद्र के माध्यम से अपना प्रवेश अंतिम रूप से सुनिश्चित कर लें।

# ब्राह्मण चेतना परिषद के प्रतिनिधि मंडल ने कमिशनर से मिलकर पत्रक सौंपा

**वाराणसी।** ब्राह्मण चेतना परिषद वाराणसी का एक प्रतिनिधिमंडल आदरणीय प्रजाना शर्मा के नेतृत्व में मंडला युक्त वाराणसी मण्डल, वाराणसी से मिलकर राज्यपाल महोदय को संबोधित पत्रक देने के लिए पहुंचा लेकिन मंडलायुक्त महोदय स्नातक चुनाव व में पर्यवेक्षक बनकर आए आईएएस अजय सिंह की आकस्मिक निधन हो जाने के कारण मंडलायुक्त समेत सभी अधिकारी व्यस्त थे तदोपरांत मंडलायुक्त ब के निजी सचिव को पत्रक सौंपा गया।

प्रजा नाथ शर्मा ने कहा विगत दिनों जिस प्रकार मिर्जापुर के लालगंज थाना स्थित बामी गांव में तीन ब्राह्मण बच्चों की हृदय विदारक नृशंस हत्या उनकी आँख निकालकर की गयीएअत्यंत हृदय को झकझोर देने वाली घटना घटित हुई है।

ऊप्र में लगातार जबसे बीजेपी की योगी सरकार पदारूढ़ हुई है ब्राह्मणों पर अत्याचार, उत्पीड़न व हत्या की घटनाओं में वृद्धि हुई है अब तो ऊप्रमें बच्चे व महिलाएँ भी सुरक्षित नहीं रह गई हैं। महामहिम राज्यपाल जी से आग्रह करते हुए कहा गया है कि उत्तर प्रदेश में लगातार अपराधियों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं और अपराध चरम पर है इसलिए शीघ्र ब्राह्मणों की हत्याओं पर अंकुश लगाया जाए और मिर्जापुर की इस नृशंस हत्या की तत्काल उच्चस्तरीय न्यायिक जांच करा कर दोषियों तो को कठोर सज़ा दी जाए। प्रतिनिधिमंडल में प्रजाना शर्मा, सचिन मिश्रा, एडवोकेट अनिल पाठक, एडवोकेट विनोद शुक्ला, एडवोकेट बबलू शुक्ला, हरीश मिश्रा, धीरज शुक्ला, सचिन मिश्रा, नारायण शुक्ला, ओम शुक्ला, विजय उपाध्याय, राजकुमार आदि लोग उपस्थित थे।

# विभागीय निर्देशों के बावजूद स्कूल नहीं पहुंच रहे शिक्षक

- निर्धारित समय के पूर्व ही स्कूलों में लटक जाता है ताला, कहीं बिना जाए ही कागजों में चल रही उपस्थिति

**फतेहपुर चौरासी, उन्नाव।** परिषदीय शिक्षा व्यवस्था के बेहतरीकरण पर सरकार भले ही करोड़ों रुपये खर्च कर रही है। किंतु जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते बेपटरी व्यवस्था सुधरने का नाम नहीं ले रही। कहीं निरंकुश शिक्षक समय से स्कूल नहीं पहुंच रहे तो कहीं स्कूल में निर्धारित समय से पहले ही ताला लटकता दिख रहा है। शिक्षकों की मनमानी विभागीय निर्देशों पर भारी पड़ रही है।

हकीकत को परखने के लिए सोमवार को पायनियर टीम आंखों देखी करने उच्च कन्या एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय उद्साह पहुंची। यहां अपराह्न दो बजे ही प्रधानाध्यापक समेत सभी शिक्षक स्कूल में ताला लगाकर रवाना हो गए थे। प्राथमिक विद्यालय दुर्गाखेड़ा भी बंद मिला। आसपास मौजूद ग्रामिणों ने बताया कि शिक्षक स्कूल को अपराह्न दो बजे ही बन्द करके चले जाते हैं। बता दें कि कन्या प्राथमिक विद्यालय के अध्यापक कयामुद्दीन प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष भी हैं। जो खुद आज दो बजे के बाद पूरे विद्यालय स्टाप के सहित नदारद थे। कुछ ऐसे ही हालात प्राथमिक विद्यालय टिल्हन बाजार में भी देखने को मिले। ग्रामीणों नें बताया कि प्रधानाध्यापक एक सप्ताह में कुछ दिन ही आते हैं। बाकी दिन अपने व्यवसाय में लगे रहते हैं। जबकि सभी शिक्षकों को 9 बजे विद्यालय पहुंचनें तथा 3 बजे तक स्कूल में रहने के बाद बन्द करने का सख्त निर्देश है। बावजूद इसके शिक्षक मन मुताबिक स्कूलों को पहुंच रहे हैं। यहीं नहीं बहुतायत विद्यालयों में स्टाप की मिलीभगत से हफ्ते में कई दिनों तक गोला मार रहे हैं। सूत्रों की माने तो यह पूरा खेल प्रधान शिक्षक व बीईओ की साठ गांठ से संचालित हो रहा है।

# सपा कार्यकर्ताओं को पुलिस ने नजरबंद कर किया गिरफ्तार

**संवाददाता।** उन्नाव

**दिल्ली** सीमा पर कई दिनों से आन्दोलित किसानों के समर्थन में सपा की घोषित किसान यात्रा को असफल बनाने के लिए कमर कसे प्रदेश सरकार ने जिले में भारी संख्या में सपाइयों को घरों व आन्दोलन करते गिरफ्तार कर पूरे दिन पुलिस लाइन व विभिन्न थानों में नजर बन्द रखा।



गौरतलब हो कि केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा कृषि सुधारों के नाम पर लागू नये कृषि बिल को ब्यापारियों व पूंजीपतियों के लिए लाभकारी और किसानों के लिए अहितकारी बता पंजाब और हरियाणा के किसान गत कई दिनों से आंदोलित है। जिन्हे पूरे देश के किसान संगठनों का समर्थन है और दिल्ली कूच की घोषणा कर दिल्ली बार्डर पर दिल्ली जाने के लिए धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। जिनके समर्थन में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सात दिसंबर से पूरे प्रदेश के हर जनपद में किसान यात्राएं निकालने की घोषणा की थी जिन्हें असफल बनाने के लिए कमर कसे प्रदेश सरकार ने बीती शाम से ही सपाइयों की गिरफ्तारी शुरू कर दी थी जो आज पूरे दिन चलती रही और जिला मुख्यालय से लेकर हर थाना क्षेत्र के सपाइयों को घरों में या यात्रा करते समय गिरफ्तार कर लिया गया। किसानों के सम्मान में सपाई मैदान में का नारा देकर किसान यात्रा पर निकले सपाइयों की प्रशासन ने घरों के बाहर ही निकलते गिरफ्तारियां शुरू कर दी। पुर्व मंत्री सुधीर कुमार रावत को घर से बाहर ही निकलते सहयोगियों के साथ गिरफ्तार कर लिया गया जबकि जिला अध्यक्ष धर्मेन्द्र यादव को अचलगंज के लोहचा के पास से सहयोगियों सहित गिरफ्तार कर लिया गया। जबकि नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रशान्त कटियार को कैम्प कार्यालय के बाहर गिरफ्तार किया गया। इसी क्रम में शुजाउर्रहमान सफ्वी, सोनी सिंह परिहार, जितेंद्र कुशवाहा आदि आधा सैकड़ा सपाइयों को गिरफ्तार कर जिला मुख्यालय पर पुलिस लाइन में नजर बन्द रखा गया। जिनमे विधानसभा अध्यक्ष टिंकू यादव, जिला उपाध्यक्ष अनवर सिद्दीकी, महासचिव अशोक सिंह गुड्डू, संदीप यादव जिला उपाध्यक्ष लोहिया वाहिनी, धीरेंद्र ब्रह्मचारी पूर्व ब्लाक प्रमुख हसनगंज, दीपक यादव देवा पूर्व जिला अध्यक्ष यूथ बिग्रेड, मुन्ना भाई विधानसभा अध्यक्ष अल्पसंख्यक, संतराम यादव कोषाध्यक्ष, हरिहर चौरसिया सभासद न्योतनी, रतीभान यादव उपाध्यक्ष जीतेंद्र कुमार नगर अध्यक्ष औरास, सुरेश यादव, राहुल यादव, गोलू को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

### किसान यात्रा न रूकी है, और न ही रूकेगीः जिलाध्यक्ष

**उन्नाव।** पुलिस लाइन में नजर बन्द पूर्व मंत्री सुधीर कुमार रावत ने कहा कि प्रदेश सरकार किसान यात्रा से घबडा गई है और सपाइयों और किसानों के आंदोलन को अलोकतांत्रिक तरीके से कुचलना चाहती है जबकि जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र यादव ने कहा कि कि हमारी किसान यात्रा न रुकी है न रुकेगी वगैर डरे हमारा किसान समर्थन में आन्दोलन जारी रहेगा। प्रशान्त कटियार ने कहा कि आज देश का अन्नदाता अपने हकों के लिए संघर्षरत है और हमारा संघर्ष किसानों के हित में जारी रहेगा

### किसान साइकिल यात्रा के निकलने से पहले ही चार सपा नेता गिरफ्तार, दो नजरबंद

**बांगरमऊ उन्नाव।** नए कृषि कानून के विरोध में सपा के समर्थन से निकलने वाली किसान साइकिल यात्रा को विफल करने के लिए पुलिस ने आज रात में ही चार सपा नेताओं को गिरफ्तार कर लिया और पूर्व सपा विधायक बदलू खान व शहंशाह खान को उनके घरों पर ही नजरबंद कर दिया। पार्टी कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी की खबर पाकर दोपहर सपा के वरिष्ठ नेता शशांक शेखर शुक्ला दर्जनों कार्यकर्ताओं के साथ कोतवाली जा धमके और परिसर में ही डेरा जमा दिया। उन्होंने कहा कि देश का भरण पोषण करने वाले अन्नदाता के हितों पर डाका डालने वाली भाजपा सरकार किसानों का आंदोलन कुचलने की कोशिश कर रही है। जिसमें वह कतई सफल नहीं होगी और किसान विरोधी भाजपा सरकार को 2022 में सत्ता से हटना ही होगा।

# सत्ता पक्ष के विधायक के भाई को पुलिस ने पीटा

**पायनियर समाचार सेवा।** गोरखपुर

**पिपराइच** विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी के विधायक महेंद्र पाल सिंह के भाई रमाशंकर सिंह ने आज आरोप लगाया है कि उनको शाहपुर थाने की पुलिस ने थाने में ले जाकर जमकर पीटा। इस घटना से आक्रोशित भारतीय जनता पार्टी के विधायक और बीजेपी के सभी पदाधिकारी एसएसपी से मिलने उनके आवास पहुंचे। बताया जा रहा है कि शाहपुर थाना क्षेत्र के एच.एन.सिंह चौराहे पर विधायक के भाई अपनी गाड़ी से जा रहे थे तभी एक बाइक से उनकी टक्कर हो गई। इसके बाद दोनों में विवाद होने लगा। बाइक सवार ने शाहपुर थाने से एक दरोगा को बुला लिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने विधायक के भाई के साथ मार पीट की और उन्हें थाने ले गई। विधायक महेंद्र सिंह के भाई रमाशंकर सिंह का आरोप है कि उन्होंने थाने में अपना परिचय भी बताया और विधायक से बात भी कराई। इसके बावजूद पुलिस ने उनको और उनके समर्थकों को थाने के अंदर पीटा। इस बात की सूचना जब विधायक महेंद्र पाल सिंह और उनके दूसरे साथियों को हुई तो सभी मौके पर पहुंचे। घटना से आक्रोशित बीजेपी के सभी बड़े पदाधिकारी एसएसपी जोगिंदर कुमार से मिलने उनके आवास पर पहुंचे। जहां पर एसएसपी ने लगभग 1 घंटे तक उनसे इस घटना के बारे में बातचीत की और कार्यवाई का आश्वासन दिया।

# अधिकारी परिवार ममता की रैली में नहीं हुआ शामिल

**भाषा।** मेदिनीपुर (पश्चिम बंगाल)

**तृणमूल** कांग्रेस के बागी नेता शुभेंदु अधिकारी के अगले कदम को लेकर जारी कयासबाजी के बीच राजनीतिक रूप से प्रभावशाली उनका परिवार सोमवार को उनके गढ़ में आयोजित मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की रैली में शामिल नहीं हुआ। इसके बाद मुख्यमंत्री ने भाजपा पर आरोप लगाया कि वह धन के थैले का इस्तेमाल कर उनकी पार्टी को तोड़ने का प्रयास कर रही है। अधिकारी ने हाल में मंत्री का पद छोड़ दिया था और कहा था कि टीएमसी नेतृत्व के साथ काम करना उनके लिए कठिन है। बनर्जी की तरफ से नियुक्त वार्ताकारों ने अधिकारी से कई दौर की वार्ता की, लेकिन वह नहीं माने। न केवल शुभेंदु बल्कि पूरा अधिकारी परिवार उनके पिता शिशिर

**● मुख्यमंत्री ने इसे टीएमसी को तोड़ने का प्रयास बताया**

अधिकारी और भाई दिब्एंदु तथा सोमेंदु भी रैली में नहीं पहुंचे। शिशिर और दिब्एंदु अधिकारी क्रमश: तामलुक और कांठी लोकसभा क्षेत्रों से टीएमसी के सांसद हैं और सोमेंदु अधिकारी पूर्वी मेदिनीपुर से विधायक हैं। उनके समर्थक भी रैली से दूर ही रहे। बनर्जी ने रैली में कहा, तृणमूल कांग्रेस के पश्चिम मेदिनीपुर के सभी विधायक आज यहां मौजूद हैं। टीएमसी नेताओं के बारे में झूठ फैलाने वाले लोगों से मैं कहना चाहती हूं कि हमारी पार्टी सबसे अधिक ईमानदार है। हम भाजपा की तरह नहीं हैं, जो



विपक्षी दलों के शासन वाले राज्यों में धन के थैले का इस्तेमाल कर वहां की सरकार गिराती है और विपक्षी दलों को तोड़ने का प्रयास कर रही है। बनर्जी ने किसी का नाम लिए बगैर कहा कि तृणमूल कांग्रेस को तोड़ना आसान नहीं है और यह भगवा दल के समक्ष आत्मसमर्पण नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि चुनावों से पहले अपनी पार्टी के साथ ब्लैकमेल करने और मोलभाव करने के प्रयासों को भी वह सफल नहीं होने देंगी। उन्होंने आरोप लगाए, जो लोग भ्रष्ट हैं वे भाजपा में शामिल हो रहे हैं। माकपा के गुंडों ने अब पाला बदल लिया है और भाजपा के कैडर के तौर पर काम कर रहे हैं। बनर्जी ने हाल में पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल लोगों को कड़ी चेतावनी दी थी और विपक्ष के साथ संपर्क में रहने वाले टीएमसी के नेताओं से कहा था कि सत्तारूढ़ दल को कमजोर करने के बजाए वे इसे छोड़ दें। मेदिनीपुर कॉलेज मैदान में यह रैली ऐसे समय में हुई है जब टीएमसी और शुभेंदु अधिकारी के बीच खाई चौड़ी हो गई है। अधिकारी ने पिछले हफ्ते पश्चिम मेदिनीपुर जिले के गारबेटा में टीएमसी के बैनर और झंडों के बगैर रैली का आयोजन किया था।



तेजपुर में सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के अवसर पर 1962 में हुए युद्ध की याद में बनाए गए स्थल पर शहीदों को श्रद्धांजलि देते सेना के जवान पायनियर

## भालू के हमले में दो महिलाओं समेत चार ग्रामीणों की मौत

**भाषा।** कोरबा

**छत्तीसगढ़** के कोरिया जिले में मादा भालू के हमले में दो महिलाओं समेत चार ग्रामीणों की मौत हो गई तथा तीन अन्य ग्रामीण घायल हो गए हैं। कोरिया जिले के वन विभाग के अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि भालू द्वारा हमले की घटना जिले के देवगढ़ वन परिक्षेत्र के अंतर्गत अंगवाही गांव के जंगल में रविवार शाम को हुई।

अधिकारियों ने बताया कि अंगवाही गांव के ग्रामीण जंगल में र्हा बीज एकत्र करने गए थे। शाम करीब पांच बजे जब ग्रामीण घर वापस लौट रहे थे तब अचानक मादा भालू ने उन पर हमला कर दिया। इस हमले में चार ग्रामीणों की मौत हो गई तथा तीन ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद घटनास्थल के लिए वन विभाग के दल को रवाना किया गया। बाद में दल ने घायलों को जिला अस्पताल बैकुंठपुर भेजा। कोरिया जिले के पुलिस अधीक्षक चंद्रमोहन सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद वह और जिले के कलेक्टर घटनास्थल पहुंचे थे। सिंह ने बताया कि हमला करने के बाद मादा भालू मृतकों के करीब ही बैठ गई थी। जिससे बचाव कार्य शुरू करने में देरी हुई। वहीं हमले के दौरान एक ग्रामीण पेड़ पर चढ़ गया था। उसे जेसीबी मशीन की मदद से पेड़ से नीचे उतारा गया। उन्होंने बताया कि बाद में जब भालू जंगल के भीतर चली गई तब शवों को देर रात करीब एक बजे वहां से निकाला गया तथा पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि वन विभाग भालू पर नजर रखे हुए है। उन्होंने बताया कि मादा भालू अपने बच्चों के साथ है।

## अभिनेत्री से नेता बनीं विजयाशांति पुनः भाजपा में शामिल

**नई दिल्ली।** अभिनेता से नेता बनीं विजयाशांति सोमवार को एक बार फिर भाजपा में शामिल हो गईं। उन्होंने 1990 के दशक में अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत भाजपा से ही की थी और बाद में अन्य पार्टियों से जुड़ गई थीं। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सिर्फ भाजपा ही तेलंगाना के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा कर सकती है। विजयाशांति 80 और 90 के दशक में तेलुगू फिल्मों की सफल अभिनेत्री थीं। उन्होंने हिंदी की भी कई फिल्मों में अभिनय किया है। विजयाशांति ने इससे पहले गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी। वह यहां पार्टी मुख्यालय में महासचिव अरुण सिंह, केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी और तेलंगाना इकाई के अध्यक्ष बांदी संजय कुमार की मौजूदगी में भाजपा में शामिल हुईं। विजयाशांति भाजपा छोड़ने के बाद वह टीआरएस और कांग्रेस में शामिल हो गई थीं। 54 वर्षीय विजयाशांति संसद सदस्य भी रह चुकी हैं।

## लव जिहाद के खिलाफ अगले सत्र में विधेयक लाया जाएगा : आर. अशोक

**भाषा।** बेंगलुरु

**कर्नाटक** के राजस्व मंत्री आर अशोक ने सोमवार को कहा कि राज्य विधानसभा के जारी शीतकालीन सत्र में गोहत्या के खिलाफ विधेयक पेश किया जाएगा, जबकि लव जिहाद के खिलाफ विधेयक अगले सत्र में लाया जाएगा। अशोका ने कहा, इस सत्र में गोहत्या विरोधी विधेयक पारित करने का फैसला सरकार के स्तर पर किया गया है। उन्होंने कहा, किसान गाय को भगवान की तरह पूजते हैं... भारतीय संस्कृति में गाय का विशेष स्थान है। गायों की हत्या रोकने के लिए हम कर्नाटक में यह कानून ला रहे हैं। अशोक ने यहां संवाददाताओं से कहा कि इस बात की गारंटी है कि गोहत्या के खिलाफ विधेयक शत-प्रतिशत पेश किया जाएगा। उन्होंने

**● इस सत्र में गोहत्या विरोधी विधेयक पारित करने का फैसला सरकार के स्तर पर किया गया है : राजस्व मंत्री**

कहा, इस सत्र में लव जिहाद पर कोई विधेयक पेश नहीं किया जाएगा। हम अगले सत्र में लव जिहाद को मिटा देंगे। पशुपालन मंत्री प्रभु चव्हाण के नेतृत्व में अधिकारियों के एक दल ने हाल में उत्तर प्रदेश और गुजरात का हाल में दौरा किया था, जहां गोहत्या विरोधी कानून लागू किया गया है, ताकि विधेयक को मजबूत किया जा सके और कानून के क्रियान्वयन का अध्ययन किया जा सके।

कर्नाटक के गृह मंत्री बसवराज बोम्मई ने बृहस्पतिवार को कहा था कि राज्य में लव जिहाद के खिलाफ कानून लागू किया जाएगा और अधिकारियों को इस सिलसिले में उत्तर प्रदेश में जारी अध्यादेश के बारे में जानकारी जुटाने का निर्देश दिया गया है। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश ने जबरन या फर्जी धर्मांतरण के खिलाफ हाल ही में एक अध्यादेश जारी किया है, जो 10 साल तक की कैद की सजा और 50,000 रुपए तक के जुर्माने का प्रावधान करता है। लव जिहाद शब्द का इस्तेमाल दक्षिण पंथी कार्यकर्ता उन घटनाओं के लिए करते हैं, जिसके तहत प्रेम संबंध के बहाने हिंदू लड़की का इस्लाम में धर्मांतरण करा दिया जाता है।

## क्विक न्यूज

### सुशील कुमार मोदी राज्यसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित घोषित

**पटना।** बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता सुशील कुमार मोदी को पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं लोजपा संस्थापक रामविलास पासवान के निधन के कारण रिक्त हुई राज्यसभा सीट के उपचुनाव में नामांकन पत्र वापस लेने की अंतिम तिथि पर उच्च सदन के लिए सोमवार को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। सुशील को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री तार किशोर प्रसाद और रेणु देवी तथा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष संजय जायसवाल सहित कई अन्य लोगों की मौजूदगी में प्रमाणपत्र सौंपा गया। सुशील के अलावा, केवल एक निर्दलीय उम्मीदवार श्याम नंदन प्रसाद ने नामांकन पत्र दाखिल किया था। इसे जांच के दौरान खारिज कर दिया गया था क्योंकि नियम के तहत 243 सदस्ईय बिहार विधानसभा के कम से कम 10 सदस्यों द्वारा नामांकन के समर्थन में प्रस्ताव किया जाना अनिवार्य था। प्रसाद ने अपने प्रस्तावकों की सूची नामांकन के समय संलग्न नहीं की थी।

### पालघर भीड़ हत्या मामले में 47 आरोपियों को मिली जमानत

**ठाणे।** ठाणे की एक अदालत ने सोमवार को पालघर भीड़ हत्या मामले में गिरफ्तार 47 लोगों को जमानत दे दी। जिला न्यायाधीश पी पी जाधव ने आदेश दिया कि आरोपियों को पंद्रह-पंद्रह हजार रुपए की जमानत राशि पर रिहा किया जाए। पिछले महीने अदालत ने इस मामले में 58 आरोपियों को जमानत दे दी थी। इस मामले में अब तक करीब 200 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। आवेदकों की तरफ से पेश हुए अधिवक्ता अमृत अधिकारी और अतुल पाटिल ने अदालत में पेश होकर कहा कि इस घटना में उनके मुवक्किलों की कोई भूमिका नहीं थी और पुलिस ने उन्हें महज संदेह के आधार पर गिरफ्तार कर लिया। महाराष्ट्र के पालघर जिले के गढ़चिरौली में 16 अप्रैल, 2020 को उग्र भीड़ ने दो साधुओं महाराज कल्पवृक्ष गिरि (70), सुशीलगिरि महाराज 30) और उनके ड्राइवर नीलेश तेलगडे (30) को पीट-पीटकर मार डाला था।

### जम्मू कश्मीर में आतंकवादियों के भागने के बाद सुरक्षा बलों ने तलाशी अभियान शुरू किया

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के श्रीनगर में गुलमर्ग मार्ग पर नरबल चौराहे के निकट तैनात केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों पर आतंकवादियों ने सोमवार को कथित रूप से गोलीबारी शुरू कर दी जिसके बाद सुरक्षा बलों ने तलाशी अभियान शुरू किया है। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि चौराहे पर तैनात केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों ने दावा किया कि उन्होंने एक कार चालक को रूकने का इशारा किया, लेकिन वह कुछ दूरी पर जाकर रूका। उन्होंने कहा कि जवानों के अनुसार कार में आतंकवादी थे और उनमें से एक उतरा, गोली चलाई और उसके बाद वे फरार हो गए। उन्होंने कहा कि मामले की जांच जारी है। उन्होंने बताया कि इलाके को घेर लिया गया है और आतंकवादियों का पता लगाने के लिए तलाश अभियान शुरू किया गया है। शुरूआत में पुलिस ने बताया कि सुरक्षा बल का राइफल दुर्घटनावश चल गया लेकिन अब अधिकारियों ने कहा है कि इस बात की जांच की जा रही है कि गोली कहां से चली।

### किसान प्रदर्शनः गुजरात में 23 समूहों ने एक संगठन बनाया

**अहमदाबाद।** गुजरात में 23 किसान समूहों ने गुजरात खेडुत संघर्ष समिति नाम से एक संगठन बनाया है और केंद्र के तीन नए कृषि कानूनों के विरुद्ध किसानों के आठ दिसंबर के भारत बंद के आह्वान का समर्थन किया है। गुजरात खेडुत समाज के अध्यक्ष जएश पटेल ने कहा कि गुजरात खेडुत समाज और गुजरात किसान सभा की बैठक में संगठन बनाने का फैसला किया गया। उन्होंने कहा, हमने किसानों के मंगलवार को भारत बंद के आह्वान का समर्थन किया है। हम 10 दिसंबर को पूरे गुजरात में प्रदर्शन करेंगे और एक दिन बाद हमने गांधीनगर में सत्याग्रह छावनी में किसान संसद आयोजित करने का फैसला किया है।

## राजनीतिक पारी शुरू करने से पहले अपने बड़े भाई से मिले रजनीकांत

**बेंगलुरु।** तमिल फिल्मों के सुपरस्टार रजनीकांत ने बेंगलुरु में अपने बड़े भाई आर सत्यनारायण राव से मुलाकात की। रजनीकांत का बचपन इसी शहर में बीता था। रजनीकांत अगले महीने अपनी राजनीतिक पार्टी शुरू करने वाले हैं। सत्यनारायण राव (77) ने सोमवार को पीटीआई-भाषा से कहा कि काफी समय से हम लोग नहीं मिले थे। वह कल रात आए और कुछ समय बिताने के बाद आज सुबह चेन्नई रवाना हो गए। रजनीकांत (69) ने अपने बड़े भाई से आशीर्वाद लिया, जिन्होंने अपने छोटे भाई के अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु होने की कामना की। राव ने अपने भाई की राजनीतिक पारी के बारे में टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। राव ने कहा, क्या उन्होंने यह नहीं कहा कि वह (रजनीकांत) 31 दिसंबर को इस संबंध में बात करेंगे? राव ने याद किया कि रजनीकांत का बचपन इसी शहर में बीता था और वह यहीं पैदा हुए थे तथा 22 साल की उम्र में चेन्नई चले गए थे। उ

## प्रगतिशील संगठनों ने आरजीसीबी का नाम गोलवलकर पर रखे जाने का किया विरोध

**भाषा।** तिरुवनंतपुरम

**राजीव** गांधी जैवप्रौद्योगिकी संस्थान (आरजीसीबी) के दूसरे परिसर का नामकरण राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के दिवंगत विचारक एम. एस. गोलवलकर के नाम पर करने के केन्द्र सरकार के फैसले पर जारी विवाद के बीच राजनीतिक दलों के बाद अब दो प्रगतिशील संगठनों ने इस कदम की निंदा की है। ऑल इंडिया पीपल्स साइंस नेटवर्क (एआईपीएसएन) और केरल शास्त्र साहित्य परिषद (केएसएसपी) ने केन्द्र में भाजपा नीत राजग सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह राज्य के लोगों के हित के खिलाफ है। एआईपीएसएन ने एक बयान में कहा कि एक आधुनिक शोध संस्थान का नाम उस व्यक्ति के नाम रखना बेहद निंदनीय है, जो आधुनिक तकनीक को पश्चिमी तकनीक बताते हुए उसका विरोध

**● केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने स्वास्थ्य मंत्री को पत्र लिखकर उनसे इस बारे में पुनर्विचार करने का आग्रह भी किया**

करता था। एआईपीएसएन के महासचिव पी. राजामणिकम ने कहा, इसके अलावा, गोलवलकर के वंशज स्टेम सेल तकनीक के जरिए 100 कौरवों के जन्म और इन-विट्रो फर्टिलाइजेशन तकनीक के जरिए कर्ण के जन्म की बात कहते हुए हमेशा क्षद्म विज्ञान की वकालत करते रहे हैं। इस केन्द्र को अनुसंधान एवं प्रौद्योगिकी का एक क्षद्म विज्ञान केन्द्र ना बनने दें। वहीं, केएसएसपी ने कहा कि आरजीसीबी के दूसरे परिसर का नामकरण राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के दिवंगत विचारक गोलवलकर के नाम पर रखने का फैसला बेहद निंदनीय है और इसे तुरंत वापस लिया जाना चाहिए। उसने एक बयान में कहा कि केन्द्र का यह कदम न केवल जीव वैज्ञानिकों के लिए नहीं बल्कि उन सभी लोगों के लिए भी एक चुनौती है, जो व्यक्तियों की गरिमा और मानवता के व्यापक परिप्रेक्ष्य में विश्वास करते हैं।

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन ने गत शुक्रवार को आरजीसीबी के दूसरे परिसर का नाम श्री गुरुजी माधव सदाशिव गोलवलकर नेशनल सेंटर फॉर कंप्लेक्स डिजीज इन कैंसर वायरल इन्फेक्शन रखे जाने की घोषणा की थी। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने शनिवार को स्वास्थ्य मंत्री को पत्र लिखकर उनसे इस बारे में पुनर्विचार करने का आग्रह भी किया है।

## उच्च न्यायालय ने सरनाईक के सहयोगी की हिरासत अवधि पर निदेशालय के खिलाफ आए फैसले को किया खारिज

**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय ने शिवसेना के विधायक प्रताप सरनाईक के कथित सहयोगी अमित चंदोले की हिरासत अवधि बढ़ाने की प्रवर्तन निदेशालय की याचिका खारिज करने के सत्र न्यायालय के फैसले को रद्द कर दिया। चंदोले की गिरफ्तारी धनशोधन के एक मामले में हुई है। सरनाईक भी धनशोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत इस मामले के आरोपी हैं। एक सत्र अदालत ने 29 नवंबर को प्रवर्तन निदेशालय की चंदोले की हिरासत अवधि बढ़ाने की याचिका खारिज कर दी थी। चंदोले को 25 नवंबर को एजेंसी ने गिरफ्तार किया था। प्रवर्तन निदेशालय, सुरक्षा सेवा देने वाली एक निजी कंपनी और सरनाईक के साथ कथित लेन-देन में चंदोले की भूमिका की जांच कर रही है। सोमवार को बंबई उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति पृथ्वीराज के. चव्हाण ने शहर की विशेष पीएमएलए अदालत को प्रवर्तन निदेशालय की चंदोले की हिरासत अवधि आगे बढ़ाने की याचिका पर पुनर्विचार करने और शाम तक इस संबंध में उचित आदेश देने के निर्देश दिए हैं। न्यायमूर्ति चव्हाण ने इस मामले से जुड़े सभी पक्षों को शाम तीन बजे विशेष अदालत के समक्ष पेश होने का निर्देश दिया है। चंदोले प्रवर्तन निदेशालय के हिरासत में थे और उन्हें 29 नवंबर को विशेष पीएमएलए अदालत में पेश किया गया था। सत्र न्यायाधीश ने तब चंदोले को नौ दिसंबर तक के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। चंदोले और सरनाईक पर एक सुरक्षा कंपनी टॉप्स सिक्यूरिटी ग्रुप के पूर्व कर्मचारी रमेश अय्यर ने मामला दर्ज कराया था। अय्यर का आरोप था कि मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन डेवलपमेंट अथॉरिटी (एमएमआरडीए) का कंपनी से 350 से 500 गार्ड लेने का करार था और सुरक्षा कंपनी ने सिर्फ 70 फीसदी ही गार्ड दिए।

**सनी देओल ने किसान प्रदर्शन पर कहा**

## मैं अपनी पार्टी और किसानों के साथ खड़ा हूं

**भाषा।** शिमला

**भाजपा** सांसद और अभिनेता सनी देओल ने कहा कि उनका मानना है कि केंद्र सरकार हमेशा किसानों की भलाई के बारे में सोचती है और उन्हें उम्मीद है कि सरकार नए कृषि कानूनों पर किसानों से बातचीत करके सही अंजाम तक पहुंचेगी। मोदी सरकार के नए कृषि कानूनों का विरोध कर रहे हजारों किसान 26 नवंबर से दिल्ली की विभिन्न सीमाओं पर जमा हैं। आंदोलनकारी किसानों को चिंता है कि नए कानूनों से न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) और खरीद की प्रणाली खत्म और मंडी व्यवस्था निष्क्रिय हो जाएगी, जिससे कृषि क्षेत्र से जुड़े विभिन्न हितधारकों की आय सुनिश्चित होती है। देओल ने



रविवार शाम को ट्विटर पर एक बयान जारी करते हुए कहा कि मामला किसानों और सरकार के बीच का है लेकिन वह जानते हैं कि कई लोग इस आंदोलन से फायदा उठाना चाहते हैं और वे लोग अड़चन डाल रहे हैं। गुरदासपुर से भाजपा के सांसद ने एक बयान में कहा, मैं अपनी पार्टी और किसानों के साथ खड़ा हूं और हमेशा किसानों के साथ रहूंगा। हमारी सरकार ने हमेशा किसानों के भले के बारे में सोचा है और मुझे यकीन है कि सरकार उनके साथ बातचीत करके सही नतीजे पर पहुंचेगी।

अभिनेता ने खुद को पंजाबी अभिनेता से कार्यकर्ता बने दीप सिद्धू के इस मुद्दे पर रुख से अलग किया है और कहा है कि उनका सिद्धू के बयान से कोई लेना-देना नहीं है। देओल ने कहा, दीप सिद्धू, जो चुनाव के वक्त मेरे साथ थे, लंबे समय से मेरे साथ नहीं हैं, वह जो कुछ कह रहे हैं, उनकी किसी भी गतिविधि से मेरा कोई संबंध नहीं है।

## सुशांत सिंह राजपूत की मृत्यु के मामले में सीबीआई की स्थिति रिपोर्ट के लिए न्यायालय में जनहित याचिका

**नई दिल्ली।** फिल्म अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मृत्यु के मामले में केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो को अपनी प्रगति रिपोर्ट पेश करने का निर्देश देने के लिए सोमवार को उच्चतम न्यायालय में एक जनहित याचिका दायर की गई। यह जनहित याचिका अधिवक्ता पुनीत ढांडा ने दायर की है। याचिका में कहा गया है कि न्यायालय ने 19 अगस्त को यह मामला सीबीआई को जांच के लिए सौंपा था और चार महीने बीत जाने के बाद भी जांच एजेन्सी ने अभी तक अपनी जांच पूरी नहीं की है। याचिका में कहा गया है कि सीबीआई इस मामले में पूरी जिम्मेदारी के साथ काम नहीं कर रही है और जांच पूरी करने में विलंब कर रही है। याचिका में कहा गया है कि हत्या जैसे गंभीर मामलों में भी कानून में 90 दिन के भीतर आरोप दायर करना होता है लेकिन इस मामले में जांच एजेन्सी अपनी भूमिका निभाने में बुरी तरह विफल हुई है और इस मामले में अनावश्यक विलंब से न्याय प्रशासन का ही नहीं बल्कि दुनिया में देश का नाम भी बदनाम कर रही है। याचिका में सीबीआई को अपनी जांच दो महीने के भीतर पूरी करके संबंधित अदालत में रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है।

सुशांत सिंह राजपूत 14 जून को मुंबई के उपनगर बांद्रा में अपने अपार्टमेन्ट में रहस्यमय परिस्थितियों में मृत पाए गए थे। मुंबई पुलिस ने शुरू में इस मामले की जांच की थी और 50 से ज्यादा लोगों के बयान दर्ज किए थे। इस मामले में सुशांत सिंह राजपूत के पिता ने अभिनेत्री रिया चक्रवती और उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ पटना में अभिनेता को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज की थी।




बंगलुरु में रेजीडेंट डाक्टर्स अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प्लेकार्ड के साथ प्रदर्शन करते हुए

पायनियर
लखनऊ, मंगलवार, 8 दिसंबर, 2020



# देश में 140 दिन बाद उपचाराधीन मरीजों की संख्या चार लाख से कम

भाषा। नई दिल्ली

कोविड-19



**केंद्रीय** स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि पिछले 140 दिन में देश में यह पहला मौका है जब कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या कम होकर चार लाख के नीचे 3,96,729 पर पहुंच गई है जो कुल संक्रमित मामलों का 4.1 फीसदी है। मंत्रालय ने बताया कि नए मामलों में से 76.20 फीसदी मामले 10 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से है। पिछले 24 घंटे में 391 लोगों की मौत हुई।

20 जुलाई को उपचाराधीन मरीजों की संख्या 3,90,459 थी। देश में पिछले 24 घंटे में संक्रमित होने वाले लोगों की संख्या की अपेक्षा संक्रमण मुक्त होने वाले लोगों की तादाद अधिक है और यह चलन पिछले दस दिन से जारी है। इस अवधि में देश में संक्रमण के 32,981 नए मामले सामने आए हैं जबकि 39,109 लोग स्वस्थ हुए हैं।

मंत्रालय ने रेखांकित करते हुए बताया, नए स्वस्थ हुए लोगों और नए मरीजों के बीच 6,128 का अंतर होने से कुल उपचाराधीन मामलों की संख्या में 24 घंटे में 6,519 की कमी दर्ज की गई है। मंत्रालय ने बताया कि प्रति 10 लाख की जनसंख्या पर पिछले सात दिन में जो नए मामले सामने आए हैं, वह दुनिया में सबसे कम मामलों में शुमार है। पिछले सात दिनों का आंकड़ा 182 है। मंत्रालय ने बताया, प्रति 10 लाख की जनसंख्या पर संक्रमित मामलों की संख्या भारत के लिए सबसे कम है। भारत में प्रति 10 लाख की जनसंख्या पर 6,988 मामले हैं जो कि दुनिया के औसत 8,438 से कम है।

अब तक 91,39,901 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं। मंत्रालय ने बताया, मौजूदा तारीख में स्वस्थ होने वाले और उपचाराधीन मरीजों की संख्या के बीच का अंतर 87 लाख (87,43,172) को पार कर चुका है। नए स्वस्थ होने वाले लोगों में से 81.20 फीसदी 10 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से हैं। इनमें से महाराष्ट्र में एक दिन में सबसे ज्यादा 7,486 मरीज स्वस्थ हुए। इसके बाद केरल मे 5,217 और दिल्ली में 4,622 मरीज स्वस्थ हुए।

## रेलवे यूनियन एआईआरएफ ने भारत बंद के समर्थन का फैसला किया

**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया रेलवेमेन फेडरेशन (एआईआरएफ) ने सोमवार को प्रदर्शनकारी किसानों द्वारा नए कृषि कानूनों के विरोध में आठ दिसंबर को बुलाए गए भारत बंद को अपना समर्थन दिया है। एआईआरएफ के महासचिव शिवगोपाल मिश्रा ने सिंघु बॉर्डर जाकर प्रदर्शनकारी किसानों से मुलाकात की और उन्हें आश्वासन दिया कि रेलवे यूनियन के सदस्य इस लड़ाई में उनके साथ हैं। मिश्रा ने कहा, हमने भारतीय रेलवे के अपने सभी संबंद्ध सहयोगियों को पत्र लिखकर किसानों की जायज मांगों को पूरा करने के संघर्ष में उनका साथ देने के वास्ते आठ दिसंबर को बुलाए गए भारत बंद का समर्थन करने को कहा है। मैंने सभी संबंद्ध सहयोगियों को केंद्र सरकार की किसान-विरोधी नीतियों के खिलाफ पहले ही भोजनावकाश के घंटे के दौरान धरना-प्रदर्शन और रैली आयोजित करने की सलाह दी है। मुझे पूरी उम्मीद है कि सरकार किसानों की जायज मांगों का संज्ञान लेकर उन्हें जल्द से जल्द पूरा करेगी। करीब नौ लाख सदस्यों वाली रेलवे यूनियन के अलावा कई अन्य संगठन भी किसानों के बंद का समर्थन करने का ऐलान कर चुके हैं।



दक्षिण दिनजापुर में रक्षा काली पूजा के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते बोल्ला गांव के लोग

# भाजपा ने भारत बंद का समर्थन करने वाली पार्टियों पर दोगले रवैए का आरोप लगाया

भाषा। जयपुर

**राजस्थान** भाजपा ने भारत बंद का समर्थन करने वाले विपक्षी दलों पर सोमवार को निशाना साधते हुए उनपर दोगला व्यवहार करने का आरोप लगाया।

केंद्रीय कृषि कानूनों को रद्द करने की मांग को लेकर बड़ी संख्या में किसान राष्ट्रीय राजधानी की सीमाओं पर आंदोलनरत हैं जिन्होंने आठ दिसंबर को भारत बंद की घोषणा की है। राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष गुलाबचन्द कटारिया ने सोमवार को संवाददाताओं से कहा कि जिन राजनीतिक दलों ने कृषि विधेयक के मसौदे का समर्थन किया था, वे ही अब भारत बंद का समर्थन कर रहे हैं जिससे उनका दोगलापन जाहिर हो रहा है।

कटारिया ने कहा कि ए कानून स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट की सिफारिश के आधार पर लाए गए हैं। कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में विधेयक की बात कही थी। नीति आयोग की बैठक में कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्री भी शामिल हुए थे। कटारिया ने कहा कि सभी की मंशा को कृषि कानूनों में शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि भारत बंद के समर्थन में कांग्रेस आगे है, लेकिन राजस्थान के कृषि विधेयक कानूनी रूप से अमली जामा नहीं पहन सकते।

कटारिया ने कहा कि किसानों का अहित करने में ए सभी पार्टियां बराबर की दोषी हैं। आज इन पार्टियों के नेता जनता में अपना विश्वास खो चुके हैं। ए लोग निर्दोष किसानों के कंधे पर रखकर बंदूक चला रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस पर किसानों को भ्रमित करने का आरोप लगाते हुए कहा कि जो कांग्रेस आज इन कानूनों का सबसे मुखर विरोध कर रही है और किसानों को भ्रमित कर रही है, उसी कांग्रेस ने इस विधेयक को 2019 के अपने घोषणापत्र में शामिल किया था।

# बंगाल महात्मा गांधी के हत्यारों के सामने कभी सिर नहीं झुकाएगा

भाषा। मेदिनीपुर (पश्चिम बंगाल)

**● ममता ने दावा किया कि भाजपा उनकी सरकार और उनके कल्याणकारी कार्यक्रमों की छवि खराब करने की कोशिश कर रही है**



**पश्चिम** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को भाजपा पर "निजी लाभ के लिए विभाजनकारी राजनीति करने का आरोप लगाया और कहा कि सभी समुदायों के बीच लंबे समय से सद्भाव वाला यह राज्य "कभी भी महात्मा गांधी के हत्यारों के सामने अपना सिर नहीं झुकाएगा।

ममता ने पश्चिम मेदिनीपुर में एक रैली को संबोधित करते हुए केंद्र की भाजपा सरकार पर निशाना साधा और नए कृषि कानूनों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे किसानों की दुर्दशा के प्रति उसकी 'उदासीनता और अहंकार' के लिए उसकी तीखी आलोचना की। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को "जनविरोधी कृषि कानूनों को तुरंत वापस लेना चाहिए या उसे सत्ता छोड़ देनी चाहिए। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता ने कहा कि भाजपा के कुशासन को सहन करने या चुप रहने के बदले वह जेल में रहना पसंद करेंगी। ममता ने कहा, हम बंगाली-गैर बंगाली राजनीति में विश्वास नहीं करते हैं। दोनों हमारे भाई-बहन हैं। हम भाजपा की तरह हिंदू-मुस्लिम राजनीति में भी विश्वास नहीं करते। उन्होंने किसी का नाम लिए बिना कहा कि राज्य में रहने वाले सभी समुदायों के बीच सद्भाव का एक लंबा इतिहास रहा है। इस राज्य के लोग कभी भी उन लोगों के सामने अपना सिर नहीं झुकाएंगे, जिन्होंने महात्मा गांधी की हत्या की।

ममता ने एक बार फिर कहा कि भाजपा 'बाहरी लोगों' की पार्टी है और वह कभी भी भगवा पार्टी को बंगाल पर नियंत्रण करने की अनुमति नहीं देंगी। उन्होंने राज्य के लोगों से इस तरह के किसी भी प्रयास का विरोध करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर बाहर के गुंडे हमारे राज्य में आते हैं और आपको भयभीत करते हैं, तो आप सभी को उनके खिलाफ एकजुट होकर लड़ना चाहिए। हम शांति में विश्वास करते हैं...। नए कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों के आंदोलन को अपनी सरकार का समर्थन देते हुए ममता ने कहा कि केंद्र की भाजपा नीत सरकार को किसानों के अधिकारों का बलिदान करने के बाद सत्ता में नहीं बने रहना चाहिए। ममता ने दावा किया कि भाजपा उनकी सरकार और उनके कल्याणकारी कार्यक्रमों की छवि खराब करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि हम क्या विकास कार्य करते हैं, वे (भाजपा) हमेशा हमें बदनाम करने का प्रयास करेंगे। लेकिन राफेल घोटाले का क्या हुआ? पीएम केयर्स फंड का क्या हुआ? केंद्र को पीएम केयर्स फंड में अब तक मिली राशि पर एक श्वेत पत्र प्रकाशित करना चाहिए।

ममता ने माकपा पर भी निशाना साधा और आरोप लगाया, इससे पहले, पश्चिम मेदिनीपुर में माकपा का आतंक था। माकपा के गुंडों द्वारा कई लोग मारे गए थे और बेघर कर दिए गए थे। उस समय लोगों की अपने घरों से बाहर आने की हिम्मत नहीं होती थी। उन्होंने कहा, जंगलमहल में अब शांति है। माओवादियों की बंदूकें शांत हो गई हैं। माकपा के गुंडे भाजपा में शामिल हो गए हैं। सिर्फ रंग बदल गया है। ममता ने विश्वास जताया कि उनकी पार्टी लगातार तीसरी बार और बड़े जनादेश के साथ सत्ता में लौटेगी तथा जून के बाद भी उनकी सरकार मुफ्त राशन देती रहेगी।

# राजस्थान में दो सड़क हादसों में 11 की मौत, 12 घायल

भाषा। जयपुर



**राजस्थान** में दो अलग अलग सड़क हादसों में 11 लोगों की मौत हो गई है जबकि 12 अन्य घायल हो गए। चूरू जिले में सोमवार को एक सड़क हादसे में चार महिलाओं सहित छह लोगों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार यह हादसा उस समय हुआ जबकि एक जीप सामने से आ रहे ट्रक से जा टकराई। जीप में सवार लोग डूंगरगढ़ जा रहे थे तभी भानीपुरा के पास यह हादसा हो गया।

उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान लालाराम, रेशमी, कानाराम, कलावती, कमला व सीमादेवी के रूप में हुई है। दो घायलों का उपचार चल रहा है। वहीं भीलवाड़ा जिले के जहाजपुर थाना क्षेत्र में रविवार रात एक वैन और ट्रेलर की भिडंत में एक महिला सहित पांच लोगों की मौत हो गई जबकि चार बच्चों सहित दस अन्य लोग घायल हो गए। थानाधिकारी हरीश सांखला ने सोमवार को बताया कि बनास नदी गोशाला चौराहा के पास एक वैन और ट्रेलर की भिड़ंत में वैन में सवार कमलेश देवी, रामलाल, रामचंद्र, अंकुश और राजू की मौत हो गई जबकि चार बच्चों सहित दस अन्य लोग घायल हो गए।

सभी घायलों को भीलवाड़ा के एमजी अस्पताल में भर्ती किया गया है। ट्रेलर चालक फरार है। उन्होंने बताया कि वैन में सवार सभी लोग अजमेर जिले के सांवर गांव में एक शादी में शामिल होने के लिए गए थे। वहां से रात में लौटते वक्त हादसा हुआ।

## प्रभावी एडिटिव से रॉकेट को और अधिक पेलोड अंतरिक्ष में ले जाने में मिल सकती है मदद

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान गांधीनगर के वैज्ञानिकों ने रॉकेट के प्रणोदकों (प्रोपेलैंट) के लिए एक अत्यंत प्रभावशाली एडिटिव विकसित किया है जो ईंधन के प्रभावी भार को कम कर सकता है और इस कारण अंतरिक्ष में अधिक पेलोड ले जाए जा सकते हैं। थर्मोकिमिका एक्टा नामक पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार नए किस्म के नैनो-एडिटिव रॉकेट की संचालन प्रणाली में इस्तेमाल ठोस प्रणोदकों के प्रदर्शन में अत्यंत विस्तार करता है। कबीर जसुजा और चिन्मय घोरोई समेत अन्य अनुसंधानकर्ताओं के अनुसार ठोस प्रणोदकों को उनके प्रज्ज्वलन की दर, प्रदर्शन को सुधारने तथा ईंधन की ऊर्जा अधिकतम करने के लिए अनेक एडिटिव की जरूरत होती है। अमोनियम परक्लोरेट जैसे परंपरागत रूप से इस्तेमाल में लाए जाने वाले ईंधन को जहां प्रदर्शन सुधारने के लिए कई एडिटिव की जरूरत होती है, वहीं वैज्ञानिकों के अनुसार नया एडिटिव ईंधन के कुल भार का 30 प्रतिशत तक बढ़ा सकता है।

# राजनीति की कार्य संस्कृति में मोदी ने किया बदलाव: नकवी

भाषा। रामपुर (उत्तर प्रदेश)



**केंद्रीय** मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के राजनीतिक क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव किया और इस परिवर्तन से उन लोगों को झटका लगा, जो राजनीति को अपनी पैतृक सम्पत्ति समझते हैं।

यूपी के रामपुर में विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन करते हुए अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री नकवी ने रामपुर में विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन करते हुए कहा कि अब किसी नेता की पहचान किसी परिवार पर निर्भर नहीं हो सकती और केवल उसकी मेहनत एवं लगन उसे राजनीति के क्षेत्र में स्थापित कर सकती है। उन्होंने कहा कि अब राजनीति खानदानी जमींदारी नहीं, बल्कि लोगों की सेवा करने के बारे में है। नकवी के कार्यालय द्वारा उनके हवाले से जारी बयान में कहा गया कि प्रधानमंत्री मोदी ने भारत की राजनीति में क्रांतिकारी एवं दूरगामी बदलाव किए हैं। उन्होंने कहा कि इन परिवर्तनकारी बदलावों से उन लोगों को झटका लगा है, जो राजनीति को अपने वंश की सम्पत्ति समझते हैं। नकवी ने कांग्रेस के नेहरू-गांधी परिवार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि राजनीति की कार्य संस्कृति में इस क्रांतिकारी बदलाव के कारण वंशवाद के समर्थकों की विरासत सिकुड़ रही है। उन्होंने कहा कि राजनीति में अहम बदलाव महात्मा गांधी, बाबा साहेब भीम राव आंबेडकर, सरदार वल्लभभाई पटेल, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और राम मनोहर लोहिया के सिद्धांतों को साकार करना है। नकवी ने कहा कि मोदी सरकार ने सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन के प्रति प्रतिबद्धता के साथ प्रगति में समाज के हर वर्ग को बराबर का साझेदार बनाया है। उन्होंने कहा कि सरकार गांवों, किसानों, युवाओं, गरीबों और वंचितों के कल्याण के लिए समर्पित है। नकवी ने कहा कि मोदी सरकार की हर योजना समाज में अधिकतर जरूरतमंदों के सशक्तिकरण पर केंद्रित है।

उन्होंने कहा कि भले ही किसान हों, युवा हों, जवान हों या महिलाएं, केंद्र समाज के हर वर्ग के सामाजिक-आर्थिक एवं शैक्षणिक सशक्तिकरण के लिए पूरी ईमानदारी से काम कर रहा है। नकवी ने कहा कि कश्मीर से कन्याकुमारी तक, गुजरात से असम तक देश के लोगों ने प्रधानमंत्री द्वारा किए गए राजनीति की कार्य संस्कृति में क्रांतिकारी बदलाव को पूरा समर्थन दिया है।

## ग्रामीणों पर हमला करने वाले हाथी को बाड़े में रखा जाएगा

**मंडला (मप्र)।** जिले के वन अधिकारियों ने दो ग्रामीणों को घायल करने वाले एक जंगली हाथी को पकड़ा है। अब इस हाथी को कान्हा बाघ अभयारण्य (केटीआर) में एक बाड़े में भेजा जाएगा। अभयारण्य के क्षेत्र निदेशक एस के सिंह ने सोमवार को पीटीआई-भाषा को बताया कि हाथी को अभयारण्य के मुख्य क्षेत्र में भटकते हुए रविवार को पकड़ लिया गया। अब इसे केटीआर के किसली क्षेत्र में बनाए जा रहे एक बाड़े में भेजने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हाथी को स्थानांतरित करने के लिए केटीआर में एक क्रेन मौके पर पहुंच गई है। सिंह ने कहा कि पेंच बाघ अभयारण्य के क्षेत्र निदेशक विक्रम सिंह परिहार इस हाथी को बाड़े में स्थानांतरित करने के अभियान की निगरानी कर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि पकड़ा गया हाथी एक सप्ताह पहले हिंसक हो गया था जबकि इसका एक साथी जबलपुर जिले के एक गांव में विद्युत तारों के करंट की चपेट में आने से मारा गया था।

# एम्स आरडीए ने आयुर्वेद चिकित्सकों को सर्जरी में प्रशिक्षण देने संबंधी अधिसूचना वापस लेने की मांग की

भाषा। नई दिल्ली

**एम्स** रेजीडेंट चिकित्सक संघ (आरडीए) ने सोमवार को भारतीय चिकित्सा केंद्रीय परिषद की एक अधिसूचना को वापस लिए जाने की मांग की जिसमें स्नातकोत्तर आयुर्वेद चिकित्सकों को जनरल सर्जिकल प्रक्रियाओं का प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए अधिकृत किया गया है।

आरडीए ने कहा कि इससे नीमहकीमी बढ़ेगी और यह लोगों की सेहत के लिए खतरनाक होगा। भारतीय आयुर्विज्ञान संघ (आईएमए) ने आधुनिक चिकित्सा पद्धति में काम कर रहे सभी डॉक्टरों से नए नियमों के विरोध में 11 दिसंबर को गैर-जरूरी तथा गैर-कोविड सेवाएं रोकने का आह्वान किया है। संघ ने कहा कि आईसीयू तथा सीसीयू समेत आपातकालीन सेवाएं यथावत चलेंगी। आईएमए ने कहा कि देशभर में आधुनिक चिकित्सा पद्धति में काम करने वाले डॉक्टर मंगलवार को दोपहर 12 से दो बजे तक कोविड नियमों का पालन करते हुए नई अधिसूचना के खिलाफ 20-20 के छोटे समूहों में 10 हजार से अधिक स्थानों पर प्रदर्शन करेंगे। आरडीए ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन को लिखे पत्र में चिकित्सा की विधाओं को मिलाने पर आपत्ति जताई है और कहा कि इससे आम लोगों के स्वास्थ्य के लिए खतरा हो सकता है जो घातक साबित हो सकता है।

उसने कहा कि आधुनिक चिकित्सा पद्धति काफी अनुसंधान के बाद समय के साथ विकसित हुई है। एम्स आरडीए ने कहा, आधुनिक चिकित्सा प्रणाली की यह यात्रा आयुर्वेद से पूरी तरह अलग है। इसलिए विभिन्न विधाओं की अधूरी जानकारी रखने वाले डॉक्टरों द्वारा हमारे मरीजों का इलाज करना ना तो वैध है और ना ही सुरक्षित है।

## भारत बंद के दौरान इंदौर में कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन की अगुवाई करेंगे दिग्विजय सिंह

**इंदौर।** राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह मंगलवार को भारत बंद के दौरान मध्य प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर में कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन की अगुवाई करेंगे। जिला कांग्रेस अध्यक्ष सदाशिव यादव ने सोमवार को बताया कि सिंह बंद के दौरान शहर की छावनी अनाज मंडी में पार्टी के प्रदर्शन की अगुवाई करेंगे। उन्होंने कहा कि इस दौरान केंद्र के नए कृषि कानूनों को लेकर विरोध जताया जाएगा। शहर के प्रमुख कारोबारी संगठनों ने हालांकि भारत बंद को खुलकर समर्थन नहीं दिया है। लेकिन बंद की पूर्व संध्या पर सोमवार को यहां रोजमर्रा की जरूरत की चीजों की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ देखी गई। राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के प्रवक्ता आशीष भैरम ने बताया कि उनका संगठन भारत बंद के दौरान शहर में रैली निकालकर व्यापारियों से अनुरोध करेगा कि वे किसानों के हितों के समर्थन में मंगलवार को अपने प्रतिष्ठान बंद रखें।

# पेज 1 का शेष

## भाजपा ने...

फैलाये गए भ्रम को दूर करने पर काम कर रही है। किसानों का एक वर्ग, विशेष रूप से पंजाब के किसान इन नए कृषि कानूनों का सख्त विरोध कर रहे है। भाजपा नेता ने राजनीतिक दलों को अपने प्रदर्शन से नहीं जुड़ने देने के लिए किसान संगठनों की सराहना भी की। संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा नेता ने कहा कि 2019 के लोकसभा चुनावों के लिए कांग्रेस के घोषणा-पत्र में कृषि उपज विपणन समिति (एपीएमसी) अधिनियम को रद्द करने और कृषि-व्यापार को सभी पाबंदियों से मुक्त करने का वादा था।

## माहौल खराब...

एनडीए सरकार किसानों के उत्तम भविष्य को सुनिश्चित करते हुए यही कानून लाई है तो इन्हीं दलों को पीड़ा हो रही है। योगी ने विपक्षी दलों के इस रवैये को दोहरा चरित्र करार देते हुए देश से माफी मांगने को कहा है। योगी ने कहा कि जब दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार आई तो तत्कालीन कांग्रेस महासचिव राहुल गांधी ने सार्वजनिक तौर पर स्वीकार किया था कि हमें एपीएमसी एक्ट में संशोधन के लिए कोशिश करनी चाहिए। यही नहीं दिल्ली की केजरीवाल सरकार तो नए अध्यादेश के मुताबिक नोटिफिकेशन जारी करने के बाद अब फिर इसी का विरोध कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह दल जब सत्ता में रहते हैं तो इनका वक्तव्य कुछ और रहता है, स्टैंडिंग कमेटी में जहां गहन चर्चा होती है, वहां कुछ और कहते हैं और जब विपक्ष में होते हैं, तो इनके बयान आश्चर्यजनक रूप से बदल जाते हैं। दरअसल यही दोहरा चरित्र इनका असल चेहरा है। जनता इसे भली भांति समझती है। सीएम योगी ने कहा कि राजनीति में मूल्यों और सिद्धान्तों का बड़ा महत्व है। जो राजनीतिक दल इनसे विमुख हो जाते हैं वह जनविश्वास खो बैठते हैं, आज कांग्रेस, सपा, एनसीपी, टीएमसी और डीएमके जैसी पार्टियों की दशा देख इस बात को समझा जा सकता है। योगी ने कहा कि देश इस दोहरे रवैये वाले चरित्र को स्वीकार नहीं करेगा। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि केंद्र की एनडीए सरकार किसान हितों के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। पीएम किसान सम्मान, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना सहित अनेक योजनाओं के केंद्र में किसान कल्याण ही है। नए कृषि सुधार कानून किसानों को उनकी मेहनत का पाई-पाई हक दिलाने वाले हैं। यह देश की जरूरत है। उन्होंने कहा कि किसान भाइयों को गुमराह करने की हर कुत्सित कोशिश बेकार जाएगी। केंद्र की सरकार लगातार किसानों से वार्ता कर रही है, जल्द ही इसका सकारात्मक परिणाम सामने आएगा।

## सीरम इंस्टीट्यूट...

हवाले से बताया कि कंपनी ने कहा है कि ब्रिटेन में दो और ब्राजील और भारत में एक-एक नैदानिक परीक्षण के नतीजों से पता चलता है कि कोविशील्ड गंभीर कोविड-19 संक्रमण में भी प्रभावी है। सूत्रों ने कहा कि लॉजिस्टिक्स की दृष्टि से देखा जाए, तो इस टीके का देश के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में वितरण व्यावहारिक है क्योंकि इसे दो से आठ डिग्री सेल्सियस में भंडारित किया जा सकता है।

## पुराने वाहनों...

वेबसाइट बनाएगा। इसके लिए विभाग सोसाइटी ऑफ ऑटोमोबाइल्स मैन्युफैक्चर्स से मिलकर पोर्टल तैयार करेगा। इसके बाद ही एचएसआरपी लगवाने की अनिवार्यता की तारीख तक की जाएगी। एचएसआरपी की अनिवार्यता खत्म होने पर आरटीओ में वाहन संबंधी कार्यो पर लगी रोक को हटा लिया गया है। इनमें फिटनेस प्रमाण पत्र, पंजीयन, स्वामित्व अंतरण, पता परिवर्तन, पंजीयन का नवीनीकरण, अनापत्ति प्रमाण पत्र, हाइपोथैकेशन पृष्ठांकन, हाइपोथैकेशन निरस्तीकरण, नया परमिट, परमिट की द्वितीय प्रति, परमिट नवीनीकरण, अस्थाई परमिटए विशेष परमिट, नेशनल परमिट आदि के काम अब बिना एचएसआरपी रसीद के हो सकेंगे।

## हिरासत में...

लगाकर पुलिस बल तैनात कर दिया था। सपा मुखिया के घर के बाहर पुलिस का पहरा देखकर सपा कार्यकताओं और नेताओं का जमावड़ा सड़कों पर बढ़ने लगा। कुछ नेताओं ने सपा प्रमुख के आवास में जाने का प्रयास किया जिन्हें पुलिस ने रोक दिया। उधर सपा अध्यक्ष की गाड़ी और सुरक्षाकर्मियों को भी आवास में जाने से रोक दिया गया। इसके बाद अखिलेश अपने आवास से निकल कर सड़क पर आ गए और बंदरियाबाग में सड़क पर धरने पर बैठ गए। सपा मुख्यालय पर सपा कार्यकर्ताओं एवं पुलिस के बीच हल्की झड़प भी हुई। धरने पर बैठे सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कहा कि पुलिस चाहे तो उन्हें गिरफ्तार कर सकती है। अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि सरकार किसानों की आवाज को दबाना चाहती है। भाजपा जुलूस निकाले तो कोविड प्रोटोकाल का उल्ल्घंन नहीं होता है और अगर किसान आंदोलन करता है तो तमाम नियमों का हवाला दिया जाता है। उन्होंने कहा कि उनके कई कार्यकताओं और नेताओं को पुलिस ने हिरासत में लिया है लेकिन उनकी पार्टी किसानों की जमीन और फसल को लीलने वाले काले कानून की वापसी तक किसानों के साथ संघर्ष करती रहेगी। चाहे इसके लिये उन्हे कोई भी कुबार्नी क्यों न देनी पड़े। सपा प्रवक्ता के मुताबिक प्राप्त सूचनाओं के अनुसार उन्नाव, कानपुर, जौनपुर, हरदोई, फिरोजाबाद, प्रतापगढ़, कासगंज, अलीगढ़, बरेली, आगरा, हाथरस, लखीमपुरखीरी, नोएडा, कन्नौज, मेरठ, बरेली, सीतापुर, इटावा, आजमगढ़, रायबरेली सहित प्रदेश के तमाम जनपदों में समाजवादी पार्टी की ओर से किसान यात्राएं निकाली गईं।

## रेलवे स्टेशनों...

राज्यमंत्री हरदीप सिंह पुरी सहित केन्द्र तथा प्रदेश सरकार के मंत्री एवं जनप्रतिनिधि मौजूद थे। मोदी ने आगरा मेट्रो रेल परियोजना का जिक्र करते हुए कहा, आगरा के पास बहुत पुरातन पहचान तो हमेशा से रही है। अब इसमें आधुनिकता का नया आयाम जुड़ रहा है। सैकड़ों वर्षो का इतिहास संजोए यह शहर अब 21वीं सदी के साथ कदम ताल मिलाने के लिए तैयार हो रहा है। आगरा में स्मार्ट सुविधाएं विकसित करने के लिए पहले ही लगभग 1000 करोड़ रुपए की परियोजनाओं पर काम चल रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा, बीते छह साल में उत्तर प्रदेश के साथ ही पूरे देश में जिस रफ्तार और पैमाने पर मेट्रो नेटवर्क पर काम हुआ, वह इस सरकार की पहचान और प्रतिबद्धता दोनों को दर्शाता है। वर्ष 2014 तक देश में लगभग 225 किलोमीटर मेट्रो लाइन पर संचालन शुरू हुआ था। मगर 2014 के बाद के छह वर्षों में देश में 450 किलोमीटर से ज्यादा मेट्रो लाइन पर संचालन हो रहा है। साथ ही लगभग 1000 किलोमीटर मेट्रो लाइन पर तेज गति से काम भी चल रहा है। आज देश के 27 शहरों में मेट्रो का काम या तो पूरा हो चुका है या फिर काम अलग-अलग चरणों में है। मोदी ने कहा, देश में सिर्फ मेट्रो रेल नेटवर्क ही नहीं बन रहे बल्कि आज मेट्रो कोच भी मेक इन इंडिया के तहत भारत में ही बन रहे हैं। यही नहीं, सिग्नल सिस्टम का भी पूरी तरह से ही भारत में निर्माण हो, इस पर भी काम चल रहा है। यानी अब मेट्रो नेटवर्क के मामले में भी भारत आत्मनिर्भर हो रहा है।

## मेट्रो से...

प्रोत्साहित करने में कठिनाई थी। सुप्रीम कोर्ट ने भी इस पर कई बार चिंता व्यक्त की थी। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पिछले छह साल में बेहतर परिवहन सुविधाओं को विकसित किया गया। मेट्रो इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। इसी का नतीजा है कि उप्र में भी मेट्रो सेवाओं का व्यापक प्रसार और विस्तार हुआ है। सूबे में गाजियाबाद, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, लखनऊ में मेट्रो का संचालन हो रहा है। कानपुर में निर्माण अंतिम चरण में है। अब आगरा में भी मेट्रो के निर्माण और विकास का शुभारंभ हो गया है। सीएम योगी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करते हुये कहा कि पीएम के नेतृत्व में गरीब, नौजवान, किसानों के लिए कल्याणकारी योजनाओं में अभूतपूर्व कार्य हुआ है। आत्मनिर्भर भारत, इन्फ्रास्ट्रक्चर के प्रयास तेजी से आगे बढ़े हैं। देश में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के असाधारण प्रयासों के लिए पीएम का आभार प्रकट करते हैं। इन्वेस्ट यूपी इन्वेस्ट इंडिया के साथ मिलकर कार्य करने के लिए सदैव तत्पर रहेगी। संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास सम्मेलन इन्वेस्टमेंट प्रमोशन अवार्ड 2020 इन्वेस्ट इंडिया को मिलने पर सीएम ने पीएम की प्रशंसा की। कहा कि पीएम ने देश को शीर्ष निवेश स्थलों के रूप में प्रचारित किया है। यह प्रतिष्ठित सम्मान देश में व्यापार के पूर्ण वातावरण की स्थापना के प्रति वैश्विक मान्यता को उच्च मानदंड प्रदान करता है। सीएम ने बताया कि इन्वेस्ट इंडिया प्रदेश में निवेश प्रोत्साहन एजेंसी के तहत गठित इन्वेस्ट यूपी की मूल्यवान भागीदार रही है।

## रीयल मैड्रिड ग्रुप चरण से बाहर होने के कगार पर

**बार्सीलोना**। चैम्पियंस लीग धुरंधर रीयल मैड्रिड को लीग के इतिहास में पहली बार ग्रुप चरण से बाहर होने से बचने के लिए बुधवार को हर हालत में बोरूसिया मोंशेंग्लाबाख को हराना होगा। जिनेदीन जिदान की टीम ने इस सत्र में बहुत ही खराब प्रदर्शन किया है। अगर अगला मैच बोरूसिया जीतती है तो 13 बार की यूरोपीय चैम्पियन मैड्रिड पहली बार ग्रुप चरण से ही बाहर हो जाएगी। मैच ड्रॉ रहने पर भी वह अंतिम 16 में पहुंच सकती है बशर्ते शखतार दोनेत्स्क को इंटर मिलान हरा दे। पिछले 25 सत्रों में मैड्रिड कभी भी ग्रुप चरण से बाहर नहीं हुआ। वह पिछले सत्र में अंतिम 16 से बाहर हुआ और उससे पहले लगातार आठ सत्र में सेमीफाइनल खेला और चार में खिताब जीता। ग्रुप चरण के आखिरी मैच में क्रिस्टियानो रोनाल्डो और लियोनेल मेसी का मुकाबला भी रोचक होगा जब बार्सीलोना का सामना युवेंटस से होगा। दोनों टीमें अंतिम 16 में पहुंच चुकी है। पिछली बार दोनों टीमों के मुकाबले में बार्सीलोना ने 2-0 से जीत दर्ज की थी लेकिन कोरोना संक्रमण के कारण रोनाल्डो ने वह मैच नहीं खेला था। मेस्सी और रोनाल्डो का आखिरी बार सामना 2018 में हुआ था जब रोनाल्डो रीयाल मैड्रिड के लिए खेलते थे।

## बाला ने स्कॉटिश महिला प्रीमियर में गोल दागा

**ग्लास्गो**। भारत की स्टार फुटबॉलर बाला देवी ने स्कॉटिश महिला प्रीमियर लीग में रेंजर्स एफसी की मदरवेल एफसी के खिलाफ 9-0 की एकतरफा जीत में अपना पहला गोल दागा। बाला रविवार को खेले गए मैच में 65वें मिनट में स्थानापन्न खिलाड़ी के तौर पर मैदान पर उतरी और उन्होंने 85वें मिनट में टीम की तरफ से अंतिम गोल किया। उन्होंने तेजी से गेंद पर कब्जा करके विरोधी टीम की गोलकीपर को छकाकर स्कोर शीट में अपना नाम लिखवाया। इस तरह से 30 वर्षीय बाला यूरोप में शीर्ष स्तर की पेशेवर लीग में गोल करने वाली पहली भारतीय महिला फुटबॉलर बन गई हैं। क्रिस्टी होवाट और लिजी अर्नोट ने हैट्रिक बनाई जबकि मेगान बेल और डायना बोर्मा ने एक-एक गोल किया। बाला ने रेंजर्स को 68वें मिनट में दूसरी पेनल्टी भी दिलवाई। उन्हें तब बॉक्स के अंदर गिरा दिया गया था। इस पेनल्टी पर बोर्मा ने रेंजर्स की तरफ से आठवां गोल किया।

## एनडीटीएल का निलंबन वापस लेने का आग्रह

**नई दिल्ली**। खेलमंत्री किरेन रीजीजू ने सोमवार को विश्व डोपिंग निरोधक एजेंसी से राष्ट्रीय डोप टेस्ट लेबोरेटरी (एनडीटीएल) पर लगा निलंबन वापिस लेने का आग्रह करते हुए कहा कि इसने वाडा द्वारा सुधार के लिए सुझाए गए तमाम उपायों पर अमल किया है। खेलों में डोपिंग निरोधक, पोषक और उपचारात्मक जरूरतों पर एक वेबिनार को संबोधित करते हुए रीजीजू ने वाडा प्रमुख विटोल्ड बांका से अनुरोध किया कि एनडीटीएल को यथाशीघ्र डोप टेस्ट बहाल करने की अनुमति दी जाए। वाडा प्रमुख भी इस वेबिनार में मौजूद थे। रीजीजू ने कहा कि एनडीटीएल ने वाडा के सुझाए सारे उपायों पर अमल किया है। हमें उम्मीद है कि वाडा के दिशा निर्देशों के तहत डोप टेस्ट बहाल कर सकेंगे।

## कोच्चर ने जीव मिल्खा आमंत्रण टूर्नामेंट जीता

**चंडीगढ़**। करणदीप कोच्चर ने अपने घरेलू कोर्स पर जोरदार वापसी करते हुए प्ले आफ में अनिर्बान लाहिड़ी को हराकर जीव मिल्खा सिंह आमंत्रण गोल्फ टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। खराब रोशनी के कारण टूर्नामेंट में एक दिन का इजाफा किया गया था जिससे यह सोमवार को खत्म हुआ। स्थानीय दावेदार कोच्चर ने टूर्नामेंट की शुरुआत चार ओवर 76 के बेहद लचर प्रदर्शन के साथ की लेकिन अगले तीन दौर में 66, 67 और 68 के स्कोर के साथ उन्होंने जोरदार वापसी की। उनका और टूर्नामेंट में खिताब के प्रबल दावेदार लाहिड़ी दोनों का कुल स्कोर 11 अंडर 277 रहा जिससे मुकाबला प्ले आफ में खिंचा। 21 साल के कोच्चर (76-66-67-68) और लाहिड़ी (70-68-70-69) रविवार को पहले दो प्ले आफ होल के बाद बराबरी पर थे जिसके बाद खराब रोशनी के कारण टूर्नामेंट को एक दिन आगे बढ़ाया गया। पीजीटीआई के इतिहास में यह पहला मौका है जब टूर्नामेंट में एक दिन जोड़ा गया। कोच्चर का तीसरा खिताब और पेशेवर के रूप में पीजीटीआई पर दूसरा खिताब है।

## हॉल आफ फेम टेनिस खिलाड़ी राल्स्टन का निधन

**आस्टिन** (टैक्सास)। सात दिसंबर (एपी) पांच बार के ग्रैंडस्लैम युगल चैम्पियन और साठ के दशक में पेशेवर विश्व चैम्पियनशिप टेनिस टूर से जुड़ने वाले शुरूआती खिलाड़ियों में शामिल डेनिस राल्स्टन का निधन हो गया। वह 78 वर्ष के थे। हॉल आफ फेम के सदस्य रहे राल्स्टन ने कैंसर के कारण दम तोड़ा। ग्रे रॉक टेनिस क्लब के निदेशक डेरिन प्लीसेंट ने यह जानकारी दी। वह साठ के दशक में तीन साल तक अमेरिका के शीर्ष रैंकिंग वाले खिलाड़ी रहे। उस समय कम्प्यूटर आधारित रैंकिंग शुरू नहीं हुई थी।

# भारत की नजरें क्लीन स्वीप पर

### तीसरा व आखिरी टी-20 मुकाबला आज

**भाषा**। सिडनी


**सीरीज** जीतने के बाद आत्मविश्वास से ओतप्रोत भारतीय टीम आस्ट्रेलिया के खिलाफ मंगलवार को तीसरे और आखिरी टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में उतरेगी तो उसका इरादा फिटनेस समस्याओं से जूझ रहे मेजबान का सूपड़ा साफ करने का होगा। कप्तान विराट कोहली और शानदार फार्म में चल रहे हार्दिक पंड्या को 2016 की याद आ गई होगी जब वनडे श्रृंखला हारने के बाद भारत ने टी20 में शानदार वापसी करते हुए आस्ट्रेलिया को 3-0 से मात दी थी।

पहले दो वनडे हारने के बाद भारत ने कैनबरा में तीसरा वनडे जीतकर लय हासिल की। रविंद्र जडेजा जैसे हरफनमौला की गैर मौजूदगी में भी भारत ने रविवार को दूसरा टी-20 छह विकेट से जीतकर श्रृंखला अपने नाम की। भारतीय टीम का मनोबल इससे भी बढ़ा होगा कि मोहम्मद शमी और जसप्रीत बुमराह को आराम देकर भी भारत ने उन तीन तेज गेंदबाजों पर भरोसा किया, जिनका कुल अनुभव 40 मैचों का भी नहीं है। सीमित ओवरों में नई गेंद संभालने वाले टी नटराजन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शानदार पदार्पण किया और आस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को उन्हें खेलने में काफी दिक्कतें आई। भारत और आस्ट्रेलिया के बीच पिछले मैच में फर्क बीच के ओवरों में दोनों टीमों की बल्लेबाजी भी रही। कार्यवाहक कप्तान मैथ्यू वेड के आउट होने के बाद आस्ट्रेलिया ने लय खो दी। दूसरी ओर भारतीय कप्तान विराट कोहली ने पावरप्ले के बाद कुछ बेहतरीन शॉट लगाए। चोटिल मनीष पांडे की जगह श्रेयस अय्यर को शामिल करना भी भारत के लिए अच्छा रहा। भारत के लिए कमजोर कड़ी युजवेंद्र चहल का खराब प्रदर्शन रही। पहले टी-20 में रविंद्र जडेजा के कनकशन विकल्प के रूप में तीन विकेट लेकर मैन आफ द मैच रहे चहल दूसरे मैच में काफी महंगे साबित हुए। आस्ट्रेलिया को नियमित कप्तान आरोन फिंच, डेविड वॉर्नर, मिशेल स्टार्क, पैट कमिंस और जोश हेजलवुडकी कमी खल रही है। इन पांच में से तीन ने हालांकि पहला टी-20 खेला था जो भारत ने 11 रन से जीता था।

डार्सी शॉर्ट सलामी बल्लेबाजी के तौर पर पहले दो मैचों में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके। ऐसे में मार्कस स्टोइनिस और ग्लेन मैक्सवेल पर जिम्मेदारी बढ गई है। आस्ट्रेलियाई गेंदबाजी आक्रमण में अनुभव की कमी है और भारतीय बल्लेबाजों पर लगाम कसना उनके लिए आसान नहीं होगा। एडीलेड में 17 दिसंबर से शुरू हो रही टेस्ट श्रृंखला से पहले टी-20 श्रृंखला में क्लीन स्वीप भारत के लिए टॉनिक का काम करेगी।

**टीमें**-भारत : विराट कोहली, शिखर धवन, मयंक अग्रवाल, केएल राहुल, श्रेयस अय्यर, मनीष पांडे, हार्दिक पंड्या, संजू सैमसन, वाशिंगटन सुंदर, युजवेंद्र चहल, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, नवदीप सैनी, दीपक चाहर, टी नटराजन, शारदुल ठाकुर। आस्ट्रेलिया: मैथ्यू वेड, सीन एबोट, एश्टोन एगर, एलेक्स कारे, कैमरन ग्रीन, जोश हेजलवुड, मोइजेस हेनरिक्स, मार्नस लाबुशेन, ग्लेन मैक्सवेल, डेनियल सैम्स, केन रिचर्डसन, स्टीवन स्मिथ, मिशेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, डार्सी शॉर्ट , एडम जाम्पा, एंड्रयू टाए।

## पहले टेस्ट से बाहर रह सकते हैं जडेजा



**नई दिल्ली**। भारतीय हरफनमौला रविंद्र जडेजा पहले टी-20 मैच के दौरान सिर में लगी चोट (कनकशन) और हैमस्ट्रिंग चोट के कारण आस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट से बाहर रह सकते हैं। अपने कैरियर का 50वां टेस्ट खेलने की दहलीज पर खड़े जडेजा कम से कम तीन सप्ताह के लिए क्रिकेट से दूर रहेंगे यानी एडीलेड में 17 दिसंबर से शुरू हो रहा दिन रात का पहला टेस्ट वह नहीं खेल पाएंगे। हैमस्ट्रिंग चोट गंभीर होने पर वह 26 दिसंबर से मेलबर्न में शुरू हो रहे बॉक्सिंग डे टेस्ट से भी बाहर रह सकते हैं। बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया कि आईसीसी कनकशन प्रोटोकॉल के तहत सिर में चोट लगने पर खिलाड़ी को सात से 10 दिन आराम दिया जाता है जिससे जडेजा 11 दिसंबर से दूसरा अभ्यास मैच भी नहीं खेल सकेंगे। उन्होंने कहा कि यह असंभव है कि अभ्यास मैच खेले बिना टीम प्रबंधन उन्हें पहले टेस्ट में उतार दे। समझा जाता है कि कनकशन से ज्यादा हैमिस्ट्रिंग चोट के कारण जडेजा को एक टेस्ट से बाहर रहना पड़ सकता है। भारत ए और आस्ट्रेलिया ए के बीच पहले अभ्यास मैच की कमेंट्री के दौरान एक कमेंटेटर ने खुलासा किया कि जडेजा कनकशन के कारण तीन सप्ताह बाहर रहेंगे। बोर्ड के सूत्र ने हालांकि बताया कि वह कनकशन से उबर रहे हैं लेकिन हैमिस्ट्रंग से ठीक होने में समय लग सकता है। जडेजा के नहीं खेलने पर आर अश्विन भारतीय टीम में अकेले स्पिनर होंगे जिन्होंने अभ्यास मैच में अच्छा प्रदर्शन किया।

# पहले अभ्यास मैच में उमेश, अश्विन का उम्दा प्रदर्शन

### कैमरन ग्रीन के शतक से आस्ट्रेलिया ए को मिली बढ़त

**भाषा**। सिडनी

**सीनियर** गेंदबाज उमेश यादव और आर अश्विन ने आस्ट्रेलिया ए के खिलाफ अभ्यास मैच में उम्दा प्रदर्शन करके पहले टेस्ट में भारतीय एकादश में चयन का अपना दावा पुख्ता कर लिया जबकि मेजबान ने दूसरे दिन कैमरन ग्रीन के नाबाद शतक से आठ विकेट पर 286 रन बना लिए। आस्ट्रेलिया के पास अब 39 रन की बढत है। भारत ए ने पहली पारी नौ विकेट पर 247 रन पर घोषित की थी। कप्तान अजिंक्य रहाणे 117 रन बनाकर नाबाद रहे। मोहम्मद शमी और जसप्रीत बुमराह का टेस्ट में खेलना तय है। तीसरे तेज गेंदबाज के स्थान के लिए दौड़ में शामिल उमेश ने 18 ओवर में 44 रन देकर तीन विकेट लिए। वहीं मोहम्मद सिराज ने 19 ओवर में 71 रन देकर दो विकेट चटकाए। उमेश ने सलामी बल्लेबाज विल पुकोवस्की (एक) और जो बर्न्स (चार) को पवेलियन भेजा। अश्विन ने 19 ओवर में 58 रन देकर दो विकेट लिए। आस्ट्रेलिया ए के लिए हरफनमौला ग्रीन ने शेफील्ड शील्ड का अपना फार्म जारी रखते हुए 173 गेंद में 10 चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 114 रन बनाए। उन्होंने राष्ट्रीय कप्तान टिम पेन (44) के साथ छठे विकेट के लिए 104 रन की साझेदारी की। इससे पहले एक समय पर आस्ट्रेलिया ए के पांच विकेट 98 रन पर गिर गए थे। ग्रीन ने आठवें विकेट के लिए तेज गेंदबाज माइकल नासिर (33) के साथ 49 रन जोड़े। भारत ने नई गेंद से अच्छी शुरूआत की और उमेश ने आफ स्टम्प के बाहर जाती गेंद पर पुकोवस्की को प्वाइंट में शुभमन गिल के हाथों लपकवाया। बर्न्स ने विकेट के पीछे रिधिमान साहा को कैच थमाया। कप्तान ट्रेविस हेड (18) और मार्कस हैरिस (35) ने 55 रन की साझेदारी की। सिराज ने हेड को 21वें ओवर में आउट किया। वहीं अश्विन ने हैरिस को स्लिप में रहाणे के हाथों लपकवाया। अश्विन ने 31वें ओवर में निक मेडिनसन (23) को भी पगबाधा आउट किया। इसके बाद ग्रीन और टिम पेन आस्ट्रेलिया ए को चाय तक पांच विकेट पर 186 रन तक ले गए। ब्रेक के बाद उमेश का एक बाउंसर पेन को हेलमेट पर लगा। इसके बाद एक रन और बनाकर पेन बैकवर्ड स्क्वेयर लेग में पृथ्वी साव को कैच देकर लौटे। दूसरी ओर सिराज ने जेम्स पेटिन्सन (तीन) के रूप में दूसरा विकेट लिया। दूसरी स्लिप में 24 के स्कोर पर हनुमा विहारी से और 78 के स्कोर पर विकेटकीपर साहा से जीवनदान पाने वाले ग्रीन ने 81वें ओवर में चौके के साथ अपना शतक पूरा किया।

**स्कोर बोर्ड**

भारत पहली पारी: पृथ्वी साव का पेन बो पेटिन्सन 0, शुभमन गिल का हैरिस बो नासिर 0, चेतेश्वर पुजारा का हैरिस बो पेटिन्सन 54, हनुमा विहारी पगबाधा बो बर्ड 15, अजिंक्य रहाणे नाबाद 117, रिधिमान साहा पगबाधा बो हेड 0, आर अश्विन पगबाधा बो पेटिन्सन 5, कुलदीप यादव का पुकोवस्की बो हेड 15, उमेश यादव पगबाधा बो नासिर 24, मोहम्मद सिराज का पेन बो स्टेकीटी 0, कार्तिक त्यागी नाबाद।

अतिरिक्त: 16 रन

कुल योग: 93 ओवर में नौ विकेट पर 247 रन (घोषित)

विकेट पतन:1-0, 2-6, 3-40, 4-116, 5-121, 6-128, 7-197, 8-235, 9-246

गेंदबाजी: पेटिन्सन 19-5-58-3, नासिर 20-6-55-2, बर्ड 19.3-6-34-1, ग्रीन 8-4-9-0, स्टीकीटी 15.3-3-56-1, हेड 11-3-24-2

आस्ट्रेलिया ए पहली पारी: विल पुकोवस्की का गिल बो उमेश 1, जो बर्न्स का साहा बो उमेश 4, मार्कस हैरिस का रहाणे बो अश्विन 35, ट्रेविस हेड बो सिराज 18, कैमरन ग्रीन नाबाद 114, निक मेडिनसन पगबाधा बो अश्विन 23, टिम पेन का साव बो उमेश 44, जेम्स पेटिन्सन का साहा बो सिराज 3, मार्क स्टीकीटी नाबाद।

अतिरिक्त : 10 रन

कुल योग : 85 ओवर में आठ विकेट प 286 रन

विकेट पतन:1- 4, 2-5, 3-60, 4-68, 5-98, 6-202, 7-220, 8-269

गेंदबाजी : यादव 18-3-44-3, सिराज, 19-4-71-2, त्यागी 9-1-51-0, अश्विन 19-2-58-2, कुलदीप 14-2-41-0, विहारी 6-2-14-0

## टेस्ट रैंकिंग में कोहली के साथ संयुक्त दूसरे स्थान पर पहुंचे विलियमसन

**दुबई**। न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन सोमवार को जारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की टेस्ट बल्लेबाजों की नवीनतम रैंकिंग में एक स्थान के फायदे से भारत के अपने समकक्ष विराट कोहली के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर पहुंच गए। दूसरी तरफ न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में पारी और 134 रन की हार के दौरान लचर प्रदर्शन करने वाले वेस्टइंडीज के कप्तान जेसन होल्डर ने आईसीसी की टेस्ट आलराउंडर की सूची में अपना शीर्ष स्थान इंग्लैंड के स्टार बेन स्टोक्स को गंवा दिया। आस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ 911 अंक के साथ टेस्ट बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष पर चल रहे हैं। विलियमसन ने हैमिल्टन में वेस्टइंडीज के खिलाफ जीत के दौरान दोहरा शतक जड़ा था।

# कोविड का कहर: इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका के बीच वनडे श्रृंखला रद्द

### दोनों टीमों के कुछ सदस्यों के संक्रमित होने के बाद लिया गया फैसला

**संवाददाता**। केपटाउन

**केपटाउन** के आलीशान और कदाचित जैव सुरक्षित वातावारण वाले होटल में कोविड-19 मामले पाए जाने के बाद इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका के बीच एकदिवसीय श्रृंखला रद्द कर दी गई है। दोनों टीमें इसी होटल में ठहरी थी। दोनों टीमों में कुछ सदस्य संक्रमित हैं। होटल स्टाफ के दो सदस्य भी इस बीमारी की चपेट में आ गए हैं। श्रृंखला रद्द करने का फैसला इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) और क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने मिलकर किया। दोनों बोर्ड ने बयान जारी करके कहा कि दोनों टीमों के खिलाड़ियों का मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य सुनिश्चित करने के लिए यह फैसला किया गया।

ईसीबी और सीएसए ने कहा कि वे प्रभावी तौर पर तब तक श्रृंखला को स्थगित कर रहे हैं जब तक कि इंग्लैंड को ए मैच खेलने के लिए फिर से दक्षिण अफ्रीका दौरा करने के लिए उपयुक्त समय नहीं मिल जाता। श्रृंखला का पहला मैच शुक्रवार को केपटाउन के न्यूलैंड्स में खेला जाना था लेकिन मैच की सुबह दक्षिण अफ्रीका के एक खिलाड़ी को कोविड-19 के लिए पॉजीटिव पाया गया जिसके कारण उसे रविवार तक स्थगित कर दिया गया था और इसका स्थल पास में स्थित शहर पार्ल कर दिया गया था।

इसके बाद पहला वनडे रविवार को रद्द कर दिया क्योंकि पता चला कि होटल स्टाफ के दो सदस्य भी कोविड-19 से संक्रमित हैं। इसके बाद इंग्लैंड की टीम ने नए सिरे से परीक्षण कराए। इंग्लैंड टीम के दो सदस्य भी कोविड-19 के लिए पॉजीटिव पाए गए हालांकि ईसीबी ने कहा कि वह दौरे के बाकी मैचों पर निर्णय करने से पहले स्वतंत्र चिकित्सा टीम से परीक्षणों का सत्यापन चाहता है। ईसीबी और क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका दोनों को बाकी दो वनडे मैचों के आयोजन की उम्मीद थी ।

# अंजू का चौंकाने वाला खुलासा, एक किडनी के सहारे हासिल की सफलता



**कोच्चि**। पेरिस में 2003 में विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर भारतीय खेलों में इतिहास रचने वाली ओलंपियन अंजू बॉबी जार्ज ने सोमवार को कहा कि उन्होंने एक गुर्दे (किडनी) के सहारे शीर्ष स्तर पर सफलताएं हासिल की। आईएएएफ विश्व एथलेटिक्स फाइनल्स (मोनाको 2005) की स्वर्ण पदक विजेता लंबी कूद की इस स्टार एथलीट ने कहा कि उन्हें यहां तक कि दर्द निवारक दवाईयों से भी एलर्जी थी और ऐसी तमाम बाधाओं के बावजूद वह सफलताएं हासिल कर पाई। अंजू ने ट्वीट किया कि मानो या न मानो, मैं उन भाग्यशाली लोगों में शामिल हूं जो एक गुर्दे के सहारे विश्व में शीर्ष स्तर पर पहुंची। यहां तक कि मुझे दर्द निवारक दवाइयों से एलर्जी थी, दौड़ की शुरुआत करते समय मेरा आगे वाला पांव सही काम नहीं करता था। कई सीमाएं थी तब भी मैंने सफलताएं हासिल की। क्या हम इसे कोच का जादू या उनकी प्रतिभा कह सकते हैं। अपने पति राबर्ट बॉबी जार्ज से कोचिंग लेने के बाद अंजू का करियर नई ऊंचाईयों पर पहुंचा। अंजू ने कहा कि उन्होंने महामारी के इस दौर में वर्तमान पीढ़ी के खिलाड़ियों को प्रेरित करने के लिए यह खुलासा किया। खिलाड़ी घातक वायरस के कारण अभ्यास नहीं कर पा रहे हैं और प्रतियोगिताओं का आयोजन नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि लोगों की आम राय है कि मेरा शरीर सुगठित है लेकिन सच्चाई यह है कि मैंने तमाम मुश्किलों से पार पाकर सफलताएं हासिल की। उम्मीद है कि मेरा अनुभव साझा करने से भावी खिलाड़ियों को प्रेरित करने में मदद मिलेगी। अंजू ने कहा कि पेरिस में 2003 में विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप से केवल 20 दिन पहले जर्मनी के चिकित्सकों ने उन्हें छह महीने विश्राम करने की सलाह दी थी। उन्होंने कहा कि यह पेरिस विश्व चैंपियनशिप से 20 दिन पहले की बात है लेकिन मैं सभी बाधाओं से पार पाकर पदक जीतने में सफल रही थी। अंजू को अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत से पहले कुछ स्वास्थ्य कारणों से 2001 में बेंगलुरू में कराए गए परीक्षण से पता चला था कि उनका एक ही गुर्दा है। उन्होंने कहा कि यह मेरे लिए चौंकाने वाली खबर थी लेकिन पति ने मुझे करियर जारी रखने और सफलता हासिल करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने यहां तक कहा कि अगर मुझे कोई परेशानी होती है तो वह अपना एक गुर्दा दे देंगे। अंजू ने कहा कि अपने स्वास्थ्य को लेकर पैदा हुई स्थिति का सामना करने के लिए अब वह पर्याप्त परिपक्व हो गई हैं।

# देश के लिए सीरीज जीतना विशेष: नटराजन



**भाषा**। सिडनी

**भारतीय** तेज गेंदबाज टी. नटराजन ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ राष्ट्रीय टीम की तरफ से टी-20 श्रृंखला में जीत को सोमवार को यादगार और विशेष करार दिया। तमिलनाडु के 29 वर्षीय तेज गेंदबाज ने दूसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में दो महत्वपूर्ण विकेट लिए। भारत ने इस मैच में आस्ट्रेलिया को छह विकेट से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त हासिल की। नटराजन ने अपने ट्विटर हैंडल पर लिखा कि यह मेरी अपने देश के लिए श्रृंखला में पहली जीत है। यादगार और विशेष। नटराजन ने डी आर्सी शॉर्ट और मोएजेस हेनरिक्स के विकेट लिए। आस्ट्रेलिया के दिग्गज तेज गेंदबाज ग्लेन मैकग्रा उनके प्रदर्शन से काफी प्रभावित हैं और उन्होंने उन्हें भारत के लिए इस दौरे की खोज बताया। मैकग्रा ने सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय के दौरान कमेंट्री करते हुए कहा, मैं नटराजन से काफी प्रभावित हूं। वह निश्चित तौर पर भारत के लिए इस दौरे की खोज है। उम्मीद है कि वह अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखेगा। नटराजन ने पहले टी-20 अंतरराष्ट्रीय में भी तीन विकेट लिए थे जिसे भारत ने 11 रन से जीता था। उन्होंने तीसरे वनडे में भारत की तरफ से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया, दो विकेट लिए तथा भारत की 13 रन से जीत में अहम भूमिका निभाई। उन्हें पीठ दर्द से परेशान नवदीप सैनी के बैकअप के तौर पर वनडे टीम में शामिल किया गया था।

## माराडोना की याद में संग्रहालय बनाएगा केरल का व्यवसाई

**कोच्चि**। केरल के एक व्यवासाई ने सोमवार को कहा कि डिएगो माराडोना की याद में एक विश्वस्तरीय संग्रहालय तैयार किया जाएगा जिसमें अर्जेंटीना के इस दिग्गज फुटबॉलर की सोने से बनी प्रतिमा मुख्य आकर्षण होगी। बॉबी चेम्मानुर इंटरनेशनल ग्रुप के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक बॉबी चेम्मानुर ने कहा कि माराडोना की कद काठी की प्रतिमा द हैंड ऑफ गॉड का प्रतिनिधित्व करेगी।

अर्जेंटीना के इस महान खिलाड़ी ने 1986 फीफा विश्व कप में अपने एक महत्वपूर्ण गोल को यही नाम दिया था। अर्जेंटीना ने उनकी अगुवाई में यह विश्व कप जीता था।

# पुरस्कार लौटाने को खिलाड़ियों ने राष्ट्रपति भवन की ओर मार्च किया

**नई दिल्ली**। एशियाई खेलों के दो बार के स्वर्ण पदक विजेता पूर्व पहलवान करतार सिंह की अगुआई में पंजाब के कुछ खिलाड़ियों ने नए कृषि कानूनों के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन कर रहे किसानों के प्रति एकजुटता दिखाते हुए 35 राष्ट्रीय खेल पुरस्कार लौटाने के लिए राष्ट्रपति भवन की ओर मार्च किया लेकिन पुलिस ने उन्हें रास्ते में ही रोक दिया। वर्ष 1982 में अर्जुन पुरस्कार और 1987 में पद्म श्री से नवाजे गए करतार के साथ ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता टीम के सदस्य पूर्व हॉकी खिलाड़ी गुरमेल सिंह और महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान राजबीर कौर आदि शामिल थे। गुरमेल को 2014 में ध्यानचंद पुरस्कार से सम्मानित किया गया जबकि राजबीर को 1984 में अर्जुन पुरस्कार मिला। एशियाई खेल 1978 और 1986 में स्वर्ण पदक जीतने वाले करतार ने कहा कि किसानों ने हमेशा हमारा साथ दिया है। हमें उस समय बुरा लगता है जब हमारे किसान भाईयों पर लाठीचार्ज किया जाता है, सड़कें बंद कर दी जाती हैं। किसान अपने अधिकारों के लिए कड़कड़ाती सर्दी में सड़कों पर बैठे हुए हैं। उन्होंने कहा कि मैं किसान का बेटा हूं और पुलिस महानिरीक्षक होने के बावजूद अब भी खेती करता हूं।

# नए सिरे से तैयार हो रही है पीसीपीआईआर नीति, केंद्र की होगी बड़ी भूमिका

**भाषा**। अमरावती (आंध्र प्रदेश)

**पेट्रोलियम**, रसायन एवं पेट्रोरसायन निवेश क्षेत्र (पीसीपीआईआर) नीति को पूरी तरह नए सिरे से तैयार किया जा रहा है। नए सिरे से तैयार नीति के तहत 2035 तक 20 लाख करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित कर भारत को पेट्रोलियम, रसायन, पेट्रोरसायन प्रसंस्करण और विनिर्माण का वैश्विक केंद्र बनाने में केंद्र की बड़ी भूमिका होगी। पीसीपीआईआर नीति-2007 पूरी तरह विफल हो गई थी। इसमें खर्च का ज्यादातर बोझ राज्यों को वहन करना था। प्रस्तावित नई नीति 2020-35 में पीसीपीआईआर की पूरी अवधारणा को नए सिरे से तैयार किया गया है। पुरानी नीति में आमूलचूल परिवर्तन किया गया है। इसके तहत प्रत्एक निवेश क्षेत्र के आकार को 250 वर्ग किलोमीटर से घटाकर विशेष क्लस्टर एकीकरण रणनीति के साथ 50 वर्ग किलोमीटर किया जा रहा है। पीसीपीआईआर को राष्ट्रीय संरचना पाइपलाइन से जोड़ने से इसे काफी प्रोत्साहन मिल सकता है। 2007 में तैयार नीति में भारी शुरुआती पूंजीगत लागत की वजह से प्रस्तावित परियोजनाएं आगे नहीं बढ़ पा रही थीं। समझा जाता है कि नई नीति के तहत सरकार पीसीपीआईआर की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए कोष में करीब 20 प्रतिशत तक की कमी के लिए वित्तपोषण यानी वायबिलिटी गैप फंडिंग (वीजीएफ) उपलब्ध कराएगी। इसके अलावा सरकार स्मार्ट और सतत प्रणालियां मसलन एकीकृत ठोस कचरा प्रबंधन, तत्काल आधार पर पर्यावरणीय निगरानी प्रणाली तथा आपात प्रतिक्रिया प्रणाली आदि के लिए 20 प्रतिशत का अतिरिक्त बजटीय आवंटन भी उपलब्ध करा सकती है। वीजीएफ के जरिए प्रत्एक परियोजना करीब दो लाख करोड़ रुपये अतिरिक्त जुटा सकती है। आंध्र प्रदेश सरकार में विशेष मुख्य सचिव रजत भार्गव की अध्यक्षता वाली उच्चस्तरीय समिति ने हाल में नई पीसीपीआईआर नीति 2020-35 का मसौदा तैयार किया है और इसे केंद्रीय रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग को सौंपा है।

पीसीपीआईआर नीति-2007 में पेट्रोलियम निवेश क्षेत्रों को विकसित करने का बोझ संबंधित राज्यों को वहन करना था। वहीं नई नीति में इसका ज्यादातर बोझ केंद्र को उठाना होगा। केंद्र का अगले पांच साल में 100 लाख करोड़ रुपए की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के क्रियान्वयन का लक्ष्य है। समिति ने राष्ट्रीय संरचना पाइपलाइन के तहत पीसीपीआईआर परियोजनाओं के लिए प्राथमिकता के आधार पर वित्तपोषण सुनिश्चित करने का सुझाव दिया है।

## जीएसटी जांचकर्ताओं ने 290 करोड़ की धोखाधड़ी वाले लेनदेन का पता लगाया

**नागपुर**। जीएसटी सतर्कता महानिदेशालय (डीजीजीआई) नागपुर ने 25.22 करोड़ रुपए के फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) सहित 290.70 करोड़ रुपए के धोखाधड़ी वाले लेनदेन का पता लगाया है। एक अधिकारी ने सोमवार को इसकी जानकारी दी।

डीजीजीआई ने एक विज्ञप्ति में बताया कि एक निजी कंपनी की तलाशी के बाद इसका पता लगा। इस संबंध में एक व्यक्ति को गिरफ्तार भी किया गया है।

विज्ञप्ति के अनुसार कि मुंबई स्थित एक कंपनी मेसर्स एम एंड एम एडवाइजर्स एंड कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के परिसरों की तलाशी ली गई। तलाशी में मिले दस्तावेजों से पता चलता है कि कंपनी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय चैनलों पर प्रसारण के लिए फिल्म निर्माण घरों के लाइसेंसिंग अधिकारों में लगी हुई थी।

# सेंसेक्स 347 अंक की तेजी के साथ नई ऊंचाई पर

**भाषा**। मुंबई

**विदेशी** पूंजी प्रवाह के बीच बीएसई सेंसेक्स सोमवार को 347 अंक बढ़कर रिकार्ड ऊंचाई पर बंद हुआ। सूचकांक में अच्छी हिस्सेदारी रखने वाली एचडीएफसी लि., एचयूएल और आईसीआईसीआई बैंक की अगुवाई में यह तेजी आई। 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक कारोबार के दौरान एक समय 45,458.92 अंक के उच्चतम स्तर तक चला गया था। अंत में यह 347.42 अंक यानी 0.77 प्रतिशत बढ़कर 45,426.97 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 97.20 अंक यानी 0.73 प्रतिशत की बढ़त के साथ 13,355.75 के अब तक के उच्चतम स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह रिकार्ड 13,366.65 पर पहुंच गया था। सेंसेक्स के शेयरों में सर्वाधिक लाभ में भारती एयरटेल रही। इसमें करीब तीन प्रतिशत की तेजी आई। इसके अलावा एचयूएल, एचडीएफसी, आईटीसी, इंडसइंड बैंक, एसबीआई, सन फार्मा, ओएनजीसी, टेक महिंद्रा, एल एंड टी और एशियन पेंट्स में भी अच्छी तेजी रही। दूसरी तरफ कोटक बैंक, नेस्ले इंडिया, टाटा स्टील, बजाज फाइनेंस और एचडीएफसी बैंक में गिरावट दर्ज की गई।

रिलायंस सिक्योरिटीज के रणनीतिक मामलों के प्रमुख विनोद मोदी ने कहा कि घरेलू शेयर बाजार में मजबूती बनी हुई और वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख का भी इस पर असर नहीं हुआ।मोदी ने कहा, कोविड-19 टीके को लेकर सकारात्मक प्रगति और आरबीआई की अर्थव्यवस्था के पुनरूद्धार को समर्थन देने के लिए जताई गई प्रतिबद्धता से बाजार में तेजी बनी हुई है।



दुबई में आयोजित जीटेक्स टेक्नोलॉजी समिट के दौरान आयोजित प्रदर्शनी को देखते लोग

# ओएमबी के लिए नामित हुईं नीरा

## डेमोक्रेटिक नेताओं के खिलाफ अपने ट्वीट के कारण करना पड़ रहा विरोध का सामना

**एपी।** वाशिंगटन

**अमेरिका के** अगले राष्ट्रपति के तौर पर निर्वाचित जो बाइडन द्वारा प्रबंधन एवं बजट कार्यालय (ओएमबी) के निदेशक पद पर नामित भारतीय मूल की नीरा टंडन को रिपब्लिकन पार्टी और वामपंथ की ओर झुकाव रखने वाले कुछ डेमोक्रेटिक नेताओं के खिलाफ आक्रामक एंव विवादित ट्वीट के कारण विरोध का सामना करना पड़ रहा है।

रिपब्लिकन पार्टी के कुछ वरिष्ठ नेताओं ने टंडन को नामित किए जाने का सार्वजनिक रूप से विरोध किया है। इस बीच, कुछ सुधारवादी डेमोक्रेट का मानना है कि टंडन का नामांकन इस बात की परीक्षा होगा कि वामपंथी बाइडन के इस चयन को चुनौती देंगे या नहीं।दरअसल, राष्ट्रपति पद के चुनाव में डेमोक्रेटिक उम्मीदवार रह चुकीं हिलेरी क्लिंटन की निकट सहयोगी रहीं टंडन ने अमेरिका की पूर्व विदेश मंत्री के डेमोक्रेटिक आलोचकों के खिलाफ आक्रामक टिप्पणियां की थीं।वामपंथी सीनेटर बर्नी सैंडर्स के लिए भाषण लिखने का काम कर चुके डेविड सिरोटा ने कहा कि यदि टंडन(वामपंथियों की) चुनौती के बिना ओएमबी के लिए चुन ली जाती हैं, तो इसका अर्थ यह होगा, कि सुधारवादी बाइडन को चुनौती ही नहीं देना चाहते।

सैंडर्स ने टंडन को नामित किए जाने के खिलाफ सार्वजनिक तौर पर कुछ नहीं कहा है, लेकिन एलिजाबेथ वारेन और शेरोड ब्राउन जैसे उदारवादी सीनेटरों ने अपना समर्थन जताया है। दूसरी ओर, रिपब्लिकन सीनेटर, सीनेट के कई सदस्यों के खिलाफ नीरा की पुरानी आक्रामक एवं अपमानजनक टिप्पणियों से नाराज हैं।

उल्लेखनीय है कि 50 वर्षीय टंडन की नियुक्ति को अगर सीनेट की मंजूरी मिल जाती है तो अमेरिका के प्रबंधन एवं बजट कार्यालय का नेतृत्व करने वाली पहली अश्वेत एवं भारतीय मूल की महिला होंगी।



ओएमबी की जिम्मेदारी अमेरिकी राष्ट्रपति के विचारों को कार्यपालिका की सभी शाखाओं में लागू कराने एवं देखरेख की होती है। यह खासतौर पर राष्ट्रपति की नीतिगत बैठकों, बजट, प्रबंधन, नियामक उद्देश्य और एजेंसियों की स्थाई जिम्मेदारी को पूरा करने में मदद करता है।टंडन का करियर पेशेवर परिवारों को आर्थिक विकास के आधार पर मदद करने और असमानता को दूर करने की नीतियों को बनाने पर केंद्रित रहा है। प्रभावशाली सीनेटर और सीनेट इंडिया कॉकस के सह अध्यक्ष जॉन कार्निन ने टंडन के नामांकन को बाइडन का अब तक का सबसे खराब नामांकन करार दिया है। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि सीनेट के सदस्यों खासतौर पर हमारे पक्ष के सदस्यों के खिलाफ उनकी आक्रामक और अपमानजनक टिप्पणियां उनके नाम की पुष्टि करने की राह में मुश्किल खड़ी करेंगी।

कॉर्निन ने कहा, टंडन ने गत कुछ हफ्तों में पूर्व में किए गए कई ट्वीट को हटाया है जो बचकाना लगता है, ऐसा लगता है कि इससे उन ट्वीट तक लोगों की पहुंच नहीं होगी।

उन्होंने आरोप लगाया कि नीरा ने रिपब्लिकन पार्टी सदस्यों की आलोचना करने वाले ट्वीट सहित एक हजार से अधिक ट्वीट हटाए हैं। टंडन के ट्विटर पर 3,13,400 फॉलोअर हैं और वह इस मंच पर काफी सक्रिय है। पूर्व में नीरा रिपब्लिकन सीनेटरों और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कड़ी आलोचक रही हैं। अमेरिका में रिपब्लिकन पार्टी की नेता निक्की हेली ने कहा कि बाइडन द्वारा प्रबंधन और बजट कार्यालय की निदेशक के तौर पर नीरा टंडन को नामित करने का फैसला काफी चिंतित करने वाला है क्योंकि उन्होंने अतीत में कई गलत निर्णय लिए थे। हेली ने एक ट्वीट में कहा, टंडन पूर्व में कई बार गलत फैसले कर चुकी हैं। उन्होंने कहा था कि डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के खिलाफ साजिश में शामिल थे और कई बार रिपब्लिकन सांसदों को नीचा दिखाने का प्रयास किया। टंडन बस अपनी नीति पर काम करती हैं। यही कारण है कि जो बाइडन द्वारा उन्हें नामित किया जाना चिंता की बात है।

# यूएई में भारतीय पर हमवतन की पीट-पीट कर हत्या करने का आरोप

**भाषा।** दुबई

**संयुक्त अरब** अमीरात (यूएई) में रहने वाले एक भारतीय प्रवासी पर किराए के अवैध आवास को लेकर हुई तीखी बहस के बाद अपने हमवतन की पीट-पीट कर हत्या करने का आरोप लगाया गया है।

गल्फ न्यूज़ ने रविवार को खबर दी है कि दुबई कोर्ट ऑफ फार्स्ट इंसटेंस ने रविवार को मामले की सुनवाई की और 31 वर्षीय भारतीय पर अपने देश के एक शख्स पर हमला करने और उसे बेहोशी की हालात में छोड़ने का आरोप लगाया। आरोपी पीड़ति से किराया लेने गया था जिसके बाद उन दोनों में बहस हो गई। रिकॉर्ड के मुताबिक, घटना अगस्त में हुई थी। पीड़ति की मां उसे बार-बार फोन कर रही थी लेकिन वह कॉल नहीं उठा रहा था। उन्होंने उसके दोस्त को फोन किया जो उसके किराए के फ्लैट में उसे देखने गया था। उन्होंने सुरक्षा गार्ड के साथ दरवाजा तोड़ा तो पाया कि वह बेड पर मृत पड़ा है।

खबर में कहा गया है कि दुबई पुलिस को घटना की सूचना दी गई और जांचकर्ताओं ने पाया कि शव मिलने से तीन दिन पहले उसकी मौत हो चुकी थी। खबर में पीड़ति और प्रतिवादी दोनों में से किसी की भी पहचान नहीं बताई गई है।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पीड़ति के फ्लैट के आसपास के कुछ लोगों से पूछताछ करने के बाद एक भारतीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया।

इस शख्स को इमारत के मालिक ने किराएदारों से किराया वसूल करने की जिम्मेदारी दी थी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि उनकी जांच में सामने आया है कि पीड़ति को संदिग्ध से कुछ परेशानी थी। संदिग्ध को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसने पीड़ति पर हमले की बात कबूली है।

मेडिकल रिपोर्ट से पता चला है कि हमले में पीड़ति के मस्तिष्क में आंतरिक रक्तस्राव हुआ जिससे उसकी मौत हुई।

सुनवाई के बाद दुबई लोक अभियोजक ने प्रतिवादी पर हमले की वजह से मौत का आरोप लगाया। मामले की अगली सुनवाई 21 जनवरी को होगी।

## दक्षिण पश्चिम चीन के शहर में 23 खनिकों की मौत के बाद कार्रवाई

**एजेंसी।** बीजिंग

चीन के दक्षिण पश्चिम चोंगकिंग शहर में हाल ही में हुए भीषण खान हादसे में पिछले सप्ताह 23 खनिकों की मौत के बाद खनन सुरक्षा उल्लंघन के मामले में कड़ी कार्वाई का आदेश दिया गया है।सरकारी मीडिया ने सोमवार को खबर प्रकाशित की कि रविवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अधिकारियों से डायोशुइदोंग की खान में श्रमिकों की मौत के बाद सुधार वाले कदम उठाने का आदेश दिया गया। कार्बन मोनोऑक्साइड का घातक स्तर बढ़ने सेयह हादसा हुआ।शुक्रवार को हुए हादसे के मामले में विस्तृत जांच शुरू कर दी गई है। हालांकि किसी की गिरफ्तारी की खबर नहीं है। खान से एक खनिक को बचाया गया।

# बाइडन ने बेसेरा को स्वास्थ्य मंत्री, मूर्ति को सर्जन जनरल के तौर पर चुना

**वाशिंगटन (भाषा)।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन ने सोमवार को कैलिफोर्निया के अटॉर्नी जनरल जेवियर बेसेरा को स्वास्थ्य मंत्री और भारतीय-अमेरिकी डा. विवेक मूर्ति को अपने सर्जन जनरल के तौर पर चुना है। डॉ एंथनी फाउची को कोविड -19 पर राष्ट्रपति के मुख्य चिकित्सा सलाहकार के रूप में नामित किया गया है, जबकि डॉ. रोशेल वालेंस्की को रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र के निदेशक के रूप में और डॉ मार्सेला नुन्ज-स्मिथ को कोविड-19 इक्विटी टास्क फोर्स के अध्यक्ष के रूप में नामित किया गया है। बाइडन ने कहा कि नेताओं की यह भरोसेमंद और निपुण टीम उच्चतम स्तर की अखंडता और वैज्ञानिक प्रतिबद्धता के साथ अमेरिका की सबसे मुश्किल चुनौतियों में से एक कोविड महामारी को काबू में करने में सहायक सिद्ध होगी ताकि अमेरिकी लोग काम पर लौट सकें और सामान्य ढंग से अपना जीवन व्यतीत कर सकें। उन्होंने कहा कि विश्व स्तरीय चिकित्सा विशेषज्ञों और लोक सेवकों की यह टीम परीक्षण का विस्तार करने के लिए संघीय सरकार के हर संसाधन को जुटाने के लिए पहले दिन से तैयार हो जाएगी। नवनिर्वाचित उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने कहा, कोरोना वायरस महामारी को काबू में करने और हमारी अर्थव्यवस्था को खोलने के लिए हमें जिम्मेदारी के साथ इन विशेषज्ञों और नेताओं को सुनने की जरूरत है। बेसेरा किफायती स्वास्थ्य देखभाल संबंधी कानून के समर्थक रहे हैं और अब वह बाइडन प्रशासन में कोरोना वायरस के खिलाफ देश की मुहिम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। सीनेट से मंजूरी मिलने के बाद बेसेरा (62) ऐसे पहले लातिन अमेरिकी होंगे जो स्वास्थ्य एवं मानवीय सेवा विभाग का नेतृत्व करेंगे।

# पॉर्नहब के साथ कारोबारी संबंधों की जांच करेंगी मास्टरकार्ड और वीजा

**एपी।** न्यूयॉर्क

**दिग्गज क्रेडिट** कार्ड कंपनियों वीजा और मास्टरकार्ड ने कहा है कि वे पॉर्नहब के साथ अपने कारोबारी संबंधों की जांच करेंगी।एक अखबार के जाने माने स्तंभकार ने आरोप लगाया है कि अश्लील वीडियो प्रसारित करने वाली यह वेबसाइट दुष्कर्म समेत कई आपत्तिजनक वीडियो दिखाती है, जिसके बाद कंपनियों का यह बयान आया है।

द न्यूयॉर्क टाइम्स के स्तंभकार निकोलस क्रिस्टोफ ने शुक्रवार को लिखा था कि पॉर्नहब वेबसाइट पर दुष्कर्म के दृश्य, बदले की भावना से बनाए गए अश्लील वीडियो और लोगों की मंजूरी के बिना बनाए गए वीडियो दिखाए जा रहे हैं। पॉर्नहब ने इन आरोपों पर अभी कोई टिप्पणी नहीं की है।ऑनलाइन भुगतान सेवा प्रदाता कंपनी पेपाल ने पिछले साल पॉर्नहब के लिए सेवा रोक दी थी। पॉर्नहब का मालिकाना हक माइंडगीक के पास है। स्तंभकार ने इस वेबसाइट के साथ काम करने वाली अन्य क्रेडिट कार्ड कंपनियों से अपील की है कि वे पॉर्नहब के साथ काम करना बंद करें। क्रिस्टोफ के स्तंभ पर प्रतिक्रिया देते हुए वीजा और मास्टरकार्ड ने रविवार को कहा कि वे इस मामले की जांच कर रही हैं। वीजा ने कहा, हम आरोपों से अवगत हैं और हम तत्काल जांच के लिए संबंधित वित्तीय संस्थाओं से बातचीत कर रहे हैं। इसके अलावा हम इस वेबसाइट के मालिकाना हक वाली कंपनी के साथ सीधे बातचीत कर रहे हैं। उसने कहा कि यदि वेबसाइट पर लगे आरोप सही साबित होते हैं, तो वेबसाइट को वीजा के जरिए भुगतान स्वीकार करने से प्रतिबंधित कर दिया जाएगा।

● **वीजा ने कहा, हम आरोपों से अवगत है और हम तत्काल जांच के लिए संबंधित वित्तीय संस्थाओं से बातचीत कर रहे हैं**

# विद्यालयों में कम संक्रमण दर का हवाला देते हुए न्यूयॉर्क में फिर से खुले विद्यालय

**एपी।** न्यूयॉर्क

**विद्यालयों** में कोविड-19 के कम मामलों का हवाला देते हुए न्यूयॉर्क सिटी में स्कूलों को फिर से खोला जा रहा है। इससे कुछ सप्ताह पहले ही संक्रमण के बढ़ते दर के मद्देनजर स्कूलों में बच्चों का जाना रोक दिया गया था। इस महीने की शुरुआत में शहर के स्कूलों को बंद कर दिया था। अब सोमवार से प्रीस्कूल विद्यार्थियों, किंडरगार्टन से लेकर पांचवीं कक्षा तक के उन बच्चों के लिए खोला गया है जिनके अभिभावकों ने स्कूल भेजने और ऑनलाइन शिक्षा दोनों के मिश्रित रूप का चयन किया है। वहीं विशेष शिक्षा की जरूरत वाले सभी कक्षाओं के बच्चे बृहस्पतिवार से स्कूल आएंगे।

मेयर बिल डे ब्लासियो ने कहा कि माध्यमिक और उच्च विद्यालयों के बच्चे कम से कम छुट्टी के बाद तक ऑनलाइन शिक्षा से ही जुड़े रहेंगे। अब संक्रमण दर पांच फीसदी से ज्यादा है लेकिन ब्लासियो का कहना है कि जांच नियमों को बढ़ाते हुए स्कूलों को फिर से खोला जाना सुरक्षित है और संक्रमण के कुछ ही मामले हैं जो विद्यालयों से जुड़े हैं।



## द. सूडान में भारतीय शांति सैनिकों को किया गया सम्मानित

**संयुक्त राष्ट्र (भाषा)।** दक्षिण सूडान में संयुक्त राष्ट्र के शांति मिशन में सेवा करने वाली एक अकेली महिला अधिकारी सहित भारत के 800 से अधिक शांति सैनिकों को देश में अपने कर्तव्य को सफलतापूर्वक निभाने और उनके सराहनीय कार्य के लिए पदक से सम्मानित किया गया है। कार्यवाहक राज्य समन्वयक एनोस चुमा के हवाले से एक रिपोर्ट में कहा गया है, मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि भारतीय शांति सैनिक न केवल भारत बल्कि संयुक्त राष्ट्र के भी सच्चे दूत हैं। दक्षिण सूडान में संयुक्त राष्ट्र मिशन (यूएनएमआईएसएस) की वेबसाइट पर एक बयान में कहा गया है कि हाल ही में मिशन के लिए 800 से अधिक शांति सैनिकों को उनकी सेवा के लिए पदक प्रदान किए गए थे। भारतीय सैनिकों में एकमात्र महिला शांति सैनिक मेजर चेतना ने कहा, मैं अपने पुरुष सहयोगियों से अलग नहीं हूं। मैं अपना काम उतनी ही कुशलता से करती हूं, जितना वे अपना करते हैं।

## क्विक न्यूज

### अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के वकील रूडी गिलियानी कोरोना वायरस से संक्रमित

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बताया है कि उनके वकील रूडी गिलियानी कोरोना वायरस से संक्रमित हो गए है। अमेरिका में पिछले कुछ दिनों से कोविड-19 के मामले लगातार बढ़ रहे हैं और ट्रंप के कई करीबी शीर्ष अधिकारी भी संक्रमित हो चुके हैं। ट्रंप ने बताया कि न्यूयार्क के पूर्व मेयर गिलियानी (76) कोरोना वायरस से संक्रमित हो गए। राष्ट्रपति चुनाव परिणामों को चुनौती देने के ट्रंप के प्रयासों की खातिर गिलियानी ने हाल में कई राज्यों की यात्राएं की थी।राष्ट्रपति ट्रंप ने रविवार को ट्वीट कर गिलियानी के संक्रमित होने की पुष्टि की और उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की। गिलियानी ने रविवार सुबह फॉक्स न्यूज के एक कार्यक्रम में हिस्सा लिया था, जिसमें ट्रंप की ओर से कई राज्यों में दी गई कानूनी चुनौतियों पर उन्होंने चर्चा की थी। गिलियानी ने बृहस्पतिवार को जॉर्जिया में एक सुनवाई में हिस्सा लिया था, इस दौरान वह कई घंटे तक बिना मास्क के रहे। कई राज्यों के रिपब्लिकन सीनेटर भी बिना मास्क के नजर आए। गिलियानी बुधवार की रात मिशिगन गए थे, जहां उन्होंने विधायिका की सुनवाई में गवाही दी थी। उस दौरान गिलियानी और उनके बगल में बैठी वकील जेना एलिस ने भी मास्क नही पहना था। जॉर्जिया के डेमोक्रेट सीनेटर जेन जोर्डन ने बृहस्पतिवार को सुनवाई में हिस्सा लिया था और उन्होंने गिलियानी के मास्क नही पहनने पर रोष प्रकट किया। जोर्डन ने ट्वीट कर कहा, मुझे पता नही था कि पिछले हफ्ते मैंने जिस खतरे का सामना किया वह ट्रंप के वकील की ओर से था। गिलियानी खचाखच भरे कमरे में सुनवाई के दौरान सात घंटे तक मास्क के बगैर रहे।

### बिछुड़ने के तीन साल बाद मिले कुत्ता और मालिक

**वीटन (अमेरिका)।** डेब्रा और लोला को एक दूसरे से बिछुड़े हुए तीन साल हो गए थे और दोनों ने एक दूसरे को फिर से देख पाने की उम्मीद भी छोड़ दी थी। लेकिन एक दिन अचानक जब लोला सामने आ खड़ा हुआ तो डेब्रा को अपनी आंखों और किस्मत, दोनों पर ही यकीन नही हुआ। ए कहानी डेब्रा और उनके पालतू कुत्ते लोलो की है।मिशिगन में अपने मालिक से बिछड़ने के तीन साल बाद लेब्राडोर कुत्ता लोला फिर से घर लौट आया है। इस दंपति की शिकागो की यात्रा के दौरान लोला गुम हो गया था। डुपेज काउंटी की पशु कल्याण सेवा ने इस कुत्ते को उसके मालिक से मिला दिया। अपने कुत्ते लोला से मिलने के बाद डेब्रा मेजेउर ने शनिवार को कहा, मुझे लग रहा कि मेरा सपना पूरा हो गया। मिशिगन के क्लामजू में 2017 में लोला घर से तब निकल गया था जब मेजेउर दंपति एल्क ग्रोव गांव में अपने एक दोस्त से मिलने गया था। दंपति ने अपने कुत्ते की तलाश के लिए कई पेशेवरों की सेवाएं भी ली, जगह-जगह नोटिस भी लगाए लेकिन कोई सफलता नही मिली।पिछले सप्ताह इलिनोइस के ग्लेनडाले हाइट्स में एक दंपति ने डुपेज काउंटी प्रशासन को फोन कर बताया कि वे पिछले कुछ वर्ष से संरक्षित वन क्षेत्र में लोला को देख रहे हैं। वे लोला को खाना पहुंचाते थे और कुत्ता भी उनसे घुलमिल गया। लोला पर लगे एक माइक्रोचिप से उसके मालिकों का पता लगा।डेब्रा मेजेउर ने कहा, मुझे थोड़ी सी उम्मीद तो थी। यह भी लगता था कि शायद अब वह वापस नही आएगा। तीन साल तक लोला कैसे रहा। काश यह बता पाता।

### स्मार्टफोन आधारित कोविड-19 जांच का परिणाम 30 मिनट से भी कम समय में

**वॉशिंगटन।** वैज्ञानिकों ने सीआरआईएसपीआर आधारित कोविड-19 जांच के लिए एक नई तकनीक विकसित की है, जिसमें स्मार्टफोन कैमरा का इस्तेमाल करते ही 30 मिनट से कम समय में सही परिणाम प्राप्त हो जाता है।पत्रिका सेल में प्रकाशित शोध के मुताबिक नई जांच से न केवल पॉजिटिव या निगेटिव परिणाम हासिल किया जा सकता है बल्कि इसमें वायरल लोड (यानी वायरस के संकेंद्रण) की भी जांच की जाती है।शोधकर्ताओं ने बताया कि सभी सीआरआईएसपीआर जांच में वायरल आरएनए को डीएनए में बदलने की जरूरत होती है और इसका पता लगाने से पहले इसे प्रवर्धित करना होता है, जिसमें ज्यादा समय लगता है और यह जटिल होता है।उन्होंने कहा कि इसके विपरीत नए तरीके में इन सभी कदमों को छोड़कर सीआरआईएसपीआर का इस्तेमाल कर सीधे वायरल आरएनए का पता लगाया जाता है।अमेरिका के ग्लैडस्टोन इंस्टीट्यूट की वरिष्ठ शोधकर्ता जेनिफर डाउडना ने कहा, हम सीआरआईएसपीआर आधारित जांच को लेकर इसलिए उत्साहित हैं कि यह जरूरत के समय जल्द एवं सही परिणाम देता है। डाउडना ने कहा, यह विशेष रूप से उन स्थानों पर ज्यादा उपयोगी है जहां जांच की सीमित पहुंच हो या जब बार-बार तेजी से जांच की जरूरत पड़े। ।

### जॉर्जिया में एक रेस्टोरेंट में गोलीबारी के बाद विश्वविद्यालय परिसर को बंद किया गया

**केनेसॉ (अमेरिका)।** जॉर्जिया में रविवार को एक मेक्सिकन रेस्टोरेंट में गोलीबारी की घटना के बाद उसके करीब स्थित एक विश्वविद्यालय की ओर से छात्रों को कमरे के दरवाजे बंद करने और बत्तियां बुझाने को कहा गया। केनेसॉ स्टेट यूनिवर्सिटी ने दोपहर करीब पौने तीन बजे मेरियटा परिसर में सशस्त्र घुसपैठिए के बारे में सूचना भेजी। हालांकि एक घंटे बाद विश्वविद्यालय की ओर से सोशल मीडिया पर बताया गया कि संदिग्ध पकड़ा गया है।

# दक्षिण कोरिया: स्वास्थ्य मंत्री ने सियोल को कोविड-19 युद्ध क्षेत्र बताया

**एपी।** सियोल

**दक्षिण कोरिया में** कोरोना वायरस संक्रमण के तेजी से फैलने के बीच देश के स्वास्थ्य मंत्री ने सोमवार को कहा कि सियोल मेट्रोपोलिटन क्षेत्र अब कोविड-19 युद्ध क्षेत्र है।

देश में संक्रमण के 615 नए मामले सामने आए हैं और यहां पिछले 10 दिन में 5,300 से भी अधिक लोग संक्रमित हुए हैं। संक्रमण के अधिकतर नए मामले सियोल मेट्रोपोलिटन क्षेत्र में सामने आए हैं, जहां स्वास्थ्य कर्मी रेस्तरां, स्कूलों, अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों समेत विभिन्न स्थानों में संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।दक्षिण कोरिया के स्वास्थ्य मंत्री पार्क नेयुअंग हू ने कोरोना वायरस से निपटने को लेकर हुई एक बैठक में कहा, राजधानी क्षेत्र अब कोविड-19 युद्ध क्षेत्र बन चुका है। उन्होंने कहा कि देश को संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए सामाजिक दूरी को और बढ़ाना पड़ सकता है।हालांकि दक्षिण कोरिया दक्षिण पूर्वी क्षेत्र में बसंत में संक्रमण को काबू करने में सफल रहा था,लेकिन घनी आबादी वाले राजधानी क्षेत्र में इसे काबू करना आसान नहीं हागा। देश के राष्ट्रपति मून जेई इन की सरकार वायरस के खिलाफ पहले मिली सफलता का प्रचार करने के लिए आतुर रही है, लेकिन सामाजिक दूरी के प्रतिबंधों को ढील देने में जल्दबाजी करने को लेकर अब उसकी आलोचना हो रही है।इस बीच, चीन में सोमवार को संक्रमण के 15 नए मामले सामने आए, जिनमें से 12 लोग विदेश से आए हैं। चीन में इस समय 281 लोगों का संक्रमण के कारण इलाज चल रहा है, जबकि 231 उन लोगों के स्वास्थ्य पर नजर रखी जा रही है, जो संक्रमित हैं, लेकिन उनमें बीमारी के लक्षण नहीं है। चीन बिना लक्षण वाले संक्रमण के मामलों को संक्रमित लोगों की संख्या में शामिल नहीं करता है। हांगकांग में रविवार को संक्रमण के 95 नए मामले सामने आए।

## पाकिस्तान में सामने आए कोरोना वायरस के 3,795 नए मरीज, संक्रमण दर 9.71 फीसद पर पहुंची

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में सोमवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 3,795 नए मरीज सामने आने से संक्रमितों की संख्या 420,294 हो गई तथा संक्रमण दर बढ़कर 9.71 फीसद हो गई है। पाकिस्तान के राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवाएं मंत्रालय ने यह जानकारी दी।

मंत्रालय ने बताया कि सोमवार को कोविड-19 के कारण देश में 37 और मरीजों की मौत हो गई जिसके बाद पाकिस्तान में इस बीमारी से अबतक 8,398 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि कुल 2,539 मरीज गंभीर स्थिति में हैं।सरकार के मुताबिक पिछले 24 घंटे में 39,076 परीक्षण होने के बाद महामारी के मामले बढ़कर 420,294 हो गए। देश में कोरोना वायरस की दूसरी लहर शुरू होने पर 25 नवंबर को संक्रमण दर 8.53 फीसद दर्ज की गई थी।मंत्रालय ने बतायाा कि देश में अबतक कोविड-19 के 356,542 मरीज स्वस्थ हो चुके हैं और फिलहाल 55,354 रोगी उपचाररत हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता जाहिद हाफिज चौधरी ने बताया कि पाकिस्तान इस महामारी की दूसरी लहर से संघर्ष कर रहा है और उसे रूस ने कोविड-19 का टीका देने की पेशकश की है।

# वित्तीय स्थिति सुदृढ़ बनाने के लिए सीईओ नियुक्त कर रहा डब्ल्यूएचओ

**एपी।** पेरिस

**अपनी** वित्तीय स्थिति को सुदृढ़ बनाने के मकसद से विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) अपने एक फाउंडेशन में मुख्य कार्यकारी अधिकारी की नियुक्ति कर रहा है। डब्ल्यूएचओ का प्रयास फाउंडेशन में मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) की नियुक्ति कर निजी चंदा जुटाने का है ताकि अगर कोई देश अपने योगदान में कटौती करता है तो उसे आर्थिक तंगी का सामना नहीं करना पड़े। हाल ही अमेरिका ने निकाय को दी जा रही राशि में कटौती कर दी थी।बहुराष्ट्रीय फार्मा कंपनी वियाट्रिस के साथ आठ साल रहने के बाद अनिल सोनी अगले साल जनवरी में नए डब्ल्यूएचओ फाउंडेशन से जुड़ेंगे। इस साल वैश्विक कोरोना वायरस महामारी और निकाय से अमेरिका के बाहर हो जाने के बाद डब्ल्यूएचओ की वित्तीय स्थिति की संवेदनशीलता उजागर हो गई है।निकाय बहुत हद तक सदस्य देशों के स्वैच्छिक योगदान के साथ-साथ कुछ बड़े फाउंडेशनों पर निर्भर रहता है। सोनी ने डब्ल्यूएचओ फाउंडेशन की घोषणा से पहले एसोसिएटेड प्रेस (एपी) के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि उनकी प्राथमिकता कॉर्पोरेट और व्यक्तिगत चंदा जुटाना है। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन अंतत: कोविड-19 सॉलिडरिटी रिस्पॉन्स फंड का नियंत्रण अपने हाथ में ले लेगा। इस कोष ने अब तक 23.8 करोड़ डॉलर जुटाए हैं। सोनी बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन के वरिष्ठ सलाहकार भी रहे हैं। इस साल डब्ल्यूएचओ के बजट में जर्मनी के बाद दूसरा सबसे ज्यादा योगदान इसी फाउंडेशन ने दिया है।

# ट्रेंड बाजार

## काजोल ने दिये प्रशंसकों को सुझाव

**अभिनेत्री** काजोल ने महिलाओं के लिए प्रेरक सुझाव दिये हैं। उन्होंने दुबारा ये बात कही है कि महिलाएं ठान लें तो कुछ भी कर सकती हैं। इसी नाम के हैशटैग के साथ उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में उन्होंने लिखा, 'जो काम करना है तो उसके लिए कभी देर नहीं होती आप जो चाहें बन सकती हैं।'



काजोल सोशल मीडिया पर प्राय: अपने प्रशंसकों को किसी न किसी प्रकार से प्रोत्साहित किया करती हैं। इसके अलावा सोशल मीडिया पर वो अपने मन की बात भी साझा करती रहती हैं।

उनकी अगली फिल्म त्रिभंगा है जो जनवरी माह में रिलीज़ की जा सकती है। फिल्म का निर्देशन रेणुका शहाणे ने किया है और इसमें उनके साथ तन्वी आज़मी तथा मिथिला पाल्कर भी विविध भूमिकाएं करती दिखेंगी।

## अरशद वारसी करेंगे 'दुर्गामती' में भूमिका



**जाने माने** अभिनेता अर्शद वारसी का कहना है, 'दुर्गामती में मैंने इस कारण एक चरित्र किया क्योंकि इसकी स्क्रिप्ट बहुत सटीक लिखी गई है। इसकी कहानी भारतीयता से ओतप्रोत है और मेरा विचार है कि इसमें हमारे दर्शकों की संवेदनशीलता का भी पूरा ध्यान रखा गया है। मुझे फिल्म की कहानी में आए रोचक मोड़ बहुत अच्छे लगे थे और उनके बारे में कोई भी पूर्वानुमान नहीं लगा सकता था। किसी अच्छी फिल्म में जो अवयव होने चाहिये थे वे सभी इसमें आपको देखने को मिल जाएंगे। मुझे पूरा भरोसा है कि दर्शक इसका पूरा आनंद लेने वाले हैं।

## प्रभास ने की 'सालार' की शूटिंग की घोषणा



**अभिनेता** प्रभास तथा केजीएफनिर्देशक प्रशांत नील अब एक और फिल्म 'सालार' के लिए आपसी सहयोग के लिए तैयारी कर रही हैं। प्रभास ने इस फिल्म में अपनी लुक साझा करते हुए लिखा, 'आज से मैं 'सालार' की अपनी दुनिया में जा रहा हूं। इसकी शूटिंग जनवरी 2021 से प्रारंभ हो रही है। ये एक ऐसी फिल्म है जिसका निर्माण होम्बाले फिल्म्स, विजय किरागंदूर तथा प्रशांत नील ने मिलकर किया है।' प्रभास की दूसरी फिल्म का नाम है राधे श्याम, जिसमें उनके साथ पूजा हेगड़े हैं तथा ओम राउत की फिल्म आदिपुरुष होगी। हाल ही में उन्होंने अमिताभ बच्चन तथा दीपिका पादुकोण के साथ एक अनाम फिल्म की भी घोषणा की थी जिसका नाम उनके अनुसार समय बीतने के साथ रखा जाएगा।

## विवादों के कारण साइरस ने लियाम से नाता तोड़ा

**पॉप** स्टार मिलीसायरस का कहना है कि अभिनेता लियाम हेम्सवर्थ के साथ उनका विवाह काफी संघर्षमय रहा अब उनकी अभिलाषा है कि उन्हें एक ऐसा जीवन साथी मिले जो उनके लिए एक एंकर जैसा हो।



पिछले साल अगस्त में ही उन्होंने लियाम से संबंध विच्छेद कर लिया था। उनका विवाह एक वर्ष से भी कम समय चल सका। अब उनका कहना है कि वो उस संबंध में नहीं रह सकतीं जिसमें हर समय वाद-विवाद ही होता रहे।

उन्होंने बताया, 'हमारे संबंध में संघर्ष की पराकाष्ठा थी, जब मैं घर आती हूं तो मुझे किसी का सहारा चाहिये, मैं किसी नाटक या संघर्ष के लिए काम से वापस नहीं आती।'

अब चूंकि ये दोनों अलग हो चुके हैं तो सायरस का कहना है कि उनके मन में लियाम के लिए कोई कड़वाहट नहीं है। साइरस ने बताया, 'मैंने उसे बहुत प्यार किया और करती हूं और प्यार करती भी रहूंगी।'

# 'बच्चे आतंकी नहीं होते बल्कि वे इसके पीड़ित होते हैं'



### टॉक टाइम

**गिरीश मलिक 'जल' जैसी बहुप्रशंसित फिल्मों का निर्देशन कर चुके हैं। उनकी इस फिल्म को समीक्षकों से जो सराहना मिली उसके बाद इसे राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिला। अब संजय दत्त के साथ 'तोरबाज़' नाम से एक थ्रिलर फिल्म बना रहे हैं। किर्गिस्तान जैसे सुंदर स्थान पर शूटिंग करने की राह में आने वाली चुनौतियों तथा अपने दूसरी परियोजनाओं के बारे में उन्होंने बात की पायनियर संवाददाता शालिनी सक्सेना से। प्रस्तुत है बातचीत के प्रमुख अंश-**

**■ आपकी अगली फिल्म 'तोरबाज' किस बारे में है?**

फिल्म के प्रमोशन से आपको पता चल ही जाएगा कि फिल्म किस बारे में है। फिल्म नासिर खान के बारे में है जिसे संजय दत्त ने निभाया है। इसमें वो आतंकवाद का पीड़ित दिखाया गया है लेकिन अपने व्यक्तिगत दुख से ऊपर उठते हुए वो शांति का संदेश प्रसारित करने के लिए भटके हुए बच्चों के जीवन में क्रिकेट के माध्यम से परिवर्तन लाने का प्रयास प्रारंभ करता है। ये एक सामान्य दृष्टिकोण पर आधारित है कि आज के बच्चे ही कल का हमारा भविष्य निर्धारित करते हैं। ये कुल मिलाकर एक ऐसे व्यक्ति की कहानी है जो काबुल में होता है और बच्चों के आंतकवाद के अंधेरे से निकाल कर शांति के उजाले की ओर ले जाने के लिए प्रयास करता है।

**■ इस कहानी का विचार आपको कैसे आया?**

कई लोगों ने मुझसे कहा कि आप इस प्रकार की कहानी पर फिल्म क्यों बना रहे हैं? लेकिन मेरी रुचि दुनिया भर में घट रही इस प्रकार की घटनाओं में रहती है कि लोग किसी परिस्थिति में एक पूर्वनिश्चित ढंग से ही क्यों व्यवहार करते हैं। ऐसे में जब मेरा सामना ऐसी परिस्थितियों, घटनाओं तथा लोगों से हुआ जो वास्तविक थीं तो मैंने अपना सौभाग्य समझ इसे एक फिल्म का रूप देने का प्रयास किया। जैसे कि मुझे उन क्रिकेट खिलाड़ियों से मिलने का अवसर मिला जो शरणार्थी बच्चों के लिए बहुत कुछ कर रहे हैं। कई स्वयंसेवी संस्थाएं उन्हें क्रिकेट के उपकरण उपलब्ध कराती हैं कुछ उन्हें फुटबॉल खेलना भी सिखाते हैं। कई साल पहले मुझे एक वृत्तचित्र बनाने का सुझाव दिया गया था लेकिन मैंने कहा कि मैं तो फिल्म ही बनाऊंगा और मैंने इसे लिख डाला। इसे तैयार करने में कुछेक साल का समय लगा लेकिन ये संभव अवश्य हुआ।

**■ क्या फिल्म में कोई संदेश होना आवश्यक है ताकि दर्शकों को प्रेरित किया जा सके?**

मैं तो फिल्म में सूचना के साथ मनोरंजन भी रखता हूं। मैं ऐसी परिस्थितियों को लेता हूं जिनमें नाटकीयता अधिक हो और वे रोमांचक भी हों। इसमें ऊष्मा अनुभव की जा सकती है और मानवीय भावनाओं को ही जीतते दिखाया गया है। आप कह सकते हैं कि इसमें मैंने चक दे, तथा लगान जैसी फिल्मों का एक मिश्रण देने का प्रयास किया है, अच्छाई और बुराई का संघर्ष होते दिखाया गया है। मेरी फिल्मों में आपको अच्छी कहानी अवश्य मिलेगी। यही कारण था कि वृत्तचित्र के स्थान पर मैंने फिल्म बनाई ताकि इसका संदेश अधिक लोगों तक पहुंच सके। बस यही दिखाने का प्रयास किया गया है कि बच्चे आतंकी नहीं होते बल्कि वे इसके पीड़ित होते हैं। हम अतीत या वर्तमान को तो बदल नहीं सकते लेकिन हम भविष्य को तो बदल ही सकते हैं और यही बात इसमें रोचक ढंग से रेखांकित की गई है।

**मैं फिल्मों में अग्रणी भूमिका में ही रहना चाहता था। अपने थियेटर के दिनों में भी मैं लेखन तथा निर्देशन किया करता था। लेकिन मैं इससे भी अधिक श्रेष्ठ कुछ करना चाहता था लेकिन मुझे ऐसा काम मिल नहीं पा रहा था। यही कारण था कि मुझे स्वयं ऐसी परियोजना बनाने के लिए विवश होना पड़ा।**

**■ आपने संजय दत्त और राहुल देव को ही क्यों चुना?**

इसमें आपको नर्गिस फाकरी भी देखने को मिलेंगी। मैंने संजय दत्त को इसलिये चुना क्योंकि उसकी आंखों में आशा, सपने पता चलते हैं लेकिन फिर भी किसी चीज की कमी भी पता चलती है। जब वो मुस्कुराते हैं तो बहुत प्यारे लगते हैं। मैं नासिर का चरित्र किसी ऐसे ही व्यक्ति से कराना चाहता था। मैंने उसे इसलिये लिया क्योंकि वो मेरे चरित्र के बहुत निकट के लगते हैं। मुझे ये भी लगा कि वो बच्चों के साथ सरलता से घुलमिल सकते हैं। नर्गिस फ़ाक़री इसमें अमरीकी-अफ़ग़ानी बनी हैं। मैंने राहुल देव को उसकी लुक तथा शारीरिक भाषा के कारण चुना। उसे ऐसा चरित्र मिला है जो देखने में ही खतरनाक लगता हो। इसमें आश्चर्यजनक चयन तो बच्चों का ही है क्योंकि वे कश्मीर तथा उत्तरांचल के बच्चे हैं।

**■ क्या ओटीटी प्लेटफॉर्म पर फिल्म रिलीज़ करना कठिन निर्णय रहा?**

सभी चाहते हैं कि फिल्म बड़े परदे पर रिलीज़ हो क्योंकि इसकी शूटिंग किर्गिस्तान की सुंदर लोकेशन्स में हुई है। लेकिन ये भी सही है कि थियेटरों में अधिकांश फिल्में एक सप्ताह से अधिक नहीं टिकतीं। क्योंकि अब किसी फिल्म की गोल्डेन या सिल्वर जुबली तो होती नहीं है। मैं तो बड़े परदे पर ही फिल्म देखना पसंद करता हूं लेकिन ओटीटी पर ये 190 से अधिक देशों में पहुंचती है जो अपने आप में एक उपलब्धि होती है।

**■ आप अभिनेता थे तो फिर आपने निर्देशन में पदार्पण करने के बारे में क्यों सोचा?**

मैं फिल्मों में अग्रणी भूमिका में ही रहना चाहता था। अपने थियेटर के दिनों में भी मैं लेखन तथा निर्देशन किया करता था। लेकिन मैं इससे भी अधिक श्रेष्ठ कुछ करना चाहता था लेकिन मुझे ऐसा काम करने को नहीं मिल पा रहा था। यही कारण था कि मुझे स्वयं ऐसी परियोजना बनाने के लिए विवश होना पड़ा और तब जल जैसी लघु फिल्म सामने आई जिसके कारण मुझे कई पुरस्कार मिले।

**■ अब आप भविष्य में क्या करने की सोच रहे हैं?**

ये संगीतात्मक होगा और इसमें दिखाया गया है कि हर देश के लिए संगीत के अर्थ अलग अलग हो सकते हैं। इसकी कहानी कहने के लिए सात-आठ संगीतकार साथ आए हैं। इसका नाम होगा 'बैंड ऑफ महाराजाज़' और ये अगले साल तक रिलीज़ हो सकती है।

# टीवी अभिनेत्री दिव्या भटनागर की मौत

**मुंबई।** स्टार प्लस के धारावाहिक ए रिश्ता क्या कहलाता है से लोकप्रिय हुई टीवी अभिनेत्री दिव्या भटनागर का दिल का दौरा पड़ने से सोमवार सुबह मुंबई के एक अस्पताल में निधन हो गया।



कुछ दिनों पहले कोविड-19 संक्रमण की पुष्टि के बाद दिव्या को सेवन हिल्स अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पारिवारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। वह 36 वर्ष की थीं। उनके परिवार के एक सदस्य ने बताया, हृदयगति रुकने से उनकी मौत हो गई। उन्हें करीब सात-आठ दिन पहले अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

ए रिश्ता क्या कहलाता है में उनकी सह कलाकार निधि उत्तम ने कहा कि वह दिव्या की मौत पर विश्वास नहीं कर पा रही हैं। उन्होंने कहा, मैं पिछले 10 दिनों से उसका हालचाल ले रही थी। मैंने कल शाम उसकी मां से बात की थी तो उन्होंने कहा था कि सारी रिपोर्ट सामान्य है, लेकिन उसके फेफड़ों का संक्रमण ठीक नहीं था। रात में हमें पता चला कि उसकी हालत गंभीर है और सुबह तीन-साढ़े तीन बजे वह हमें छोड़कर चली गई। कई टीवी अभिनेताओं ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिव्या के निधन पर शोक जताया है। भटनागर ने उड़ान , सिलसिला प्यार का , ससुराल गेंदा फूल , संवारे सबके सपना प्रीतो , विष सहित कई अन्य धारावाहिकों में भी अभिनय किया था। ससुराल गेंदा फूल में उनकी सह-कलाकार रिद्धिमा तिवारी ने कहा कि निजी जीवन में कई मुश्किलों के बावजूद भटनागर हमेशा सकारात्मक और मुस्कुराते हुए दिखाई देती थीं। लोकप्रिय टीवी अभिनेतात्री देबोलीना भट्टाचार्य ने इंस्टाग्राम पर लिखा, मैं जानती हूं कि तुम्हारी जिंदगी कितनी मुश्किल थी...दर्द असहनीय था..लेकिन मैं जानती हूं अब तुम एक बेहतर स्थान पर हो और हर तरह के दर्द, दुख, धोखे और झूठ से दूर...मैं तुम्हें बहुत याद करूंगी दिवू और तुम्हें भी पता है कि मैं तुमसे कितना प्यार करती हूं। उन्होंने आगे लिखा, भगवान तुम्हारी आत्मा को शांति दें। और तुम जहां हो, वहां खुश रहो। तुम्हारी बहुत याद आएगी।...तुम बहुत जल्दी चली गई मेरी दोस्त। ओम शांति। सिलसिला प्यार का में दिव्या की सह कलाकार शिल्पा शिरोडकर ने इंस्टाग्राम पर लिखा, मेरा दिल टूट गया। भगवान तुम्हारी आत्मा को शांति दे दिव्या।

# दिलीप कुमार थोड़े कमजोर हैं, लेकिन ठीक हैं : सायरा बानो

**मुंबई।** अभिनेत्री सायरा बानो ने कहा कि उनके पति और मशहूर अभिनेता दिलीप कुमार थोड़े कमजोर हैं लेकिन ठीक हैं। इस सप्ताह के अंत में कुमार 98 साल के हो जाएंगे।



अभिनेत्री ने 26 नवंबर को ट्विटर पर एक तस्वीर साझा की थी जिसमें अभिनेता सफेद कुर्ते में और कानी शॉल ओढ़े नजर आए थे और वह मुस्कुराते हुए कैमरे की तरफ देख रहे थे। अभिनेत्री ने सोमवार को बताया, उन्हें थोड़ी कमजोरी है लेकिन वह ठीक हैं। अभिनेता के शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को लेकर मीडिया के एक धड़े में आई खबरों के बाद उनके स्वास्थ्य को लेकर लोगों ने चिंताएं जाहिर की थीं लेकिन अभिनेत्री ने उसे खारिज कर दिया। उन्होंने कहा, उनके शरीर की प्रतिरोधक क्षमता कम नहीं है। मैंने कभी यह नहीं कहा कि उनकी प्रतिरोधक क्षमता कम है।

मार्च में कुमार ने ट्विटर पर अपने स्वास्थ्य को लेकर जानकारी देते हुए कहा था कि कोविड-19 के मद्देनजर एहतियात के तौर पर वह और बानो एकदम पृथक होकर रह रहे हैं। अभिनेता के दो छोटे भाई 88 वर्षीय असलम खान और 90 वर्षीय एहसान खान का निधन क्रमश: अगस्त और सितंबर महीने में कोविड-19 की वजह से हो गया। कुमार शुक्रवार को 98 साल के हो जाएंगे। उन्होंने ज्वार भाटा से 1944 में फिल्मी दुनिया में कदम रखा था और बड़े पर्दे पर वह आखिरी बार 1998 में किला फिल्म में दिखे थे।

# मनीष पॉल कोरोना वायरस से संक्रमित



**मुम्बई।** लोकप्रिय टीवी प्रस्तोता एवं फिल्म अभिनेता मनीष पॉल कोरोना वायरस से संक्रमित हो गए हैं। अभिनेता के एक करीबी सूत्र ने यह जानकारी दी।

फिल्म जुग जुग जियो के साथी कलाकार नीतू कपूर और वरुण धवन के संक्रमित पाए जाने के कुछ दिनों बाद पॉल के संक्रमित होने की खबर आई है। तबीयत ठीक ना होने के कारण पॉल ने पिछले सप्ताह जांच कराई थी। फिल्म के निर्देशक राज मेहता भी कोविड-19 से पीड़ति पाए गए थे। अभिनेता के एक करीबी ने पीटीआई-भाषा से कहा, चंडीगढ़ से आने के बाद से ही उनकी तबीयत ठीक नहीं थी। शनिवार को उनकी रिपोर्ट आई और वह संक्रमित पाए गए हैं। सूत्र ने बताया कि 39 वर्षीय अभिनेता अभी घर पर ही पृथकवास में रह रहे हैं। फिल्म जुग जुग जियो में अभिनेता अनिल कपूर और कियारा आडवाणी भी हैं। फिल्म का निर्माण फिल्मकार करण जौहर की कम्पनी धर्मा प्रोडक्शन के बैनर तले किया जा रहा है।

# नेटफ्लिक्स ने द क्राउन में डिस्क्लेमर जोड़ने की मांग खारिज की

**लंदन।** ऑनलाइन प्रसारण कंपनी नेटफ्लिक्स ने कहा कि ब्रिटेन के शाही परिवार को लेकर बनाए गए द क्राउन सीरिज में डिस्क्लेमर (जिम्मेदारी से इनकार करने वाली सूचना) जोड़ने की उनकी कोई योजना नहीं है क्योंकि यह फिक्शन (काल्पनिक) है और ऐतिहासिक घटनाक्रमों पर आधारित है।




शनिवार को एक बयान में नेटफ्लिक्स ने कहा कि ऑनलाइन प्रसारण कंपनी ने हमेशा ड्रामा को ड्रामा के रूप में ही दर्शाया है। नेटफ्लिक्स ने कहा, हमने हमेशा द क्राउन को ड्रामे के रूप मे पेश किया है और हमें आत्मविश्वास है कि हमारे सदस्य इस चीज को समझते हैं कि यह काल्पनिक कार्य है जो व्यापक रूप से ऐतिहासिक घटनाक्रमों पर आधारित है और इसके परिणामस्वरूप हमारी डिस्क्लेमर जोड़ने की कोई योजना नहीं है। पिछले सप्ताह ब्रिटेन के सांस्कृतिक मंत्री ओलिवर डाउडेन ने द क्राउन के चौथे सीजन का प्रसारण शुरू होने के बाद नेटफ्लिक्स से अपील की थी कि वे इसमें डिस्क्लेमर जोड़ें। द क्राउन को लेकर इससे पहले वाले सीजन में भी ऐतिहासिक तथ्यों को लेकर सवाल उठते रहे हैं। इस सीरिज के पहले सीजन का प्रसारण 2016 में हुआ था और इसमें ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय को केंद्र में रखकर उनके लंबे कार्यकाल 1952 से शाही परिवार की कहानी कही जा रही है। सीरिज का चौथा सीजन 1980 के दशक का है। इसमें ब्रिटेन की कंजर्वेटिव प्रधानमंत्री मारग्रेट थेचर को दिखाया गया है। थेचर का कार्यकाल 11 वर्ष का रहा था और उनके कार्यकाल में ब्रिटेन में कई तरह के बदलाव हुए और उनसे जुड़े विचारों को लेकर ब्रिटेन बंटा हुआ भी था। इसके अलावा इस सीजन में प्रिंसेस डायना को दिखाया गया है, जो पूरी दुनिया में मशहूर हैं। इस सीजन में डायना के वैवाहिक जीवन की समस्याओं को दिखाया गया है। हालांकि द क्राउन को बनाने वाले पीटर मोर्गन ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि यह सीरिज काफी शोध और सही भावना के साथ बनाई गई है। वहीं प्रिंसेस डायना के भाई चार्ल्स स्पेंसर ने भी डिस्क्लेमर जोड़ने की मांग की थी।

# मेरे स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है, जल्द ही वापस आऊंगा : राहुल रॉय

**मुम्बई।** अभिनेता राहुल रॉय ने सोमवार को कहा कि उनके स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है और साथ ही दुआओं के लिए प्रशंसकों का शुक्रिया भी अदा किया।



अभिनेता राहुल रॉय को 27 नवम्बर को मस्तिष्काघात के बाद नानावती अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया था।

रॉय ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा करते हुए अपने स्वास्थ्य से जुड़ी जानकारी अपने प्रशंसकों को दी। इस वीडियो में उनकी बहन प्रियंका उनके साथ नजर आ रही हैं।

वीडियो साझा करते हुए उन्होंने लिखा, मेरे स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है। अपने दोस्तों, परिवार और प्रशंसकों, जो मेरे परिवार की तरह ही हैं...उनका मेरे लिए प्रार्थनाएं करने के लिए शुक्रिया अदा करता हूं। जल्द तंदरुस्त हो जाऊंगा। आप सभी को स्नेह। अभिनेता की बहन ने भी वीडियो में शुभचिंतकों का शुक्रिया अदा किया।

उन्होंने वीडियो में कहा, वह बेहतर महसूस कर रहे हैं। हमारे परिवार का साथ देने के लिए आप सभी का शुक्रिया। कनाडा में रहने वाले हमारे भाई रोहित की ओर से भी शुक्रिया। यह देखकर काफी खुशी हुई कि आप हमारे भाई से कितना प्यार करते हैं।

रॉय ने साल 1990 में आई सुपरहिट फिल्म आशिकी से अपने बॉलीवुड करियर की शुरुआत की थी। उन्होंने फिल्मकार महेश भट्ट के साथ जुनून और फिर तेरी कहानी याद आई जैसी फिल्मों में भी काम किया था।

वह लोकप्रिय टीवी रियलिटी शो बिग बॉस के पहले सीजन (2006 में) के विजेता भी हैं।

# आलिया भट्ट ने आरआरआर की शूटिंग शुरू की

**मुंबई।** अभिनेत्री आलिया भट्ट ने हैदराबाद में एस एस राजामौली की फिल्म राइज रोर रिवोल्ट (आरआरआर) की शूटिंग शुरू की।



अभिनेत्री इस तेलुगु भाषा की फिल्म के साथ दक्षिण भारत की फिल्मी दुनिया में पदार्पण करने जा रही है। अभिनेत्री ने रविवार को सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी।

कार से अपनी सेल्फी साझा करते हुए 27 वर्षीय भट्ट ने इंस्टाग्राम स्टोरी में लिखा, टीम आरआरआर से मिलने जा रही हूं। आरआरआर फिल्म में 20वीं शताब्दी की शुरुआत के दो स्वतंत्रता सेनानियों अलुरी सीताराम राजू और कुमराम भीम के जीवन के आधार पर काल्पनिक कहानी बुनी गई है। इन दोनों का किरदार राम चरण और एन टी रामा राव जूनियर अदा कर रहे हैं।

बाहुबली से प्रसिद्धी पाए राजामौली की इस फिल्म की शूटिंग कोविड-19 महामारी की वजह से रूक गई थी और करीब सात महीने बाद जरूरी एहतियात के साथ हैदराबाद में शूटिंग शुरू हुई।

इसका निर्माण डीवीवी एंटरटेनमेंट कर रही है और इसमें बॉलीवुड सुपरस्टार अजय देवगन भी हैं। यह फिल्म आठ जनवरी 2021 को सिनेमाघरों में तमिल, हिंदी, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में रिलीज होगी।

## किसानों के समर्थन में सड़क पर लेटे सपा कार्यकर्ता, पार्टी के गीत पर झंडे संग झूमे


सीतापुर-किसानों के समर्थन में प्रदर्शन करते सपा कार्यकर्ता


सीतापुर-कार्यालय से बाहर प्रदर्शन के लिए निकालते सपाइयों को रोकती पुलिस


सीतापुर-प्रदर्शन कर रहे जयसिंह यादव को खींचती पुलिस

# सपाइयों और पुलिस के बीच हुआ शक्ति प्रदर्शन

● जमीन से घसीट कर पुलिस ने पहुंचाया लाइन, पार्टी कार्यालय समेत समूचा इलाका छावनी में तब्दील

संवाददाता। सीतापुर


सीतापुर-प्रदर्शन के दौरान जमीन पर पड़े सपा जिलाध्यक्ष व अन्य कार्यकर्ता


प्रदर्शन के दौरान पुलिस कर्मी चोट दिखाता हुआ

**सीतापुर में** समाजवादी पार्टी और पुलिस के बीच प्रदर्शन के दौरान जमकर बवाल हुआ। सपा ध्के जिला कार्यालय पर जैसे-तैसे सपाई जुट तो गए, लेकिन कार्यालय को पुलिस ने छावनी में तब्दील कर दिया और फिर शुरू हुआ शक्ति प्रदर्शन का खेल। पहले सपाई जमकर नारेबाजी करते रहे, पार्टी के गीत झंडा लेकर झूमते रहे, फिर जैसे ही कार्यालय के बाहर आकर ज्ञापन देने के लिए कलेक्ट्रेट जाने को निकले, कि पुलिस ने उन्हें रोकने के लिए पूरी ताकत झोंक दी। सपाई जब सड़क पर लेट गए, तब पुलिस कर्मी उन्हें घसीट-घसीटकर बसों में डालकर पुलिस लाइंस पहुंचा दिए। जिससे वह कलेक्ट्रेट में ज्ञापन देने नहीं पहुंच सके। किसानों के समर्थन में समाजवादी पार्टी ने सोमवार से पूरे प्रदेश में किसान पद यात्रा का ऐलान किया है। उनके आह्वान पर सीतापुर में भी सुबह से सपाई कार्यकर्ता पार्टी के जिला कार्यालय पर जुटने लगे थे। लेकिन इससे पहले पुलिस ने सपा कार्यालय को बेरिकेटिंग से घेरकर लिया और इलाके को छावनी में तब्दील कर दिया। उधर, समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास यादव लखनऊ से सीतापुर किसान यात्रा में शामिल होने को आ रहे थे, उन्हें भी पुलिस ने अटरिया में ही रोका, लेकिन वहां जिला कार्यालय तक पहुंचने में सफल रहे। फिर शुरू हुआ, सपाईयों और पुलिस के बीच शक्ति प्रदर्शन, पार्टी के नेता कार्यकर्ताओं के संग सड़क पर लेट गए। पुलिस जब जोर जबर्दस्ती कर कर उन्हें बसों में बिठाने लगी, तो पुलिस और सपाईयों के बीच झड़प भी हुई। सपाइयों में जोर इस कदर था, कि वह पार्टी के झंड़े के साथ गीत पर झूमते नजर आए। जोर-जबर्दस्ती के दौर में पुलिस कर्मी चोटिल भी हो गए, प्रदर्शन में समाजवादी पार्टी समाजवादी छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह देव, नगर के पूर्व विधायक राधे श्याम जायसवाल, जिलाध्यक्ष छत्रपाल सिंह यादव, जय सिंह यादव, संतोष प्रजापति, शिवम सिंह, अनस खां, जुबेर, सुमन भार्गव, श्रीपाल वर्मा, रमेश निषाद, शेखर यादव, देवेन्द्र यादव, रमेश निषाद, रामप्रकाश, सोने खां, आशीष समेत तमाम सपाई शामिल रहे। प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने घसीटते हुए जब कार्यकर्ताओं को पुलिस लेने जानी लगी, तो पूर्व विधायक राधे श्याम जायसवाल जमीन पर लेट गए। सभी सपाईयों को बस से पुलिस लाइंस ले जाया गया।

## नहीं भा रही पटवारी की नौकरी, 15 लेखपालों ने दिया इस्तीफा

● काम की अधिकता, जी हुजूरी से हुए तंग, अब प्राइमरी के गुरुजी बन करेंगे सेवा

संवाददाता। सीतापुर



**प्रशासनिक व्यवस्था** की सबसे निचली इकाई और नींव मानी जाने वाली पटवारी की नौकरी अब लेखपालों को नहीं भा रही। 69 हजार शिक्षक भर्ती में चयनित हुए अभ्यर्थियों में शामिल पटवारियों ने मौका मिलते ही अपना इस्तीफा सौंप दिया। सीतापुर के 15 से अधिक लेखपालों ने तहसील प्रशासन को अपना इस्तीफा दिया है। अब प्राइमरी में गुरूजी बनकर देश के नवनिर्माण में अपना योगदान देगें। लेखपाल संघ के जिलामंत्री राधेश्याम ने 'पायनियर' को बताया कि लेखपाल की नौकरी में काम की अधिकता बहुत ज्यादा है इसलिए अवसर मिलते ही 15 से ज्यादा लेखपालों ने टीचर बनना ज्यादा बेहतर समझा। लेखपाल पद से इस्तीफा देने वाले पटवारियों की माने तो तहसील में काम का बोझ ज्यादा है, ऊपर से साहब की जी हुजूरी अलग से। ऐसे में मानसिक तनाव रहता था।

### कहां कितने लेखपालों ने दिया इस्तीफा

| तहसील | लेखपाल |
|---|---|
| सदर | राकेश बहादुर, इन्द्रेश त्रिपाठी, गौरव श्रीवास्तव |
| बिसवां | श्यामबाबू, तेजपाल, सुधीर कुमार |
| सिधौली | मयंक प्रताप, प्रसून, नीरज, ज्योती पटेल |
| महमूदाबाद | दिवाकर |
| लहरपुर | प्रेमप्रकाश |
| महोली | अनुपम सिंह |
| मिश्रिख | उमाशंकर, विमल, शालिनी, मुरारीलाल, उत्कर्ष, श्रवण यादव |

शिक्षक की नौकरी सम्मानित है, लेखपालों पर काम बोझ भी ज्यादा है, लेखपालों की नौकरी 24 घंटे की है, इसीलिए शिक्षक बनना ज्यादा अच्छा समझा जा रहा।

**विनय कुमार पाठक, एडीएम।**

### जिलाधिकारी ने संस्तुति के लिए शासन को भेजा पत्र

**तीन निकायों के सीमा विस्तार, रेउसा को पंचायत के लिए भेजा गया प्रस्ताव**

**सीतापुर।** जिला प्रशासन द्वारा जिले की तीन निकायों से मिले सीमा विस्तार प्रस्ताव पर स्थानीय मोहर लगने के बाद संस्तुति के लिए शासन पत्र भेजा गया है। जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज द्वारा नगर पालिका परिषद खैराबाद, लहरपुर, सीतापुर की सीमा विस्तार के साथ रेउसा को पंचायत का दर्जा दिलाने के लिए प्रमुख सचिव नगर विकास को पत्र भेजा गया है। शासन स्तर से मंजूरी मिलते ही निकायों का दायरा बढ़ जाएगा, जिससे विकास की रफ्तार को गति मिलेगी।

### सीतापुर निकाय में शामिल होंगे 18 गांव

● कनवाखेड़ा, नैपालापुर, टेड़वा चिलौला, तरीनपुर, सीतापुर, महमूदाबाद, अकबरपुर कलां, सरांय मलुही, पीतपुर, बिजवार खुर्द, धनीपुर, अहाता कसान, सहसापुर, भवानीपुर विलियम साहब, खूबपुर, लक्ष्मणपुर, इलसिया ग्रंट, बड़ौरा।

● लहरपुर निकाय में-टाड़ा सालार, प्रहलादपुर, रूढ़ा भवनाथपुर, रायमपुरगंज, लक्ष्मणनगर, नवी नगर, खानपुर सादात, बनकट, नयागांव बेहटी, राजापुर, हटिया हवेली।

● खैराबाद में-टिकरिया, लड्डूपुर, ललियापुर, बाराभारी, सोहरिया, पाठकपुर, अजुर्नपुर, जमैयतपुर, कनायतपुर, विशुननगर, टकपुरवा, कमालसरांय, असोढ़र, माखूपुर, मुलायमपुर, अकबरपुर।

## नशा मुक्त समाज बनाने में छात्रों का बड़ा योगदानः ज्ञानेश पाल

**सीतापुर।** सामाजिक संस्था हमराह एक्स कैडेट एन सी सी सेवा संस्थान द्वारा नशा मुक्ति का कार्यक्रम स्थानीय श्री वामन मध्यमिक विघालय बौनाभारी सिधौली मे परिसर में नशा मुक्ति को लेकर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 100 छात्रो ने नशा मुक्त समाज बनाने के लिए नशा मुक्ति अभियान के सच्चे संवाहक बनने का प्रेरक संकल्प ग्रहण किया। संस्थान सचिव ज्ञानेश पाल ने छात्रो को स्वयं नशे से दूर रहने के साथ साथ समाज को नशा मुक्त बनने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर अध्यापक राजा राम व श्रीराम मौर्य रेशमा, काजल, अंकित, मिथून सिह, खूशबू, श्रीधर, सौरभ, हर्षित, शिवानी, नूर आलम , शायमा, रोशनी गौतम, कोमल भारतीय, मीरा, ममता, जगमोहन आदि छात्र छात्राये उपस्थित रहे।

**कार्यकाल समाप्ति को बचे महज 18 दिन, प्रशासक बिठाने की तैयारी**

## ग्राम पंचायतों में एडीओ पंचायत बनेंगे प्रशासक!

● बतौर प्रशासक दोनों हाथों से लुटाएंगे पैसा, मालामाल भी होंगे

संवाददाता। सीतापुर




**ग्राम पंचायतों** के कार्यकाल को खत्म होने में महज 18 दिन बचे हैं। कार्यकाल समाप्ति से पहले ग्राम पंचायतों में सरकार प्रशासक बिठाएगी। इन पदों पर सहायक विकास अधिकारियों को बतौर प्रशासक बिठाए जाएंगे। इसके लिए पंचायती राज विभाग ने इन्हें बिठाने की फाइल बनाने तैयारी शुरू कर दी है। बतौर प्रशासक इन्हें ही ग्राम पंचायतों में भारी भरकम रकम से विकास कार्य कराने होंगे, क्योंकि ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों के मद का करीब एक अरब से ज्यादा बजट खातों में डंप हैं। समय कम होने की वजह से ये भारी-भरकम रकम प्रधान खर्च नहीं कर पाएंगे। ऐसे में बतौर प्रशासक दोनों हाथों से खूब पैसा लुटाएंगे, साथ ही मालामाल भी हो जाएंगे। उत्तर प्रदेश की ग्राम पंचायतों में वर्ष 2015 में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव कराए गए थे, इनमें ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सदस्य, क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य शामिल हैं। सीतापुर जिले की 1601 ग्राम पंचायतों में भी यह निर्वाचन प्रक्रिया अपनाई गई थी, 25 दिसंबर को इनका पंच वर्षीय कार्यकाल खत्म हो रहा है। कार्यकाल की समाप्ति से पहले ग्राम पंचायतों में नए कार्यकाल का गठन होना था, इनके गठन को सरकार ने चुनावी प्रक्रिया की कवायद शुरू की थी, लेकिन मार्च में देश में फैले कोरोना संक्रमण के चलते इसे बीच में ही सरकार को स्थगित करना पड़ा। अब कोरोना का प्रकोप थमने के बाद सरकार ने एक बार फिर से चुनावी तैयारियों में जुट गई है, हालांकि ये चुनाव नए साल यानी फरवरी या फिर अप्रैल माह में ही संभव हो पाएंगे, इससे पहले ये चुनावी प्रक्रिया पूरी हो पाना कतई संभव नहीं है। इनका कार्यकाल पहले ही खत्म हो जाएगा, इसे समाप्ति होने में 18 दिन रह गए हैं। इसलिए सरकार को चुनाव कराने से पहले प्रशाासक बिठाने होंगे। पंचायती राज विभाग के सूत्रों की मानें तो कम समय को देखकर प्रशासन ने ग्राम पंचायतों में सहायक विकास अधिकारियों को बतौर प्रशासक बिठाने की तैयारी शुरू कर दी। विभाग में फाइल तैयारी की जा रही है, ग्राम पंचायतों का कार्यकाल समाप्त होते ही इन पदों पर एडीओ पंचायत को बतौर प्रशासक बिठा दिया जाएगा। जानकारों का यह भी कहना है कि जिले की ग्राम पंचायतों में विकास कार्यो के मद में करीब एक अरब से ज्यादा धनराशि खातों में पड़ी हैं, समय कम होने की वजह से प्रधान इस रकम को खर्च नहीं कर पाएंगे। इसलिए ग्राम पंचायतों में तैनाती पाए प्रशासकों को ही ये रकम खर्चनी होगी। खास बात तो यह है कि बतौर प्रशासक एडीओ पंचायत दोनों हाथों में पैसा लुटाएंगे, साथ ही वो मालामाल भी बनेंगे।

## क्विक न्यूज

### विद्युत शिविर में उपभोक्ताओं की दूर हुई समस्याएं

● उपभोक्ता की समस्याओं विद्युत अधिकारियों ने किया निवारण

मिश्रिख


मिश्रिख-विद्युत कैंप में मौजूद पुष्पेन्द्र कुमार

**सीतापुर।** पावर कॉर्पोरेशन द्वारा मिश्रिख के ग्राम पंचायत तरसावां में लगाए गए शिकायत निवारण शिविर में अफसरों ने उपभोक्ताओं की समस्याएं सुनीं। मौके पर कई मामले निपटाए भी गए। बकाया भुगतान न करने पर तीन कनेक्शन भी काटे गए। पावर कॉर्पोरेशन के अवर अभियंता अमरीश कुमार ने बताया कि शिविर में 41 शिकायती मामले आए। इस मौके पर पुष्पेन्द्र कुमार, सुरेन्द्र कुमार, प्रमोद कुमार, विमलेश कुमार,कपिल कुमार, सुशील कुमार, दिनेश कुमार, शिव कुमार, जगन्नाथ, राकेश कुमार, प्रमोद कुमार आदि उपस्थित थे।

### डीएम ने की समीक्षा बैठक

**सीतापुर।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने सोमवार को बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा कर प्रगति जानी। बाद में उन्होंने अफसरों को निर्देश दिए कि वे जनता को लाभार्थीपरक योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ दिलाएं। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी ने विद्युत बकाया, किसान सम्मान निधि, ऑपरेशन कायाकल्प, गड्ढा मुक्ति, खाद्य सुरक्षा योजना, स्वरोजगार योजनाओं, कौशल विकास, दुग्ध विकास आदि योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने नहरों के सत्यापन का कार्य कमेटी के माध्यम से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। ठंड को देखते हुए गोशालाओं में पर्याप्त बोरे उपलब्ध कराने के डीएम ने पूर्ति विभाग एवं खाद्य विपणन विभाग को निर्देश दिए। साथ ही चयनित चारागाहों में नेपियर घास लगवाने के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने डीपीआरओ को पूर्ण सामुदायिक शौचालयों का तत्काल संचालन कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बीएसए को निर्देश दिए स्वयं सहायता समूहों की जो महिलाएं निरक्षर है, उन्हें अभियान चलाकर साक्षर किया जाए। उन्होंने कटान से प्रभावित क्षेत्र के पात्रों को मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) से प्राथमिकता के आधार पर आच्छादित किये जाने के निर्देश दिए।

### जिला पंचायत सदस्य को धमकी

**सीतापुर।** खैराबाद क्षेत्र से जिला पंचायत सदस्य इंतिजार अली को विपक्षियों द्वारा लगातार फोन पर जान से मारने की धमकियां दी जा रही हैं। अब तक उन्हें फोन पर पांच धमकी मिल चुकी है। इस मामले में पीड़ित ने खैराबाद थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### विधायक ने किया पंचायत भवन का शिलान्यास


रेउसा-पंचायत भवन के शिलान्यास कार्यक्रम को सम्बोधित करते विधायक ज्ञान तिवारी, मौजूद अम्बरीष दीक्षित व अन्य

● शिलान्यास अवसर पर ज्ञान तिवारी ने मोदी-योगी सरकार की योजनाओं का किया बखान

**रेउसा सीतापुर।** विकास खण्ड रेउसा के रंडाकोड़र गांव में पंचायत भवन का शिलान्यास विधायक ज्ञान तिवारी ने किया। विधायक श्री तिवारी ने शिलान्यास के बाद केन्द्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार की योजनाओं का बखान करते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने गरीबों और आमजन की तरक्की के लिए काम किया है। प्रधानमंत्री आवास योजना में ग्रामीणों को मकान दिए है, घर-घर शौचालय बनवाए है साथ ही आयुष्मान योजना के तहत लाखों लोगो की सेहत का ख्याल भी सरकार रख रही है। इस अवसर पर पूर्व ज्येष्ठ ब्लाक प्रमुख राजेश दीक्षित, अम्बरीष दीक्षित, सहजराम, भाईलाल लोधी, मिट्ठूलाल दीक्षित, रमाकान्त यादव, जवाहर पासी, रामगुलाम, पंकज राठौर आदि मौजूद रहे।

## किसानों के समर्थन में प्रसपा ने सौंपा ज्ञापन


सीतापुर-डीएम को ज्ञापन देते प्रसपा जिलाध्यक्ष अशोक यादव

**सीतापुर।** कृषि के तीन कानूनों के खिलाफ दिल्ली बार्डर पर आंदोलन कर रहे किसानों के समर्थन में प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष अशोक यादव की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री को संबोधित मांगपत्र जिला प्रशासन को दिया। इसके माध्यम से कहा कि सरकार कृषि विरोधी तीन कानून पास किसानों के संग अत्याचार कर रही है। इन कानूनों से किसानों का हित कतई संभव नहीं है, इसे वापस लिया जाए। ज्ञापन देने वालों में अनुज यादव, अनिल यादव, जयवीर यादव, अमरेंद्र यादव, गजेंद्र वैश्य आदि शामिल थे।

● राष्ट्रीय किसान मोर्चा ने भी किया विरोध

**किसान विरोधी बनाया है कानूनः** राष्ट्रीय किसान मोर्चा ने किसानों के समर्थन में राष्ट्रपति को संबोधित मांगपत्र जिला प्रशासन को सौंपा। इसके माध्यम से कृषि के तीन कानूनों को वापस लिए जाने की मांग की है। मोर्चा के जिलाध्यक्ष राम अवतार आदिल, मोहम्मद इमरान, शिव प्रसाद, राकेश कुमार, सुरेश कुमार, आमिर खां, फरहान आदि का कहना है कि मोदी सरकार ने संसद में .षि के तीन बिल पास किए हैं। ये कानून किसान विरोधी हैं, इसलिए इसे वापस लिया जाए। उनका यह भी कहना है कि किसानों के उत्पादित माल को न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम पर खरीदारी करने वाले व्यापारियों पर मुकदमा दर्ज किया जाए।

**स्नातक खण्ड लखनऊ से भाजपा प्रत्याशी**

## 6403 मतों से जीते अवनीश सिंह पटेल

● भाजपा कार्यालय पर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर कार्यकर्ताओं ने जताई खुशी

संवाददाता। सीतापुर


अवनीश पटेल

**लखनऊ खंड** के स्नातक चुनाव में आखिरकार भाजपा अवनीश कुमार सिंह पटेल ने निर्दल, एमएलसी कांती सिंह से यह कुर्सी छीनकर उस पर अपना अधिपत्य जमा लिया। इस सीट पर एसपी सिंह-कांती सिंह का पिछले 18 वर्ष से कब्जा था। एसपी सिंह ने भाजपा के एमएलसी विंध्यवासिनी कुमार से यह सीट छीनी थी, जिसका बदला भाजपा के अवनीश कुमार सिंह पटेल ने उनकी पत्नी कांध्ती सिंह को हराकर एसपी सिंह से चुकता कर लिया। इस सीट पर हर किसी की नजर थी। हर कोई नतीजों को जानने को उत्सुक था, मतदान पूर्व से लेकर मतगणना तक कांती सिंह मतदान में गड़बड़ियों के आरोप लगाती रहीं और भाजपाई शुरू से इस सीट को जीतने लेने के प्रति न सिर्फ आश्वस्त दिखे, बल्कि मतगणना के पहले दिन से ही सोशल मीडिया पर पांच हजार वोटों से जीत की बधाईयां देने लगे थे। नतीजों में भाजपा के अवनीश कुमार सिंह ने 6403 मतों सेनिर्दल, एमएलसी कांती सिंह को शिकस्त दी। अवनीश सिंह को 39588 वोट मिले। जबकि कांति सिंह को 33185 वोट पाकर संतोष करना पड़ा।निर्दल कांती सिंह पांचवें राउंड तक तो आगे रहीं। अगले राउंड शुरू होते ही शनिवार को ही बाजी पलट गई थी। भाजपा प्रत्थ्याशी इंजीनियर अवनीश कुमार सिंह ने छठे राउंड से ही बढ़त बनानी शुरू कर दी थी, जो नवें राउंड यानी जीत तक जारी रही। अवनीश निर्दलीय कांति सिंह को 3168 वोटों से पछाड़कर लगातार आगे बढ़ते रहे। नवें राउंड में भाजपा के अवनीश कुमार सिंह पटेल ने 6403 मत पाकर विजय घोषित किए गए। उनकी जीत से भाजपाईयों की बौछे खिल गई। 8वें चरण के बाद अवनीश कुमार सिंह पटेल और कांती सिंह को छोड़कर अन्य प्रत्याशियों के मतो की संख्या पर भी एक नजर डाल लेते हैं, इसमें सीतापुर के मोहम्म रिजवान और बृज किशोर शुक्ला ने अन्य नामचीन प्रत्याशियों से काफी अधिक मत पाकर आश्चर्यचकित कर दिया। अवनीश कुमार सिंह (भाजपा)- 33827 कांति सिंह (निर्दलीय)- 31081 राम सिंह राणा (सपा)- 10233 मुहम्मद रिजवान- 8853 ब्रज किशोर शुक्ला- 8486 ब्रजेश कुमार सिंह (कांग्रेस)- 3108 क्रांति सिंह- 1693 बाबा हरदेव सिंह- 1445 अजय कुमार श्रीवास्तव- 1108 अशीष कुमार आर्या- 540 एजाज अहमद- 514 कांति कुमार- 506 नीलम सरोज- 464 हरीश कुमार शुक्ला- 433 अवनीश कुमार सिंह- 431 मनोज कुमार वर्मा- 404 जगजीवन सिंह- 367 वकील अहमद अंसारी- 357 सुरेन्द्र कुमार गौतम- 349 विजय कुमार सिंह- 337 चंद्रमणि सिंह- 303 प. मनीष महाजन- 115 डॉ सत्येंद्र कुमार पांडेय- 55 श्रवण कुमार त्रिपाठी- 27।

पायनियर
लखनऊ, मंगलवार, 8 दिसंबर 2020



# सड़कों पर उतरे सपाई, दी गिरफ्तारी

## ● किसान आंदोलन को लेकर शुरू होने वाली थी यात्रा

संवाददाता निघासन-खीरी।



**सपा** मुखिया अखिलेश यादव के निर्देशानुसार किसानों के समर्थन में समाजवादी किसान यात्रा की अगुवाई करने जा रहे सपा नेता व पूर्व लोकसभा प्रभारी चौधरी हिमांशु पटेल व समाजवादी कार्यकर्ताओं को निघासन पुलिस ने ढखेरवा चौराहे पर गिरफ्तार कर लिया। वहीं पूर्व जिलाध्यक्ष अनुराग पटेल को निघासन चौराहे से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के समय सपा नेता हिमांशु पटेल व ढखेरवा चौकी प्रभारी लाल बहादुर मिश्र से तीखी नोक झोंक हुई। सपा नेता की गिरफ्तारी के विरोध में युवा नेता मनोज वर्मा के नेतृत्व में सपा कार्यकर्ताओं ने निघासन चौराहे पर धरना प्रदर्शन किया। इस मौके पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष निसार अहमद, इंजीनियर धनीराम मौर्य, राकेश बाथम, भंडारी यादव, आरिफ खान, असगर अली, राजेन्द्र यादव, मो. सलीम, लल्लू चतुर्वेदी, शाहनवाज खान, अजय यादव, भुद्दू शाह, आफताब आलम, हज़रत अली मंसूरी, जियाउल्ला खान, चश्मुद्दीन अंसारी, संदीप यादव, अनिल मौर्य, सर्वेश गुप्ता, कुलदीप यादव, असलम अंसारी, अयूब अंसारी व अरविंद चतुर्वेदी सहित भारी संख्या में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**मोहम्मदी संवाददाता के अनुसार,** सरकार द्वारा समाजवादी पार्टी के पूर्व अध्यक्ष अखिलेश यादव की गिरफ्तारी होने के बाद आक्रोशित मोहम्मदी के कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी हुई। जिसमें सपा विधानसभा अध्यक्ष दिलीप यादव, नगर अध्यक्ष इकरार खां, पूर्व नगर अध्यक्ष सगीर आलम सिद्दीकी, माधर्व सिंह मधुर, कामरान हुसैन, कामरान अली मुन्ना, मोहित कटिहार, सैफ आलम, लक्ष्मण गुप्ता, राम कैलाश यादव व अकरम सिद्दीकी आदि सहित तमाम समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता गिरफ्तार किए गए।

**लखीमपुर संवाददाता के अनुसार,** किसान आंदोलन यात्रा के शुरू होने से पूर्व ही पुलिस और जिला प्रशासन ने समाजवादी पार्टी के नेताओं की गिरफ्तारी शुरू कर दी है। पूर्व जिला उपाध्यक्ष क्रांति कुमार सिंह के आवास सेमराघाट में रात से ही पुलिस ने डेरा डाल दिया। सुबह यात्रा निकालने के लिए अपनी गिरफ्तारी से बचते रहे। सैकड़ों ट्रैक्टर व बड़ी संख्या में किसान जब सपा उनके घर पर एकत्र होने लगे तो पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया लेकिन असफल रहे। अंत में क्रांति कुमार सिंह के किसानों के बीच पहुंचने पर यात्रा शुरू कर दी गई। पुलिस से टकराव हुआ। कृषि बिलों को वापस लेने की मांग के साथ योगी मोदी सरकार के खिलाफ किसानों ने जमकर नारेबाजी की। किसानों ने आंदोलन के समर्थन में अपनी गिरफ्तारी देने की बात कही। उसके बाद क्रांति कुमार सिंह व दर्जनों कार्यकर्ताओं को पुलिस ने अरेस्ट कर लिया और कोतवाली मैगलगंज ले गई। क्रांति कुमार सिंह ने जारी बयान में बताया योगी और मोदी सरकार लोकतंत्र की हत्या करने पर अमादा है। अडानी अंबानी के प्रेम में यह सरकारें इतना अंधा हो गई हैं कि किसानों के विरुद्ध इन्होंने जंग छेड़ दी है। इन तीनों काले कानूनों को लेकर किसानों की जमीनों को कारपोरेट के हवाले करने की तैयारी कर रही है। श्री सिंह ने बताया कि मोदी सरकार के मंसूबों को सफल नहीं होने दिया जाएगा। क्रांति कुमार सिंह ने आवाहन किया है कि कल 8 दिसंबर को किसानों के भारत बंद को सभी व्यापारी बंधु किसानों के साथ खड़े होकर इस बंदी को सफल बनाएं।

**गोला गोकर्णनाथ संवाददाता के अनुसार,** 8 दिसंबर को भारत बंदी का आंदोलन को सफल बनाने के चलते सपा नेताओं को हैदराबाद पुलिस व गोला पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वहीं सपा नेताओं ने पत्रकारों को बताया कि किसानों द्वारा फसलों के अवशेष जलाने पर रोक, किसानों का पुराना गन्ना भुगतान, समस्या एवं फसलों पर आवारा जानवरों की समस्याए के चलते जन आंदोलन किया जा रहा है। योगी सरकार हम लोगों के आंदोलन पर पानी फेरने का कार्य किया जा रहा है। वहीं उत्तर प्रदेश की सरकार अपनी ताकत दिखाते हुए पुलिस को आदेशित कर हम नेताओं को गिरफ्तार करवा लिया है। जिससे हम लोग काफी आक्रोषित हैं। वहीं हैदराबाद प्रभारी निरीक्षक सुनीत कुमार ने बताया कि जब हम लोगों को मालूम हुआ कि यह लोग कोरोना काल के चलते बिना मानक एक जगह पर एकत्रित होकर धरना प्रदर्शन करने को कूच कर रहे हैं तो हमने उनको थाने में लाकर बैठा दिया है। सरकार या उच्चाधिकारियों का हमको कोई दिशा-निर्देश प्राप्त नहीं हुआ है। वहीं गोला कोतवाली में शोएब खान, वारिस अली अंसारी, पंकज लाला, आकाश लाला व आरिफ सहित लगभग आधा दर्जन नेताओं को गोला पुलिस ने अपने कस्टडी में रखकर शांति व्यवस्था के तहत 151 उप जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर जमानत कराने का फरमान जारी किया है।

**मैलानी संवाददाता के अनुसार,** नगर के सपा नेता नरेश यादव प्रदेश महासचिव व उनकी पत्नी अनीता यादव प्रदेश महिला कार्यकारणी को सुबह मैलानी की स्थानीय पुलिस ने उनके आवास पर आकर नजर बंद दिया। थाना प्रभारी निरिक्षक विद्या शंकर शुक्ला ने उनके आवास पर पुलिस बल भी तैनात कर दिया। नरेश यादव व अनीता यादव ने बताया कि हम लोग व हमारी सरकार सदैव किसानों की हितैषी रही। क्योंकि किसान सभी का अन्नदाता है। उन्होंने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह सरकार से किसान काफी मात्रा में पीड़ित है। लोग व अन्य सरकारें जगह-जगह आंदोलन कर रहे हैं परन्तु भाजपा सरकार से किसान को कोई भी बहुउपयोगी लाभ भी नहीं मिल पा रहा है। किसानों का पिछले साल का गन्ने का भुगतान अभी पूर्ण मात्रा में नहीं मिल सका। वहीं धान की फसल को किसानों ने औने-पौने दामों बेचने पर मजबूर होना पडा लेकिन आज हम लोगों सरकार के आदेश नजर बंद किया। परन्तु हम किसानों के हित की लड़ाई लड़ने के हर मुश्किलों से निपट कर किसानों का देने का साथ देने संकल्प पूर्ण अवश्य करेंगे। साथ ही नरेश यादव ने आरोप लगाते हुए कहा कि स्थानीय पुलिस हमारे आवास पर हमसे मिलने वालों के साथ भी अच्छा व्यवहार नहीं कर रही है।

# योजनाओं का गुणवत्तापरक क्रियान्वयन सुनिश्चित करें अधिकारी: अजय मिश्र



संवाददाता लखीमपुर-खीरी।

**सोमवार** को भारत सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के अनुश्रवण हेतु जनपद स्तरीय गठित जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में खीरी सांसद अजय मिश्र 'टेनी' की अध्यक्षता में सम्पन्न हुयी। बैठक की अध्यक्षता करते हुए सांसद अजय मिश्र टेनी ने कहा कि खीरी जिले में विकास कार्यक्रमों में स्थिति बेहद संतोषजनक हैए इसी का परिणाम है कि विकास कार्यक्रमों में खीरी केंद्र व प्रदेश सरकार की प्रत्येक महत्वाकांक्षी योजना में टॉप टेन में रहा है। माण् प्रधानमंत्री जी और माण् मुख्यमंत्री जी के नीतियों के चलते कोविड के संक्रमण को नियंत्रण करने में काफी हद तक सफल रहे। जिलाधिकारी के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में जिले की पूरी टीम ने पूरी ऊर्जा के साथ मेहनत की है जिस का प्रतिफल है कि खीरी में संक्रमण का प्रसार अन्य जनपदों की तुलना में काफी कम रहा है। उन्होंने कहा कि जिले के अधिकारियों ने अपने स्वास्थ्य की परवाह किए बिना जिले की स्वास्थ्य की बेहतरी के लिए पूरी शिद्दत से काम किया है। सांसद अजय मिश्र श्टेनीश् ने गोमती को पुनर्जीवित करने को लेकर जिला स्तर पर किए जा रहे प्रयासों को सराहा। उन्होंने कहा कि डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में केंद्र एवं प्रदेश सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं में अधिकारियों ने पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी से अपने कार्य दायित्वों का निर्वहन करते हुए अच्छे परिणाम दिए हैं। उन्होंने कहा कि डीएम और सीडीओ के नेतृत्व में जिले में विभिन्न योजनाओं में खीरी ने शीर्ष स्थान को प्राप्त किया। जिले में हुए अनूठे एवं अभिनय प्रयासों की हर स्तर पर प्रशंसा की जा रही है।

बैठक की समीक्षा के दौरान सीडीओ अरविंद सिंह ने मनरेगा के तहत गोमती नदी को जिले में पुनर्जीवित करने को लेकर चलाए जा रहे अभिनव प्रयास पर पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया। इसके अतिरिक्त उन्होंने ऑपरेशन चतुर्भुज सहित प्रधानमंत्री गरीब कल्याण रोजगार अभियान के तहत 14 पैरामीटर जिले में किए गए बेहतर प्रदर्शन को लेकर विस्तृत जानकारी दी। सांसद ने मनरेगा के तहत जिले में हुए उत्कृष्ट कार्यों पर प्रशंसा जाहिर की। बैठक में लिलौटी नाथ स्थित नदी को भी पुनर्जीवित करने पर चर्चा हुई। जिले के 257 स्वयं सहायता समूह द्वारा सामुदायिक शौचालयों के संचालन की जिम्मेदारी अदा की जा रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत प्रदेश में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर सांसद ने पीडी डीआरडीए रामकृपाल चौधरी की प्रशंसा की।

सौभाग्य योजना की समीक्षा के दौरान एक्सईएन प्रदीप कुमार वर्मा ने बताया कि इस योजना के तहत जिले में अब तक 02 लाखए 01 हजार विद्युत कनेक्शन निर्गत किए गए। वही वर्तमान में जिले को 9000 नए कनेक्शन किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिस पर कार्य जारी है। उन्होंने बताया कि विद्युत संबंधी शिकायतों के निवारण हेतु माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार एवं रविवार को जिले के सभी 54 उप केंद्रों पर महा शिकायत निवारण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त टोल फ्री नंबर 1912 के माध्यम से भी लोगों की विद्युत संबंधी समस्याओं का तत्परता से निवारण किया जा रहा है। सीएमओ डॉण् मनोज अग्रवाल ने जिले में कोविड.19 की अद्यतन स्थिति की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में 2ण्58 प्रतिशत पॉजिटिविटी रेट एवं 95ण्71 प्रतिशत रिकवरी रेट है। जिले में 400 सर्विलांस टीमें एवं 37 रैपिड रिस्पांस टीम में फील्ड में क्रियाशील है। जनपद में अभिनव प्रयास के तहत सुदूरवर्ती थारू क्षेत्र में 6 सब सेंटर प्रारंभ किए गए थे जिसमें गत 2 माह में 398 प्रसव कराए जा चुके हैं। जिले में 253 लक्षित हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर के सापेक्ष 108 सेंटर क्रियाशील है। बीएसए बुद्ध प्रिय सिंह ने बताया कि जिले में स्वेटर का वितरण करा लिया गया है। वही प्राथमिक विद्यालयों हेतु दो चरणों में 1950 नए शिक्षक जिले को मिले हैं जिससे प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों की कमी दूर हो गई। डीएसओ विजय प्रताप सिंह ने बताया कि जिले में 04 लाख 39 हजार 543 उज्जवला कनेक्शन वितरित किए गए। वही एक लाख नो हजार 826 अंतोदय कार्ड धारकए 7 लाख 36 हजार 360 पात्र गृहस्थी कार्ड धारक हैं।

## आपराधिक वारदात की योजना बनाते नौ गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** डकैती की योजना बनाते हुए पुलिस ने 9 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अभियुक्तों के पास से अवैध असलाह व लूट का सामान बरामद किया। यह लोग डकैती की योजना बनाकर उसे आसपास के जनपदों तक अंजाम देते थे। शाहजहांपुर के रोजा थाना क्षेत्र अंतर्गत कुछ गिरोह बंद लोग लूट की योजना बना रहे थे। इसी दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में एसओजी टीम एवं रोजा पुलिस ने संयुक्त रूप से वहां पर धावा बोल दिया। इस दौरान डकैती की योजना बना रहे इन लोगों ने पुलिस टीम पर फायर कर दिया। पुलिस टीम ने जमकर मुकाबला किया और 9 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से थाना रामचंद्र मिशन में की गई लूट का सामान बरामद हुआ है। साथ ही कई अदत्त तमंचे कारतूस एवं अन्य असलहा बरामद हुए है।

## महिलाओं को जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर जागरूक किया

**शाहजहांपुर।** महिला कल्याण विभाग के डीपीओ वरुण सिंह के दिशा निर्देशन पर पुवायां तहसील के ब्लाक सिंधौली के गांव तेरा प्राथमिक विद्यालय में मिशन शक्ति कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम का संचालन सहायक अध्यापक दीपा पूनिया के द्वारा किया गया। महिला कल्याण विभाग की डिस्ट्रिक्ट कोर्डिनेटर अमृता दीक्षित द्वारा सरकार के द्वारा महिलाओं को लेकर चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर महिलाओं, बच्चियों को जागरूक किया गया। उन्होंने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाएं खुद में एक शक्ति का स्वरूप है,उन्हें अपनी शक्ति खुद पहचानी चहिए।तभी महिलाएं अपनी बात स्वतंत्र रूप से कह सकती है।साथ ही महिलाओं को लेकर चलाए जा रहे टोल फ्री नंबर 181,1098,108 एवं मनोसामाजिक मुद्दे के बारे में जानकारी उपलब्ध कराई।स्कूल के प्रधानाध्यापक सरताज अली ने कहा कि समाज में एक पुरूष के पढने से एक व्यक्ति पढ़ता है। जबकि एक महिला के पढने से पूरा परिवार पढता है।इसलिए पूरा समाज शिक्षित होता है।साथ ही उन्होंने कहा कि मातृशक्ति से बढकर समाज में कोई शक्ति नही है।मिशन शक्ति कार्यक्रम को लेकर उन्होंने कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य समाज में दबी कुचली महिलाओं, बेटियों को उनका अधिकार मिल सके।सहायक अध्यापक दीपा पूनिया ने भी मिशन शक्ति के बारे विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान शिक्षामित्र सारिका गुप्ता,रामनारायण, आंगनबाड़ी वीना आदि का सहयोग रहा।

# सपा ने निकाली साइकिल यात्रा

संवाददाता। फतेहपुर

## ● शहर में अध्यक्ष विपिन यादव व चेयरमैन प्रतिनिधि रजा मोहम्मद ने दिखायी दम



**उधर समाजवादी** पार्टी के जिलाध्यक्ष विपिन सिंह यादव के नेतृत्व में भिटौरा बाईपास पर साइकिल यात्रा निकालने को लेकर के पुलिस प्रशासन से भी ले रहे प्रशासन पूरी तरीके से मौजूद था सभी कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार करके पुलिस लाइन ले गई जिसमें नगर पालिका चेयरमैन पर हाथी राजा रफी अहमद चौधरी मंझरिया राजन तिवारी जसवीर सिंह रिंकू गुड्डू पाल हेमू शकील गोल्डी अशोक सिंह वह समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे सभी कार्यकर्ताओं को बस में बैठाकर के पुलिस लाइन में बनाई गई जेल में प्रशासन उठाकर ले गए जिलाध्यक्ष ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार का विरोध करते हैं कि हमारे नेता कि बेवजह गिरफ्तारी की गई है जिस को तत्काल रिहा किया जाए हमें अपनी यात्रा निकालने दी जाए।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशन में किसान विरोधी काला कानून बनाने के विरोध में आज नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि हाजी रजा के नेतृत्व में लगभग एक सैकड़ा लोग रोड पर बैठ कर धरना प्रदर्शन करने लगे। कार्यकर्ताओं ने जमकर नारे लगाये। इसी बीच भारी पुलिस बल ने वहां पर आकर अध्यक्ष प्रतिनिधि समेत सभी कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जिसमें मुख्य रूप से हुमायूं खान, आजम खान, भोले नवाब, रविन्द्र यादव, मंजर चौधरी, राहत, अरुण यादव आदि उपस्थित रहे।

समाजवादी लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष आजम खान के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को देते हुए बताया कि प्रदेश अध्यक्ष के रिहाई के संबंध में बिंदकी बस स्टॉप में अपने कार्यकर्ताओं के साथ धरना प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष ने मांग किया कि प्रदेश अध्यक्ष डॉ0 रामकरण निर्मल की गिरफ्तारी जबरिया उनके आवास से बीती रात की गई है। जिसका कड़े शब्दों में निंदा करते हैं और सरकार से उनकी तत्काल रिहाई की मांग करते हैं। साथ ही यह भी बताया कि गिरफ्तारी बिना कोई सूचना के की गई है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि तत्काल उनकी रिहाई नहीं की जाती तो विरोध प्रदर्शन अनवरत जारी रहेगा। जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। सदर एसडीएम, सीओ सिटी, कोतवाल ने मौके पर पहुंचकर कार्यकर्ताओं को बस से जेल ले गए। इस मौके पर लकी, आसिफ आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे। उधर खागा में किसानों के समर्थन में राष्ट्रीय अध्यक्ष के आवाहन पर नगर अध्यक्ष कलीम शेख के नेतृत्व में किसान संदेश लेकर गांव जा रहे व अखिलेश यादव के गिरफ्तारी के विरोध में नौजवान सभा के राष्ट्रीय सचिव चौधरी राजेश यादव के नेतृत्व में चक्का जाम करने जा रहे सपाइयों को पुलिस ने शासन के निर्देश पर गिरफ्तार किया।

# किसानों के समर्थन में आये सपाई प्रदर्शन, पुलिस ने लिया हिरासत में




**बरेली।** बरेली में सपा कार्यकर्ताओं पर पुलिस का पहरा, सपा कार्यालय पर पहुंचे कई नेता अताउर्रहमान , भगवत सरन , जिला अध्यक्ष अगम मौर्य , कदीर अहमद , आदि को किया गया नजरबंद, सपा कार्यालय पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा समाजबादी पार्टी कार्यालय पर 8 तारीख को भारत बंद को लेकर महानगर अध्यक्ष शमीम खाँ सुल्तानी के नेतृत्व में एक मीटिंग की उसके बाद किसानों के समर्थन में किया प्रदर्शन सरकार के खिलाफ जमकर की नारेबाजी सपाई पार्टी कार्यालय से प्रदर्शन करते हुए बाहर सड़क पर निकले पुलिस ने सभी को हिरासत में ले लिया और बस द्वारा पुलिस लाइन भेज दिया गिरफ्तारी के दौरान संजीब यादव , हैदर अली , अब्दुल कयूम मुन्ना , विशाल कश्यप आदि थेप्रशासन में एसएसपी प्रभारी डॉ संसार सिंह , एसपी सिटी रविन्द्र कुमार , एडीएम सिटी महेंद्र कुमार , सिटी मजिस्ट्रेट मनोज कुमार , सीओ प्रथम दिलीप सिंह , कोतवाल गीतेश कपिल आदि मौजूद रहे । उधर आईएमसी ने किसानों को अपना समर्थन, है आज 8 दिसम्बर के भारत बंद को सफल बनाने की अपील की है । आईएमसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना तौकीर रजा ने सरकार पर लगाया किसानों की अनदेखी कररही है। किसान हमारे अन्नदाता है देश की रीढ़ की हड्डी है । सरकार पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने की गरज से ये कानून लाई है सरकार को इस कानून को वापस लेना चाहिए । किसान अब जागरूक हो गया है पूंजीपति देश को भुखमरी के कगार पर ले जाएंगे । सरकार नहीं चाहती है किसानों की समस्याओं को हल करना। आज सेठ दामोदर पार्क में इकठ्ठे होकर धरना देंगे और राष्ट्रपति को सबोधित ज्ञापन देंगे।

## क्विक न्यूज

### मोटरसाइकिल की टक्कर से युवक की मौत

**बरेली।** साइकिल का पंचर जुड़ाने जा रहा एक युवक सड़क पर आमने सामने आ रही दो मोटरसाइकिल के बीच में फस गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।बदायूं के बिसौली थाना क्षेत्र के गांव फिरोजपुर निवासी लाल बहादुर के 18 वर्षीय बेटे नरोत्तम की इलाज के दौरान बीती रात बरेली के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई। उसे 27 नवंबर को घायल अवस्था में भर्ती कराया गया था। मृतक के घर वालों ने बताया कि नरोत्तम 27 नवंबर को अपनी साइकिल का पंचर ठीक कराने के लिए घर के पास ही एक मिस्त्री की दुकान पर गया था। लेकिन रास्ते में ही सड़क पार करते समय आमने सामने आ रही दो मोटरसाइकिल के बीच में फस गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद उसे टक्कर मारने वाली मोटरसाइकिल फरार हो गई। रास्ते से गुजर रहे लोगों ने घटना की सूचना घरवालों को दी। जो मौके पर पहुंचे और उसे इलाज के लिए बरेली ले आए। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक की मां का नाम बेलावती है वह चार भाइयों में सबसे बड़ा था।

### पुल से कूद कर युवक ने की आत्महत्या की कोशिश

**बरेली।** पुल से कूदकर घायल हुए एक युवक को इलाज के लिए पुलिस ने अज्ञात के रूप में जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।प्रेम नगर थाना क्षेत्र में स्थित कुदेशिया फाटक पुल से कूदकर घायल हुए एक 20 वर्षीय युवक को पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया। बताया जाता है कि युवक कुदेशिया फाटक पुल के पास स्थित एक मंदिर पर अक्सर आता था और मानसिक रूप से परेशान करता था आज भी मंदिर पर आया था और उसके बाद वह पुल पर चला गया। पुल पर जाने के बाद पैदल ही पुल की रेलिंग पर चढ़ गया और जब तक लोगों ने उसे बचाने की कोशिश की वह पुल से नीचे कूद पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। जो मौके पर पहुंची और युवक को होश में लाने की कोशिश की। लेकिन जब वह होश में नहीं आया तब उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसकी हालत नाजुक बताई जाती है।

### दुर्घटना में घायल युवक ने दम तोड़ा

**बरेली।** लगभग 4 माह पूर्व सड़क दुर्घटना में घायल हुए युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।फरीदपुर थाना क्षेत्र के गांव धारमपुर निवासी इरशाद के बेटे इमरान की कल शाम एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि लगभग 4 माह पूर्व इमरान अपने घर के बाहर सड़क किनारे खड़ा हुआ था। तभी अचानक तेजी से आ रही एक कार उसे टक्कर मारकर फरार हो गई। दुर्घटना की सूचना मिलने पर पहुंचे घर वाले उसे इलाज के लिए अस्पताल ले गए। जहां उसकी हालत में थोड़ा सुधार हुआ। तब डॉक्टरों ने उसे घर भेज दिया। जहां उसका इलाज जारी था। कल शाम को उसकी हालत अचानक बिगड़ गई। तब घरवाले उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाने लगे। लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी। मृतक तीन भाई-बहनों में सबसे बड़ा था। उसकी मां का नाम तरन्नुम है।

### बैरिकेडिंग में करंट उतरने से महिला की मौत, बच्चा झुलसा

**हुसैनगंज (फतेहपुर)।** तीन दिन पूर्व ससुराल से अपने मायके आई महिला की करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई। मृतका सुबह 9 बजे घर से शौंच के लिए जंगल गई थी। मौसी को बचाने के चक्कर में 8 वर्षीय मासूम बच्चा भी बुरी तरह झुलस गया। जिसे आनन-फानन में सीएचसी के जाया गया। जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रिफर किया है। क्षेत्र के पूरेमीतन मजरे जमरावा निवासी 26 वर्षीय सुषमा पत्नी संजय तीन दिन पूर्व अपनी ससुराल अझुआ जिला कौशांबी से मायके आई हुई थी। सुबह 9 बजे के करीब अपनी बहन के 8 वर्षीय पुत्र सनी के साथ शौच के लिए जंगल गई थी। गांव से कुछ दूरी पर राजू यादव के खेत है। जहां पर किसान राजू ने जानवरो से अपनी खेत की फसल को बचाने के लिए लोहे के तारों से चारो ओर बैरिकेडिंग लगा रखा है। महिला जब खेत के पास से गुजर रही थी। तभी उसके हांथ में लोहे की बैरिकेडिंग का तार छू गया। जिससे महिला की दर्दनाक मौत हो गई। साथ में गए 8 वर्षीय बच्चा सनी अपनी मौसी को बचाने के चक्कर में बुरी तरह झुलस गया। आनन-फानन में परिजन महिला व बच्चे को लेकर सीएचसी पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने सुषमा को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से झुलसे बच्चे को जिला चिकित्सालय भेजा गया। जहां चिकित्सकों ने बच्चे की हालत गंभीर देखते हुए कानपुर के लिए रिफर किया है।

### पीस कमेटी की बैठक, शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील

**जहानाबाद (फतेहपुर)।** जनपद के थाना में थाना प्रभारी संजय संधू एवं उप निरीक्षक रामू सिंह यादव एवं उपनिरीक्षक मेहरबान सिंह यादव की मौजूदगी में पीस कमेटी की बैठक हुई। जिसमें क्षेत्र के सम्मानित व्यक्तियों संग बैठक के दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि मंगलवार को किसान संस्थाओं ने सभी प्रदेश वासियों से भारत बंद का आवाहन किया है। जिसमें व्यापारी वर्ग को किसी भी दबाव में अपनी दुकान बंद नहीं करना है। किसी भी प्रकार की कोई परेशानी होती है तो तुरंत थाना पुलिस हुआ 112 नंबर पर सूचित करें। इस मौके पर नगर के पूर्व चेयरमैन हाफिज अनवर उल हक, भाजपा से मंडल अध्यक्ष लाल सिंह सूर्यवंशी, अकील पहलवान, सलमान, परवेज आलम आदि के साथ अनेक लोग उपस्थित रहे।

# सेना झण्डा दिवसः हमारे जवान बहादुरी व बलिदान की अनोखी मिसालः डीएम



**शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने कलेक्ट्रेट में सषस्त्र सेना झण्डा दिवस के अवसर पर कहा हम अपने सैनिकों तथा उनके परिवारों की सहायता के लिए हर वर्ष 07 दिसम्बर को सषस्त्र सेना झण्डा दिवस मनाते है। इस दिन बड़े मनोयोग से प्रत्येक नागरिक सषस्त्र सेनाओं के कल्याणार्थ योगदान देने में अपना गौरव समझता है। इस दौरान जिलाधिकारी ने नायक जदुनाथ सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया एवं दान पेटिका में दान तथा कर्नल के.के चौधरी, हवलदार राज बहादुर सिंह व षहीद नायक अनोखे सिंह की पत्नी वीरनारी श्रीमती गुरूमीत कौर आदि को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का षुभारम्भ कमाण्डर दिनेष कुमार मिश्र(अप्रा) जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी द्वारा जिलाधिकारी को प्रतीक झण्डा लगाकर किया गया।

इस अवसर पर इन्द्र विक्रम सिंह ने कहा है कि भारतीय सेनायें अपनी कर्तव्य निष्ठा के लिए विष्व विख्यात है। विदेषी आक्रमण हो या आन्तरिक सुरक्षा या फिर प्राकृतिक आपदा से बचाव, हमारे बीर जवान मात्र-भूमि की रक्षा और अखण्डता के लिये हमेष अग्रणी रहते है। उन्होंने कहा है कि सषस्त्र सेनाओं का इतिहास सन् 1947-1948 से लेकर सन् 1999 में हुयें कारगिल युद्ध तक गौरवमयी रहा है और हमारे वीर जवानों ने अपनी बहादुरी व बलिदान की अनोखी मिसाल प्रस्तुत की है। आज भी हमारे सैंनिक भारत की अखण्डता एवं सम्प्रभुता के लिए कटिबद्ध है। श्री सिंह ने कहा है कि जनपद षाहजहांपुर के वीर सैंनिकों का इतिहास भी उल्लेखनीय है।

# सपा की किसान यात्राः जिलाध्यक्ष सहित कई सपाई लिए गए हिरासत में, शाम को हुए रिहा

संवाददाता। शाहजहाँपुर



**प्रदेशीय आह्वाहन** पर सपा की किसान यात्रा को पुलिस प्रशासन ने रोक लिया। सपा के जिलाध्यक्ष तनवीर खां को पहले उनके आवास पर नजरबंद किया जब तनवीर खान ने घर से बाहर निकलने का प्रयास किया तो इंस्पेक्टर सदर बाजार अशोक पाल ने उन्हें गिरफ्तार कर पुलिस ने किसान यात्रा में शामिल होने के फिराक में सपा नेता उपेन्द्र पाल सिंह, एमएलसी अमित यादव सहित बड़ी तादात में सपा कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर पुलिस वहां से पुलिस लाइन में बानी अस्थाई जेल में शाम तक बैठाए रखा देर शाम सभी को रिहा किया गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष तनवीर खां ने कहा कि जब तक किसानों की मांगें नहीं मानी जाएंगी तब तक समाजवादी पार्टी किसानों के साथ आंदोलन में शामिल रहेगी। एमएलसी अमित यादव ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की सरकार किसान विरोधी हो गई है। प्रदेश में अपराध बढ़ता जा रहा है। सपा नेता उपेन्द्र पाल सिंह ने कहा कि पुलिस अपराधियों को नहीं पकड़ पा रही है लेकिन किसान आंदोलन का समर्थन करने वाले समाजवादी पार्टी के लोगों को गिरफ्तार कर रही है।

## भारत बंद को अधिवक्ताओं का मिला समर्थन का एलान

**शाहजहांपुर।** अधिवक्ताओं ने भारत बंद का समर्थन करते हुए समर्थन देने का एलान किया। बार एसोसिएशन की बैठक में अधिवक्ता मनिल बाजपेयी ने महासचिव अमित वर्मा को अधिवक्ताओं के हस्ताक्षर वाला मांग पत्र सौंपा। इस मांग पत्र में किसानों के हित में 8 दिसम्बर(मंगलवार) को बार एसोसिएशन मे हड़ताल करने की मांग की गई। सदन में कई अधिवक्ताओं ने अपने अपने मत दिए। जिसके बाद भारत बंद को समर्थन देने का एलान करते हुए बार अध्यक्ष प्रमोद पांडेय ने कहा कि कल सभी अधिवक्ता न्यायालय कार्य से विरत रहेंगे। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता संजय मिश्रा ने कहा कि भारत कृषि प्रधान देश है और किसानों से हम प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े हुए है इसलिए हमारी जिम्मेदारी बनती है कि हम उनकी मांग का समर्थन करते है इस दौरान सभी वकीलों ने बंद के समर्थन का वादा किया।

# पुलिस के दबाव में किसान यात्रा निरस्त



संवाददाता। फर्रूखाबाद

**समाजवादी** पार्टी की पूर्व घोषित कार्यक्रम में खाकी का ग्रहण लग गया। भारी पुलिस बल एकत्रित हो गया या यूँ कहिये की सपा कार्यालय के आस-पास का क्षेत्र छाबनी में तब्दील हो गया। जिला प्रशासन ने बगैर अनुमति निकाली जा रही किसान यात्रा को रोकने के लिए पुलिस-प्रशासन पुलिस की सख्ती के चलते सपाई किसान यात्रा निकालने में बिफल रहे। लेकिन उन्होंने पार्टी कार्यालय से लोहिया प्रतिमा तक यात्रा निकाली और प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। सपा के जिला कार्यालय आवास-विकास से सपा किसान यात्रा फतेहगढ़ अम्बेडकर प्रतिमा तक निकालने की पूर्व में घोषणा कर चुकी थी। भनक लगते ही सीओ राजवीर सिंह व शहर कोतवाल वेद प्रकाश पाण्डेय आदि भारी पुलिस बल के साथ आवास-विकास सुबह से ही आ गये। चप्पे-चप्पे पर पुलिस लगा दी गयी। दमकल की गाड़ी के साथ ही दो खाली रोडबेज भी खड़ी की गयीं। जिसके बाद सपा नेता सचिन सिंह यादव, डॉ0 जितेन्द्र यादव, सयुस के पूर्व जिलाध्यक्ष जितेन्द्र यादव, पूर्व अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश सचिव तोषित प्रीत सिंह, सपा नेता महेंद्र सिंह कटियार, जीतू यादव, राघव दत्त मिश्रा, शशांक सक्सेना आदि पार्टी कार्यालय पंहुचे। पुलिस बल के चलते मात्र एक दर्जन सपाई ही पार्टी कार्यालय पंहुचे। उन्होंने पहले रणनीति बनायी। लेकिन संख्या बल कम देख और पुलिस जादा देख किसान यात्रा निरस्त कर दी। पुलिस की कड़ी सुरक्षा के बीच डेढ़ दर्जन सपाई लोहिया प्रतिमा पर पुलिस और सरकार के खिलाफनारेबाजी करते हुए पंहुचे और प्रतिमा को माल्यार्पण किया। सपा नेता सचिन यादव व डॉ0 जितेन्द्र यादव की पुलिस से नोकझोंक भी हुई। इसके बाद उन्होंने ज्ञापन सौपा। सचिन यादव नें कहा किसान विरोधी कानून सरकार वापस ले। सरकार किसानों की मांगों को तत्काल माने। डॉ0 जितेन्द्र यादव नें भी कहा कि यूपी का किसान सबसे जादा दुखी है। सपा उनके साथ है। इस दौरान सपा के जिलाध्यक्ष नदीम अहमद फारुखी आदि नेता नजर नही आये।बिना अनुमति के समाजवादी पार्टी की किसान यात्रा को रोका है। इसको लेकर जिले में कई समाजवादी पार्टी के नेताओं को घर में नजरबंद किया गया है। पूर्व जिला महासचिव मंदीप यादव के आवास पर भी पुलिस तैनात की गयी।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**इटावा।** बलराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत सड़क दुर्घटना में 40 वर्षीय राजवीर पुत्र टुंडे सिंह निवासी बलराई की मौत हो गई घटना की जानकारी जैसे ही परिजनों को मिली तो घर में मातम का माहौल छा गया मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### विषाक्त पदार्थ खाने से मौत

**इटावा।** भरथना थाना क्षेत्र के अंतर्गत महावीर नगर में 22 वर्षीय मोहिनी पत्नी कौशलेंद्र ने अज्ञात कारणों के चलते विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया जिससे उसकी मौत हो गई घटना की जानकारी जैसे ही पुलिस को मिली मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया

### मारपीट में घायल

**इटावा** बसरेहर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पत्ता पुरा में दबंगों द्वारा घर में घुसकर रजत पुत्र सुरेंद्र सिंह के साथ मारपीट कर दी जिसे गंभीर हालत में उसके पिता द्वारा भर्ती कराया गया।

# सपा कार्यकर्ता लिए गए हिरासत में

संवाददाता। इटावा





**समाजवादी** पार्टी कार्यालय पर सुबह से ही भीड़ जुटने लगी थी। सपा मुखिया अखिलेश यादव के आवाहन पर सपा कार्यकर्ता एक साथ किसानों के समर्थन में किसान रैली निकालने के लिए एकजुट होने लगे तभी पुलिस ने मौके की नजाकत को भांपते हुए पूरे छावनी में तब्दील कर दिया था।

समाजवादी पार्टी कार्यालय से समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों सहित कई कार्यकर्ता अपने कार्यालय से प्रदर्शन के लिए निकले थे। उनके साथ लगभग 50 से अधिक ट्रैक्टर और एक सौ के करीब कार्यकर्ता प्रदर्शन कर रहे थे। प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए उन सभी को जाने से रोका तो उन्होंने सड़कों पर बैठकर धरना किया। सिटी मजिस्ट्रेट ने बताया कि इस तरह धरना प्रदर्शन की इस समय इजाजत नहीं है इसलिए इन सभी को गिरफ्तार कर लिया गया है और इनको दो गाड़ियों में भरकर भेजा गया है। सभी ट्रैक्टरों को रोक रखा है और यह सभी ट्रैक्टर अपने अपने घर की ओर रवाना किए जाएंगे।

### सपा अन्नदाताओं के साथ

**भर्थना।** सपा के पूर्व राज्यमंत्री अशोक यादव ने कहा है कि किसानों की समस्या को लेकर कल मंगलवार को भारत बन्द का सपा पुरजोर समर्थन करती है। उन्होंने मौजूद किसानों व सपा कार्यकर्ताओं के बीच बैठक में पर चर्चा करते हुए कहा कि किसानों के हितों की अनदेखी बिल्कुल सपा बर्दाश्त नहीं करेगी। समाजवादी पार्टी हमेशा से अन्नदाताओं के साथ खडी रही है और आगे भी निरन्तर खडी रहेगी।

इससे पूर्व सपा युवा नेता कमलेश कठेरियाए ब्लाक अध्यक्ष श्रीनवेश यादवएसिग्रेश यादव आदि सपा नेताओं ने किसान आन्दोलन के पक्ष में कल मंगलवार 8 दिसम्बर को भारत बन्द का समर्थन कर पुरजोर सफलता के लिए सपाईयों ने किसान आंदोलन में सहयोग करने की अपील की है।

आपको बतादें भरथना विकास खण्ड क्षेत्र के ग्राम पालीखुर्द स्थित माँ पालट देवी मन्दिर परिसर में सपाईयों ने सोमवार की किसान आन्दोलन के पक्ष में कल मंगलवार 8 दिसम्बर को भारत बन्द के समर्थन के लिए गोष्ठी का आयोजन किया।

बैठक के दौरान सपा नेता लल्ला सिंह कठेरियाएनगर अध्यक्ष प्रताप वर्माएसभासद शिवराम सिंह यादवएगौरव यादवएलालू पाल आदि मौजूद रहे।

### प्रशासन ने रोका ट्रैक्टर काफिला

**इटावा।** समाजवादी पार्टी के जिला पंचायत अध्यक्ष अंशुल यादव तथा जिला अध्यक्ष गोपाल यादव द्वारा अलग.अलग स्थानों पर किसानों के द्वारा दिए जा रहे धरने का समर्थन को लेकर जनपद में धरना प्रदर्शन या गया जिसको लेकर प्रशासन द्वारा रोकने का प्रयास किया गया सर्वप्रथम समाजवादी पार्टी के कार्यालय से समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों सहित कई कार्यकर्ता अपने कार्यालय से प्रदर्शन के लिए निकले थे। उनके साथ लगभग 50 से अधिक ट्रैक्टर और 200 के करीब कार्यकर्ता प्रदर्शन कर रहे थे। प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए उन सभी को जाने से रोका तो उन्होंने सड़कों पर बैठकर धरना किया। सिटी मजिस्ट्रेट ने बताया कि इस तरह धरना प्रदर्शन की इस समय इजाजत नहीं है इसलिए इन सभी को गिरफ्तार कर लिया गया है और इनको दो गाड़ियों में भरकर भेजा गया है। सभी ट्रैक्टरों को रोक रखा है और यह सभी ट्रैक्टर अपने अपने घर की ओर रवाना किए जाएंगे। दूसरी तरफ

बरेली हाईवे पर गांव बख्तियारपुर के पास सौरव यादव के जेपी होटल से अखिलेश यादव के अनुज जिला पंचायत अध्यक्ष इटावा अंशुल यादव ने केंद्र सरकार के द्वारा किसान विरोधी कानून बनाए जाने को लेकर करीब 200 ट्रैक्टरों के साथ सैकड़ों कार्यकर्ताओं को लेकर ट्रैक्टर चलाकर इटावा मुख्यालय की ओर प्रस्थान कर दिया।काफिले की अगुवाई में अंशुल यादव ट्रैक्टर चलाकर उनके साथ पूर्व जिला अध्यक्ष राजीव यादवएसौरव यादवएअनीता दिवाकर ट्रैक्टर में बैठ पूरे काफिले का नेतृत्व कर रहे थे।और पीछे ट्रैक्टरों पर सैकड़ों कार्यकर्ता समाजवादी पार्टी के नारे लगाते हुए आगे बढ़ते जा रहे थे करीब आठ किलोमीटर खफिला आगे जा चुका था तभी पूरे मामले की जानकारी प्रशासन को हुई तो बसरेहर थाना क्षेत्र के अमृतपुरा के पास सदर एसडीएम सिद्धार्थएसैफई क्षेत्र अधिकारी आलोक प्रसादएसिटी सीओ व बसरेहर चौबिया वैदपुरा फ्रेंड्स कॉलोनी आदि थाना प्रभारी पूरे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे मौके पर भीड़ को देख एसडीएम ने दो बंदी वाहन बसों को मौके पर बुलाया और सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री के अनुज भाई अंशुल यादव समेत 60 लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया।गिरफ्तारी के बाद समाजवादी कार्यकर्ताओं ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की तो प्रशासन ने पुलिस बल का उपयोग कर वहां मौजूद ट्रैक्टरों को वापस लौटा दिया और गिरफ्तार किए हुए लोगों को पुलिस लाइन में बनाए गए कारागार लाया गया।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से ट्रैक्टर पलटा, चालक की मौत

**फर्रूखाबाद।** अज्ञात वाहन की टक्कर से ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत हो गयी। पुलिस नें शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया।

थाना अमृतपुर क्षेत्र के ग्राम भुवनपुर निवासी 35 वर्षीय प्रवेंद्र पुत्र सुरेंद्र सिंह जलालाबाद में आलू की बिक्री करने गया था। बीती देर रात वह वापस आने के दौरान ग्राम राजपुर के निकट किसी अज्ञात वाहन नें उसके जोरदार टक्कर मार दी। जिससे ट्रैक्टर अचानक पलट गया। जिसके नीचे दबकर प्रवेन्द्र की मौत ही गयी। घटना की खबर लगते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी बिठौली आदि का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस नें शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।थानाध्यक्ष जसवंत सिंह नें बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जायेगा।

# डीएम व सीडीओ को किया सम्मानित

संवाददाता। फर्रूखाबाद



**साहित्यिक** सामाजिक संस्था अभिव्यंजना की 40 वर्षों की यात्रा को समर्पित कार्यक्रम अनवरत भोलेपुर स्थित सनबीम पब्लिक स्कूल में आयोजित किया गया।

सर्वप्रथम मुख्य अतिथि जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह विशिष्ट अतिथि सीडीओ डॉ0 राजेन्द्र पैंसिया व अध्यक्षता कर रहे डॉ0 शिवओम अम्बर व सम्वयक भूपेन्द्र सिंह ने माँ बागेश्वरी की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्जलित कर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। प्रीति तिवारी ने माँ बागेश्वरी की वंदना की। सभी अतिथियों को पुष्प अर्पित किये गये। संचालन महेशपाल सिंह उपकारी ने किया।

सर्वप्रथम भूपेन्द्र प्रताप सिंह के द्वारा सम्पादित अभिव्यंजा की वार्षिक स्मारिका अक्षरालोक, भारती मिश्रा द्वारा लिखा ''शब्दास्त्र'' प्रभास मिश्र द्वारा रचित मीठे बने छुआरे से, डॉ0 ज्योति स्वरूप अग्निहोत्री द्वारा रचित हनुमत चरित्रम कुण्डिलियां का डीएम-सीडीओ द्वारा लोकार्पण किया गया। इसके अलावा ज्योति स्वरूप अग्निहोत्री को अभिव्यंजना श्रीसम्मान, रामशंकर मिश्र अबोध को राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त सम्मान, श्रीरजनीकांत शुक्ल नई दिल्ली को आचार्य ओमप्रकश मिश्र कंचन सम्मान तथा जिलाधिकारी मानवेन्द्र को राजर्षि पुरूषोत्तम टण्डन सम्मान व सीडीओ डॉ0 राजेन्द्र पैंसिया को महीयसी महादेवी वर्मा सम्मान से सम्मानित किया गया। इसके अलावा प्रतियोगी छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। विभिन्न संस्थाओं ने डीएम व सीडीओ को भी सम्मानित किया।

मुख्य अतिथि डीएम मानवेन्द्र सिंह ने कहा कि महादेवी वर्मा से मैं नैनिताल से जोड़कर फर्रूखाबाद आ गया। उन्होने राजकीय बालिका इण्टर कालेज फतेहगढ़ का नाम महादेवी वर्मा से नामित करने के लिये शासन में प्रस्ताव भेजने की बात कही। उन्होने कहा कि मैं नौकरी से पूर्व साहित्य लिखता था पर अब प्रशासिनक सेवा में आने के बाद साहित्य नहीं लिख पा रहा हूं।

सीडीओ डॉ0 राजेन्द्र पैंसिया ने कहा कि महादेवी वर्मा की जन्म व कर्मभूमि को मैं प्रणाम करता हूं। मैंने भी साहित्य के क्षेत्र में कई किताबे लिखी हैं। अध्यक्षता कर रहे। डॉ0 शिवओम अम्बर ने कहा कि 1980 में अपने चार मित्रों के साथ अभिव्यंजना संस्था की स्थापना की थी। डॉ0 सुशीला शर्मा के आवाहन पर पूर्व डीएम डॉ0 वीएन गर्ग के सहयोग से महादेवी वर्मा की मूर्ति की स्थापना रेलवे रोड पर की गई।

## आमिर खलीफा को किया गुंडा घोषित

**फर्रूखाबाद।** पुलिस अधीक्षक की आख्या और बीट सूचना रपट आदि तथ्यों को मजबूत आधार मानते हुए कोर्ट नें आमिर खलीफ को गुंडा घोषित कर दिया। उसे कोतवाली में हाजिरी लगानें के आदेश भी दिये गये हैं। अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विवेक श्रीवास्तव के न्यायालय ने शहर कोतवाली के मोहल्ला नखासा निवासी आमिर खलीफ पुत्र कमर मियां को गुंडा घोषित करते हुए आदेश जारी कर दिया। दरअसल पुलिस अधीक्षक नें 28 मार्च 2018 को आमिर के खिलाफआख्या दी थी। जिसके बाद कोर्ट नें 28 अप्रैल 2018 को आमिर को आख्या के सम्बन्ध में नोटिस निर्गत किया। जिसका जबाब एक सप्ताह के भीतर कोर्ट नें तलब किया। लेकिन आमिर की तरफसे दिये गये जबाब से कोर्ट संतुष्ट नही हुआ। जिसके बाद कोर्ट नें आमिर को गुंडा घोषित करते हुए आदेश जारी किया। जिसमे कहा है कि आमिर शहर कोतवाली में 3 महीने तक माह के द्वितीय व चतुर्थ शनिवार के दिन अपने उपस्थिति दर्ज कराएं। शहर कोतवाली पुलिस उसकी निगरानी भी रखे।

# चारों ओर अतिक्रमण ही अतिक्रमण







संवाददाता। घाटमपुर



**वैसे** तो नगर के मुख्य चौराहे के साथ-साथ चारो राष्ट्रीय कृत मार्ग पर अतिक्रमण कारियों के साथ डग्गामार वाहनों का राज है लेकिन कानपुर-सागर नेशनल हाइवे पर चौराहे से लेकर बस स्टाप के आगे रेलवे स्टेशन रोड के बीच करीब 5 सौ मीटर तक दुकान दारों के साथ ठेलिया वालों का राज है। इसके अलावा घाटमपुर-नौबस्ता के बीच सवारियाँ ढ़ोने वाली मौजिकें और आटो रिक्सा तथा बिक्रम सभी मुख्य चौराहे से लेकर बस स्टाप तक सड़क पर ही स्टैण्ड बनाये हैं। मैजिक संचालक बीच सड़क पर खड़े होकर चिल्ला-चिल्ला कर सवारियाँ बुलाते रहते है, जबकि इस हाइवे पर प्रति दिन हजारों ट्रक पड़ोसी जनपद हमीरपुर और कबरई-महोबा गिट्टी, मोरंग लेने आते-जाते रहते हैं। जाम से हाहाकार मचा रहता है। आज हम चौराहे के कानपुर रोड रोड पर अक्रिमण और आये दिन लगने वाले जाम के कारण होने वाले हादसे व आम लोगों के नाराजगी से रुबरु करा रहे है। अनिल कुमार घाटमपुर-नगर के मुख्य चौराहे पर आये दिन लगने वाला जाम यहाँ के लिये कोई नयी बात नही है, लेकिन दशको से जाम और आये दिन मौत के मुंह में समाने वाले परिवारों की की करुण क्रन्दन लोगों को बिचलित जरुर करती रहती है वहीं जन प्रतिनिधि और सरकार के नुमाइन्दे कभी ओवर ब्रिज और कभी बाई पास को सपना दिखा चले आ रहे हैं। मुख्य चौराहे से लेकर बस स्टाप तक करीब 100 मीटर के बीच दुकानदार फुटपाथ पर खुद सामान आदि रख कर अतिक्रमण करने के बाद दुकान के आगे ठेलिया या सडंक किनारे फलों आदि की दुकाने लगवा कर उनसे सौ से दो सौ रुपये प्रति दिन वसूल रहे हैं जबकि कि दुकान का किराया दो सौ से पाँच सौ तक ही है। सौ मीटर के इस दायरे में घाटमपुर नौबस्ता के बीच सवारी ढ़ोने वाली मैजिकें, बिक्रम टैम्पों और और आटो रिक्सा सब इतने ही दायरे में धमा-चौकड़ी मचाये रहते है। उधर यहाँ के निर्माणाधीन बस स्टाप की कच्छप चाल के चलते महोबा, हमीरपुर, बांदा, और मध्य प्रदेश परिवहन निगम की बसे सड़क पर ही खड़ी होकर सवारियाँ उतारती-बैठाते रहती है। जिससे यातायात बाधित होता रहता है। उधर चौराहे पर यातायात नियंत्रण के नाम पर आधा दर्जन पीआरडी के जवान जूझते रहते हों और पुलिस कोतवाली में बनी रहती है। हाँ बिभागीय आलाधिकारी के आने पर जरुर सड़क पर लाडिया पटक कर अतिक्रमण हटवा देती है। कानपुर-सागर राष्ट्रीय राजमार्ग का हाल बेहाल है, इस हाइवे पर स्थित नौबस्ता से लेकर हमीरपुर की सीमा तक करीब 60 किमी हाइवे पर पग-पग पर दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र है जहाँ हर पल मौत का साया मड़राता रहता। हाइवे पर आये दिन होने वाले हादसों के पीछे सबसे बड़ी वजह तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलना है। लेकिन खस्ता हाल सडक और पुलों व दुर्धटना बाहुल्य स्थानों पर संकेतक व रिफ्लेक्टर आदि का न लगा होना कम जुम्मेदार नही है। फिर भी अधिकारी लोगों को यातायात नियमों की जानकारी और उन्हे जागरुक करने के प्रति गंम्भीर नजर नही आते है केवल कागजों पर सुरक्षित यातायात सप्ताह व लोगों को जागरुक करने का अभियान सिमट कर रह जाता है जिसका नतीजा ये है कि इन दुर्घटना बाहल्य क्षेत्रों पर जरा सी लापरवाही पर मौत आकर दबोच लेती है। कानपुर-सागर हाइवे पर नौबस्ता, दासू कुआं, नौबस्ता बम्बा, गल्ला मंण्डी, रमईपुर, बिधनू धरमपुर बंम्बा ( रिन्द नदी का पुल ), पतारा, हिरनी मोड़, जंहागीराबाद, बीरपुर, घाटमपुर चौराहा, स्योदी-ललईपुर, गुजेला नदिया पुल, हमीरामऊ, सजेती, आनूपुर मोढ़, और यमुना सेतू के पास जवाहर नाला आदि जगहों पर अक्सर हादसे होते रहते हैं। भाजपा किसान मोर्चा कानपुर ग्रामीण के जिला महामंत्री श्रीकृष्ण मिश्रा, किसान यूनियन कानपुर नगर ( भानू गुट ) के कोषाध्यक्ष योगेंनद्र सिहं पटेल आदि ने कानपुर हाइवे पर लगने वाले जाम को लेकर ठोस कार्यवाहीकरने की माँग की है।

### हादसों में हर साल बुझ जाते हैं तमाम घरों के चिराग

**घाटमपुर।** कानपुर रोड पर आये दिन होने वाले हादसों में तमाम घरों के चिराग बुझ जाते है। तथा बड़ी संख्या में लोग अपाहिज हो जाते है। तेज रफ्तार और नियमों की अनदेखी इसकी वजह मानी जाती है लेकिन खराब सड़क व नशेबाजी कम जुम्मेदार नही है। फिर भी दोपहिया और हल्के वाहन के चालक हेलमेट और सीट बेल्ट के प्रति अनदेखी करते है बीते वर्ष 2018 और 19 में होने वाले हादसों में पुलिस का रिकार्ड माने तो अकेले 2018 में बिधनू , सजेती और घाटमपुर कोतवाली क्षेत्र में 3 सौ से अधिक लोग हादसे का शिकार हुए थे।

# डीएम ने किया धान क्रय केंद्र का निरीक्षण

संवाददाता। कानपुर देहात



**जिलाधिकारी** डॉ दिनेश चंद्र ने हॉट केंद्र झींझक के धान खरीद केंद्र का निरीक्षण किया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी भी निरीक्षण के दौरान उपस्थित रहे। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाएं ठीक मिली वहीं उपस्थित किसानों ने समय पर ध्यान न खरीदे जाने की शिकायत भी दर्ज कराई।इसी कड़ी में वहां मौजूद कृषक रामकिशन ग्राम जगदीशपुर निवासी की पुत्री की 9 दिसम्बर, सीता मिश्रा ग्राम जुरिया निवासी की पुत्री की 20 दिसम्बर को, मुन्नू लाल निवासी पाल नगर चिरखिरी की पुत्री की 11 दिसम्बर तथा कृष्ण कुमार राठौर ग्राम छतरसा निवासी आदि की पुत्रियों की शादी है ।कृषको द्वारा अवगत कराया गया कि मेरी पुत्रियों की शादी है लेकिन धान खरीद केंद्र मे अपनी धान बेचने मे चक्कर काटने के चलते शादी कार्यक्रम के कार्य नहीं हो पा रहे हैं इस मामले में जिलाधिकारी ने धान खरीद प्रभारी को निर्देश दिए कि रामकिशन व मुन्नू लाल का तत्काल प्रभाव से धान खरीदा जाए और जिन बेटियों की शादी है उन कृषकों का धान व छोटे किसानों का धान प्राथमिकता के आधार पर खरीदना सुनिश्चित करें अन्यथा की स्थिति में कार्रवाई की जाएगी ।इसी क्रम में उक्त चार बेटियों की शादी होने के चलते जिलाधिकारी ने शगुन के तौर पर 21-21 रुपए देकर शुभकामनाएं दी इसी। वही रसूलाबाद के धान खरीद केंद्र में पहुंचकर धान खरीद केंद्रों पर मौजूद कृषको से बातचीत की और उनकी समस्याओं को भी सुना कथा संबंधित धान खरीद केंद्र पर शिवम शुक्ला जिनकी बहन की भी शादी है उनको भी रू0 21 देकर शगुन दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि धान खरीद केंद्रों में किसी भी प्रकार की लापरवाही मिली तो क्रय केंद्र प्रभारी दंडित होंगे यही नहीं किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं होंगी।

# धान खरीद से 5239 किसान हुए लाभान्वित

संवाददाता। कानपुर देहात

**जनपद में** खरीफ विपणन वर्ष 2020-21 में मूल्य समर्थन योजनान्तर्गत धान खरीद 15 अक्टूबर, 2020 से प्रारम्भ है एवं 28 फरवरी, 2021 तक धान की खरीद की जायेगी। वर्ष 2020-21 में धान का समर्थन मूल्य धान कामन रू0 1868/- व धान ग्रेड 'ए' का मूल्य 1888/- प्रति कुन्तल निर्धारित है। जनपद की विभिन्न तहसीलों में 08 क्रय एजेन्सियों के 56 क्रय केन्द्रों के माध्यम से धान की खरीद करायी जा रही है। क्रय एजेन्सी- खाद्य विभाग के 08 क्रय केन्द्रों पर 10818.792 मी0टन की धान खरीद 2172 कृषकों से, पी0सी0एफ0 के 11 क्रय केन्द्रों पर 428.64 मी0टन की खरीद 986 किसानों से, यू0पी0एग्रो के 02 क्रय केन्द्रों पर 492.38 मी0टन की खदीद 112 कृषकों से, एन0सी0सी0एफ0 के 08 क्रय केन्द्रों पर 1745.119 मी0टन, 325 कृषकों से, नैफेड के 05 क्रय केन्द्रो पर 1313.299 मी0टन 280 कृषकों से, पी0सी0यू0 के 12 क्रय केन्द्रों पर 3909.411 मी0टन 778 किसानों से, यू0पी0एस0एस0 के 09 क्रय केन्द्रों पर 3063.72 मी0टन 510 किसानों से तथा भारतीय खाद्य निगम के 01 क्रय केन्द्र पर 306.88 मी0टन 76 किसानों से, कुल 56 धान क्रय केन्द्रों पर अब तक 25934.241 मी0टन की धान खरीद की गयी है जिससे 5239 कृषक लाभान्वित हो चुके हैं। उपरोक्त जानकारी देते हुए जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार एक धान क्रय केन्द्र पर एक दिन में एक किसान से 75 कुन्तल धान अधिकतम खरीदे जाने के निर्देश प्राप्त हैं।

# भारत बंद को लेकर प्रशासन ने कसी कमर

संवाददाता। कानपुर देहात



**किसान** संघ द्वारा आज भारत बन्द के प्रस्तावित आन्दोलन के दौरान जनपद में सुरक्षा, कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डा0 दिनेष चन्द्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट, कानपुर देहात के सभागार मे बैठक आयोजित की गयी। बैठक में उपस्थित किसान संघ के पदाधिकारी/सदस्यों से उनकी विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गयी जिसके अन्तर्गत रबी की फसल की बुआई के समय खाद बीज इत्यादि की उपलब्धता पर उन्हें आश्वस्त किया गया।

इस सम्बन्ध में कृशक भाईयों द्वारा अपनी संतुष्टि भी व्यक्त की गयी। नहरों की पूर्ण सफाई कराये जाने के सम्बन्ध में भी कृषकों को आश्वस्त किया गया तथा उन्हें यह अवगत कराया गया कि रबी की फसल की बुआई के उपरान्त सिंचाई की समस्या में कोई व्यवधान नहीं होगा। इसी क्रम में उपस्थित एक कृषक अमर सिंह ग्राम पिलखिनी तहसील भोगनीपुर द्वारा अपनी धान का विक्रय किये जाने के सम्बन्ध में आ रही कठिनाई से अवगत कराया गया जिसके सम्बन्ध में जिला खाद्य विपणन अधिकारी को अवगत कराते हुए उनकी समस्या का तत्काल समाधान कराये जाने एवं नियमानुसार इनकी धान का क्रय किये जाने के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी द्वारा किसानों को निराश्रित गौवंश के संरक्षण व भरण पोषण हेतु बेसहारा गौवंश को पालने वाले किसानों को 900 रूपये प्रतिमाह की धनराशि शासन द्वारा उपलब्ध कराये जाने की व्यवस्था के बारे में जानकारी दी गयी तथा इसके लिए उन्हें प्रेरित भी किया गया।

किसान संघ के उपस्थित पदाधिकारियों से भारत सरकार द्वारा पास किये गये किसान बिल पर भी चर्चा की गयी तथा उन्हें यह अवगत कराया गया कि उक्त बिल किसानों के हित में है उसका धैर्य पूर्वक अध्ययन कर लें। इस सम्बन्ध में भारत सरकार का जो भी निर्णय होगा वह किसानों के हित में होगा। इसके अतिरिक्त किसानों को कोविड-19 संक्रमण से बचने के लिए विस्तृत चर्चा की गयी तथा उनसे कोविड-19 के बचाव हेतु सरकार द्वारा जारी प्रोटोकॉल जैसे मास्क लगाना, समय-समय पर हाथ धोना, सोषल डिस्टेसिंग का पालन करना, भीड़-भाड़ के स्थानों पर जाने से बचना तथा गांव में इसका प्रचार-प्रसार करने की अपील की गयी तथा यह भी सुझाव दिया गया कि वह अपने खान-पान में गांव में पैदा होने वाली हरी सब्जियां, चना, मूली, शलजम, पालक, ऑवला, नीबू, मौसमी फल व सब्जियों का सेवन करें जिससे उनकी प्रतिरोधक क्षमता में बढ़ोत्तरी हो। इसके अतिरिक्त कृषक रशीद अहमद ग्राम छतैनी द्वारा एवं मन्ना लाल ग्राम पिलखिनी आदि द्वारा खुश होकर गीत व भजन भी गाया गया। किसान संघ के पदाधिकारियों द्वारा यह अवगत कराया गया कि दिल्ली में हो रहे किसानों के आन्दोलन के सम्बन्ध में आपसी समन्वय बनाकर शन्तिपूर्वक ढंग से आन्दोलन किया जायेगा। इसमें शान्ति व्यवस्था को प्रभावित नही किया जायेगा। जनपद में किसान संघ पदाधिकारियों द्वारा शासन/प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर रूप रेखा से अवगत कराते हुये अपना कार्य करेगें। जिससे जनपद में सुरक्षा, कानून एवं शान्ति व्यवस्था सुनिश्चित हो सके। जिलाधिकारी द्वारा पदाधिकारियों को यह आश्वासन दिया गया कि किसानों से सम्बन्धित किसी भी समस्या की सूचना शासन/प्रशासन को उपलब्ध होने पर तत्काल यथोचित कार्यवाही करना सुनिश्चित की जायेगी।

वहीं जिलाधिकारी द्वारा समस्त उपस्थित किसान संघ के बुर्जुग एवं पात्र व्यक्तियों को कम्बल देकर सम्मानित किया एवं सभी को धन्यवाद देते हुए बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी। बैठक में पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी, अपर जिलाधिकारी, (वि0/रा0), अतिरिक्त मजिस्ट्रेट, उपजिलाधिकारी, तहसीलदार अकबरपुर, प्रभारी निरीक्षक अभिसूचना इकाई, रशीद अहमद आदि किसान संघ के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# प्रदर्शनकारी सपाई गिरफ्तार

संवाददाता। चित्रकूट



कृषि कानून के खिलाफ हो रहे राष्ट्र व्यापी प्रदर्शन को सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा समर्थन दिये जाने के बाद सोमवार को चित्रकूट में जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव एवं पूर्व विधायक वीर सिंह पटेल के संयुक्त नेतृत्व में हाईवे पर प्रदर्शन किया। पहले से ही सपा कार्यालय के नीचे मौजूद पुलिस फोर्स ने सरकार विरोधी नारेबाजी कर धरने पर बैठते ही सपाईयों को गिरफ्तार कर लिया।

आपकों बता दे कि देशभर के किसान संगठनों ने 8 दिसंबर को भारत बंद का आह्वान किया है। इसमें पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान समेत कई राज्यों के किसान संगठन शामिल हैं इसके अलावा सपा समेत कई राजनीतिक दलों ने भी इस बंद को समर्थन दिया है। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से किसान यात्रा में शामिल होने की अपील की है।पार्टी मुखिया का निर्देश मिलते ही चित्रकूट में किसान आंदोलन के समर्थन में सपाईयों ने प्रदर्शन की तैयारी शुरू कर दी थी। वहीं पुलिस प्रशासन भी सपाईयों के प्रदर्शन को लेकर पहले से ही चौकन्ना था।सोमवार को सुबह से ही मुख्यालय के बस स्टैंड स्थित सपा कार्यालय पुलिस छावनी में तब्दील हो गया था। अपर पुलिस अधीक्षक प्रकाश स्वरूप पांडेय के नेतृत्व में क्षेत्राधिकारी रजनीश कुमार यादव व शहर कोतवाल अरूण कुमार पाठक भारी फोर्स के साथ मुस्तैद रहे।

वहीं करीब साढ़े 11 बजे सपा जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव और पूर्व विधायक वीर सिंह पटेल के संयुक्त नेतृत्व में सपाईयों ने किसान आंदोलन के समर्थन में झांसी-मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग में सरकार विरोधी नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन शुरू किया। इसके बाद सपाईयों के हाईवे में धरने पर बैठते ही पुलिस ने सभी प्रदर्शनकारी सपाईयों को गिरफ्तार कर लिया। सपाईयों को गिरफ्तार करने में कोतवाली प्रभारी अरूण कुमार पाठक को कडी मशक्कत करनी पडी। इस मौके पर सपा जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव ने कहा कि केंद्र सरकार किसान विरोधी है। मोदी सरकार कृषि कानून बनाकर देश के अन्नदाताओं के हितों के साथ खिलवाड़ कर रहीं है।वहीं पूर्व विधायक वीर सिंह पटेल ने कहा कि किसान देश की रीढ़ है। मोदी सरकार उद्योग पतियों को लाभ पहुंचाने के लिए काला कानून बनाकर अन्नदाताओं को बर्बाद और गुलाम बनाना चाहते है। उन्होने कहा कि केंद्र सरकार ने कृषि बिल वापस न लिया तो सपाई किसानों के साथ मिलकर सरकार विरोधी प्रदर्शन करेंगें। उन्होने कहा कि कहा कि यह कानून किसानों के लिए डेथ वारंट है।

प्रदर्शन में वरिष्ठ सपा नेता मो. गुलाब खां, नरेंद्र यादव,राजाबाबू यादव, रमेश यादव, अनिल प्रधान, आदि मौजूद रहे।

# प्रदर्शन के जाम में फंसी एंबुलेंस, तड़पती रही प्रसूता

संवाददाता। बांदा

किसान आंदोलन के समर्थन में सपा के प्रदर्शन ने शहर व ग्रामीण इलाके में आमजन को बेहाल किया। अन्नदाताओं की मांगों को लेकर सड़क पर उतरे सपाइयों के जुलूस के चलते कई जगह जाम लग गया। अतर्रा ओरन के साथ ही शहर में भी इसका नजारा आम हुआ। ओरन में जाम के झाम में एंबुलेंस फंस गई। प्रसूता जहां तड़पती रही वहीं तीमारदार बेहाल हो गए। जरूरी काम और खरीदारी को निकले लोग बिलबिला गए। सबसे ज्यादा दिक्कत का सामना महिलाओं और बच्चों को करना पड़ा। हालांकि पुलिस की चौकस नाकेबंदी भी काम नहीं आई। कुछ जगहों पर पुलिस कार्यकर्ताओं के पीछे-पीछे दौड़ती नजर आई। सपा पदाधिकारियों ने उन्हें जमकर छकाया। शहर के अशोक लाट तिराहे से क्योटरा की ओर से आए जुलूस को रोकने के लिए पुलिस ने अशोक लाट तिराहा के पास चौकसी बरतते हुए बैरीकेडिंग का सहारा लिया। इस दौरान लगभग दो घंटे तक जाम से लोग हलाकान रहे। गंगेही मार्ग के पास सपा के प्रदर्शन से राष्ट्रीय राजमार्ग पर आधाघंटा जाम जैसी स्थिति रही। बाद में पुलिस की सक्रियता से स्थिति सामान्य हो गई। नरैनी के मुख्य चौराहा में नारेबाजी के दौरान सांकेतिक जाम लगा। जो कुछ देर बाद खुल गया। सपा के प्रदर्शन के दौरान कस्बे के मुख्य मार्ग में जाम लग गया। इसमें एक एंबुलेंस फंस गई। एंबुलेंस में गर्भवती महिला तड़पती रही। लगभग आधा घंटे बाद किसी तरह स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस को जाम निकलवाया। इस दौरान देवेंद्र द्विवेदी नीरज त्रिपाठी विनय शिवहरे शेषनारायण द्विवेदी आदि रहे।

# सपाइयों व पुलिस में तीखी झड़प

संवाददाता। हमीरपुर



सपा के प्रांतीय आवाह्न पर आज कृषि विधेयक के विरोध में जिले में धरना प्रदर्शन कर योगी सरकार को कोसा इस मौके पर पुलिस ने जिले में 350 सपाईयों को कोतवाली में नजरबंद कर उनको निची मुचलके पर छोड़ दिया गया।मौदहा में प्रदर्शन से घबराए प्रशासन ने सपाइयों को कोतवाली में बंद कर दिया लेकिन इन सपाईयों ने कोतवाली में ही प्रदर्शन किया है। केंद्र सरकार के कृषि विधेयक के खिलाफ समाज वादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आज किसानों के समर्थन में धरना प्रदर्शन का आवाह्न किया था इस कार्यक्रम को रोकने के लिए पुलिस ने समाजवादी पार्टी के नेताओं को पकड़ कर कोतवाली में कैद कर दिया है।आज के इस प्रदर्शन में नगरपालिका अध्यक्ष रामकिशोर श्रीवास, इदरीस खान, शाकिर खान, देवेंद्र यादव, कमरुद्दीन पूर्व प्रधान भमौरा, जलालुद्दीन मुस्की, ओमप्रकाश सोनकर वारसी, रामबली यादव, प्रदीप यादव, कामता बाल्मीकि, अजय कुमार, प्रभात कुमार, आरिफ बाबा, सुमित कुमार, विकास, सुनील, अनुज सविता, सगीर मलिक, जावेद मेजर सहित अन्य सपाई मौजूद रहे हैं।कुरारा। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के आवाहन पर पार्टी कार्यकर्ताओं को हमीरपुर जाते समय पुलिस ने मंडी समिति के पास रोक लिया। तथा दो बजे के बाद छोड़ दिया। समाजवादी पार्टी के आवाहन पर किसान यात्रा में शामिल होने जिला मुख्यालय जाने वाले सपा कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए सुबह से थाना पुलिस कस्बे के मंडी समिति के पास तैनात रही। क्षेत्र के लहरा गांव के प्रधान मुश्ताक अहमद कार्यकर्ताओं के साथ हमीरपुर जा रहा था। तभी पुलिस ने उनको रोक लिया ।राठ। किसानों के समर्थन में किसान पदयात्रा निकालने की रणनीति बना रहे सपाईयों को पुलिस ने रास्ते में ही रोकने का पूरा प्रयास किया।

# सपा नेताओं को किया नजरबंद

संवाददाता। गुरसहायगंज (कन्नौज)





कोतवाली पुलिस द्वारा सोमवार को पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी सहित पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तहसीन सिद्दीकी, प्रदेश सचिव विनय श्रीवास्तव को उन्हीं के घर में नजर बंद कर दिया गया। तो वही दो दर्जन से अधिक सपा नेताओं को उनके घरों से उठाकर कोतवाली लाया गया। पुलिस प्रशासन के इस प्रकार के रवैया से पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी ने कहा कि कोरोना की आड में भाजपा सरकार देश के अन्नदाताओं का उत्पीड़न कर रही है

कहा कि अन्नदाताओं के हित में किये जा रहे आंदोलन को सरकार पूरी तरह से दबाने का कार्य कर रही है। इसीलिए, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को नजरबंद कर दिया गया। उधर सपा नेताओं ने किसान बिल को वापस लिये जाने की पुरजोर मांग की है। पूर्व विधायक जमालुद्दीन सिद्दीकी व सपा नेता अरशद जमाल सिद्दीकी ने भाजपा की केन्द्र व प्रदेश सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि सरकार लोकतंत्र का गला घोंट रही है। देश के अन्नदाताओं का उत्पीडन करने में सरकार जुटी हुई है। सरकार द्वारा लाया गया बिल पूरी तरह से किसान विरोधी है। किसानों को गरीब और पूँजीपतियों को रईस बनाने की साजिश रची जा रही है। पूर्व चेयरमैन मो0 नकीम खाँन ने कहा कि सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य को समाप्त करने का प्रयास कर रही है जो लोग किसानों के साथ खड़े हो रहे हैं उनका उत्पीडन किया जा रहा है। युवा सपा नेता अजीम सिद्दीकी ने कहा कि समाजवादी पार्टी किसानों के साथ खड़ी है और किसान विरोधी बिल का पुरजोर ढंग से विरोध करेगी। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष सतीश चंद्र गुप्ता, रामसेवक बाथम, अब्दुल सत्तार कुरैशी, मकबूल अहमद, मुकीम खान, गुफरान सिद्दीकी, सलीम खान, फिरदौस खान, पूर्व प्रधान हारून सिद्दीकी, मास्टर हसरुद्दीन, मोनू यादव, श्यामू ठाकुर, हाफिज अतीक, हारून प्रधान सहित दो दर्जन से अधिक सपाइयों को देर शाम तक

# एटीएम बदल किसान के खाते से 92 हजार निकाले

संवाददाता। जालौन (उरई)

किसान का एटीएम बदल कर खाते से 92 हजार रुपए निकाल लिए गये हैं। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ऐंदलपुर निवासी किसान माताचरण पुत्र गोरीशंकर 8 नवंबर को पैसा निकालने आये थे। वह पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम में पैसा न होने के कारण पैसा नहीं निकला। एटीएम से पैसा न निकलने पर उन्होंने बालाजी एग्रो में स्वप मशीन से खाद बीज खरीद कर घर चला गया। उसके मोबाइल पर 9 नवंबर को खाते से 50 हजार रुपए निकलने का संदेश आया, 11 नवंबर को 42 हजार रुपए निकलने का संदेश आया। खाते से 92 हजार रुपए निकलने पर किसान ने यूनियन बैंक उरई शाखा से सम्पर्क किया तो बताया गया कि डुप्लीकेट ए टी एम कार्ड बनाकर पैसा निकला है। खाते से 92 हजार रुपए निकलने से परेशान किसान ने इसकी शिकायत साइबर अपराध शाखा में की। लम्बी जांच के पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। कोतवाल रमेशचंद्र मिश्रा ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया है तथा आरोपितों की तलाश की जा रही है।

## महिला से की गाली गलौज

जालौन (उरई)। शराब पीकर ग्रामीण ने महिला व उसके परिजनों के साथ गाली-गलौज की तथा मना करने पर जान से मारने की धमकी दी है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफमामला दर्ज कर लिया है।कोतवाली क्षेत्र मकरंदपुरा निवासी शांति देवी पत्नी करन सिंह ने पुलिस से शिकायत की है कि गांव परमानन्द उर्फ पांडे उनसे रंजिश मानते हैं। रंजिश को लेकर आये दिन शराब पीकर गाली-गलौज करते हैं।

# मौदहा के गांव चकदहा में कुएँ में मिली युवक की लाश

मौदहा( हमीरपुर ) मौदहा कोतवाली क्षेत्र के गांव चकदहा में कुएँ के भीतर लाश बरामद होने से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी है, गांव में कुएँ के भीतर से अचानक तेज बदबू आने से ग्रामीणों ने उसके अंदर देखा तो हड़कंप मच गया।कुएँ के भीतर एक युवक की लाश थी।ग्राम प्रधान ने इसकी जानकारी कोतवाली पुलिस को दी मौके पर पहुँची पुलिस ने युवक को बाहर निकाला। पुलिस ने बताया कि मृतक महोबा जनपद के गांव ग्योंडी निवासी सूरज उर्फ छुटकू (24) है जो कि बीते 18 नवंबर से घर से लापता था।परिजनों ने बताया कि वह मानसिक रूप से विक्षिप्त था और चार भाईयों में सबसे छोटा था।पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# आंदोलन पर उतारू सपाइयों को गिरफ्तार कर छोड़ा गया



संवाददाता। जालौन (उरई)

समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष के गिरफ्तारी के विरोध में स्थानीय नेता सड़क पर उतरे तथा विरोध जताया। विरोध कर पदाधिकारियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया तथा कुछ देर कोतवाली में बैठाकर छोड़ दिया। कन्नौज में किसानों के समर्थन में जा रहे अखिलेश यादव को लखनऊ में रोक लिया गया था। योगी सरकार के द्वारा रास्ते में रोककर गिरफ्तारी के विरोध में समाजवादी पार्टी के नगर अध्यक्ष सोनू मंसूरी के नेतृत्व में कोंच चौराहा पर तथा पूर्व अध्यक्ष श्रोपन यादव के नेतृत्व में बस स्टैंड से पुलिस, के द्वारा समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों को गिरफ्तार कर लिया गया। इस मौके पर इकबाल मंसूरी पूर्व नगर अध्यक्ष, लल्लन श्रीवास्तव, इमरान अंसारी मंसब खां, गजराज कुशवाहा, महेंद्र निरंजन, दुर्गेश यादव, अरविंद यादव, डॉक्टर वारिस खान, सभासद विनय श्रीवास्तव, इमरान मंसूरी, सोमिल, राजू यादव, इरफान खान,प्रदीप यागिक, शकील खान,इस्हाक मंसूरी, इनायत सिद्दीकी, बद्दू यादव, हाफिज राशिद, रिजवान कुरैशी, बाबू कुरैशी, जब्बार कुरेशी, राज मंसूरी, इसरार पहाड़पुरा ,आसिफ खान, सलमान खान, सेहत समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता साथी मौजूद रहे।

# अज्ञात वाहन ने मारी बाइक में जोरदार टक्कर, दंपति घायल

माधौगढ़ ( जालौन )। अज्ञात बुलैरो चालक ने बाइक सवार को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी जिससे मोटर साइकिल सवार पति-पत्नी गंभीर रूप घायल हो गये।मामला माधौगढ़ और रामपुरा थाना के क्षेत्र के जाजेपुरा-सुरपतिपुरा के बीच का है जहां फूल सिंह पुत्र रामकिशन, भूरी पत्नी फूल सिंह निवासी भगवंतपुरा थाना रेढ़र किसी शादी समारोह में जा रहे थे तभी तेज रफ्तार गति से आ रही अज्ञात बुलैरो ने पीछे से जोरदार टक्कर मार कर मौके से फरार हो गयी मोटर साइकिल चालक व महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी अचानक हुई घटना से ग्रामीणों को स्थानीय पुलिस व एम्बुलेंस को इलाह किया गया घण्टे देर गुजर जाने के बाद भी एंबुलेंस नहीं आई गंभीर हालत में मरीजों को स्वास्थ्य सेवा का लाभ न मिल सका व स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गयी व घायलों को राहगीरों की मदद से डेढ़ घंटे बाद एंबुलेंस से स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया गया।

# विशेष सफाई व जन जागरूकता अभियान

गुरसहायगंज ( कन्नौज )। नगर पालिका परिषद की ओर से आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत विशेष सफाई एवं जन जागरूकता अभियान नगर के विभिन्न वार्डों में चलाया गया। इस दौरान पालिका कर्मियों ने नागरिकों को स्वच्छता का महत्व बताते हुये जागरूक किया गया। मंगलवार को अधिशाषी अधिकारी मीनू सिंह के निर्देश पर सफाईकर्मियों द्वारा आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत नगर के मोहल्ला रामगंज, आजादनगर, किदवईनगर सहित कई मोहल्लों में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान जन जागरूकता अभियान के तहत पालिका कर्मियों ने नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुये सिंगल यूज प्लास्टिक व थर्माकोल का प्रयोग न करने के लिये प्रेरित करते हुये पालिका का सहयोग करने के लिये अपील की। उधर पालिका कार्यालय में अधिशाषी अधिकारी मीनू सिंह ने जानकारी देते हुये बताया कि आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत जन जागरूकता एवं विशेष सफाई अभियान 07 दिसम्बर से 21 दिसम्बर तक चलेगा। कहा कि पिछले वर्ष के स्वच्छ सर्वेक्षण में हमारी पालिका को तृतीय स्थान मिला था लेकिन इस बार जागरूक नागरिकों के सहयोग से प्रथम स्थान का लक्ष्य है।

## आज होगा चक्काजाम

गुरसहायगंज ( कन्नौज )। नये कृषि कानून के विरोध में चल रहे आंदोलन में सरकार से वार्ता अभी तक बेनतीजा रहने पर राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर कल 08 दिसंबर को प्रस्तावित भारत बंद को सफल बनाने के लिए दिल्ली से लौटे भाकियू जिलाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी ने जिला कार्यालय पर पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर रणनीति तय की। कहा कि सरकार से कई चक्र की वार्ता के बाद भी अभी तक समस्या का कोई हल नहीं निकल सका है। सोमवार को इस्माइलपुर स्थित कार्यालय पर किसानों को संबोधित करते हुए भाकियू जिलाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी ने बताया कि किसान विरोधी काले कानूनों को वापस लेने व एमएसपी पर लिखित आश्वासन की मांग पर सरकार हीलाहवाली कर रही है। इसके चलते आंदोलन को तेज करना का फैसला किया गया है।

# बारातियों और जनातियों में फौजदारी

मौदहा( हमीरपुर ) मौदहा कोतवाली क्षेत्र के गांव बिगहना में एक शादी समारोह के दौरान कल देर रात वर एवं कन्या पक्ष के रिस्तेदारों के बीच विवाद हो जाने से जमकर कुर्सियां तथा लाठी डंडे चले हैं।झगड़े के बाद बारात वापस चली गई और दूल्हे तथा उसके पिता ने अकेले विवाह की रस्में पूरी की हैं।बिगहना निवासी शिवराम कुशवाहा की पुत्री की शादी बीती 06 दिसंबर को थी।शादी के लिए संजय पुत्र शिवप्रसाद कुशवाहा अपनी बारात लेकर बिगहना पहुँचा था।जयमाला कार्यक्रम के समय दूल्हे के विपिन एवं भाई धर्मेंद्र तथा कन्या पक्ष के बाबूलाल वकील के बीच में किसी बात को लेकर तूतू मैंमैं हो गई और देखते ही देखते मामले के तूल पकड़ लिया तथा दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई। और एक दूसरे पर कुर्सियाँ फेंकने के साथ ही भट्टी की जलती लकड़ियाँ एवं लाठी डंडों से जमकर फौजदारी हुई।शादी की खुशियाँ मातम में बदल गयीं।ग्रामीणों की मदद से किसी प्रकार मामले को शांत कराया गया।

# ईओ की तैनाती न होने से विकास कार्य बाधित

संवाददाता। बांदा

पिछले चार माह से नगर पालिका के कार्य बिना ईओ के चल रहा है। ईओ का अतरिक्त कार्यभार वर्तमान समय में एसडीएम संभाल रहे हैं। उनके ऊपर तहसील के राजस्व वाद प्रशासनिक कार्य का पहले से दबाव है। नगर पालिका में आने वाले फरियादियों की कोई सुनने वाला नहीं है। विभागीय फाइलें लिए कर्मचारी तहसील में खड़े देखे जा सकते हैं। इससे नगर पालिका के प्रशासनिक व विकास कार्य भी लंबित हैं। पालिका बांदा के पूर्व ईओ संतोष कुमार मिश्र का स्थानांतरण हुए, चार महीने को होने को हैं लेकिन शासन की ओर से नगर पालिका के ईओ का चार्ज किसी अन्य ईओ को नहीं मिल सका। गृहकर जन्म प्रमाण पत्र निवास प्रमाण पत्र सहित कई ऐसे छोटे-बड़े कार्य के लिए फरियादी पालिका व पांच किमीण् दूर तहसील के चक्कर काटते देखे जा सकते हैं। ईओ की तैनाती न होने से नगर पालिका के कार्य प्रभावित हो रहे है। वही नगर पालिका के अध्यक्ष मोहन साहू ने बताया कि मेरी ओर से शासन की संज्ञान में नगर पालिका का ईओ पद की नियुक्ति के लिए जानकारी दी जा चुकी हैं। लेकिन अभी भी ईओ पर किसी अन्य कि नियुक्ति में विलंब हो रहा है।

## आमजन के कार्य हो रहे प्रभावित

नगर पालिका में प्रतिदिन लोगों का किसी न किसी कार्य से पहुंचना होना था। जब यह पालिका के कार्यालय में पहुंचते है तो उन्हें एक कक्ष से दूसरे कक्ष के चक्कर काटने को मजबूर होते है। बाबू एवं पालिका के कर्मचारी ईओ के न होने का बहाना बनाते है और उन्हे तहसील जाने कि सलाह देते है। जिससे दूर-दराज से आने वाले फरियादियों को पालिका से तहसील एवं कलेक्ट्रेट के चक्कर काटने को मजबूर है।

# क्विक न्यूज

## हत्या का मुकदमा दर्ज

गुरसहायगंज ( कन्नौज )। रंजिश के चलते एक युवक को उसके ही गांव के एक परिवार के तीन सदस्यों ने मार पीट कर हत्या कर दी और शव को कुएं में फेंक दिया। मृतक के भाई ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम अनौगी खेड़ा निवासी अशोक पुत्र मिश्रीलाल द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि विगत 15, 16 नवंबर की रात्रि उसके भाई 20 वर्षीय सुरेंद्र को रंजिश के चलते गांव के संजय, नीरज, सोनम आदि ने मारपीट कर हत्या कर दी और शव को क्षेत्र के ग्राम भवानीपुर स्थित पातीराम के पुराने घर में बने कुएं में फेंक दिया। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## चोरी करते पकड़ी गई टप्पेबाज महिला, हुई पिटाई

हमीरपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के रोडवेज बस स्टैंड के पास टप्पेबाज महिला को रंगेहाथों चोरी करते हुए यात्रियों ने पकड़ लिया। महिला की तलाशी में चोरी गया सामान मिल गया तो यात्रियों ने उसे थप्पड़ों से पीटना शुरू कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस दोनो पक्षों को कोतवाली ले आई राठ निवासी श्रीमती कमलेश अपने पति के साथ कुरारा में आयोजित शादी कार्यक्रम संपन्न होने के बाद सोमवार को वह राठ जाने के लिए रोडवेज बस स्टैंड में खड़ी सरकारी बस में बैठ रही थी। तभी पहले से घात लगाए एक टप्पेबाज महिला ने उसको अपना निशाना बनाते हुए मौका पाकर उसके पर्स में पड़े सोने के जेवर व नकदी पार कर दी। पीछे खड़े यात्रियों की नजर इस पर पड़ गई तो उन्होंने टप्पेबाज महिला को पकड़ लिया और सामान चोरी करने की बात पूछने लगे। इसकी भनक जब महिला यात्री को लगी तो उसने अपना सामान चेक तो सबकुछ चोरी मिला। जिस पर वह भी मौके पर पहुंची और उसने टप्पेबाज की तलाशी लेना शुरू कर दी। महिला के पास से सोने के जेवर के साथ साथ नकदी बरामद हुई। जिसके बाद महिला ने उसको पीटना शुरू कर दिया।

## बीस ने जीती जंग, सात नए कोरोना संक्रमित मिले

हमीरपुर। सोमवार को जिलेभर में हुई कोरोना जांच में कुल सात लोग कोरोना संक्रमित पाए गए। वहीं बीस लोगों ने कोरोना जंग जीतकर अपने घर वापसी की है। कोरोना संक्रमण को लेकर लगातार जिले में कोरोना जांचें की जा रही हैं। जिला पुरुष व महिला अस्पताल में भी कोरोना की जांच आने वाले हर मरीज की हो रही है। ताकि संक्रमण का खतरा न रहे। सीएमओ डॉ. आरके सचान ने बताया कि मौजूदा समय में कुल 38 केस पॉजिटिव हैं। जिनका इलाज जारी है।

## हाई वे में ईरिक्शा पलटने से 5 घायल

सुमेरपुर( हमीरपुर ) शादी समारोह निपटाने के बाद बिल्हडी गांव से ई रिक्शा के माध्यम से अपने गांव चंद्र पुरवा जा रहे परिवार के 5लोग रिक्शा पलटने से घायल हो गए इरिक्शा में 8 लोग सवार थे जानकारी के मुताबिक बिल्हडी गांव से शादी समारोह निपटाने के बाद एक परिवार के 8 लोग ई-रिक्शा से चंदपुरवा जा रहे थे तभी फैक्ट्री एरिया के पास अचानक असंतुलित होकर ई रिक्शा पलट गया उसमें बैठे सभी लोग सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गए इएंबुलेंस के माध्यम से अमर सिंह पुत्र जगमोहन सिंह 27 वर्ष, पिंकी 17 वर्ष,आशा 30 वर्ष, रजनी 5 वर्ष व एक अन्य कुल 5 लोगों को अस्पताल ले जाया गया जहां उनका उपचार कराया गया है इ तीन लोगों को मामूली चोटें आई हैं।

## किसानों के हित के कानून बनाये सरकारः देवेन्द्र सिंह

चित्रकूट। उत्तर प्रदेश उत्तराखंड मेडिकल एंड सेल्स एसोसिएशन इकाई के जिला महामंत्री का देवेन्द्र सिंह ने किसानों के भारत बन्द का समर्थन करते हुए कहा कि देश के हालात ऐसे हो गए है कि किसानों को सड़कों पर उतरना पड़ रहा है। कृषि प्रधान देश में किसानों के शोषण की सरकार पूरी तैयारी कर रही है। सोमवार को उन्होंने कहा कि किसानों की आजादी छीनी जा रही है। उन्हें अपने ही खेतो में गुलाम बनाया जा रहा है। का देवेन्द्र सिंह कहा कि यह कानून किसानों को नही पसन्द आ रहा तो सरकार जबरदस्ती क्यों थोप रही है। इसे रद्द कर किसान संगठनों से वार्ता कर नए कानून बनाए, जो किसानों के लिये हितकारी हो।

## एनडीपीएस एक्ट के आरोपी पर 15 हजार का जुर्माना

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल के निर्देश पर अदालतों में चल रहे मुकदमों की समय से पैरवी शहर कोतवाल अरुण कुमार पाठक ने कर एनडीपीएस एक्ट के मामले में विशाल पुत्र रामदीन निवासी साथी थाना बबेरु जिला बांदा को सजा कराई है। ज्ञात है कि विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट की अदालत में विशाल पुत्र रामदीन निवासी साथी थाना बबेरु जिला बांदा के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट का मामला चल रहा था। शहर कोतवाल अरुण कुमार पाठक व पैरोकार आनन्द कुमार ने गवाहों की समय से पेशी कराई। नतीजतन विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट की अदालत में आरोपी को बांदा जेल में वितायी अवधि की सजा तथा 15 हजार रुपये का जुर्माना किया है। जुर्माना न अदा करने पर सात दिन का कारावास भोगना होगा।

## पुलिस ने दबोचे तीन वांछित

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी अभियान के तहत मऊ थानाध्यक्ष सुभाषचन्द्र चौरसिया की टीम ने मनकुंवार गांव से अंशुमान सिंह पुत्र स्व हरनारायण सिंह निवासी टिकरा को एक तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा है। इसी क्रम में अभियान के तहत कर्वी कोतवाल अरुण पाठक की टीम ने हत्या के मामले में वांछित गोविन्द साहू को गिरफ्तार किया है।

## पत्नी ने पुलिस से लगायी गुहार

कोंच( जालौन )। बीते करीब 6 माह पूर्व घर से लापता हुए पति की खोज खबर करने की गुहार पत्नी ने पुलिस से लगायी है। कोंच कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पनयारा निवासी कालिन्दी ने सोमवार को पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसके पति हरिराम पटेल बीते मई माह में घर से लापता हो गये थे जिसको लेकर उसने नाते रिश्तेदारों के घर जाकर पति की खोजबीन की साथ ही पूर्व में उसका पति पूना में स्थित एक फैक्ट्री में काम करता था,वहां जाकर भी खोजबीन की लेकिन पति का अब तक कोई पता नहीं चल सका है। पीड़िता पत्नी कालिन्दी ने पुलिस से गुमशुदगी दर्ज कर पति की सकुशल बरामदगी किये जाने की मांग की है।

## गेस्ट हाउस से बाइक चोरी

जालौन ( उरई )। शादी समारोह में सम्मिलित होने आये ग्रामीण की मोटर साइकिल गेस्ट हाउस से चोरी हो गयी। पीड़ित ने चोरी की शिकायत पुलिस से की है।कोतवाली क्षेत्र ग्राम कुर्वरपुरा निवासी जाहर सिंह एक शादी समारोह में सम्मिलित होने आये थे। जब वह मोटरसाइकिल खड़ी करके राम गार्डन में खाना खाने चला गया तथा वापस आया तो मोटरसाइकिल एच एफडीलक्स गायब थी। मोटरसाइकिल चोरी होने की शिकायत पुलिस से की है।

## प्राणायाम आसन से विद्या अर्जित करने के बताये गये गुर

हमीरपुर। आज स्थानीय विद्या मंदिर इंटर कालेज में प्राणायाम का अभ्यास किया गया, योग शिक्षक ने विद्यार्थियों को ज्ञान अर्जित करने के गुर बताये।योग शिक्षक वृजेश कश्यप ने कहा कि योगासन कर मन को एकाग्र किया जा सकता है। विद्या का ज्ञान अर्जित करने के लिये समयबद्ध ढंग से प्राणायाम करे ताकि मानसिक एकाग्रता प्राप्त हो सके। इस मौके पर ताड़ासन, त्रियक ताड़ासन, चक्रासन, वृक्षासन, नमस्कार आसन, गरुणासन, नाड़ी शोधन आसन करने को विधि बतायी दो घंटे तक चले योगासन ने सभी बच्चों ने रुचि पूर्वक विधि सीखी। इस मौके पर प्रधानाचार्य शिवभूषण रामप्रसाद दीक्षित, अवधेश शुक्ला, प्रेमसिंह, सतानंद मिश्रा, राहुल गुप्ता, कमलेश यादव, लल्लूपाल, अमित दक्ष आदि लोग उपस्थित रहे। इस मौके पर सभी शिक्षकों ने भी योगासन सीखा।

पायनियर
लखनऊ, मंगलवार, 8 दिसंबर, 2020



# किसान बिल पर बेकाबू हुए सपाई

**● पूर्व विधायक अनूप संडा और पुलिस में हुई तीखी झड़प**

**● पूर्व सांसद ताहिर खान के काफिले को पुलिस ने रोका किया प्रदर्शन**

संवाददाता। सुल्तानपुर

**किसान बिल** के विरोध में सपाई सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किए। सपाइयों और पुलिस के बीच तीखी झड़पें होती रहीं, बावजूद इसके सपाई अपनी मंशा में सफल रहे। कलेक्टेªट के सामने गुस्साए सपा कार्यकर्ताओं ने सीएम का पुतला फूंककर विरोध जताया। शहर के कई नेताओं को हाउस अरेस्ट किया गया। सोमवार को तय कार्यक्रम के मुताबिक सपाई सड़क पर निकले। नगर क्षेत्र के एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह, पूर्व सांसद मो. ताहिर खां व पूर्व विधायक अनूप सण्डा को प्रशासन ने हाउस अरेस्ट कर दिया। बावजूद इसके पूर्व विधायक अनूप सण्डा एवं पूर्व सांसद मो. ताहिर कार्यकर्ताओं के साथ विरोध प्रदर्शन के लिए आगे निकले तो पुलिस के बीच तीखी झड़पें हुईं। बिल के विरोध और किसानों के समर्थन में पूर्व विधायक अरुण वर्मा जयसिंहपुर क्षेत्र में सैकड़ों टैªक्टर के साथ स्वयं चालक बनकर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे, भाषण दिया। इसके बाद राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपा। उधर, लम्भुआ विधानसभा क्षेत्र में जिलाध्यक्ष पृथ्वीपाल यादव, जिला सचिव राहुल उपाध्याय, सतपाल यादव, विधानसभा अध्यक्ष नन्हे निषाद, पूर्व कोआरपेटिव चेयरमैन धर्मेन्द्र सिंह बब्लू भपटा, पूर्व युवजन सभा जिलाध्यक्ष परमात्मा यादव आदि के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन किया गया। साथ ही एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया। इसौली विधानसभा क्षेत्र के विधायक अबरार अहमद को नजरबन्द किया गया। समर्थकों ने प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। यही हाल कादीपुर विधानसभा का रहा। वहां पर भी सपाइयों ने किसान बिल के विरोध में धरना प्रदर्शन किया।

### पूर्व सीएम की गिरफ्तारी पर भड़के सपाई

**सूबे पूर्व** मुख्यमंत्री अखिलेश यादव आज केंद्र सरकार द्वारा लागू किया गया कृषि बिल के विरोध प्रदर्शन में शामिल होने के लिए कन्नौज जा रहे थे। किसान बिल के प्रदर्शन में न शामिल हो इसलिए पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को गिरफ्तार कर लिया गया। जिससे नाराज सुल्तानपुर के समाजवादी पार्टी के नेताओं के साथ निवर्तमान राष्ट्रीय सचिव लोहिया वाहिनी अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ के तिकोनिया पार्क में धरने पर बैठ गए और प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सपाइयों ने किसान बिल को काला बिल बताया। कहा कि इस बिल के पारित होने के बाद किसान अपने ही खेत में बंधुआ मजदूर हो जाएगा। जमाखोर जिस प्रकार से स्टॉक को जमा कर लेते हैं, उसी प्रकार से पूंजीपति किसानों को बंधुआ मजदूर बना लेंगे। समाजवादी पार्टी सड़क से संसद तक इस बिल का विरोध करती है, और किसानों के हित की लड़ाई लड़ने के लिए समाजवादी पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता सड़क पर उतरने से भी गुरेज नहीं करेगा। केंद्र सरकार को शीघ्र ही पारित अंधे कानून बिल को वापस लेना चाहिए। धरने में शामिल जिला महासचिव सलाहुद्दीन अहमद, जिला यूथ अध्यक्ष सहजाद अहमद, डॉ0 उदय नाथ यादव, मनोज अग्रवाल, लाल बहादुर यादव एडवोकेट, मोईद अहमद रंगोली, अमजद खान, विनोद जायसवाल, नगर अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।


प्रदर्शन से सपाइयों को रोकती पुलिस

## हर्षोल्लास से मना सशस्त्र सेना झण्डा दिवस

**● अफसरों ने दान पात्र में किया आर्थिक सहयोग**

संवाददाता। सुलतानपुर

**सशस्त्र सेना** झण्डा दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कर्नल जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी हरिश्चन्द्र सिंह की नेतृत्व में सैनिक कल्याण कार्यालय के समस्त स्टाफ तथा भूतपूर्व सैनिकां के समूह द्वारा जिलाधिकारी रवीश गुप्ता, पुलिस अधीक्षक शिव हरी मीना, मुख्य विकास अधिकारी अतुल वत्स, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) हर्षदेव, अपर जिलाधिकारी (वित्त व राजस्व) उमाकान्त तथा अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रतीक झण्डा लगाया गया। इस अवसर पर जनपद निदेशालय, सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास उ0प्र0 लखनऊ द्वारा प्रकाशित स्मारिक ''ब्रेवेस्ट आफ दि ब्रेव'' का विमोचन भी जिलाधिकारी द्वारा किया गया। जिलाधिकारी द्वारा दान पात्र में आर्थिक सहयोग देते हुए कहा कि सैनिक ही हमारे देश के रक्षक है उन्हीं के बल पर हम सब देशवासी सुख, शान्ति तथा गर्व की अनुभूति करते हैं। इस लिये हम सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, व्यापारियों तथा जिलेवासियों का कर्तव्य है कि यथाशक्ति उदारता पूर्वक अधिक से अधिक सहयोग देकर सैनिकों के कल्याणार्थ विभिन्न योजनाओं को सफल बनाने में अपना सहयोग करें, जिससे कि उनका मनोबल सदैव ऊंचा रहे। इसी क्रम में जनपद के भूतपूर्व सैनिकों व आश्रितों तथा वीर नारियों की कार्यालय सभाकक्ष में एक सभा का आयोजन भी किया गया, जिसमें सैनिकों ने अपनी समस्याओं से अवगत कराया। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनरर्वास अधिकारी द्वारा समस्याओं के समाधान हेतु उचित दिशा निर्देश तथा कार्यवाही का आश्वासन दिया और सभा का समापन किया गया।


पुलिस अधीक्षक शिवहरि मीणा को प्रतीक झण्डा का बैज लगाते सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी हरिश्चन्द्र सिंह

## जरूरतमंदों को समाजसेवी ने बांटा कंबल


जरूरतमंद को कंबल देते समाजसेवी व थानाध्यक्ष

**जयसिंहपुर,सुल्तानपुर।** लोकाधिकार सेवा समिति द्वारा विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष समाज सेवी चन्द्रशेखर शुक्ल 'बेबी भइया' ने विकलांगो, निर्धन, असहाय, जरूरत मंद लोगो को स्वनिधी से कम्बल वितरण किया। कार्यक्रम का आयोजन कमला नर्सिंग होम जयसिंहपुर रोड बरौंसा में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी रहे। इस मौके पर जयसिंहपुर कोतवाल, बेचू सिंह यादव, जयसिंहपुर ब्लॉक प्रमुख मंजू चन्द्रशेखर शुक्ला, जयसिंहपुर ब्लॉक के बीडीओ इंद्रावती वर्मा, पूर्व जिला चेयरमैन ओ पी चौधरी, उपस्थित थे। कार्यक्रम में मंच का संचालन रामनायक तिवारी, ने किया। इस मौके पर देवनाथ पांडेय, डॉ सी वी शुक्ल, प्रभाकर शुक्ल, डॉ नीरज पांडेय, डॉ सिंटू श्रीवास्तव, गुरुप्रसाद मिश्र, रत्नेश शुक्ल, राहुल शुक्ल, प्रदीप जायसवाल कई लोग मौजूद रहे।

## समाजवादी पार्टी ने निकाली किसान यात्रा

संवाददाता। डलमऊ रायबरेली

**सोमवार को** किसानों के समर्थन में समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव के किसानों के समर्थन के आह्वान पर डलमऊ तहसील में समाजवादी पार्टी सहित क्षेत्र के किसानों द्वारा किसान यात्रा का सफल आयोजन सम्पन्न हुआ.समाजवादी पार्टी मुखिया किसानों के प्रति होने वाले अन्याय के विरुद्ध व किसान बिल के खिलाफ किसानों के समर्थन करते हुए उत्तर प्रदेश के सभी जिले व तहसील में सपा किसान यात्रा का आयोजन कर किसानों के साथ खड़े होंगे क्योकि हम सब भी किसान ही है सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने आठ दिसम्बर को सपा के समस्त कार्यकर्ताओं को किसानों के बंद के समर्थन का आह्वान भी किया है.सोमवार को उत्तर प्रदेश के सभी जनपद व तहसील में समाजवादी पार्टी किसान यात्रा का आयोजन करते हुए किसान बिल का विरोध कर रहे किसान आंदोलन का पुरजोर समर्थन किया.समाजवादी पार्टी की किसान यात्रा आयोजन केंद्र सरकार के नए कृषि कानून के खिलाफ और किसानों के समर्थन मे किया गया .पूर्व मुख्यमंत्री व समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव के निर्देशन मे सोमवार को प्रदेश के हर जनपद सहित सभी तहसील स्तर पर किसान यात्रा का आयोजन कर अपना विरोध दर्ज कराया किसान आंदोलन को सफल बनाने की मुहिम के लिए एक अहम कदम साबित होगा.

### विधायक समर्थकों समेत गिरफ्तार

**ऊंचाहार,रायबरेली।** दिल्ली राज्य की सीमा पर नए कृषि कानूनों के विरोध में आंदोलन रत किसानों के समर्थन में किसान यात्रा निकालने पर ऊंचाहार के विधायक व पूर्व मंत्री मनोज पांडेय को गिरफ्तार कर लिया गया। सोमवार को सपा विधायक क्षेत्र के कैथवल गांव से अपने सैकड़ों समर्थकों से साथ किसान यात्रा का आगाज किया। उनके साथ ट्रैक्टर ट्राली, पैदल, बाइक से सैकड़ों किसान थे। किसान यात्रा कुछ दूर ही चली थी कि पुलिस ने उन्हें रोक लिया। उसके बाद गिरफ्तार करके सैकड़ों कार्यकर्ताओं समेत कोतवाली लाया गया। जहां पर निजी मुचलके की औपचारिकता पूरी की गई। इस मौके पर कोतवाली में खासी गहमा गहमी रही। संभावित उपद्रव को देखते हुए कोतवाली में पीएसी को भी लगाया गया था। पूर्व मंत्री के साथ प्रमुख रूप से बृजेश यादव, मुन्ना यादव, शशेंद्र कांत उपाध्याय, आशीष तिवारी समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### प्रदर्शन कर रहे सपा नेताओं को प्रशासन ने रोका

**लालगंज रायबरेली।** सपा नेताओं ने किसान रैली निकाली तो पुलिस प्रशासन ने रास्ते में उन्हें रोक लिया। खजुरगांव स्थित आवास से पूर्व विधायक पुत्र एवं सपा नेता दिव्याम्बर सिंह ने किसानों के समर्थन में सोमवार को किसान रैली निकालने का प्रयास किया तो उन्हें व उनके समर्थकों को वहीं रोंक लिया गया। विरोध कर वह सब किसी प्रकार चोरइहा मोड़ पहुंचे तो वहां पर एसडीएम व सीओ ने उन्हें रोंक लिया। नाराज सपा नेता व कार्यकर्ता वहीं सड़क पर बैठ गए। इस मौके पर एडीएम जीतलाल सैनी व क्षेत्राधिकारी इंद्रपाल सिंह समेत कोतवाल अरूण सिंह पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। सपा नेताओं में विधानसभा अध्यक्ष हरिकिशन फौजी, कल्लू सिंह, लारेंस यादव,नरेंद्र सिंह, नईम, बच्चा सिंह, सर्वेश, जेपी सिंह, बाबूलाल पासी आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव ने ष्किसानों की आय बढ़ाओ और खेती-किसानी बचाओ' की मांग की जिसे लेकर किसान यात्रा के आयोजन में समाजवादी पार्टी डलमऊ इकाई के कार्यकर्ता किसान यात्रा में सुविधानुसार अपने साधनों पैदल, साइकिल,मोटरसाइकिल, बैलगाडी, ट्रैक्टर आदि से शामिल हुए .इस अवसर पर राजेंद्र यादव, देवराज यादव,रामबहादुर यादव,रामनंद यादव,व युवा बिग्रेड का नेतृत्व बबलू यादव, अखिलेश यादव शुभम यादव सोनू यादव अनुराग यादव आलोक यादव आशीष यादव नीरज, वीरेंद्र किसान सहित सैकड़ों बुजुर्ग एवं युवा कार्यकर्ताओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा देते हुए किसान यात्रा को सफल बनाया।

## डीएम के निरीक्षण में बंदोबस्त अधिकारी चकबन्दी कार्यालय की खुली पोल

**● नौ में से सात कर्मचारी रहे नदारद**

संवाददाता। सुलतानपुर



**जिलाधिकारी** रवीश गुप्ता ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने उपस्थिति पंजिका का भी अवलोकन किया। निरीक्षण के समय चकबन्दी कार्यालय में कुल नौ कर्मचारी कार्यरत हैं, जिसमें में से दो कर्मचारी उपस्थित पाये गये तथा अनुपस्थित कर्मचारियों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। एक कर्मचारी मुख्य राजस्व अधिकारी कार्यालय से सम्बद्ध है व एक कर्मचारी चकबन्दी आयुक्त कार्यालय लखनऊ गये हुए हैं। एक आकस्मिक अवकाश पर हैं। जिलाधिकारी ने एसओसी को निर्देशित करते हुए कहा कि भविष्य में कार्यालय में समय से उपस्थित हों और अनुपस्थित कर्मचारियों को समय से कार्यालय आने हेतु निर्देशित किया जाय। कार्यालय में साफ-सफाई की व्यवस्था ठीक पायी गयी एवं सम्बन्धित अधिकारी को नियमित साफ-सफाई सुश्चित करवाने का भी निर्देश दिया।

## क्विक न्यूज

### सशस्त्र सेना झण्डा दिवस पर जनपदवासियों से स्वैच्छिक दान की अपील

**रायबरेली।** विगतवर्षो की भॉति इस वर्ष भी 07 दिसम्बर, 2020 को ''सशस्त्र सेना झण्डा दिवस'' जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय द्वारा मनाया गया। इस आयोजन में सर्व प्रथम अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) राम अभिलाष को प्रतीक झण्डा लगाया तथा उन्होने स्वैच्छिक दान देकर धनसंग्रह अभियान का शुभारम्भ किया। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) ने जनपदवासियो से देश की सुरक्षा एवं अखंण्डता की रक्षा करने के लिये अपने प्राणों की आहूति देन वाले सैनिको की वीर नारियों, अपंग सैनिकों एव पूर्व सैनिकों की सहायतार्थ इस राष्ट्रीय कार्य में अधिक से अधिक अनुदान देने की अपील की।

### आरेडिका कर्मचारी नेताओं ने सौंपा ज्ञापन

**लालगंज रायबरेली।** आधुनिक रेलडिब्बा कारखाना पहुंचे सदस्य ट्रैक्शन एंड रोलिंग स्टाक रेलवे बोर्ड, नईदिल्ली राजेश तिवारी को कर्मचारी नेताओं ने ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन में रेलवे बोर्ड द्वारा जारी आधुनिक रेलडिब्बा कारखाना के निगमीकरण प्रस्ताव को रद्द किए जाने, इंसेंटिव स्कीम लागू किए जाने,आउटासोर्सिंग व ठेकेदारी प्रथा बंद किए जाने,आरेडिका के अस्पताल में सीएमओ समेत विशेषज्ञ चिकित्सकों सर्जन, आर्थोपेडिक, ईएनटी, फिजीशियन की शीघ्र नियुक्ति किए जाने, केंद्रीय विद्यालय को प्रोजेक्ट स्कूल घोषित किए जाने के साथ ही प्रत्येक कक्षा में एक एक सेक्शन बढ़वाए जाने,आवासीय परिसर से बाहर पढ़ने वाले बच्चों के लिए बस चलवाए जाने तथा लालगंज रेलवे स्टेशन होकर एक मात्र चलने वाली दूरगामी रेलगाड़ी ऊंचाहार एक्सप्रेस को चलवाए जाने की मांग की गई है। इस मौके पर संयुक्त संघर्ष समिति के प्रतिनिधि मंडल के रूप में कर्मचारी नेता आदर्श सिंह बघेल, सुशील गुप्ता, रोहित मिश्र, देवनाथ निर्मल, नैब सिंह, तेजपाल सिंह, रत्नेश गुप्त,रूकमकेश मीना, आदि मौजूद रहे।

### मार्शल आर्ट के टिप्स देंगे ब्लैक बेल्ट खिलाड़ी

**लालगंज रायबरेली।** ताइक्कांडो फेडरेशन आफइंडिया के डिप्टी टेक्निकल डायरेक्टर तथा सातवें ब्लैक बेल्ट डान परवेज खान लालगंज के खिलाडियों को मार्शल आर्ट के गुर सिखाएंगे। स्थानीय मार्शलआर्ट खिलाड़ी अताउर रहमान ने बताया कि 8 दिसंबर को दोपहर दो बजे आधुनिक रेलडिब्बा कारखाना लालगंज के गोमती इंडोर स्टेडियम में परवेज खान खिलाड़ियों को मार्शल आर्ट के टिप्स देने के साथ ही फिल्मों में होने वाले स्टंट भी बच्चों से कराएंगे। परवेज खान फिल्म इंडस्ट्री के हीरो तथा उनके बच्चों को ताइक्कांडो सिखाने के साथ ही फिल्मों व सीरियल में अभिनय भी करते हैं। फिल्म कलाकार गौरव कुमार भी उनके साथ होंगे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में मिला अधेड़ का शव

**बछरावां रायबरेली।** बछरावां थाना क्षेत्र के थुलेडी चौकी अंतर्गत उस वक्त हड़कंप मच गया जब कूटी ग्राम निवासी संतोष कुमार शुक्ला पुत्र शिव प्रसाद शुक्ला उम्र 50 वर्ष की संदेह जनक परिस्थितियों में एक तालाब के किनारे लाश बरामद हुई है घरवालों के अनुसार मृतक संतोष कुमार शुक्ला 2 दिन पूर्व घर से सुबह निकले थे और लौटकर वापस नहीं आए परिजनों द्वारा काफी खोजबीन की गई परंतु कोई पता नहीं चल पाया गत दिवस गांव की ही एक बालिका तालाब पर किसी काम से गई तो उसने वहां एक व्यक्ति को औंधे मुंह पड़े पाया उसकी सूचना पर पहुंचे ग्रामीणों ने उस व्यक्ति की पहचान संतोष कुमार के रूप में किया ग्रामीणों का अनुमान है कि घटनास्थल से थोड़ी ही दूर पर एक आवारा सांड काफी दिनों से बैठता उठता था वह लोगों को मारने भी दौड़ता था संभवत शौच क्रिया के लिए ग? स्वर्गीय शुक्ला पर उसके द्वारा आक्रमण किया गया घटनास्थल के पास किसी जानवर के पैरों के निशान भी भारी संख्या में मिले फिलहाल परिजनों द्वारा यह मानते हुए की स्वर्गीय शुक्ल की हत्या आवारा सांड द्वारा कर दी गई है शव को अंतिम संस्कार कर लिया गया है

### सदर विधायक ने निर्माणाधीन सड़कों का निरीक्षण किया

**रायबरेली।** रायबरेली के चहुँमुखी विकास के संकल्प को पूरा करने के क्रम सदर विधायक अदिति सिंह एवं बहन देवांशी सिंह वं नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रतिनिधि मुकेश श्रीवास्तव ने निर्माणाधीन सड़कों औधोगिक क्षेत्र अमावां रोड़, बस स्टॉप से डी एम आवास रोड़, प्रभु टाउन से बुक मार्केट बेलीगंज रोड़, मनिका सिनेमा रोड़ का निरीक्षण कर गुणवत्तापरक कार्य करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही जलकल कार्यालय के पास निर्मित शुलभ शौचालय, वीरगति प्राप्त रायबरेली के लाल शैलेन्द्र सिंह की स्मृति में बन रहे स्मृति द्वार का निरीक्षण व उनके घर तक के लिए सड़क निर्माण, बस स्टॉप से खाली सहाट, किला बाजार होते हुए अली मियां चौक (कहारों का अड्डा) तक की सड़क को नये बजट में बनवाने नगर पालिका का निरीक्षण किया।

## एनटीपीसी ऊंचाहार में खेतों के अपशिष्ट से भी बनेगी बिजली



**ऊंचाहार।** भारत सरकार की सर्वश्रेष्ठ बिजली कंपनी एनटीपीसी ने अधिक टिकाऊ बिजली उत्पादन की दिशा में अपने कदम बढ़ाते हुए एक नये प्रयोग की तरफ अग्रसर हो रही है स कंपनी ने 2020 में कोयले तथा अन्य स्त्रोतों के साथ-साथ बिजली उत्पादन के लिए कृषि अवशेष आधारित छर्रों की उपयोग करने का निर्णय लिया है। इसी कड़ी में एनटीपीसी ऊंचाहार ने कृषि अवशेष के अलग अलग सामाग्री का उपयोग करना शुरू कर दिया ।, कंपनी यह सामाग्री का उपयोग शुरू करेगी, जो खेतों के अपशिष्ट से बने हैं। इस उपक्रम को लागू करने के लिए परियोजना परिसर में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन श्री भोलानाथ , मुख्य महाप्रबंधक , ने किया इस अवसर पर भोला नाथ ने कहा, ऊंचाहार परियोजना में पहली बार फसलों के अवशेष से विधयुत उत्पादन का कार्य आरंभ करने जा रहे है स यह वो अग्रोवेस्ट है , जिन्हे किसान खेतों में जला दिया करते है , इससे भूमि की मृदा शक्ति को नुकसान पहुंचता है व पर्यावरण को भी काफी नुकसान होता है स अब अग्रिवेस्ट से निर्मित बायोमास चंससमजे ईधन , उत्पादन सन्यंत्रों में तैयार कराकर इनकी आपूर्ति ईंधन के रूप में ब्व्यलर में भेजी जाएगी और बिजली उत्पादन होगा स इसके उपयोग के पीछे का उद्देश्य दुगना है - एक यह खेतों में जलते हुए ठूंठ को बंद कर देता है और प्रदूषण को कम करता है, और यह बिजली उत्पादन में कोयले के उपयोग को कम करता है। इस कार्यक्रम में असित दत्ता महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण ,अरिंदम बनेर्जी महाप्रबंधक प्रचालन , संजय झा महाप्रबंधक अनुरक्षण , अम्बर कुमार अपर महाप्रन्धक ईंधन प्रबंधन सहित अन्य गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही ।

## किसान यात्रा के समर्थन में उतरे सपाई, गिरफ्तार



**श्रावस्ती।** भिनगा. केन्द्र सरकार द्वारा किसानों के लिए बनाए गए कानून का विरोध कर रहे किसानों के समर्थन में उतरे समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता। सोमवार को कार्यकर्ताओं ने सपा कार्यालय से कलेक्ट्रेट तक के लिए सपा जिलाध्यक्ष सर्वजीत यादव पूर्व विधायक इंद्राणी वर्मा एवं पूर्व विधायक हाजी मोहम्मद रमजान के नेतृत्व मे पैदल मार्च पर निकलकर चंद कदम की दूरी पार की थी तभी पहले से तैनात पुलिस द्वारा रोके जाने के बाद सपाइयों ने सड़क पर हीं बैठ कर सरकार विरोधी नारे लगाने लगे। इस दौरान जिला अध्यक्ष सर्वजीत यादव ने कहा कि केंद्र सरकार झूठे वादे करती है और काला कानून लाकर किसानों को परेशान करती है। वहीं पूर्व विधायक इंद्राणी वर्मा ने कहा कि किसानों के समर्थन में पूरे प्रदेश में हम समाजवादी पार्टी के लोग सड़क पर उतरे हैं और जबतक यह किसान विरोधी कानून वापस नहीं लिया जायेगा तबतक किसानों को उनका हक दिलाने के लिए सड़क पर उतरते रहेंगे। इसके लिए चाहे उन्हें जेल जाना पड़े या किसी भी कार्यवाही से गुजरना पड़े। वहीं पुलिस ने सभी कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर पुलिस लाइन ले जाकर एक घण्टे तक अस्थाई जेल में रखने के बाद छोड़ दिया। इस दौरान हाजी अब्दुल लोफर पप्पू कैराती पूर्व मंत्री अभिषेक मिश्रा नन्हे यादव सहित भारी संख्या में समाजवादी पार्टी के लोग मौजूद रहे।

## शहादत दिवस पर याद आए शहीद राम आशीष

**● पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर भरी संघर्ष की हुंकार**

संवाददाता। सुल्तानपुर

**अटेवा द्वारा** तिकोनिया पार्क सुल्तानपुर में शहीद राम आशीष के शहादत दिवस के अवसर पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष अशोक गौरा जी की अध्यक्षता में श्रद्धांजलि सभा में जनपद के सैकड़ों शिक्षकों ने स्व. राम आशीष के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अशोक सिंह गौरा ने सभी साथियों से रामाशीष जी की शहादत को याद करते हुए पुरानी पेंशन के आंदोलन को मजबूत करने पर बल दिया। अटेवा संरक्षक बृजेन्द्र त्रिपाठी ने नवजवानों का आव्हान करते हुए कहा कि संघर्ष से ही राह खुलेगी और पुरानी पेंशन बहाल हो पाएगी। सभा के अंत में उपस्थित शिक्षकों ने हाथों में मोमबत्ती जलाकर तिकोनिया पार्क से चंद्र शेखर आजाद मूर्ति तक मार्च किया गया। सभा में जिलामंत्री मो0 हसीब, मीडिया प्रभारी मनोज प्रभाकर सिंह, उपाध्यक्ष सुरेंद्र मौर्य, प्रदेश ऑडिटर शमीम अहमद, लम्भुआ अध्यक्ष रणबीर सिंह, उपाध्यक्ष रमेश तिवारी और राधेश्याम मौर्य, अरविंद सिंह, धनपतगंज, प्रमोद तिवारी दूबेपुर, हरि श्याम मौर्य बल्दीराय, देशराज कुड़वार, अरुण सिंह कादीपुर, दीपक सिंह भदैयाँ, आशुतोष सिंह, मनोज मौर्य, पवन दुबे, संजय सिंह, मंत्री हीरालाल, सुरेश सिंह, अभिषेक सिंह, घनश्याम चौरसिया, संजीव वर्मा, माध्यमिक से सुरेश जी, मेवालाल, दिनेश, अजय पाल, संदीप वर्मा, यादवेंद्र सिंह, राजनाथ, जाने आलम, मकरध्वज, पंकज सिंह,शिव कुमार जायसवाल, शिवेंद्र, रमेश चन्द्र, रामानंद, पीयूष सिंह, रामेश्वर पांडेय,बिजय यादव के साथ बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने भूतपूर्व सैनिकों व शहीदों के परिजनों को सशस्त्र झंडा दिवस की दी बधाई



संवाददाता। श्रावस्ती

**भिनगा. कलेक्ट्रेट** कार्यालय में सैनिक एवं पुनर्वास कल्याण अधिकारी कर्नल सूर्य कान्त मिश्रा ने जिलाधिकारी को सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर झंडा लगाया। इस अवसर पर आर्थिक सहयोग प्रदान करते हुए जिलाधिकारी टी0के0शिबु ने कहा कि झंडा दिवस के माध्यम से एकत्र की गई धनराशि सैनिकों एवं उनके परिवार के कल्याण के लिए उपयोग में लाई जाती है। इस धनराशि के माध्यम से भूतपूर्व सैनिक तथा उनके परिवार के सदस्यों के पुनर्वास की भी व्यवस्था की जाती है। देश की सुरक्षा में इन बीर सैनिकों का महत्वपूर्ण योगदान है। ये जवान अपने देश की सुरक्षा के लिए वे अपने जीवन का बलिदान दे देते हैं। ऐसे में हम सभी नागरिकों का यह कर्तव्य है कि उनके परिवार के पुनर्वास के लिए अपना अधिक से अधिक योगदान करें तथा उनका मनोबल बढ़ाएं। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी सशस्त्र झंडा दिवस के अवसर पर सैनिक पुनर्वास कल्याण विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए झंडा के सापेक्ष अधिक से अधिक आर्थिक सहयोग शीघ्र अति शीघ्र सैनिक पुनर्वास कल्याण कार्यालय को उपलब्ध करा दें। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सैनिकों भूतपूर्व सैनिकों शहीदों के परिजनों तथा वीर उनके बच्चों को सशस्त्र झंडा दिवस की बधाई दी है तथा उनके सुखद भविष्य की कामना किया।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी योगानन्द पाण्डेय उप जिलाधिकारी आर0पी0 चैधरी सैनिक पुनर्वास कल्याण विभाग की सुमन मिश्रा सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जमुनहा स्थित पुरानी तहसील में हुयी पीआरडी जवानों की परेड

**श्रावस्ती।** विकासखंड जमुनहा के सिंचाई कॉलोनी में पीआरडी जवानों के परेड पूर्व सूचना के अनुसार कराई गई इस मौके पर क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी कृष्ण स्वरूप मिश्रा वह पूर्व जिला कमांडेंट जगराम मिश्रा ने पीआरडी जवानों को परेड कराया और उनके वर्दी जूते को दुरुस्त रखने के कड़े निर्देश दिए और मौके पर जवानों को दुरुस्त रखने के संबंध में विभागीय जानकारी देते हुए बताया कि अब सरकार द्वारा पीआरडी जवानों को साकार ने परेड के लिए प्रत्येक माह में दूसरे शुक्रवार को विकास खंड जमुनहा में परेड का आयोजन किया जाएगा और रोस्टर के हिसाब से जो चुस्त.दुरुस्त व सही गार्ड हैं जिनकी हाइट सही है उन्हें ही ड्यूटी पर लगाया जायेगा। क्षेत्रीये अधिकारी कृष्ण स्वरूप मिश्रा ने बताया कि सरकार द्वारा प्रत्येक विकासखंड में पीआरडी जवानों का परेड कराया जाएगा जिससे जवानों में स्फूर्ति लाने के लिए रिफ्रेशर होना जरूरी है।

### चिट फंड कंपनी का कारनामा

# सरकारी जमीन बेची, करोड़ों ले भागी

संवाददाता। बस्ती

**एसपी** कार्यालय के सामने करोड़ों रुपये के सरकारी जमीन को एक चिट फंड कंपनी द्वारा बेचे जाने का मामला प्रकाश में आया है। रजिस्ट्री विभाग ने भी ऐसे पावर आफएटार्नी के आधार पर बैनामा कर दिया, जो पंजीकृत ही नहीं है। इस मामले में पालिका और रजिस्ट्री विभाग दोनों की भूमिका संदेह के घेरें में हैं, और कहा जा रहा हैं, इन्हीं दोनों के चलते जमाकर्ताओं की पूंजी डूब गई। पकड़े जाने के डर से आज तक कंपनी का डायरेक्टर बस्ती नहीं आया। इसी जमीन और मकान को दिखाकर कंपनी के द्वारा जमाकर्ताओं से करोड़ों वसूला गया, और बाद में फरार हो गया। हैरान करने वाली बात यह है कि जिस खाली जमीन को पालिका ने मकान दर्ज किया, वह जमीन आज भी खाली पड़ी है,

- इसी जमीन और मकान को दिखा चिट फंड कंपनी के की करोड़ों की ठगी
- चिट फंड कंपनी पर मेहरबान रही पालिका, खाली जमीन पर मकान दर्ज कर दिया
- 78 जमाकर्त्ताओं ने की पालिका में दाखिल की आपत्ति

अलबत्ता उसी मकान के सहारे चिट फंड कपंनी द्वारा जमाकर्ताओं के साथ धोधाधड़ी की गई। अब पालिका की ओर से क्रेता को नोटिस जारी किया



गया है। मामला दिवानी में होने की जानकारी होने के बावजूद पालिका द्वारा दाखिल खारिज कर दिया गया। इसी को खारिज करने के लिए 78 जमाकर्त्ताओं की ओर से पालिका में मकान नंबर 3140 एवं 3141 को निरस्त करने की सामूहिक अर्जी दी गई है। जमाकर्त्ताओं ने दीवानी में जमीन को बेचकर उसका भुगतान करने के लिए वाद दाखिल किया है। रजिस्टी कार्यालय और पालिका के अभिलेखों से ली गई नकल के मुताबिक न्याय मार्ग स्थित एसपी और सहकारी बैंक के सामने 120.76 वर्ग मी. जमीन को ग्लोबल जियो इंफ्राटेक लि. पता पोद्वार टावर द माल कानपुर के डायरेक्टर अमित सिंह ने 45 लाख में सत्यनरायन जायसवाल निवासी पांडेय बाजार मेंहदावल रोड बस्ती एवं कसया कुषीनगर की माधुरी जायसवाल के हाथ में 14 जुलाई 20 को बेचा। स्टांप षुल्क के रुप में तीन लाख 15 हजार जमा किया गया। वैसे जमीन की बाजार कीमत दो करोड़ आंकी गई है। गवाह के रुप में बस्ती के रामचेत निराला और अखिलेष पांडेय का नाम दर्ज है। बताया जाता है कि यह जमीन पहले सरकारी अभिलेखों में सरकार के नाम दर्ज थी, बाद में तहसील वालों की मिली भगत से जमीन एक मुस्लिम परिवार के नाम चढ़ गई, इसी आधार पर मुस्लिम परिवार ने ग्लोबल जियो इंफ्राटेक के डायरेक्टर को बेच दिया, कब और कितने में बेचा इसकी जानकारी नहीं हो पाई। जिन लोगों द्वारा पालिका में आपत्ति दायर की गई, उनमें रामयज्ञ उपाध्याय, मुखिराम, घनष्याम, रीता, कमलावती, राधेष्याम, अवधेष कुमार वर्मा सहित अन्य का नाम षामिल है। कहा गया कि पहले तो पालिका ने खाली जमीन पर कंपनी के जनरल डायरेक्टर अमित सिंह के नाम मकान के रुप में दर्ज कर दिया, उसके बाद अमित सिंह के कहने पर उसी जमीन को ग्लोबल जियो इंफ्राटेक कंपनी के नाम परिवर्तित कर दिया। ईओ ने बताया कि सत्यनरायन जायसवाल सहित अन्य क्रेता को नोटिस भेजा गया है।

## पंचायत सचिव को अब रोजाना आना होगा ब्लॉक, दर्ज करेंगे ब्यौरा

**बस्ती।** एक-एक सेक्रेटरी के पास आठ से दस ग्राम पंचायतों का प्रभार होने के कारण वह न तो गांव में जापाते थे, और न जरुरतमंद ही उनसे मिल पाते थे, जिससे आमजन में षासन और प्रषासन की छवि खराब हो रही थी। इसे देखते हुए सीडीओ सरनीत कौर ब्रोका ने एक नई पहल की है। सेक्रेटरियों को हर दिन ब्लॉकों पर आना अनिवार्य कर दिया, इतना ही आते ही 10 और 11 बजे के बीच उपस्थित पंजिका पर हस्ताक्षर करेंगे, एक भ्रमण पंजिका भी रहेगा, जिस पर सेक्रेटरियों के गांव का भ्रमण अंकित होगा, ताकि पताचल सके कि सेक्रेटरी कौन से गांव गएं हैं। शिकायत पंजिका भी ब्लॉकों में उपलब्ध रहेगा, जिसका निस्तारण सेक्रेटरी के द्वारा किया जाएगा, और इस बात का प्रमाण-पत्र देना होगा कि शिकायत निस्तारित हो गया। निस्तारित और उपस्थित पंजिका प्रत्येक षुक्रवार को बीडीओ की ओर

**जनता की सहूलियत के लिए सीडीओ ने बनाई व्यवस्था, उपस्थित पंजिका और भ्रमण रजिस्टर पर करना होगा हस्ताक्षर, इस पहल से आम नागरिकों को मिलेगा लाभ, शिकायत पंजिका रहेगी उपलब्ध**

से सीडीओ को उपलब्ध कराया जाएगा। ग्राम पंचायतों में सेक्रेटरी एक ऐसी कड़ी है, जिसके चलते किसी भी सरकार की बदनामी और नेकनामी दोनों निर्भर करता है। इत्तफाक से जिस पक्ष को सबसे मजबूत होना चाहिए वहीं सबसे कमजोर माना जारहाहै। माना जारहा है सीडीओ के इस पहल से सरकार की छवि कुछ हद तक सुधरेगी। सीडीओ का भी मानना है कि सेक्रेटरियों के पास अधिक ग्राम पंचायतों का प्रभार होने के कारण वह जनता को समय नहीं दे पा रहें थे, जनसुनवाई प्रभावित हो रही थी, षिकायतों का अपेक्षित निस्तारण नहीं हो पा रहा था, इसी को देखते हुए सेक्रेटरियों को हर दिन ब्लॉक पर उपस्थित रहने के आदेष दिएगएं हैं, ताकि जनसुनवाई प्रभावित न हो। वहीं पर कुछ सेक्रेटरियों का कहना है, कि आदेष गैर व्यवहारिक है। एक दो दिन हो तो चल जाएगा, मगर हर दिन ब्लॉक जाना संभव नहीं है। इससे समय और धन की बर्बादी होगी। कुछ ने तो यहां तक कहा कि टाइम टू टाइम काम करने वाला आदेष भी जारी कर देना चाहिए। जब सेक्रेटरी का मुख्यालय ग्राम पंचायत है तो हर दिन ब्लॉक जाकर क्या करेगा, वैसे ही सप्ताह में दो दिन जाना होता है।

## नवागत पुलिस अधीक्षक का व्यापारियों ने किया स्वागत



**संतकबीरनगर।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने सोमवार को जिला पदाधिकारियों के शिष्टमंडल ने नवागत पुलिस अधीक्षक डॉ0 कौस्तुभ को बुके देकर उनका स्वागत किया। व्यापारिक प्रतिष्ठान एवं संगठन के विषय में पदाधिकारियों ने बताया। नवागत पुलिस अधीक्षक डॉ0 कौस्तुभ ने व्यापारियों का परिचय प्राप्त कर उन्हें भरोसा दिलाया कि व्यापारियों का सहयोग पुलिस द्वारा पूर्ण रूप से किया जायेगा। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष अमित जैन, जिला अध्यक्ष श्रवण कुमार अग्रहरि, जिला महामंत्री विनीत चड्ढा, जिला कोषाध्यक्ष हरी लाल गुप्ता, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश संगठन मंत्री सूर्यभान सिंह, श्रीनेत नगर महामंत्री विकास गुप्ता, हार्डवेयर एसोसिएशन के जिला महामंत्री पेशकार अहमद सहित पदाधिकारी एवं व्यापारी उपस्थित रहे।

## सपाइयों ने सड़क पर बैठकर किया विरोध प्रदर्शन

- किसान बिल के विरोध में जनपद के तहसीलो पर सपाइयों ने किया प्रदर्शन

संवाददाता। संतकबीरनगर

**किसान** बिल के विरोध में सोमवार को समाजवादी पाटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आहवान पर पूर्व जिलाध्यक्ष लोरिक यादव एवं जिलाध्यक्ष गौहर अली खां के नेतृत्व में (गांव चलो किसान जोड़ो बिल का विरोध करो) के नारों के साथ जिला मुख्यालय के सुगर मिल रोड निकट हीरालाल रामनिवास स्नातकोत्तर महाविद्यालय खलीलाबाद से बाइक जुलूस निकाल रहे सपा कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रोक दिया। दोनो के बीच झड़प हुई। उसके बाद सभी सपाई वहीं सड़क पर धरने पर बैठ



गए। कुछ समय बाद क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद गयादत्त मिश्र के आदेश पर इंस्पेक्टर थाना कोतवाली खलीलाबाद मनोज कुमार पाण्डेय व अन्य थानों के प्रभारी/थानाध्यक्ष एवं पुलिस चौकी के इंचार्ज के द्वारा मयफोर्स के साथ सभी को सड़क से हटाने का प्रयास किया गया। जब सपाई नहीं माने तो पुलिस ने इन्हें गिरफ्तार कर लिया। किसान बिल के विरोध में जहां देश भर में प्रदर्शन हो रहा है। वहीं मेंहदावल में भी सपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व विधानसभा प्रत्याशी जयराम पाण्डेय के नेतृत्व में पार्टी के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। सोमवार को किसान यात्रा निकालने को लेकर सपा कार्यकर्ता रोडवेज तिराहे पर एकत्र हुए। यहां पर कार्यकर्ताओं के हुजूम को देखकर भारी फोर्स तैनात कर दी गई। सपाई तहसील से आगे बढ़ रहे थे लेकिन फोर्स ने उन्हें आगे बढ़ने नहीं दिया। इस पर सपा कार्यकर्ताओं ने केन्द्र व प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष यादव, प्रदीप सिंह सिसौदिया, सैय्यद फिरोज अशरफ सपा युवा नेता शैलेन्द्र यादव, कौशल चौधरी, रामदरश यादव, के0डी0 यादव, डा0 रामनाथ चौरसिया, जिला पंचायत सदस्य मोहम्मद अहमद, रमेश चन्द्र यादव, जावेद अहमद सहित सपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल रहे।

## क्विक न्यूज

### स्वच्छता जागरूकता रैली निकली

**संतकबीरनगर।** निदेशालय एनसीसी भारत सरकार के निर्देशानुसार स्वच्छता पखवारा जन जागरण अभियान के अन्तर्गत सोमवार को हीरालाल रामनिवास इण्टर कालेज खलीलाबाद के एनसीसी कैडेटो के द्वारा स्वच्छता-जागरूकता रैली निकाली गयी। रैली को संस्था के कार्यवाहक प्रधानाचार्य रामकुमार सिंह ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डा0 चन्द्र प्रकाश त्रिपाठी, केयर टेकर पुनीत कुमार त्रिपाठी, अरूण कुमार ओझा, अनिल कुमार भास्कर एवं सभी शिक्षक बन्धु उपस्थित रहे। जागरूकता रैली में शहर में भ्रमण कर सभी को स्वच्छता अपनाने तथा बीमारियों को दूर भगाने के लिए जागरूक किया।

### आरबीएसके टीम को सीएमओ ने दिया निर्देश

**संतकबीरनगर।** आरबीएसके की त्रैमासिक बैठक की गयी। जिसमें आरबीएसके नोडल अधिकारी डॉ. मोहन झा एवं मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 हरगोविन्द सिंह, जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. एके सिन्हा, जिला आरबीएसके डीईआईसी प्रबंधक पिंटू कुमार रहे। बैठक में भारत सरकार के वेबसाइट पर की जाने वाली फीडिंग डाटा पर चर्चा की गयीं एवं आरबीएसके टीम के कार्य उपलब्धियों पर चर्चा की गयी। जनपद के डिलीवरी पॉइट पर होने वाली में जन्मजात दोष पहचान कर इलाज करने हेतु बिन्दुओं पर चर्चा की गयी। जिसमें डॉ0 रचना, डॉ0 अश्वनी यादव, डॉ. दीपक श्रीवास्तव, डॉ. सोनी सिंह, डॉ. मंजर, संजू, ज्योति, मधुबाला सिंह आदि मौजूद रहे।

### पुलिस क्षेत्राधिकारी को किया गया सम्मानित

**सोनभद्र/घोरावल।** घोरावल परिक्षेत में चर्चित धर्म तीर्थ व पर्यटन स्थल के रूप शिवशक्ति द्वार शिवद्वार और मुख्या जल प्रपात पर आयोजित कौमुदी महोत्सव तथा शिवद्वार महोत्सव में सुरक्षा के साथ सेवा समर्पण भाव से मुस्तैद घोरावल क्षेत्राधिकारी संजय वर्मा को सक्रिय सहभागिता के लिए सोमवार को अंगवस्त्र स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। लोकशक्ति रंगमंच व सोन विंध्य गंगा सेवा संस्कृति संस्थान की ओर से सम्मानित किया गया। शिवशक्ति रंगमंच समिति व सोन विंध्य गंगा सेवा संस्कृति संस्थान की ओर से मुन्नर यादव व डॉ परमेश्वर दयाल पुष्कर ने पुलिस क्षेत्राधिकारी संजय वर्मा को अंगवस्त्र व स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया।

### प्रदेश संगठन महामंत्री भाजपा के आगमन को तैयारी बैठक सम्पन्न

**मिर्जापुर।** भाजपा जिला कार्यालय पर आगामी 16 को आ रहे प्रदेश संगठन महामंत्री भाजपा मा. सुनील बंसल जी के कार्यक्रम पर योजना बैठक संपन्न हुयी। मा. संगठन महामंत्री श्ध्येय पथ पर भाजपाश् विषय पर जिले के दायित्वधारी कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। बैठक में जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह ने सभी पदाधिकारियों को कार्यक्रम के सफलता हेतु जिम्मेदारियों को अवगत कराते हुए सभी बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा किया। उक्त बैठक में जिला उपाध्यक्ष भाजपा श्याम सुन्दर केशरी, जगदीश सिंह पटेल, जिला महामंत्री भाजपा हरिशंकर सिंह पटेल, रवि शंकर पाण्डेय, जिला मंत्री भाजपा प्रमोद कुमार सिंह, कौशल श्रीवास्तवए लालबहादुर सरोज, नितिन गुप्ता, सीएल बिन्द, जिला कोषाध्यक्ष भाजपा संजय यादव, पूर्व महामंत्री रायचन्द्र दूबे, महिला मोर्चा अध्यक्ष प्रेमशीला सिंह, युवा मोर्चा अध्यक्ष गौरव ऊमर, जिला आईटी संयोजक अमित कुमार सिंह के साथ दिनेश प्रताप सिंह, अखिलेश सिंह, प्रणेश प्रताप आदि लोग उपस्थित रहे। उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश दूबे ने दिया।

### झंडा दिवस पर आर्थिक सहयोग की डीएम-एसपी की अपील

**बस्ती।** सशस्त्र झंडा दिवस अवसर पर अधिक से अधिक धनराशि देकर आर्थिक सहयोग करने का डीएम आशुतोष निरंजन, एसपी हेमराज मीणा ने जनपद वासियों से अपील किया है। कलेक्ट्रेट सभागार में सैनिक एवं पुनर्वास कल्याण अधिकारी दीनानाथ सिंह दोनों अधिकारियों को सशस्त्र झंडा दिवस के अवसर पर झंडा लगाया। आर्थिक सहयोग प्रदान करते हुए दोनों अधिकारियों ने कहा कि देश की सुरक्षा में सैनिकों का महत्वपूर्ण योगदान है। कभी-कभी तो देश की सुरक्षा के लिए वे अपने जीवन का बलिदान दे देते हैं। कहा कि झंडा दिवस के माध्यम से एकत्र की गई धनराशि सैनिकों एवं उनके परिवार के कल्याण के लिए खर्च की जाती है। इस धनराशि के माध्यम से भूतपूर्व सैनिक तथा उनके परिवार के सदस्यों के पुनर्वास की व्यवस्था की जाती है। ऐसे में सभी नागरिकों का कर्तव्य है कि उनके परिवार के पुनर्वास के लिए अपना अधिक से अधिक योगदान करें और उनका मनोबल बढ़ाएं। सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि सशस्त्र झंडा दिवस के अवसर पर सैनिक पुनर्वास कल्याण विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए झंडा के सापेक्ष अधिक से अधिक आर्थिक सहयोग शीघ्र अति शीघ्र सैनिक पुनर्वास कल्याण कार्यालय को उपलब्ध करा दें।

## किसानों की जमीन छीनने की तैयारी में है सरकारः अनिल यादव

- सहयोगियों के साथ पुलिस ने पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष को किया गिरफ्तार

संवाददाता। चोपन/सोनभद्र

**कृषि** कानूनों को वापस लेने की मांग कर रहे किसान संगठनों के भारत बंद को समाजवादी पार्टी ने भी अपना पूर्ण समर्थन दे दिया है। सोमवार को किसानों के समर्थन में समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अनिल यादव ने अपने तमाम सहयोगियों के साथ पुलिस द्वारा रोके जाने के बावजूद पुलिस की नाकाबंदी को तोड़ते हुए पहले से प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल चोपन रेलवे रामलीला मैदान पहुँच कर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और रामलीला मैदान से बैरियर तक पद यात्रा की उधर जैसे ही इस बात की जानकारी चोपन पुलिस को हुई तो कस्बा इंचार्ज



अवधेश यादव ने नारेबाजी कर रहे सभी सपा कार्यकर्ताओं को थाना परिसर में ले आये। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अनील यादव ने कहा कि किसानों के साथ समाजवादी पार्टी पूरी तरह से साथ है और उनके संघर्ष के प्रति पार्टी की पूरी प्रतिबद्धता है। भारत बंद को समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता भी अपना पूरा समर्थन देंगे और अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर किसानों के आंदोलन में साथी बनेंगे। आज देश के किसानों के साथ लूट हो रही है। उनका धान नहीं खरीदा गया। मक्का नहीं खरीदा गया। मंहगाई लगातार बढ़ रही है। दुगनी आय और लागत से ड्योढ़ा कीमत देने की बात कर किसान को धोखा दिया गया है। अब उसकी जमीन छीनने की तैयारी है। अल्पसंख्यक सभा के पूर्व प्रदेश सचिव नजमुद्दीन इदरीसी ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने किसानों के हित में जो व्यवस्थाएं की थी भाजपा सरकार ने उन्हें बर्बाद कर दिया। आखिर किसान क्या करें? किसान आत्महत्या करने को मजबूर हो रहा है। किसानों गरीबों और मजदूरों की मदद किए बगैर देश की अर्थव्यवस्था आगे नहीं बढ़ेगी बल्कि और नीचे चली जाएगी। इस मौके पर राम सजीवन अहीर मुस्तफा खान, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष अमरेश यादव छात्रसंघ अध्यक्ष सतीश यादव सत्यदेव पांडेय पप्पू यादव लालू यादव अरुण कुमार नसरुद्दीन पप्पू कोल खुर्शीद आलम दुर्गेश यादव शंकर केवट सर्वजीत यादव प्रदीप यादव मुकेश जायसवाल राजेश विश्वकर्मा सेवालाल केवट बल्ली निषाद रामसूरत यादव पारस यादव जितेंद्र यादव रामबहाल यादव राम नारायण सिंह इत्यादि लोग मौजूद रहे।

## नियमानुसार सभी चार संविदा कर्मियों की हुई नियुक्तिः बीएसए

- डीएम, सीडीओ और पांच चयन कमेटी की देखरेख में हुआ चयन

संवाददाता। बस्ती

**बीएसए** जगदीश शुक्ल का कहना है, कि एक भी संविदा कर्मी की नियुक्ति नियम विरुद्व नहीं हुई। पहले जेम पोर्टल की प्रक्रिया निभाई गई, उसके बाद बीएसए, एएओ, डायट प्राचार्य, एक्सईएन आरईडी और एनआईसी के डीओ की चयन कमेटी बनाई गई। चयन कमेटी की संस्तुति पर डीएम और सीडीओ ने नियुक्ति करने का अनुमोदन दिया। बताया कि चयन कमेटी में अभ्यर्थी को कोई भी रिष्तेदार षामिल नहीं था। नियमानुसार चयन कमेटी में किसी अभ्यर्थी का सगा संबधी नहीं हो सकता, अगर कोई अभ्यर्थी मानकों को पूरा करता है, तो नियमानुसार उसका चयन हो सकता है। बताया कि नियुक्ति पांच की नहीं बल्कि चार पद की हुई है। रुधौली के विधायक द्वारा चयन प्रक्रिया पर सवाल उठाने के बाद बीएसए की ओर से स्पष्ट किया गया। जिस पांच संविदा कर्मियों की नियुक्ति को लेकर बवाल मचा हुआ हैं, असल में वह पांच नहीं बल्कि चार की नियुक्ति हुई, हालांकि पांच का चयन होना था, मगर स्टेनो के पद पर इस लिए नियुक्ति नहीं हो पाई क्यों योग्य अभ्यर्थी नहीं मिला। जिन लोगों का चयन हुआ,उनमें डीसी सिविल पर अजय प्रकाष सिंह, डीसी एमआईएस पर अभिषेक षुक्ल, लेखाकार पद पर गौरव त्रिपाठी और लिपिक पर विजय मद्वेषिया का नाम षामिल है। प्रभारी मंत्री को पत्र लिखकर विधायक ने नियुक्ति प्रक्रिया को इस लिए निरस्त करने की मांग की, क्यों कि विभाग के सगे संबधियों का चयन करने का आरोप बीएसए पर लगाया गया।

## उद्यामियों की समस्याओं का प्राथमिकता पर किया जाए निस्तारण : जिलाधिकारी

संवाददाता। मिर्जापुर

**जिलाधिकारी** सुशील कुमार पटेल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बन्धु की बैठ कर उद्योग विभाग के योजनाओं के प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। इस दौरान जिलाधिकारी ने एल0डी0एम0 सहित सभी सर्म्बंधित अधिकारियों से कहा कि उद्यमियों की समस्याओं की प्राथमकता के आधार निस्तारण किया जाये इसमें किसी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने कहा कि कतिपया बै कों के द्वारा शासन द्वारा संचालित स्वरोजगार से सम्बन्धित योजनाओं में रूचि नहीं ले रहे जिसके कारण से प्रगति कम पाई जा रही है उन्होंने कहा कि बैकर्स को जो आवेदन पत्र उद्दयोग विभाग व खाादी ग्रामोद्योग विभाग के द्वारा दिया गया है उसमें स्वीकृति प्रदान करते हुये ऋण वितरण की कार्यवाही सुनिश्चित करायें अन्यथा उनके विरूद्ध कार्यवाही हेतु उच्चाधिकारियों को संस्तुति की जायेयगी। बैठक में बताया कि मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना अन्तर्गत् मीरजापुर को भौतिक लक्ष्य 60 तथा वितीय लक्ष्य 116.40 लाख शासन द्वारा निर्धारित किया गया जिसके सापेक्ष 307 भौतिक तथा 563.59 लाख का आवेदन पत्र आन लाइन विभिन्न बैंक शाखाओं को प्रषित किया गया परन्तु अभी तक मात्र 34/60.50 आवेदनों की स्वीकृति प्रदान करते हुये 11/25.50 आवेदन पत्रों पर वितरण की कार्यवाही की गयी हो जो काफी कम है। इसी प्रकार प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत 129/674.36 लाख आवेदन पत्र आलनलाइन प्रषित किया गया है जिसके सापेक्ष 43/121.35 लाख का आवेदन पत्र स्वीकृत तथा 21/53.38 लाख के आवेदन पत्रों पर वितरण की कार्यवाही किया गया है। जिस पर जिलाधिकारी ने एल0डी0एम0 को निर्देशित करते हुये कहा कि बैंकों से समन्वय स्थापित कर प्रगति लाने हेतु कार्यवाही सुनिश्चित करायें। बैठक में औद्योगि असस्थान पथरहिया में साफ-सफाई एव औदृयोगिक आस्थान पथरहिया में फागिंग क्राने की मांगी की गयी जिस पर नगर पालिका को निर्देशित किया गया। बैठक में पथरहिया मीरजापुर में स्थित औद्योगित इकाइयों के निस्तारस्तीकरण पर भी चर्चा पर जिलाधिकारी ने कहा कि जिसे पूर्व में नोटिश दिया गया था उसके बाद भी किसी प्रकार का कार्य नहीं किया जा रहा है नियमानुसार निरस्तीकरण की कार्य्वाही सुनिश्चित करायें। बैठक में मीरजापुर के उद्मियों के औद्योगित विकास पर भी चर्चा की गयी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्री अविनाश सिंह ,उपायुक्त उद्योग, एल0डी0एम0, जिला खादी ग्रामाद्योग अधिकारी जवाहर लाल,के अलावा मोहन दास अग्रवाल व अन्य सम्बंधित उद्यमी उपस्थित रहे।

## समाजवादी पार्टी ने प्रदेश सरकार को बर्खास्त करने को ज्ञापन सौंपा

संवाददाता। मिर्जापुर

**किसान** आंदोलन को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय अखिलेश यादव के आदेश पर संपूर्ण प्रदेश में किसान जन यात्रा निकालने एवं किसानों की मूलभूत समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर शांतिपूर्वक प्रदर्शन पर जिला प्रशासन द्वारा उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के इशारे पर किए गए गिरफ्तारी को दमनकारी नीति बताते हुए इसका घोर विरोध किया समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष सुनील कुमार पांडे एडवोकेट ने मिर्जापुर के नेताओं की गिरफ्तारी पर कड़ा एतराज दर्ज कराते हुए तत्काल किसानों की समस्याओं को दूर करके एवं समाजवादी पार्टी के नेताओं को सम्मान के साथ छोड़ने की मांग किया समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष सुनील कुमार पांडे आज किसान आंदोलन के परिपेक्ष में बंद नेताओं से मिलने पुलिस लाइन भी पहुंचे लेकिन पुलिस प्रशासन द्वारा उन्हें पार्टी नेताओं से नहीं मिलने दिया गया जिस पर उनके द्वारा घर आक्रोश व्यक्त करते हुए इसे लोकतंत्र के लिए काला धब्बा बताया गया समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष सुनील कुमार पांडे एडवोकेट ने कहा कि उत्तर प्रदेश और केंद्र की सरकार किसान विरोधी है किसान रोज सरकार की नीतियों से त्रस्त होकर आत्महत्या करने को विवश है उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग किया तथा दिल्ली में चल रहे किसान आंदोलन की सभी मांगों को मानने एवं भाजपा सरकार के किसान विरोधी कृषि बिल को समाप्त करने की मांग राष्ट्रपति से किया समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष सुनील कुमार पांडे के साथ पुलिस लाइन गिरफ्तार समाजवादी साथियों से मिलने जाने वालों ने रामजी यादव मनीष यादव अशोक यादव ओम प्रकाश यादव बबलू शुक्ला पवन शुक्ला सुशील कुमार पांडे थे।

## विश्वनाथपुर में कांग्रेस ईकाई का हुआ गठन

- संगठन सृजन अभियान के तहत कांग्रेसियों की हुई बैठक

संवाददाता। संतकबीरनगर

**पूरे** प्रदेश में चल रहे संगठन सृजन अभियान के तहत आज खलीलाबाद ब्लाक के विश्वनाथपुर न्याय पंचायत की बैठक संपन्न हुई। जिसमें मुख्य अतिथि प्रदेश महासचिव विश्वविजय सिंह एवं विशिष्ठ अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष प्रवीण चंद पांडेय ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खलीलाबाद के ब्लाक अध्यक्ष भुनेश्वर भारती ने किया। बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रदेश महासचिव विश्वविजय सिंह ने कहा कि 28 दिसंबर को कांग्रेस पार्टी के स्थापना दिवस पर प्रदेश के हर गांव में झंडा फ्हराने का लक्ष्य जो पार्टी ने तय किया है। हम इस संगठन सृजन अभियान के तहत बैठक करते हुए बड़े तेजी से आगे बढ़ रहे हैं और लोग कांग्रेस के तरफ बड़ी आशा भरी



निगाह से देश रहे है। क्योंकि वर्तमान सरकार कांग्रेस सरकार द्वारा लगाए गए। उद्योग धंधों बेचकर देश बेरोजगारी के तरफ धकेल रही है। जिला अध्यक्ष प्रवीण चंद पांडेय ने बताया कि जिले में न्याय पंचायत स्तर की मीटिंग का काम बड़े ही तेजी से चल रहा है और हम जिले के सभी न्याय पंचायतों का गठन 25 दिसंबर तक पूरा कर लेंगे। उन्होंने कहा कि देश की मोदी सरकार देश का सबकुछ बेचने के बाद अब देश के अन्नदाता को पुजीपतियो के हाथ बेचने का काम कर रही है। आज की बैठक में जिला उपाध्यक्ष दिलशाद अफसर, सुग्रीव पासवान, सुनील कुमार पांडेय, चन्द्र प्रकाश पांडेय, भुनेश्वर भारती, सौरभ पांडेय, चद्रमनी तिवारी, अमर्डेव पांडेय, रविशंकर पांडेय, विनय पांडेय, साधु पासवान, गुड्डु, विकास पांडेय, लालसा प्रसाद मौर्य, राजीव गोंड, शुभम पांडेय, अंकुर पांडेय, सोनू पांडेय, वीरेंद्र यादव, चीकू पांडेय, रामबचन, बंशी सहित कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# धान खरीद में लापरवाही हुई तो केस

## जिलाधिकारी ने समीक्षा बैठक में केन्द्र प्रभारियों को चेताया

संवाददाता। देवरिया



**जिलाधिकारी** अमित किशोर ने धान क्रय केंद्र प्रभारियों को आगाह करते हुए यह निर्देश दिया है कि वे तीन दिन के अंदर अपने कार्यों में सुधार लाते हुए कृषकों का धान अधिक से अधिक क्रय करें। उन्होंने यह भी कहा है कि धान क्रय में किसी भी प्रकार की अनियमितता, लापरवाही व बहानेबाजी नहीं बरतेंगे, नहीं तो उनके विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराते हुए कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।

जिलाधिकारी श्री किशोर टाउन हाल आडिटोरियम में केंद्र प्रभारियों की आहूत बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि किसानों को कोई असुविधा ना हो यह हम सभी का दायित्व है। इसलिए धान खरीद को पूरी गंभीरता से लें। उन्होंने सचेत करते हुए यह भी कहा कि जनपद में इंटेलिजेंस को सक्रिय किया गया है जो धान क्रय केंद्र पर अपनी पैनी नजर रखेंगे। यदि किसी भी धान क्रय केंद्र पर व्यापारियों से धान क्रय की शिकायत आएगी तो ऐसे केंद्र प्रभारी भी बख्शे नहीं जाएंगे। उन्होंने धान केंद्र प्रभारियों से यह भी कहा कि कोई भी दिक्कत आए तो उससे बताएंग, उसका हर संभव समाधान कराया जाएगा, परंतु बोरे आदि का बहाना बनाकर किसी भी कृषक को धान क्रय केंद्र से नहीं लौटाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि एक दिन में एक कृषक से अधिकतम 75 कुंतल धान क्रय कर सकेंगे। यदि उस कृषक का धान इससे अधिक है तो एक सप्ताह बाद की तिथि निश्चित कर उसका धान क्रय करेंगे। उन्होंने समयबद्धता के साथ भुगतान भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि 1868 रुपए प्रति कुंतल धान क्रय का दर निर्धारित है। इस दर पर ही कृषकों को भुगतान सुनिश्चित करेंगे। इसमें किसी भी प्रकार की अनियमितता नहीं होनी चाहिए। डिप्टी आरएमओ जितेंद्र कुमार ने बताया कि आठ लाख कुंतल धान क्रय का लक्ष्य निर्धारित है। इसके सापेक्ष अभी तक तीन लाख 20 हजार धान क्रय किया जा चुका हैए जो लक्ष्य का 40 प्रतिशत है। अब तक कुल 59 करोड़ 55 लाख की धान कृषकों की क्र की गई है, इसमें से 55 करोड़ का भुगतान कृषकों को किया जा चुका है, शेष का भुगतान की कार्रवाई की जा रही है। जनपद में कुल 99 धान क्रय केंद्र क्रियाशील है।

## फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जनवरी

**देवरिया**। जिला कृषि अधिकारी मो मुजम्मिल ने बताया है कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के क्रियान्वयन के लिये अधिसूचना रबी 2020-21 जारी कर दी गयी है। फसल बीमा कराने की अन्तिम तिथि 31 दिसम्बर निर्धारित की गयी है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना सभी किसानों के लिए स्वैच्छिक कर दी गयी है। जनपद में प्रधानमंत्री फसल बीमा हेतु एग्रीकल्चर इंश्योरेन्स कम्पनी ऑफ इंडिया नामित है तथा अधिसूचित फसल गेहूं हेतु कृषकों द्वारा देय प्रीमियम बीमित राशि का 1.5 प्रतिशत है। ऋणी किसान यदि फसलों का बीमा नही कराना चाहते है उन्हे इस हेतु प्रार्थना पत्र बैकों को 24 तक अवगत करा दें, अन्यथा किसान के खाते से बैंक द्वारा प्रीमियम का पैसा काट लिया जायेगा। जिला कृषि अधिकारी ने बताया है कि जो कृषक पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ प्राप्त कर रहे है और जिनका किसान क्रेडिट कार्ड नहीं बना है उनके लिए विशेष अभियान चलेगा।

# सपा के पूर्व विधायक नजरबंद

संवाददाता। चंदौली

**कृषि** कानून के खिलाफ किसान और सरकार के बीच दंगल जारी है। आठ दिसम्बर को प्रस्तावित किसान यात्रा की शुरुआत करने कन्नौज जा रहे समाजवादी पार्टी के मुखिया और यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को हिरासत में लेने को लेकर सपाइयों में आक्रोश है । इसी क्रम में प्रदर्शन में शामिल होने की आशंका के चलते सपा के राष्ट्रीय सचिव और पूर्व विधायक मनोज सिंह डब्ल्यू को उनके आवास पर पुलिस ने नजर बंद कर लिया ।

सपा के राष्ट्रीय सचिव मनोज सिंह का कहना है कि अखिलेश यादव के आहवान पर किसानों के हक की लड़ाई में समर्थन के लिए घर से निकलने की तैयारी में थे । तभी सीओ सकलडीहा के नेतृत्व में कई थानों की फोर्स घर पहंची, जबरन होम अरेस्टिंग की । पूर्व विधायक ने सरकार के इशारे पर पुलिस की इस को कार्रवाई लोकतंत्र की हत्या करार दिया। सरकार की यह कार्यप्रणाली किसानों की आवाज को दबाने का प्रयास है। आज एमएमपी लागू होने के बावजूद उनकी धान की खरीद नहीं हो पा रही है औने पौने दाम पर बेचा जा रहा है।

किसान आंदोलन को लेकर स्थानीय पुलिस प्रशासन जिले भर में सतर्क निगाह रखे है। आंदोलन में भूमिका निभाने वाले नेताओं व कार्यकर्ताओ की गतिविधियों की निगरानी की जा रही है। विरोध प्रदर्शन में शामिल होने की आशंका पर घर में सपा व किसान नेताओं को नजरबंद किया जा रहा हैण् साथ ही सड़क पर उतरे सपाइयों की गिरफ्तारी भी जा रही है।

### अखिलेश की गिरफ्तारी पर भड़के सपाई

सकलडीहा (चन्दौली)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की गिरफ्तारी की सूचना मिलते ही सपाई लामबंद होगये। सोमवार को मनोज सिंह काका के नेतृत्व में हाईवे जाम करने जा रहे सपाईयो को कोतवाली पुलिस सकलडीहा अलीनगर तिराहे पर बैरियर लगाकर रोक दिया। इस दौरान सपाई और पुलिस प्रशासन के बीच काफी देर तक झड़प होती रही। अंत में सपाई तहसीलदार डा. वंदना मिश्रा को ज्ञापन देकर लौट गये। जबकि पुलिस के उच्चाधिकारियों द्वारा सपाईयों को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया था। करीब एक घंटा तक सपाई प्रदेश सरकार के खिलाफ नाराबाजी करते रहे।

जिले की अलर्ट पुलिस प्रशासन को गच्चा देकर सपा प्रवक्ता मनोज सिंह काका कार्यकर्ताओं के साथ धीनाए कमालपुर और डेढ़ावल से सकलडीहा पहुंच गये। इसकी जानकारी होते ही कोतवाल वंदना सिंह ने पुलिस फोर्स के साथ सपाईयों को बैरकेटिंग कर घेर लिया। इस दौरान करीब एक घंटा तक पुलिस से झड़प करते हुए धरना पर बैठ गये। पुलिस के उच्चाधिकारियों ने सपाईयों को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया। इस मौक पर विरोध जताने वालों में पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष सत्यप्रकाश यादव, सत्या यादव, संजय सोनकर, राज यादव, केपी यादव, सतीश राजभर, सुरेन्द्र यादव, सिंटू, अलाउददीन, वीरेन्द्र यादव, बबलू, संजय, नागेन्द्र यादव, प्रमोद यादव विपिन यादव, संदीप यादव सहित अन्य दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## सपाइयों का धरना प्रदर्शन

**सिद्धार्थनगर**। उसका ब्लॉक के सामने सपाई साइकिल रैली ना निकले जाने पर सड़कों पर बैठ गए और किसान विरोधी नीतियों को लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। सपा के जिलाध्यक्ष लालजी ने बताया कि सरकार सपाइयों से डर रही है और साइकिल रैली करने से रोक रही है और पुलिस को आगे कर रही है । जिलाध्यक्ष लालजी का कहना है कि सिर्फ सपा के लोग गांव-गांव जाकर किसानों की समस्याएं जानना चाहते थे, जो दिल्ली बॉर्डर पर किसान धरना दे रहे हैं, ये सब सरकार की देन है जो किसान को धरना देने को मजबूर कर रही है और कृषि कानून बिल को वापस सरकार नहीं करती है तो ऐसे है सपा के लोग धरना प्रदर्शन करते रहेंगे। प्रदर्शन के दौरान भारी पुलिस बल मौजूद रही और सपाइयों को रैली ना करने का प्रशासन द्वारा निर्देश भी दिए गए ना मानने पर प्रशासन ने गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

### कृषि नीतियों के विरोध में सपाईयों ने फूंका पुतला

**जौनपुर**। समाजवादी पार्टी के युवा नेता एवं समाजवादी कुटिया के संचालक ऋषि यादव के नेतृत्व में सपा कार्यकर्ताओं ने किसानों का समर्थन करते हुए भाजपा सरकार की कृषि नीतियों के विरोध में प्रदर्शन करते हुए पुतला फूंका। इसके साथ ही पुलिस प्रशासन द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को हिरासत में लिये जाने का विरोध जताते हुए नारेबाजी की। इस मौके पर ऋषि यादव ने कहा कि भाजपा सरकार की कृषि नीतियों के विरोध और किसानों के समर्थन में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आहवान पर कार्यकर्ताओं ने जिले में जगह-जगह प्रदर्शन कर पुतले फूंके।

# गौरव बने जेसीआई जौनपुर के अध्यक्ष व विशाल सचिव



**जौनपुर**। जेसीआई जौनपुर के अध्यक्ष धर्मेंद्र सेठ की अध्यक्षता एवं चुनाव अधिकारी संजय गुप्ता की देखरेख में नगर के वाजिदपुर तिराहा के पास चुनाव सम्पन्न हुआ। चुनाव अधिकारी ने बताया कि सर्वप्रथम सभी अभ्यर्थियों का साक्षात्कार नॉमिनेशन कमेटी के समक्ष किया गया। अध्यक्ष पद के लिए गौरव सेठ, भरत सेठ एवं सचिव पद के लिए विशाल तिवारी व अजय गुप्ता ने नामांकन किया। भरत सेठ व अजय गुप्ता के नाम वापसी के बाद सर्वसम्मति से गौरव सेठ को अध्यक्षए विशाल तिवारी सचिव एवं भरत सेठ को कोषाध्यक्ष के पद पर चयनित किया गया। चयनित अध्यक्ष गौरव सेठ ने कहा कि संस्थाहित में अधिक से अधिक सदस्यों को जोड़ने का कार्य करेंगे। पूर्व अध्यक्ष शशांक सिंह रानू ने कहा कि संस्थाध्यक्ष की भूमिका ठीक उसी प्रकार होनी चाहिए जैसे घर में एक पिता की होती है तथा उसके सभी कार्य संस्था हित में होने चाहिये। पूर्व मंडलाध्यक्ष राधेरमण जायसवाल ने कहा कि संस्था संगठित कर जनपद ही नहींए मण्डल में भी संस्था का नाम रोशन करें। इस अवसर पर संतोष अग्रहरी, राकेश जायसवाल, कृष्ण कुमार जायसवाल, चंद्रशेखर जायसवाल, संजय बैंकर, नीरज श्रीवास्तव, अमन कुरैशी, आकाश केसरवानी, जितेंद्र सेठ, सनी सेठ, सर्वेश जायसवाल, आरिफ अंसारी, रमेश श्रीवास्तव, सत्य प्रकाश जायसवाल, आशुतोष जायसवाल, दिलीप सिंह, राकेश सोनी, संतोष अग्रहरि मेडिकल, अजयनाथ जायसवाल, विशाल वर्मा, दीपक वाधवा, राकेश सोनी. प्रदीप सिंह, चित्रगुप्त वाचस्पति, राजेश्वर मिश्रा, अतुल जायसवाल, दिलीप जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने डा. बाबा भीमराव अंबेडकर को किया नमन

संवाददाता। देवरिया



**भारतीय** जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब भीमराव रामजी अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर रामगुलाम टोला स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस दौरान पूर्व जिला महामंत्री युवा मोर्चा रामदास मिश्रा ने बाबा साहब के जीवन पर चर्चा करते हुये कहा कि भारतीय संविधान के शिल्पकार एवं महान समाज सुधारक भारत रत्न बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर हम उन्हें शत् शत् नमन करते है। बाबा साहब ने सामाजिक समरसता का मार्ग दिखाकर भारतीय समाज सुधार के प्रारूपण में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। बाबासाहेब का कृतज्ञ राष्ट्र सदैव ऋणी रहेगा।

मीडिया प्रमुख अम्बिकेश पाण्डेय ने कहा कि महान विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, समाज सुधारक, कुशल राजनीतिज्ञ और संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डा. भीमराव राव जी अम्बेडकर की पुण्यतिथि पर कोटि-कोटि नमन करते हुए हम उनके सिद्धान्तों के अनुसरण का प्रण लेते है। बाबा साहब ने सामाजिक भेदभाव के विरूद्ध अभियान चलाया और सबके लिए समान अधिकारए स्वतंत्रता और व्यवहार की वकालत की।

जिला कार्यसमिति सदस्य भाजपा पवन मिश्रा ने कहा कि भारतीय संविधान के प्रमुख वास्तुकार, सामाजिक समानता और न्याय के प्रणेता डा. बाबासाहेब अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए विश्वास व्यक्त करते है कि हम सभी बाबा साहब के दिखाये मार्ग पर चलने का प्रयास करेंगे।

वहीं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भाजपा व कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने ट्वीट कर बाबा साहब के परिनिर्वाण दिवस पर उनको नमन करते हुये लिखा कि भारतीय संविधान के शिल्पकार एवं महान समाज सुधारक भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की पुण्यतिथि पर उन्हें शत-शत नमन। बाबा साहेब के विचार हमेशा इंसान को समाज के प्रति प्रेरित करता रहेगा।

# दिव्यांग बच्चों को कम्बल व स्वेटर वितरित

संवाददाता। जौनपुर



**राजेश** स्नेह ट्रस्ट ऑफ एजुकेशन द्वारा आयोजित दिव्यांग बच्चों का स्कूल एवं पुनर्वास केंद्र रूहट्टा में पढ़ने वाले दिव्यांग बच्चों को कंबल, टोपी, स्वेटर, कॉपी, पेन आदि वितरित किया गया। लायंस क्लब क्षितिज के दिलीप कुमार सिंह ने कहा कि ऐसे बच्चों के लिये काम करने की जरूरत है। ये बच्चे भी हमारे समाज का ही हिस्सा हैं। साहू समाज के जिलाध्यक्ष अनिल गुप्ता ने कहा कि ऐसे बच्चों के ऊपर हमें सहानुभूति नहीं दिखानी है बल्कि हमें इनका सहयोग करना है। इनकी शिक्षा पर ध्यान रखना है। इनके इलाज पर ध्यान रखना है। पत्रकार विश्व प्रकाश श्रीवास्तव ने बच्चों के शिक्षाए सेवाए इलाज हेतु हरसंभव मदद करने की बात कही। नवनीत श्रीवास्तव एवं राजेंद्र सिंह ने बच्चों को गाना सुनाकर उनका हौसला आफ्जाई किया। मां मूर्ति प्लांटेशंस के अध्यक्ष शैलेंद्र निषाद और उनके सहयोगियों ने सहयोग की बात कही। दिव्यांग स्कूल के संचालक एवं व्यवसाय प्रबंधन विभाग पूर्वांचल विश्वविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर राजेश कुमार ने धन्यवाद देते हुए कहा कि ऐसे बच्चों के शिक्षा सेवा और इलाज हेतु समाज के सभी लोगों को सामने आना चाहिए। उन्होंने सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर विक्की गुप्ता, राज श्रीवास्तव, दीपक, डा. लल्लन विश्वकर्मा, राजेश अस्थाना, आलोक राजभर, अश्वनी निषाद, जगन्नाथ मोदनवाल, दुर्गेश, शनिदेव गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### सड़क हादसे में दो बाइक सवारों की मौत

**चन्दौली**। चकिया कोतवाली अंतर्गत अमरा उत्तरी गांव के पास बीती देर रात बाइक सवार दो लोगों की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मुगलसराय की तरफ से आ रहे किसी अज्ञात वाहन से बाइक में टक्कर हो गयी, जब तक लोग मौके पर पहुंचते तब तक टक्कर मारने वाली गाड़ी मौके से फरार हो चुकी थी। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को जिला संयुक्त चिकित्सालय पहुंचवाया, जहां उन दोनों की मौत हो गयी।

# लिपिक पर भ्रष्टाचार का आरोप लगा जांच की मांग

**बढ़नी**। अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी के कार्यालय में तैनात एक लिपिक पर भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के प्रदेश उपाध्यक्ष ने तमाम प्रकार के भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए उसकी जांच की मांग की है। बताया जाता है कि भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के प्रदेश उपाध्यक्ष ने जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सिद्धार्थनगर के कार्यालय में तैनात एक लिपिक पर धन उगाही करने और भ्रष्टाचार में लिप्त होने का आरोप लगाते हुए उसके भ्रष्ट आचरण की जांच करने और जनहित में आवश्यक कार्यवाही किए जाने की मांग किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश उपाध्यक्ष मोण् सादिक किसान ने गत नवंबर 2020 को जिला अधिकारी सिद्धार्थनगरए मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन लखनऊए अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ मंत्री लखनऊए निदेशक अल्प संख्यक कल्याण एवं वक्फ 620 इन्दिरा भवन लखनऊ को शिकायती पत्र भेजकर जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी के कार्यालय में तैनात लिपिक के ऊपर धनवाही करने और भ्रष्टाचार में लिप्त होने का आरोप लगाते हुए जांच किए जाने की मांग किया है। भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के प्रदेश उपाध्यक्ष ने दिए गए शिकायती पत्र में कहा कि उक्त लिपिक बिना धन लिए मदरसे का किसी भी प्रकार का कोई कार्य नहीं करता है। मदरसा से संबंधित कार्यों जैसे मदरसा शिक्षकों का वेतन भुगतानए मदरसों में नई नियुक्तियोंए मार्कशीट वितरणए आधुनिक विषय अध्यापकों का मानदेयए मिनी आईटीआई के अनुदेशकोंध्कर्मचारियों का मानदेय भुगतान आदि कार्यों के लिए धन की मांग उसके द्वारा की जाती है। कहा तो यहां तक जाता है कि बिना धन लिए कोई कार्य उसके द्वारा नहीं किया जाता है।

# शादी से लौट रही इनोवा पानी भरे गढ्ढे में पलटी, तीन की मौत

## दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल, भर्ती

संवाददाता। देवरिया

**एकौना** क्षेत्र में शादी समारोह से वापस लौट रही इनोवा अनियंत्रित होकर पानी भरे गढ्ढे में पलट गई। इस हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हैं। मृतकों में दो गोरखपुर के और एक देवरिया के रहने वाले हैं।

हादसा रुद्रपुर-करहकोल मार्ग पर खोपा के समीप हुआ। एकौना थाना क्षेत्र के पलिया गांव के रहने वाले सुरेन्द्र सिंह की बेटी की शादी रविवार को थी। शादी समारोह में शामिल होने के लिए आए पांच रिश्तेदार एक इनोवा गाड़ी से अपने घर वापस जा रहे थे। एकौना थाना क्षेत्र के खोपा गांव के समीप पुलिया के पहले तेज रफ्तार इनोवा अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे पानी भरे गढ्ढे में पलट गई।

आसपास के खेतों में काम करने वाले लोग दौड़ कर गाड़ी में सवार पांच लोगों को बाहर निकला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से सभी को रुद्रपुर स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने आनन्द पटेल (27 वर्ष) पुत्र दीनानाथ सिंह निवासी भैसहा थाना खोराबार, कैलाश सिंह (60 वर्ष) निवासी जयंतीपुर थाना गगहा जिला गोरखपुर और विश्वनाथ सिंह (55 वर्ष) रमचन्द्र सिंह निवासी करहकोल थाना एकौना, देवरिया को मृत घोषित कर दिया। वहीं दीनानाथ सिंह (55 वर्ष) पुत्र सीताराम सिंह और अतुल पटेल (30 वर्ष) पुत्र दिनानाथ सिंह को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना की जानकारी होने पर सीओ अम्बिका प्रसाद, रुद्रपुर कोतवाल जितेन्द्र कुमार टंडन और एकौना के थानेदार रामगिरीश चौहान ने मौके पर पहुंच कर राहत कार्य का जायजा लिया।

उन्होने कहा कि मृतकों में दो गोरखपुर जिले के और एक देवरिया के रहने वाले थे। शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। इनोवा गाड़ी के पानी भरे गढ्ढे में पलटने से हादसा हुआ।

# विकास कार्य समयबद्धता के साथ पूर्ण करें: सीडीओ

## मुख्य विकास अधिकारी ने समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

संवाददाता। देवरिया।

**मुख्य** विकास अधिकारी शिव शरणप्पा जीएन ने कहा है कि सभी अधिकारी विकास एवं निर्माण कार्यो को समयबद्धता के साथ पूर्ण करें तथा पात्रजनों तक जन कल्याकारी योजनाओं का लाभ प्राथमिकता के साथ उपलब्ध कराऐं। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरतें।

मुख्य विकास अधिकारी विकास भवन के गांधी सभागार में विकास कार्यो की मासिक समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होने सामुदायिक शौचालय, पंचायत भवनों के निर्माण कार्य को भी प्राथमिकता के साथ पूरा कराये जाने का निर्देश दिया। उन्होने आगनवाडी केन्द्रो के निर्माण कार्य को भी समयबद्वता के साथ पूर्ण कराये जाने को कहा। उन्होने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एवं ग्रामीण की समीक्षा के दौरान निर्माण कार्योध्लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित किये जाने को कहा।

उन्होने मनरेगा से कनवर्जन धनराशि से जुड़े विभागों को कार्यो को पूर्ण कराये जाने तथा उसका निरीक्षण रिपोर्ट भी उपलब्ध कराये जाने का निर्देश दिया। उन्होने आई जी आर एस सहित अन्य शिकायती सन्दर्भो का भी निस्तारण शीघ्रता के साथ किये जाने को कहा।

बैठक में एनआरएलएमए ग्रामीण पेयजल, लोक निर्माण विभाग, सेतु निगम, विद्युत, आईसीडीएसए स्वच्छ भारत मिशन, नई सड़कों का निर्माण, किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना, सामुदायिक शौचालय, निर्माण आदि कार्यो की गहन समीक्षा मुख्य विकास अधिकारी द्वारा की गयी तथा आवश्यक निर्देश दिये गये। उन्होने सोशल सेक्टर की संचालित योजनाओं के लम्बित आवेदन पत्रों का सत्यापन निस्तारण प्राथमिकता के साथ खण्ड विकास अधिकारियों को किये जाने का निर्देश दिया।

समीक्षा बैठक में, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सुमित यादव, सीएमओ डा. आलोक पाण्डेय, जिला विकास अधिकारी श्रीकृष्ण पाण्डेय, जिला समाज कल्याण अधिकारी रामपाल यादव, जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रभात कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी कृष्णकान्त राय आदि मौजूद रहे।

## सहायक उपकरण वितरण के लिये शिविर का होगा आयोजन

**जौनपुर**। जिलाधिकारी दिनेश कुमार सिंह के निर्देशानुसार जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी सुरेश कुमार मौर्या ने बताया कि भारत सरकार की एडिप योजनान्तर्गत के अन्तर्गत जनपद में दिव्यांगजन हेतु निःशुल्क सहायक उपकरण जिसके अन्तर्गत ट्राईसाईकिलए व्हीलचेयरए श्रवणयंत्रए बैसाखीए मानसिक दिव्यांगजनों हेतु किट, नेत्रहीन बच्चों के लिए किट छड़ी एवं कृत्रिम अंग आदि सहायक उपकरणों के लिये एलिम्कोए कानपुर के द्वारा परीक्षण चिन्हाकंन शिविर का आयोजन 16 से 23 अक्टूबर 2019 में किया गया था। उक्त परीक्षण शिविर में चिन्हांकित दिव्यांगजनों को सहायक उपकरणों से लाभान्वित करने के लिए मछलीशहर में 14 दिसम्बरए बदलापुर में 15 दिसम्बरए करंजाकला, शाहगंज में 16 दिसम्बर, मड़ियाहूं में 17 दिसम्बरए केराकत में 18 दिसम्बर को वितरण शिविर का आयोजन किया जायेगा।

# चोरी की बीस मोटरसाइकिलों के साथ चार ऑटोलिफ्टर गिरफ्तार

संवाददाता। मुगलसराय

**कोतवाली** पुलिस ने सोमवार की रात्रि वाहन चेकिंग के दौरान चकिया तिराहे से चोरी की दो मोटसाइकिल के साथ चार वाहन चोरों को गिरफ्तार किया। इस दौरान दो आरोपी बाइक से भाग निकले। पकड़े गए लोगों की निशान देही पर पुलिस ने औद्योगिक नगर क्षेत्र स्थित एक बन्द पड़ी फैक्ट्री के अहाते से 16 चोरी की मोटर साइकिल बरामद किया। बरामद मोटसाइकिलें व आरोपितों को कोतवाली लाकर उनके खिलाफसम्बन्धित धाराओं में कार्रवाई की गई। पुलिस लाइन स्थित सभागार में मामले का खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने पत्रकारों को बताया कि कोतवाली मुगलसराय की टीम रात्रि में चकिया तिराहे पर रात्रि में वाहनों की जांच पड़ताल कर रही थी। इसी बीच तीन बाइकों पर सवार छह लोग आते दिखे। जिस पर पुलिस ने टार्च की रोशनी देकर उन्हें रोकने का इशारा किया तो सभी गति तेज कर भागने लगे। इस पर पुलिस ने पीछा कर। दो बाइकों को पकड़ लिया। इस दौरान एक बाइक पर सवार दो लोग मय वाहन भाग निकले। बताया कि पकड़े गए लोगों से पुलिस ने भागने का कारण पूछा तो संतोषजनक जबाव नहीं दिया। जब पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ करने के साथ ऐप पर मोटरस्यकिल के पंजीकरण कि जांच की तो कोई भी चीज मैच नहीं किया। इस पर वाहन के बारे में पूछताछ की गई तो ।बताया कि वह चोरी की है। इसके बाद भागने वाले के बारे में पूछा। पकड़े गए आरोपियों ने पुलिस टीम को बताए कि वह चोरी की और बाईकें औद्योगिक नगर क्षेत्र स्थित एक बन्द पड़ी फैक्ट्री के अहाते में छिपा कर रखे है। जिस पर पुलिस ने सभी को लेकर बताए स्थान पर पहुंची। जहां एक झाड़ी नुमा रास्ते से टूटे दीवार से फैक्ट्री परिसर में प्रवेश किया जहां से 16 बाइक बरामद हुआ।इसके बाद बरामद बाइक के साथ आरोपियों कों पुलिस कोतवाली ले आई। एस पी ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि वह विभिन्न जनपदों से बाइक चोरी करते है। सुनसान स्थान पर छिपा देते हैं। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक एनएन सिंह, उप निरीक्षक संजय दिन, एसवी सिंह, एसके मिश्रा, विपिन सिंह आदि शामिल रहे।

## सिटी रेलवे स्टेशन के रिजर्वेशन रूम में लगी आग

**जौनपुर**। सिटी रेलवे स्टेशन के रिजर्वेशन रूम शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग लगते ही पूरे स्टेशन पर अफरातफरी मच गया, हालांकि कर्मचारियों ने तत्परता दिखाते हुए आग पर काबू पा लिया। आग लगने के कारण रिजर्वेशन का कार्य पूरी तरह ठप हो गया है। इसकी सूचना लखनऊ भेज दी गई है, इसके बावजूद अभी तक बिजली कर्मचारी नहीं पहुंची है। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को दिन में करीब 11.30 बजे रिजर्वेशन रूम में लगे बिजली के पैनल में आग लग गई । आग लगते ही पूरे स्टेशन पर हड़कम्प मच गया ए कर्मचारियों आग बुझाने के लिए रखे गए सिलेंडर का प्रयोग करके आग को काबू कर लिया है ए अन्यथा रेलवे विभाग को भारी नुकसान हो सकता था। फ्लिहाल रिजर्वेशन का कार्य पूरी तरह से ठप हो गया है । बताते चले कि सिटी रेलवे स्टेशन का बिजली का पैनल रिजर्वेशन रूम में लगा हुआ है।

# किसान बिल के विरोध में सपाइयों का धरना

संवाददाता। गौरीगंज, अमेठी

**सपा नेतृत्व** के आवाहन पर सोमवार को सपाइयों ने स्थानीय मुख्यालय स्थित विधायक निवास से कलेक्ट्रेट तक किसान यात्रा सपा जिलाध्यक्ष छोटेलाल यादव के नेतृत्व निकाल कर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी सपा कार्यकर्ता भाजपा सरकार की किसान विरोधी बिल के विरोध में जमकर नारेबाजी की।





सोमवार सुबह से ही सपा कार्यकर्ता विभिन्न हिस्सों से पुलिस को चकमा देकर जिला मुख्यालय स्थित सपा विधायक राकेश प्रताप सिंह के आवास के आवास पर बड़ी संख्या में इकट्ठा हुए। कार्यकर्ताओ के एकत्रित होने की सूचना पर विधायक निवास पर भारी संख्या में पुलिस फोर्स मौके तैनात कर दी गई। बाद में सपाई जिलाध्यक्ष छोटेलाल यादव व विधायक प्रतिनिधि उमेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में सपा कार्यकर्ता विधायक निवास से निकलकर कलेक्ट्रेट रोड पर भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट की ओर चल पड़े। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की गिरफ्तारी की सूचना पर सपा कार्यकर्ता आक्रोशित हो उठे। सपा जिलाध्यक्ष छोटेलाल यादव ने कहा कि सरकार पूरी तरह से किसानों को छलने का काम कर रही है। सरकार पुलिस के बल पर जनता की आवाज को दबाने की कोशिश कर रही है। लोकतांत्रिक अधिकारों का खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी सरकार के अन्याय व अत्याचार के खिलाफ हर स्तर पर सड़क से संसद तक संघर्ष करेगी। आने वाले 2022 के विधान सभा चुनाव में प्रदेश की जनता इसका करारा जवाब देगी। विधायक प्रतिनिधि उमेश प्रताप सिंह ने कहा कि सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ सपा कार्यकर्ता हर स्तर पर संघर्ष करेगी सरकार के काले कारनामों को जनता के बीच उजागर करने का काम करेगी। प्रदर्शन अरुण यादव वकील खान गिरीश यादव साबिर अली ललित यादव समर बहादुर प्रदीप पाठक सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं जगदीशपुर में विधानसभा अध्यक्ष हनुमान पासी के नेतृत्व में सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के आह्वान पर किसानों के समर्थन में केन्द्र सरकार के खिलाफ नारे बाजी करते हुए सपा कार्यालय से पद यात्रा करते हुए पुलिस बूथ व जामों रोड़ से होते हुए कार्यालय पर पद यात्रा को समाप्त किया और वहीं हनुमान पासी ने कहा कि केंद्र सरकार लाई है किसानों के खिलाफ काला कानून किसानों की जमीन पर उद्धोगपति कब्जा करना चाहते हैं और किसानों के हाथ में कटोरा थमाना चाहते हैं किसानों को सरकार भुखमरी के कगार पर लाना चाहती है। काले कानून को वापस लिया जाए किसानों के हक के लिए लड़ाई लड़ेगी समाजवादी पार्टी। इस मौके पर गोकुल, कौशल, तारिक, रिजवान, मोहम्मद कय्यूम, महफूज़ अहमद, प्रमोद, साहिल, मनीष सैनी, दीपू यादव गुड्डू रैदास राजेश रैदास शान मोहम्मद, शिवसागर मौर्य दीपक कोरी अमन सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

# कृषि विधेयक के विरोध में सपा ने निकाली साइकिल रैली

संवाददाता। सिद्धौर, बाराबंकी



**भाजपा** राजमें किसान सबसे ज्यादा अन्याय का शिकार हुआ है। भाजपा सरकार द्वारा लाए गए तीनोकृषि विधेयक किसान विरोधी है। सपा इन विधेयक का विरोध करती है। यह विधेयक कारपोरेट जगत को फायदा पहुंचाने के लिए भाजपा सरकार द्वारा लाए गए है। उक्त विचार आज विधानसभा जैदपुर के अन्तर्गत कस्बा सिद्धौर में कृषि विधेयक के विरोध में साइकिल व ट्रैक्टर यात्रा निकालकर विरोध प्रदर्शन करते हुए जैदपुर विधायक गौरव कुमार रावत ने व्यक्त किया।

श्री रावत ने आगे कहा की भाजपा सरकार मंडिया बेंच रही है। किसानों को धान.मक्का का न्यूनतम समर्थन मूल्य भी नही मिल रहा है। कीट नाशक,खाद के दाम बढ़ गए है। किसानों से झूठे वादे किए गए है। अपनी मांगों को लेकर बैठे किसानों के प्रति भाजपा सरकार संवेदन शून्य रवैया दिखा रही हैं। किसानो को लागत का डयोढ़ा मूल्य देने और उसकी आय 2022 तक दो गुनी करने के वादे किये गये थे किन्तु दूर.दूर तक वे पूरे होते नही दिखते है भाजपा सरकार ने साजिशन जो तीन कृषि विधेयक पास किया है उससे खेती पर किसान का स्वामित्व खतरे में पड़ जाएगा। उन्हे कारपोरेटर खेती के लिए मजबूर किया जाएगा। भाजपा सरकार ने इसी लिए कृषि विधेयक में जानबूझकर न्यूनतम समर्थन मूल्य और मंडियों की व्यवस्था का कोई प्रावधान नही रखा है। बड़े व्यापारी अब अपनी शर्तो पर किसान की फसल खरीदेंगे। उक्त साइकिल यात्रा में मुख्य रूप से विधानसभा अहमद मो0 उबैद उर्फ शानू नगर अध्यक्ष सिद्धौर अखिलेश यादव, मनोज वर्मा मिन्टू, ब्लाक अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, अल्पसंख्यक विधानसभा अध्यक्ष नजमुद्दीन, वरिष्ठ नेता मछन्दर रावत, छितिज वर्मा, अखिलेश वर्मा, सर्वेश अहमद, मो0 रिजवान,राम प्रसाद वर्मा, धीरज रावत, अंकित वर्मा, मोहित यादव, रवि यादव, पवन यादव, आकश यादव, मो0 जावेद व शकील जोगी आदी लोग मौजूद थे।

# डीएम ने जनता दर्शन के दौरान सुनीं समस्याएं



**अमेठी।** जिलाधिकारी अरुण कुमार ने आज कलेक्ट्रेट कार्यालय में 10 बजे जन सामान्य की समस्याएं सुनी एवं उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। शासन के निर्देश पर सोमवार को कार्यालय में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुना एवं मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निस्तारण हेतु निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जनता दर्शन में आए लोगों से अपील करते हुए कहा कि कोविड–19 संक्रमण से बचाव हेतु सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करेंए मास्क लगाएं तथा साफ–सफाई व सैनिटाइजेशन पर नियमित रूप से ध्यान दें, कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी सोशल डिस्टेंसिंग का का पालन कराते हुए जन समस्याएं सुनी तथा निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। आज जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी के समक्ष लगभग 27 से अधिक शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें नाली विवादए भूमि पर अवैध कब्जे, वसीयत, भूमि की पैमाइश, शौचालय, राशन आदि से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईए जिनके निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों को लंबित न रखा जाए। शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने कहा जिस भी विभाग से संबंधित शिकायत लंबित पाई गई तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

# सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, तीन लोग घायल

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बारात मे आये युवक की दुर्घटना मे दर्दनाक मौत हो गयी। वही दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। घायल युवको को स्थानीय सीएचसी मे प्रारंभिक उपचार के बाद चिकित्सको ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कोतवाली के वासी का पुरवा पूरे अनिरूद्ध निवासी अनिरूद्ध यादव 25 रविवार की रात जलेशरगंज बाजार होते हुए लालगंज क्षेत्र मे किसी बारात मे शामिल होने बाइक से जा रहे थे। लालगंज–जलेशरगंज रोड पर एक मवेशी आ जाने से बाइक असंतुलित हो गयी और सामने से आ रही दूसरी बाइक से टकरा गई। हालांकि मृतक अनिरूद्ध ननिहाल भटनी मे रहता था। दोनों बाइकें सडक किनारे खडड मे जा गिरी। दुर्घटना मे बाइक सवार अनिरूद्ध यादव तथा उसके साथ भटनी के मेवालाल कौशल का पुत्र सुरेन्द्र कौशल 34 गंभीर रूप से चुटहिल हो गया। इधर दूसरी बाइक पर सवार कोतवाली के शिवलाल सिंह का पुरवा निवासी आसाराम के पुत्र प्रकाश यादव 24 व गांव के ही मंगल यादव का पुत्र अतुल यादव 20 भी गंभीर रूप से चुटहिल हो गये। देर रात हुई दुर्घटना की सूचना किसी मांगलिक कार्य से लौट रहे राहगीर ने पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलो को इलाज के लिए सीएचसी ले आयी। इधर जिला अस्पताल पहुंचने पर भटनी निवासी अनिरूद्ध यादव को चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की सूचना जब घर पहुंची तो परिजनो मे कोहराम मच गया।

# पूर्व मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी के विरोध में, सयुस का प्रदर्शन

**बाराबंकी।** समाजवादी युवजन सभा के जिलाध्यक्ष आशीष सिंह आर्यन के नेतृत्व में दर्जनों समाजवादी युवजन सभा के कार्यकर्ताओं ने समाजवादी पार्टी कार्यालय छाया चौराहे पर भारी पुलिस बल एवं जनपद के आला अधिकारियों की मौजूदगी में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी की अलोकतांत्रिक तरीके से लखनऊ में गिरफ्तारी को लेकर आधे घंटे तक कार्यकर्ताओं ने धरना देकर विरोध जताया और एसडीएम नवाबगंज अभय पांडे को जिला अधिकारी बाराबंकी के माध्यम से महामहिम राज्यपाल को ज्ञापन दिया गया। इस दौरान समाजवादी युवजन सभा के जिला अध्यक्ष आशीष सिंह आर्य ने कहा कि आज समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी को अलोकतांत्रिक तरीके से लखनऊ उनके आवास से गिरफ्तार करके उत्तर प्रदेश की सरकार एवं प्रदेश के आला अधिकारियों ने यह साफकर दिया है कि अब देश और प्रदेश में लोकतंत्र नहीं बचा है इन लोगों ने लोकतंत्र की खुलेआम हत्या कर दी है। आज हम सभी युवजन सभा के साथियों ने छाया चौराहे पर धरना प्रदर्शन कर विरोध किया और महामहिम राज्यपाल महोदय जिला अधिकारी बाराबंकी के माध्यम से ज्ञापन दिया और महामहिम राज्यपाल महोदय को इस उत्तर प्रदेश की जुल्मी जालिम सरकार से तत्काल इस्तीफा ले लेना आग्रह किया। आगे समाजवादी युवजन सभा के जिला अध्यक्ष आशीष सिंह आर्यन ने कहा किकिसान यात्रामें शामिल होने निकले माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष जी को मुख्यमंत्री के आदेश पर असंवैधानिक रूप से पुलिस द्वारा गिरफ्तार करना किसानों की आवाज को सत्ता के जोर पर कुचलने की पराकाष्ठा है। किसानों से हो रहे अन्याय के खिलाफ जारी रहेगा समाजवादियों का संघर्ष।

इस अवसर पर मुख्य रुप से ब्रिगेड के जिला अध्यक्ष साफे जुबेरी, कामरान, आमिर अली, सलमान गजी, खान साहब, सोनू यादव, रोहित कश्यप, ऋषभ सिंह, शिवम प्रधान, शिवम शुक्ला, अमित पांडे आदि दर्जनों समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### पुलिस ने पकड़ा बिहार जा रहे कंटेनर में प्रतिबंधित पशु

**बाराबंकी।** जैदपुर थाना क्षेत्र के अन्तर्गत अहमदपुर पुलिस चौकी के अन्तर्गत नेशनल हाईवे अहमदपुर टोल प्लाजा पर आगरा से बिहार को जा रहे कंटेनर में दो दर्जन से अधिक गोवंश एक कंटेनर में पकड़े, जिसमें से कुछ गोवंश मरे भी पाये गये सभी गोवंशों को अहमदपुर गोआश्रलय में रखा गया जानकारी के अनुसार अहमद पुर टोल पर सामान्य जांच में एक कंटेनर संदिग्ध पाया गया जिसको रोकने का प्रयास किया गया तो चालक द्वारा टोल प्लाजा का बूम तोड़ कर भागने का प्रसास किया गया जिसको अहमदपुर की पुलिस ने पीछा किया वाहन चालक गाड़ी खड़ी करके खेत मे भागने लगे जिसका पीछा अहमद पुर चौकी इंचार्ज ने किया और दौड़ा कर तीन अभियुक्त को खेत मे पकड़ लिया वहीं चौकी इंचार्ज सत्येन्द्र पाण्डेय ने बताया कि जांच के दौरान एक कंटेनर में प्रतिबन्धित गोवंशीय पशु मिले हैं। वाहन व वाहन चालक को कब्जे में लेकर कार्यवाही की जा रही है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में बालिका की मौत

**जगदीशपुर,अमेठी।** संदिग्ध परिस्थितियों में नाबालिक लड़की कमरे में हुक के सहारे फांसी पर झूल गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा । कमरौली थाना क्षेत्र के बनभरिया गाँव निवासी शालिनी उम्र लगभग 16 वर्ष जो सोमवार को सुबह कमरे का दरवाजा बंद कर छत में लगे हुक में रस्सी के सहारे फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली ।मृतक की माँ ने बताया कि दरवाजा अन्दर से बन्द होने के कारण खटखटाने पर भी नहीं खुला तो खिड़की से झांकने पर लड़की को फांसी के फंदे पर लटकता देख शोर गुल मचाने पर पहुंचे गाँव वालों ने दरवाजा तोड़ कर लाश को नीचे उतारा ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### बाग में युवक का शव फंदे से लटकता मिला

**बाराबंकी।** संदिग्ध परिस्थितियों में सोमवार को एक युवक का शव बाग में लटकता पाया गया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है। प्राप्त विवरण के अनुसार थाना सतरिख क्षेत्र कस्बा के पहतिया वार्ड के निवासी मंगल चौहान के 28 वर्षीय पुत्र अनूप चौहान का शव सोमवार की सुबह उमाशंकर की बाग में एक प्लास्टिक की रस्सी के सहारे लटकता पाया गया ग्रामीणों की सूचना पर पँहुची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेजकर कार्यवाही शुरू की है और मृतक के पास से किसी तरह का कोई सुसाइड नोट भी नही मिला है। वहीं सतरिख थाने के वरिष्ठ उपनिरीक्षक ने बताया कि जांच जारी है किसी प्रकार की कोई तहरीर भी नही मिली है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाहीकी जाएगी। वहीं परिजनों के अनुसार किसी से अनूप का कोई विवाद भी नही था और बेहद ही शांत स्वभाव का था उसने अपनी जान क्यों दे दी यह किसी को नही पता है और सुबह वो घर से नाश्ता करने के बाद अचानक बाग में कैसे पहुच गया यह भी एक सवालिया निशान जरूर है और जवान बेटे की मौत के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है सभी स्तब्ध है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

**फतेहपुर बाराबंकी।** थाना मोहम्मद पुर खाला क्षेत्र के मौसडी गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटकता मिला युवक का शव गांव में मचा हड़कंप सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के सूरतगंज चौकी अंतर्गत मौसंडी गांव की घटना जहाँ गांव के बच्चे बाग में बकरी चरा रहे थे कि देखा एक पेड़ में रस्सी के फंदे से एक युवक का शव लटक रहा है और बच्चों में हड़कम्प मच गया और बच्चों ने इसकी सूचना तुरन्त गांव में दी और जब गांव वाले मौके पर पहुंचे तो देखा कि एक रोज अली पिता मो0 लतीफ उम्र करीब 25 वर्ष लड़के के परिवारजनों का कहना है कि अपनी ससुराल अम्बेरा को गया था वहाँ से घर नही आया जिसकी जानकारी हमे करीब तीन बजे हुई की गांव के बाहर एक आम के बाग में हमारे बेटे का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटक रहा है जिसकी सूचना पुलिस को दी गई मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी सुरेश चन्द्र मिश्रा जो घटना स्थल का जायजा लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है वही परिजनों का रो.रो कर बुरा हाल।

### मारपीट को लेकर दी तहरीर

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर थाना के तिवरानन का पुरवा पहाडपुर निवासी त्रिभुवन नाथ तिवारी ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती छः दिसबंर की देर शाम गांव के कुछ लोगों ने उसे बाइक के विवाद मे मारापीटा। आरोपियो ने पीडित को ईट व लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया। पीडित के शोर मचाने पर आरोपी उसके घर पर पहुंचकर ताण्डव भी करते हुए जानलेवा धमकी दी। पीडित ने पुलिस को दी गई तहरीर मे सुरक्षा की गुहार की है। एसओ सांगीपुर सतीश का कहना है तहरीर मिली है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### व्यापारियों की समस्याओं पर हुआ विचार-विमर्श

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली परिसर मे व्यापारियो की समस्याओ पर सोमवार को अफसरो ने विचारविमर्श किया। एसडीएम राम नारायण तथा सीओ जगमोहन ने बैठक के जरिए व्यापारियो से सहालग मे नगर मे यातायात व्यवस्था के संचालन मे सहयोग मांगा। वहीं शांति व्यवस्था बनाए रखने के बाबत भी एसडीएम द्वारा व्यापारमण्डल के पदाधिकारियो से विचारविमर्श किया गया। बैठक मे शामिल व्यापारियो ने नगर की बाजार मे इन दिनों पुलिस द्वारा दुकानो के सामने वाहनो के जबरिया आनलाइन चालान को लेकर नाराजगी जताई है। इस पर सीओ ने व्यापारियो को अनावश्यक परेशान न किये जाने का भरोसा दिलाया। बैठक का संचालन कोतवाल संजय यादव ने किया।

### डेढ़ घंटे तक पुलिस हिरासत में रहे पूर्व कैबिनेट मंत्री

**प्रतापगढ़।** किसान आंदोलन के समर्थन में शहीद स्थल पर जा रहे पूर्व कैबिनेट मंत्री सहित समर्थकों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। करीब डेढ़ घंटे बाद समर्थको सहित पूर्व कैबिनेट मंत्री को छोड़ा। सोमवार को सपा के आह्वान पर गौरा विकास खंड के कहला स्थित शहीद स्थल पर सपाइयों की ओर से किसान आंदोलन के समर्थन में मीटिंग रखी गई थी। इसमें सपा के पूर्व कैबिनेट मंत्री शिवाकांत ओझा अपने समर्थकों के साथ शहीद स्थल जा रहे थे। रानीगंज के पावर हाउस तिराहे पर पहुंचते ही एसडीएम राहुल कुमार यादव व सीओ अतुल अंजान त्रिपाठी ने उनके समर्थकों सहित उन्हें पुलिस हिरासत में ले लिया। इसके बाद उन्हें तहसील सभागार ले गए। जहां पर करीब डेढ़ घंटे तक वह पुलिस हिरासत में रहे। इसके बाद उन्हें और उनके समर्थकों को छोड़ दिया गया। पूर्व कैबिनेट मंत्री वर्तमान सरकार के ऊपर लगातार हमलावर रहे। इस दौरान सपा नेत्री गीता यादव,अशोक मिश्र,शमीम अहमद,राम आधार यादव सहित तमाम सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### शांति व्यवस्था के लिए बनाए गए 28 सेक्टर

**प्रतापगढ़।** समाजवादी पार्टी और किसान आंदोलन को देखते हुए शांति व्यवस्था के लिए जिले को 28 सेक्टर में बांटा गया है। सभी जगह मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। जिलाधिकारी डॉ. रूपेश कुमार ने बताया कि सात दिसंबर को समाजवादी पार्टी की ओर से विभिन्न स्थानों पर मीटिंग और पदयात्रा का का आह्वान किया गया है, जबकि आठ दिसंबर को किसानों की ओर से भारत बंद करने की बात कही गई है। ऐसे में जिले में शांति व्यवस्था के लिए 28 सेक्टर बनाए गए हैं। सभी जगह सहायक सेक्टर मजिस्ट्रेट और सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। सभी उप जिलाधिकारियों को जोनल मजिस्ट्रेट बनाया गया है। जबकि अपर जिलाधिकारी और सीआरओ को सुपर जोनल मजिस्ट्रेट बनाया गया है।

# पुलिस की कोशिशों के बावजूद सपाई पहुंचे कहला शहीद स्थल

**प्रतापगढ़।** पुलिस के तमाम कोशिशों के बावजूद समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शहीद स्थल कहला पहुंचने में कामयाब रहे। हालांकि वहां मौजूद पुलिस ने उन्हें आंशिक रूप से हिरासत में लेने के बाद छोड़ दिया। सोमवार को सपा के राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर सपा कार्यकर्ताओं ने किसान बिल के विरोध में धरना–प्रदर्शन का आयोजन किया था। इसके लिए पुलिस सोमवार को सुबह से ही सक्रिय हो गई और जगह–जगह सपा के नेताओं को रोककर धरना–प्रदर्शन की इजाजत न होने का हवाला देते हुए उन्हें नजरबंद कर दिया। बावजूद इसके सोमवार दोपहर एक बजे के बाद क्षेत्र के कमला प्रसाद पांडे, राजपति यादव पूर्व प्रधान, शिव शंकर सरोज सहित सपा कार्यकर्ता शहीद स्थल कहला पहुंचने में कामयाब रहे। जैसे ही वह पहुंचे वहां पर तैनात पुलिस बल ने उन्हें हिरासत में लेकर छोड़ दिया।

# नागरिक पुरानी मुद्राएं संग्रहालय में दान करें

**ललितपुर।** जिला सूचना अधिकारी पियूष चंद्र राय ने अवगत कराया कि प्रमुख सचिव, उप्र शासन, संस्कृति अनुभाग एवं निदेशक संस्कृति निदेशालय जवाहर भवन लखनऊ के पत्र द्वारा संग्रहालय में प्रदर्शन हेतु जनपद में उपलब्ध विभिन्न कलाकृतियों के निःशुल्क संग्रहण के सम्बंध में निर्देश जारी किये गए हैं कि उत्तर प्रदेश में विभिन्न प्रकार के संग्रहालय स्थित हैं, जिनमें विभिन्न प्रकार की कलाकृतियां यथा–पुरा सामग्री, मुद्रायें, सज्जा–कला व कलात्मक वस्तुएं तथा प्राकृतिक विज्ञान से सम्बन्धित पशु–पक्षियों का उत्कृष्ट संग्रह है। इन कलाकृतियों को दर्शकों के अवलोकनार्थ विभिन्न वीथिकाओं में प्रदर्शित किया गया है। पूर्व से स्थित संग्रहालयों के अतिरिक्त कई जनपदों में नये संग्रहालयों का निर्माण भी प्रस्तावित है। पूर्व में विद्यमान संग्रहालयों के साथ साथ नये निर्मित हो रहे संग्रहालयों के लिए उपरोक्त प्रकार के सामग्रियों के संग्रहण की आवश्यकता है। उल्लेखनीय है कि विभिन्न व्यक्तियों संस्थाओं के पास उपरोक्त विषयक पुराने समय की बहुमूल्य वस्तुएं उपलब्ध होती हैंए जिन्हें वे प्रदर्शन हेतु एवं शोधार्थियों के लाभार्थ दान भी करना चाहते हैं। उपर्युक्त वस्तुएं प्राप्त होने से इनका संरक्षण करते हुए संग्रहालयों में जनसामान्य के लिए प्रदर्शन किया जा सकेगाए जिससे युवा पीढ़ी को ज्ञान प्राप्त हो सकेगा तथा संबंधित विषय के शोध में भी मदद मिलेगी। इसके लिए सभी समाजसेवियों से भी सहयोग कर सकती हैं। अतः जनपद के गणमान्य नागरिक/स्वयंसेवी संस्थाएं व अन्य जो पुराने समय के बहुमूल्य वस्तुओं को दान या उपहार के रूप में देना चाहते हैं। किसी भी कार्यदिवस में जिला सूचना कार्यालय, ललितपुर में उपस्थित होकर सम्पर्क कर सकते हैं।

# हिरासत में लिये गये सपाई, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



कोतवाली मे हिरासत में लिये गये सपा कार्यकर्ता



कोतवाली परिसर में एसडीएम को ज्ञापन सौंपते सपाई

**लालगंज, प्रतापगढ़।** किसान बिल के विरोध मे सोमवार को सपा के घोषित विरोध प्रदर्शन के मददे नजर पुलिस ने डेढ दर्जन से अधिक सपाईयो को हिरासत मे ले लिया। हिरासत मे लिए गये सपाइयो ने कोतवाली के परिसर मे धरना शुरू कर दिया। जानकारी होने पर दोपहर बाद एसडीएम राम नारायण पहुंचे और ज्ञापन लेकर सपाइयो को शांत कराया।

सपा ने किसान आंदोलन के समर्थन मे सोमवार को विरोध प्रदर्शन घोषित कर रखा था। पुलिस ने रविवार की रात से ही सपाइयो की खोजबीन शुरू कर दी। देर रात सपा नेता टीपी यादव, रामधन यादव को पुलिस ने रात मे ही हिरासत मे ले लिया। दूसरे दिन सोमवार को सपाई नगर स्थित कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन की रणनीति बना ही रहे थे कि पुलिस ने वहां पहुंचकर मौजूद कार्यकर्ताओ को भी हिरासत मे ले लिया। इनमे रामलगन यादव, प्रकाशनाथ सेवक, मिथिलेश मिश्र, नूरइकबाल रब्बानी, प्रवीण यादव, राजेश यादव, बृजराज यादव, बाबूलाल वर्मा, सुनील सिंह, लालबहादुर यादव, मोइनुददीन, राजेश कुमार शामिल रहे। हिरासत मे लिये गये सपाईयो ने कोतवाली मे धरना शुरू किया। जानकारी होने पर एसडीएम राम नारायण कोतवाली पहुंचे। यहां सपा नेता टीपी यादव की अगुवाई मे कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल को संबोधित एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन मे कृषि विधेयक को किसान विरोधी ठहराते हुए इसे वापस लिए जाने की मांग की गई है। हालांकि देर शाम हिरासत मे लिये गये कार्यकर्ताओं को पुलिस ने मुचलका लेकर छोड दिया।

# अधिकारियों को ताले में बंद करेंगे किसान



**बाराबंकी।** किसान संगठनों ने मिलकर एक पत्रकार वार्ता की। इस दौरान किसान बिल को लेकर चर्चा की गई इस प्रेस वार्ता को संयुक्त किसान आंदोलन का नाम दिया गया, प्राप्त जानकारी के अनुसार बाराबंकी के बड़ेल स्थित भारतीय किसान यूनियन भानू गुट के प्रदेश प्रभारी के कार्यालय में भारतीय किसान यूनियन भानु,भाकियू आजाद, जनकल्याण किसान एसोसिएशन, भारतीय किसान यूनियन अंबावत, अन्नदाता भारतीय किसान यूनियन, भारतीय किसान यूनियन धर्मेंद्र गुट, भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति, किसान दल, संपूर्ण भारत समेत अन्य संगठन एक साथ मिलकर भारत बंद आंदोलन को सफल बनाने के लिए रण नीति पर चर्चा करते हुए प्रेस वार्ता की, इस पत्रकार वार्ता में भारतीय किसान यूनियन भानु गुट के प्रदेश प्रभारी आशु चौधरी ने सरकार को जमकर भला बुरा कहा,आशु चौधरी ने कहा कि किसान पूरे देश का परेशान है केंद्र सरकार और राज्य सरकार किसानों की बात नहीं सुन रही है,इसलिए किसान सड़कों पर है, मंगलवार को भारत बंद आंदोलन कर रहा है, उन्होंने कहा कि किसानों से चर्चा करने के लिए कृषि मंत्री आते हैं उन्होंने साफ तौर पर कहा कि मोदी योगी सरकार साफ सुनले की किसानों ने कृषि मंत्री को देखकर वोट नहीं दिया था प्रधानमंत्री को जानकर वोट दिया था, इसलिए प्रधानमंत्री को इस बिल पर पाबंदी लगा कर चर्चा में आना चाहिए,वहीं उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टी भी किसानों को लेकर राजनीति ना करें, किसान अपनी लड़ाई खुद लड़ लेगा, उन्होंने कहा कि किसान अपनी बात रखने के लिए दिल्ली गया है राज्यसभा में सीट मांगने नहीं, इसलिए सरकार को गंभीरता दिखाते हुए किसानों की बात माने और किसान बिल वापस ले नहीं तो भारत बंद के बाद और भी बड़ा प्रदर्शन हो सकता है, जिसकी जिम्मेदार सरकार कि होगी, उन्होंने कहा कि अगर जनपद में जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक उनके साथ अभद्र व्यवहार करते हैं तो किसान भी पीछे नहीं रहेगा, इसलिए शहर के जितने भी दुकानदार हैं वह भारत बंद में सहयोग करें,अन्यथा दुकानें बंद जबरदस्ती कराई जाएंगी और सरकारी कार्यालय बंद रहेंगे नहीं तो सरकारी कार्यालयों में ताला लगाकर भारत बंद प्रदर्शन को सफल बनाने का काम किया जाएगा इस दौरान धर्म कुमार प्रदेश अध्यक्ष जन कल्याण किसान एसोसिएशन, लालजी यादव, राजेंद्र तिवारी, सुनील कुमार, रामनारायण, रमेश यादव, मायाराम यादव समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद है।

जैदपुर का बुनकर समाज और जिला बार एसोसिएशन भी बन्दी का समर्थन करेंगें, बुनकर समाज के अध्यक्ष तफज्जुल हुसैन अंसारी व जिला बार एसोसिएशन के महामंत्री नरेन्द्र वर्मा ने इस बात की घोषणा की।

# भाजपा सरकार लोकतंत्र के साथ कर रही खिलवाड़ः फरीद महफूज

**बाराबंकी।** भाजपा सरकार किसाानों के साथ छल कर रही है। लोकतंत्र में केन्द्र सरकार किसानों के हितो का गला घोटने पर उतारु है। किसानों के हितो की लड़ाई लड़ने वाले दलों व किसान नेताओं को किसान विरोधी बता कर किसानों का दमन कर रही है। उक्त विचार आज कुर्सी विधान सभा के निगोहा पुल से किसान सन्देश यात्रा रैली का झण्डाा दिखा कर रवाना करने से पूर्व उपस्थित सपा कार्यकर्ताओं के समक्ष पूर्व मन्त्री फरीद महफूज किदवाई ने व्यक्त किया। फरीद महफूज किदवाई ने कहा कि किसान आज खून के आंसू पीने को मजबूर है। किसानों को उनकी उपज का मून्य नही मिल पा रहा है। किसान विरोधी नीतियों के कारण किसानों का धान कई महीनों से मंडी के बाहर खड़े है किसान आन्दोलन करने पर विवश है। किसानों के लिए लाये गये कृषि बिल की तीव्र आलोचना करते हुये पूर्व मन्त्री फरीद महफूज ने कहा कि यह कानून किसानों के लिये हितकर नही है किसानों की खेती साथ भजपा सरकार खिलवाड़ कर रही है।

# प्रमोद तिवारी को यूपी को-आर्डिनेशन कमेटी का भी प्रभार मिलने से मगन हुये कार्यकर्ता



**लालगंज, प्रतापगढ़।** कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य तथा पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी को कांग्रेस नेतृत्व ने एक और अहम संगठनात्मक जिम्मेदारी से नवाजा है। जानकारी मिलने पर सोमवार को यहां विधायक आराधना मिश्रा मोना के कैम्प कार्यालय पर कार्यकर्ताओं मे खुशी देखी गई। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने प्रमोद तिवारी को अब यूपी आउटरीच कमेटी के साथ को–आर्डिनेशन कमेटी का भी प्रदेश प्रभार सौंपा है। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी तथा महासचिव एवं यूपी प्रभारी प्रियंका गांधी के प्रस्ताव पर कांग्रेस हाईकमान द्वारा प्रदेश के कददावर नेता प्रमोद तिवारी को इन दिनों एक से बढ़कर एक पार्टी संगठन की अहम जिम्मेदारियों का दायित्व मिलने का सिलसिला जारी देख समर्थको मे भी भारी उत्साह का माहौल है। बैठक के जरिये पार्टी कार्यकर्ताओं ने श्री तिवारी को को–आर्डिनेशन कमेटी का भी प्रभार सौपने पर सोनिया गांधी तथा प्रियंका गांधी के प्रति आभार जताया। बैठक की अध्यक्षता ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष केडी मिश्र तथा संचालन मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। इस मौके पर प्रमुख ददन सिंह, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बबलू, जिपंस पुष्पा देवी, विकास मिश्र, महेन्द्र सिंह, शिव बहादुर सरोज, इं. ओमप्रकाश सरोज, सुधाकर पाण्डेय, रामबोध शुक्ल, भुवनेश्वर शुक्ल, पप्पू तिवारी, छोटेलाल सरोज, महमूद आलम, युवा इंका जिलाध्यक्ष सुधीर तिवारी, प्रीतेन्द्र ओझा, त्रिभु तिवारी, जीतेन्द्र द्विवेदी, भूपेन्द्र तिवारी, ओम पाण्डेय, सिंटू मिश्र, आकाश मिश्र, शास्त्री सौरभ, राकेश तिवारी, मोनू पाण्डेय, पप्पू जायसवाल, डा. अंजनी कौशल, पवन शुक्ल, आईपी मिश्र, राहुल सिंह, दयाराम वर्मा, बृजेश द्विवेदी, हृदय नारायण मिश्र, शैलेन्द्र मिश्र, संजीत तिवारी, संजय द्विवेदी, विनय पाण्डेय, सोनू मिश्र, अवधेश सिंह, आलोक सिंह आदि रहे।